3 राजधानी
बेंती में लूटपाट, महिला पुजारी की हत्या

6 अभिमत
किसानों के लिए लाभकारी कानून

10 स्पोर्ट्स
बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को सुपर ओवर में हराया

11 विदेश
शहबाज शरीफ गिरफ्तार



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 338
लखनऊ, मंगलवार, 29 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मारिया कैरे को अपने अस्तित्व पर था संशय
विविध-12


# रक्षा सौदों में ऑफसेट का प्रावधान खत्म

## राफेल निर्माता दसॉल्ट द्वारा ऑफसेट शर्तें पूरी नहीं करने के कैग के खुलासे के बाद रक्षा खरीद परिषद ने लिया फैसला

### ● सरकार से सरकार के बीच होने वाले रक्षा सौदों पर होगा लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में नई रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी) को जारी करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**केंद्र** सरकार ने रक्षा सौदों में ऑफसेट क्लॉज का प्रावधान खत्म कर दिया है। राफेल जेट के फ्रांसीसी निर्माता दसॉल्ट द्वारा राफेल सौदे में ऑफसेट दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने के कैग के खुलासे के बाद यह फैसला लिया गया है। सरकार ने सोमवार को रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी)-2020 जारी की है। नई नीति में भविष्य में सरकार से सरकार के स्तर पर राफेल की तरह होने वाले सभी सौदों में ऑफसेट क्लॉज को ही हटा दिया गया है। कांग्रेस ने पिछले साल तगड़ा हमला बोलते हुए राजग सरकार पर आरोप लगाया था कि राफेल सौदे में एक भारतीय औद्योगिक घराने को 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऑफसेट अनुबंध दिए गए हैं।

भारतीय रक्षा उद्योग को विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी दिलाने और विदेशी रक्षा कंपनियों के साथ गठजोड़ करने की अनुमति देने के लिए ऑफसेट क्लॉज का नियम लागू किया गया था। इसके तहत भारत को हथियारों की आपूर्ति करने वाली विदेशी कंपनियों को 300 करोड़ से अधिक के सौदों पर अनिवार्य रूप से कुल अनुबंध मूल्य का कम से कम 30 प्रतिशत वापस भारत में निवेश करने की शर्त रखी गई थी। खास यह कि राफेल सौदे में ऑफसेट की शर्त को 50 प्रतिशत तक बढ़ाया गया था। कैग ने पिछले सप्ताह अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि दसॉल्ट समेत ज्यादातर कंपनियों ने रक्षा सौदों में विदेश से महत्वपूर्ण फ्रंटलाइन तकनीक नहीं आई। यानी कंपनियों ने ऑफसेट शर्तों का पालन नहीं किया।

राफेल सौदे में सरकारी निगरानी एजेंसी ने पाया कि 36 मध्यम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) से संबंधित ऑफसेट अनुबंध में वेंडर मैसर्स दसॉल्ट एविएशन और मैसर्स एमबीडीए ने शुरू में (सितंबर 2015) 30 प्रतिशत ऑफसेट शर्तों के अनुसार रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन को उच्च प्रौद्योगिकी देने की पेशकश की थी। डीआरडीओ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के लिए इंजन (कावेरी) के स्वदेशी विकास के लिए तकनीकी सहायता प्राप्त करना चाहता था। दसॉल्ट ने आज तक इस तकनीक के हस्तांतरण का वादा नहीं निभाया। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कई मामलों में यह पाया गया कि विदेशी विक्रेताओं ने मुख्य आपूर्ति अनुबंध हासिल करने के लिए विभिन्न ऑफसेट शर्तों का पालन करने की हामी भरी, लेकिन बाद में उन्होंने इन्हें पूरा नहीं किया।

अधिकारियों ने कहा कि नई नीति के तहत ऑफसेट दिशानिर्देशों को इसलिए संशोधित किया गया है ताकि अन्य तरीकों के माध्यम से ऑफसेट दायित्वों को पूरा कराने के बजाय भारत में ही उत्पादों के निर्माण की पेशकश करने वाली बड़ी कंपनियों को प्राथमिकता दी जा सके।

हालांकि, ऑफसेट क्लॉज सरकार से सरकार स्तर पर होने वाले सौदों और एकल-विक्रेता अनुबंधों पर लागू नहीं होता है। हाल के दिनों में राफेल सौदा इस तरह के सबसे प्रमुख अनुबंधों में से एक है। ऐसे सौदों में जिस सरकार से हथियार खरीदे जाते हैं, उससे डिलीवरी शेड्यूल और रखरखाव के अलावा महत्वपूर्ण पुर्जों की उपलब्धता सहित सभी मुद्दों की गारंटी शामिल होती है।

इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी)-2020 को जारी किया, जिसमें भारत को सैन्य हथियारों व उपकरणों के वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने, रक्षा उपकरणों की खरीद की समयसीमा कम करने और आसान प्रक्रिया के तहत पूंजी बजट के माध्यम से तीनों सेनाओं को आवश्यकता के अनुरूप रक्षा खरीद की अनुमति दी गई है। नवीनतम डीएपी में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, पोस्ट-कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और ( शेष पेज 9 )

### दो हजार करोड़ से अधिक के रक्षा प्रस्तावों को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने सोमवार को नौसेना और वायु सेना के लिए स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (एसएएडब्ल्यू ) और सेना के लिए 72,400 एसआईजी-716 असॉल्ट राइफल सहित लगभग 2,290 करोड़ रुपये के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि नई डीएपी में भारतीय घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करते हुए आयात और निर्यात दोनों के विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को प्रोत्साहित करने का भी प्रावधान है। नए दिशानिर्देश सशस्त्र बलों को खरीदने के बजाय पट्टे पर हथियार प्रणाली रखने की अनुमति देते हैं। वर्तमान में नौसेना ने दस साल के लिए एक रूसी परमाणु-संचालित पनडुब्बी को पट्टे पर लिया है।

# कोरोना से लड़ाई में कोई ढील न बरती जाए: योगी

### ● संक्रमण के मामलों में आ रही है लगातार कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, कानपुर नगर तथा मेरठ में कोरोना पर काबू पाने के लिये विशेष रणनीति बनाकर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग और सर्विलांस का कार्य जितना मजबूत होगा, कोरोना के प्रसार को रोकने में उतनी अधिक सफलता मिलेगी। सीएम योगी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि माइक्रो कन्टेनमेन्ट जोन, टेस्टिंग और सर्विलांस के सम्बन्ध में लगातार फीडबैक लें। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। पिछले एक सप्ताह में सक्रिय कोरोना के केसेज की संख्या में काफी कमी आई है, यह एक अच्छा संकेत है। उन्होंने फोकस्ड टेस्टिंग किए जाने पर बल देते हुए कहा कि कोविड बेड्स की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कोविड.19 के सम्बन्ध में पूरी सतर्कता व बचाव के उपाय अपनाते हुए कार्य संचालित किए जाएं। महत्वपूर्ण चौराहों और स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से कोविड 19 के सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य प्रभावी रूप से किया जाए। निगरानी समितियों को कार्यशील रखा जाए। कोविड हेल्प डेस्क सभी अस्पतालों, औद्योगिक इकाइयों, सरकारी कार्यालयों में निरन्तर कार्यशील रहें। प्रत्येक जनपद में इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को सुदृढ़ करते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा ने अवगत कराया कि आरटीपीआर के माध्यम से 60 हजार टेस्टिंग किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनलाक व्यवस्था के तहत औद्योगिक विकास और गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इन्वेस्टर्स समिट के दौरान और उसके बाद प्रदेश में निवेश के इच्छुक उद्यमियों और निवेशकों से निरन्तर संवाद रखा जाए। उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी ( शेष पेज 9 )

### राजधानी में मिले 550 नए कोरोना रोगी, 9 की मौत

**लखनऊ।** सोमवार को राजधानी में 550 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 9 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 51064 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 924 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 43533 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 7531 केस एक्टिव है। अभी तक राजधानी में 684 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 8892 लोगों के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज आशियाना में 19, इंदिरा नगर में 33, आलमबाग में 12, ठाकुरगंज में 17, तालकटोरा में 20, हसनगंज में 10, गोमती नगर में 42, ( शेष पेज 9 )

# कृषि बिलों पर कोहराम देश भर में छिड़ा संग्राम

### ● युवक कांग्रेस ने दिल्ली में इंडिया गेट पर फूंका ट्रैक्टर, भगत सिंह के गांव में धरने पर बैठे अमरिंदर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में इंडिया गेट पर ट्रैक्टर में आग लगाने के बाद प्रदर्शन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता

**देश में** हर गुजरते दिन के साथ किसानों का विरोध बढ़ता जा रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को कृषि विधेयकों के विरोध में शहीद भगत सिंह की जयंती के मौके पर नवांशहर स्थित उनके पैतृक गांव खटकर कलान में धरना दिया जबकि आज सुबह पंजाब युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर ट्रैक्टर जलाकर विरोध प्रकट किया। पंजाब में किसानों ने राज्य में 'घेरो कॉरपोरेट बिजनेस' आंदोलन की शुरुआत की। बरनाला के विधायक गुरमीत हायर के नेतृत्व में मोगा के गांव डगरू में अडानी एग्री लॉजस्टिक्स ग्रुप का घेराव किया गया। किसानों के प्रदर्शन को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का समर्थन हासिल है। यह आंदोलन कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश तक फैल गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश भर में प्रदेश की राजधानियों में प्रदर्शन किया। कर्नाटक में किसानों में राज्यव्यापी बंद रखा जबकि द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) और उसके सहयोगियों ने पूरे तमिलनाडु में प्रदर्शन किया। इस बीच केरल में त्रिशूर से कांग्रेस सांसद टीएन प्रथपन ने सुप्रीम कोर्ट में विधेयकों की वैधता को चुनौती दी है। दिल्ली में पंजाब युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार सुबह इंडिया गेट पर एक ट्रैक्टर को जलाया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि पंजाब युवक कांग्रेस का सदस्य होने का दावा करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों में मनजोत सिंह (36), रमनदीप सिंह (28), राहुल (23), साहिब (28) तथा सुमित (28) शामिल हैं। ये सभी पंजाब के रहने वाले हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'करीब 15-20 ( शेष पेज 9 )

# हर पहलू की हो रही जांच हत्या का एंगल खारिज नहीं : सीबीआई

**सुशांत मामला**

**नई दिल्ली।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मामले में सीबीआई किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। यह जानकारी एजेंसी ने सोमवार को दी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो पेशेवर जांच कर रहा है और सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है और अभी तक किसी भी पहलू से इंकार नहीं किया गया है। सात वर्ष पहले काई पो चे फिल्म से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले राजपूत (34) इस वर्ष 14 जून को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। अभिनेता के पिता के. के. सिंह की तरफ से पटना में राजपूत की महिला मित्र रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार के खिलाफ कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराए जाने के बाद सीबीआई ने बिहार पुलिस से जांच अपने हाथों में ले ली थी। बिहार पुलिस को दी गई शिकायत में सिंह ने आरोप लगाए कि चक्रवर्ती और उनके परिवार के लोगों ने राजपूत की संपत्ति में हेरफेर की। चक्रवर्ती ने टीवी साक्षात्कारों में इन आरोपों से इंकार किया। सिंह के वकील विकास सिंह ने राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई जांच की धीमी गति पर पिछले हफ्ते दुख जताया था।

# एलएसी पर चीन की हेकड़ी खत्म करेगी निर्भय मिसाइल

## सतह से सतह पर मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 800 किमी तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में है सक्षम

### ● लद्दाख से अरुणाचल तक 4000 किमी एलएसी पर सेना पूरी तरह अलर्ट मोड में तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लेह में चीन से लगी सीमा पर उड़ान भारतीय वायु सेना का युद्धक विमान

**लद्दाख** में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 30,000 से अधिक अतिरिक्त जवान तैनात करने के बाद भारतीय रक्षा बलों ने ब्रह्मोस, निर्भय और आकाश सहित कई मिसाइलों को ऑपरेशन मोड में रखा है, ताकि चीन की तरफ से किसी भी खतरे से निपटना जा सके। एलएसी पर बीते मई में उपजे तनाव में अभी तक कमी नहीं आई है। इसलिए सुरक्षा बल कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहते। लंबे समय तक सैनिकों के ठहरने के हिसाब से तैयारी करते हुए सरकार ने टेंट और अन्य संबंधित उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा दी है ताकि सैनिकों को माइनस 20 डिग्री के तापमान में भी कोई दिक्कत पेश न आए। दूसरी ओर, सेना ने पश्चिम में लद्दाख से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैली 4,000 किमी एलएसी पर अपने मिसाइल, टैंक और फ्रंटलाइन फाइटर जेट भी पूरे अलर्ट पर रखे हैं।

तिब्बत और शिनजियांग क्षेत्र में चीन के किसी भी तरह स्थिति का लाभ लेने की संभावना को कम करने के लिए भारतीय सेना ने हाल ही में वहां अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की रेंज 400 किमी से अधिक है। यह दूर से ही टैंकों और मिसाइलों सहित किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है। इसी तरह, स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित आकाश मिसाइल सतह से हवा में 80 किमी तक मार करती है और यह हवाई क्षेत्र से होने वाले किसी भी हमले को बेअसर कर सकती है। यही नहीं, 800 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली निर्भय क्रूज मिसाइलों के शामिल होने से इस प्रणाली को अतिरिक्त ताकत मिल गई है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय मिसाइल प्रणालियों को एलएसी के साथ-साथ अधिकांश संवेदनशील स्थानों पर इस तरह तैनात किया गया है ताकि सेना और वायुसेना को ठोस तरीके से कवच प्रदान किया जा सके। वास्तव में, ब्रह्मोस को दो साल पहले पूर्वी एलएसी सेक्टर में सक्रिय कर दिया गया था। पिछले कुछ महीनों में जब से एलएसी पर हालात खराब हुए हैं, वायुसेना ने अपने अधिकांश फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स जैसे एसयू-30, मिराज, मिग-29 और जगुआर आदि को एलएसी के निकटवर्ती ठिकानों पर तैनात कर दिया है। इसके अलावा, हाल ही में फ्रांस से मंगाए गए पांच राफेल जेट भी लद्दाख क्षेत्र में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। चीन की ओर से किसी भी चुनौती को नाकाम करने के लिए ये रक्षात्मक उपाय किए गए हैं, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर कई वार्ताएं होने के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला है और तनाव जस का तस बना हुआ है। हालांकि बातचीत के जरिए मामले का हल होने की बात को दोहराते हुए सूत्रों ने चेतावनी दी है कि भारतीय सेना अपनी तैयारी को कम करने का जोखिम नहीं उठा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सेना लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर कड़ी सर्दियों में ठहरने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सर्दियों के महीनों के लिए सेना के पास आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,982 | ↑ 593 | |
| निफ्टी | 11,228 | ↑ 177 | |
| सोना | 50,449 | ↓ 194 | /10g |
| चांदी | 59,274 | ↓ 933 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### वरिष्ठ नौकरशाह पीडी वाघेला ट्राई के चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह पी डी वाघेला को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। वाघेला गुजरात कैडर के 1986 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। फिलहाल वह फार्मास्युटिकल्स विभाग में सचिव हैं। आदेश में कहा गया है कि वाघेला की नियुक्ति तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक के लिए की गई है। वाघेला बुधवार को सेवानिवृत्त होने वाले थे। वह आरएस शर्मा का स्थान लेंगे। शर्मा का ट्राई में कार्यकाल बुधवार को पूरा हो रहा है। शर्मा को 2015 में तीन साल के लिए ट्राई का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। अगस्त, 2018 में उनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2020 तक बढ़ाया गया था।

# अनलॉक-5: त्योहारी मौसम में भारी छूट दे सकती है सरकार

## एक अक्टूबर से होगा लागू, पाबंदियों में ज्यादा ढील की उम्मीद में हैं कारोबारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**गृह मंत्रालय** (एमएचए) मंगलवार को अनलॉक-5 गाइडलाइन जारी करेगा। इसका उद्देश्य कोविड-19 के कारण लगाई गई पाबंदियों में और ढील देते हुए सामान्य जनजीवन तथा कारोबारी गतिविधियों को बहाल किया जा सके। आगे आने वाले त्योहारों को देखते हुए एमएचए ने नई गाइडलाइन के संदर्भ में सभी राज्यों से पहले ही सलाह मशविरा कर लिया है। अनलॉक-5 में शिक्षा, शोध तथा घरेलू उड़ान सेक्टर को खोले जाने की उम्मीद है। कई राज्यों ने पहले ही 1 नवंबर से अंडर ग्रेजुएट कक्षाओं को खोलने का फैसला कर लिया है। अनलॉक की नई गाइड लाइन में मॉल और सिनेमा थियेटरों को भी खोले जाने की उम्मीद है लेकिन यह फैसला राज्य सरकारें करेंगी। शिक्षा के क्षेत्र में 50 फीसदी शिक्षकों और कर्मचारियों को उच्च शिक्षा क्षेत्र तथा स्कूलों में ऊंची क्लासों के लिए कैंपस में उपस्थित रहने की छूट दी गई है। निचली कक्षाओं के दिसंबर या जनवरी से खुलने की उम्मीद है। घरेलू उड़ान सेक्टर के संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा अन्य हितधारकों से सलाह मशविरा किया है और उम्मीद है कि अब और उड़ाने संचालित की जाएंगी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय सेक्टर में कई देशों से बातचीत चल रही है। सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होने वालों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। बिहार जैसे राज्य में 28 अक्टूबर से विधानसभा चुनाव और उप चुनाव हैं के मद्देनजर लोगों के इकट्ठा होने की संख्या में और छूट दी जा सकती है। मौजूदा वक्त में जुलूस या सार्वजनिक स्थानों पर बैठक में अधिकतम 100 व्यक्ति इकट्ठा हो सकते हैं। मेट्रो सेवाओं को भी और बढ़ाए जाने की उम्मीद है।

### भारत में कोविड-19 के मामले 60 लाख के पार

#### ● 50 लाख से अधिक लोग ठीक हुए

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 82,170 नए मामले सामने आने से सोमवार को संक्रमितों की कुल तादाद बढ़कर 60 लाख पार कर गई, जबकि 74,893 लोगों के संक्रमणमुक्त होने के साथ देश में ठीक हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 50.17 लाख हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से 1,039 लोगों की मौत होने से मृतकों की कुल संख्या 95,542 हो गई। देश में कोरोना वायरस बीमारी (कोविड-19) के 9,62,640 मरीजों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 15.85 प्रतिशत है। देश में कोरोना वायरस के कुल मामले 60,74,702 हो गए। अब तक 50,16,520 लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं। इससे देश में मरीजों के ठीक होने की दर 82.58 प्रतिशत तक पहुंच गई तथा मृत्यु दर घटकर 1.57 प्रतिशत रह गई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, देश में अब तक 7.20 करोड़ नमूनों की जांच हो चुकी है। रविवार को 7.09 लाख नमूनों की जांच हुई थी। भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या ने 7 अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार किया था, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख और 15 सितंबर को 50 लाख का आंकड़ा पार किया था। देश में कोविड-19 मामलों को एक लाख तक पहुंचने में 110 दिन का समय लगा था, जबकि ( शेष पेज 9 )

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले की सुनवाई कल होगी

### ● मथुरा में मंदिर परिसर की सुरक्षा बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** मथुरा

**उत्तर प्रदेश** के मथुरा जनपद की अदालत में शुक्रवार को दाखिल किए गए श्रीकृष्ण जन्मस्थान से संबंधित मामले की सुनवाई अब बुधवार (30 सितम्बर) को की जाएगी। इस बीच शुक्रवार को मामला दाखिल किए जाने के बाद शनिवार से मंदिर ईदगाह परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। अदालत में भी आज भारी पुलिस तैनात रही। गौरतलब है कि लखनऊ निवासी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री एवं पांच अन्य ने स्वयं को भगवान श्रीकृष्ण का परमभक्त बताते हुए उनकी ओर से सिविल जज (सीनियर डिवीजन) छाया शर्मा की अदालत में वाद दायर किया है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने मंदिर के परिसर में स्थित शाही ईदगाह मस्जिद की प्रबंध समिति के साथ जो समझौता किया था, वह कानूनी रूप से गैरवाजिब है क्योंकि, सेवा संस्थान जब उक्त 13.37 एकड़ भूमि का मालिक ही नहीं था तो उसे किसी व्यक्ति अथवा संस्था के साथ इस प्रकार कोई भी करार करने का अधिकार नहीं था। यह समझौता अदालत द्वारा 20 जुलाई 1973 को डिक्री किया गया था। वादियों द्वारा याचिका में इस करार को निरस्त करते हुए शाही ईदगाह वाली भूमि को मुक्त कराने और इसे विराजमान ठा. श्रीकृष्ण को सौंपने का आदेश देने का अनुरोध किया गया है। इस मामले में शाही ईदगाह ट्रस्ट मैनेजमेंट कमेटी, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल बोर्ड, श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट व श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा ( शेष पेज 9 )

# गांवों के आत्मनिर्भर होने से आएगा सकारात्मक बदलाव

● बिचैलिये किसानों का लाभांश हड़प नहीं पाएंगे, न्यूनतम समर्थन मूल्य को हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगाः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीन दयाल उपाध्याय का मानना था कि किसी समाज की आर्थिक प्रगति का आकलन उसमें सम्पन्न व्यक्तियों की स्थिति नहीं बल्कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की स्थिति से होती है। उनका कहना था कि गांवों के आत्मनिर्भर होने से समाज के अन्तिम व्यक्ति के जीवन व स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा की गयी है। यह अभियान सशक्त एवं समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करेगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को वर्चुअल माध्यम से पं. दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के सम्बन्ध में बीजेपी लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित व्याख्यान माला को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक सकारात्मक बदलाव होने जा रहा है। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए एक लाख करोड़ रुपये की घोषणा हुई है। इससे हर विकास खण्ड में भण्डारण की क्षमता के लिए कोल्ड स्टोरेज आदि स्थापित किये जाने हैं। एफपीओ का गठन किया जाना है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान का आधार बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार द्वारा 3 नये अधिनियम पारित कराये गये हैं। इससे किसान एक नेशन, एक मार्केट के तहत अब अपना उत्पाद देश में कहीं भी विक्रय कर सकेगा तथा कोई टैक्स भी देय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। इससे बिचैलिये किसानों का लाभांश हड़प नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 सितम्बर को अन्त्योदय के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती मनायी गयी है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2 वर्ष पूर्व पण्डित जी की जन्मशती का भी आयोजन किया गया। यह वर्ष कई अर्थों में अत्यन्त महत्वपूर्ण वर्ष है। इस दौरान पूरा विश्व कोविड-19 की महामारी से प्रभावित है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री द्वारा सही समय पर उचित और लोक कल्याणकारी निर्णय लिये जाने से हमारा देश सुरक्षित स्थिति में है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित प्रधानमंत्री आर्थिक पैकेज के माध्यम से देश महामारी से भी निपट रहा है और सतत आर्थिक विकास के लिए भी प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री संवेदना से युक्त हैं। कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लागू करने के पश्चात उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज की घोषणा की। इस पैकेज के अन्तर्गत 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था, रसोई गैस की व्यवस्था, वृद्ध, निराश्रित महिला व दिव्यांगजन के लिए अग्रिम पेंशन की व्यवस्था तथा उपचार की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अतिरिक्त आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित आर्थिक पैकेज में भी कहीं न कहीं दीन दयाल उपाध्याय की प्रेरणा है। दीन दयाल उपाध्याय ने समाज के अन्तिम व्यक्ति, गांव के आत्मनिर्भर होने की बात की है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से यह भी दुनिया के सम्मुख साकार होते हुए दिखायी देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज को प्रभावी ढंग से लागू किया। साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक पैकेज को भी लागू किया गया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान का आधार स्वदेशी व स्वावलम्बन है। यह देश की जीवन्त अर्थव्यवस्थाए भारत की परम्परागत कारीगरी व परम्परागत शिल्प की पुनर्स्थापना से जुड़ा हुआ है। आत्मनिर्भरता का आशय डिमाण्ड और सप्लाई के मध्य सन्तुलन से है।

## गरीब कल्याण रोजगार योजना में यूपी नंबर वन

**लखनऊ।** संकट में भी कीर्तिमान बनाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शगल है। उनकी अगुआई में वैश्विक महामारी कोरोना के संकट के दौरान भी गरीब कल्याण रोजगार योजना में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक कीर्तिमान रचा है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित सामुदायिक शौचालय अभियान पुरस्कारों में से 7 पुरस्कार उत्तर प्रदेश के हिस्से में आना इसका प्रमाण हैं। इसमें समग्रता में उप्र नंबर एक पर है। सम्बंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव-एमडी को यह पुरस्कार दिया जाएगा। जिला प्रयागराज, हरदोई और फतेहपुर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। जिले के पुरस्कारों वहाँ के जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी ग्रहण करेंगे। आयोजन ऑनलाइन होगा। नॉन गरीब कल्याण रोजगार योजना में पहले और दूसरे नंबर पर क्रमशः बरेली और अलीगढ़ हैं। अलीगढ़ के खाते में स्पेशल रिकॉगनिशन का भी पुरस्कार आया है।

# गलत बिलिंग कर रही एजेंसियों पर दर्ज कराएं एफआईआर

● ऊर्जा मंत्री ने की आपूर्ति व लाइन हानियां कम करने के अभियान की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन अयोध्या, देवीपाटन, लखनऊ, लेसा सिस, लेसा ट्रांस तथा बरेली और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अधीन बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर जोन के चीफ इंजीनियर्स के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपूर्ति व लाइन हानियां कम करने के अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बिलिंग में गड़बड़ी की शिकायतों पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश देने के साथ ही संबंधित की जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने 30 दिन के भीतर मध्यांचल के 1232 व पश्चिमांचल के सभी चिन्हित 1010 हाई लॉस उपकेंद्रों को 15 प्रतिशत से नीचे ले आने के निर्देश भी दिए। कहा किए ऐसा करके ही हम 24 घंटे की निर्बाध आपूर्ति के संकल्प को पूरा कर पाएंगे।

कार्यों में लापरवाही पर अयोध्या, बरेली, गोंडा, लेसा सिस, लेसा ट्रांस, लखनऊ जोन, मेरठ, मुरादाबाद, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा और सहारनपुर के चीफ इंजीनयर और दोनों ही डिस्कॉम के निदेशक वाणिज्य को कारण बताओ नोटिस दिया है। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि कई जनपदों में टेबल बिलिंग, गलत बिलिंग व एक्सेप्संश का निराकरण न हो पाने की शिकायतें मिल रही हैं। यह ऊर्जा विभाग की उपभोक्ता हितैषी छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहां भी शिकायत आ रही है वहां एमडी विशेष टीम भेजकर परीक्षण कराएं। जहां भी गड़बड़ी है वहां बिलिंग करने वाली एजेंसी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के साथ ही एफ आईआर भी दर्ज करायें। उपभोक्ता की गलत बिलिंग की शिकायतों पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी एमडी अपने स्तर से सुनिश्चित करें। उन्होंने लाइन लॉस कम करने के अभियान के संबंध में निर्देशित किया कि जो भी उपकेंद्र 15 प्रतिशत से ऊपर की हानि पर है उसे हर हाल में इस सीमा के नीचे ले आना होगा। चिह्नित उपकेंद्रों को 30 दिन के भीतर इस अवधि में ले आना है। सभी जनपदों में हर उपकेंद्र की फीडरवार समीक्षा कर तय लक्ष्य को जरूर हासिल करें। उन्होंने अध्यक्ष यूपीपीसीएल व प्रबंध निदेशक को भी निर्देशित किया कि कहीं भी लापरवाही की गुंजाइश न रहे वे स्वयं इसकी नियमित निगरानी करें। सरकार ने पूरे प्रदेश को 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति का संकल्प लिया है। इसे हर हाल में पूरा करना है। इसके लिए लाइन लॉस 15 प्रतिशत से नीचे लेकर आना होगा। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की लोड बैलेंसिंग न करने, उनके फुंकने के कारणों की सही जानकारी न दे पाने व लक्ष्यपूर्ति में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लापरवाही से ईमानदार उपभोक्ता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने दीपावली से पहले सभी वितरण ट्रांसफार्मरों की लोड बैलेंसिंग कराने के भी निर्देश दिये हैं।

## दिन पर दिन विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है प्रदेशः अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में सुशासन और रामराज तो बहुत दूर की बात है हर तरफ अंधेर नगरी चौपट राज का बोलबाला है। इस राज्य सरकार से न तो कोरोना का संक्रमण थम रहा है और नहीं कानून व्यवस्था पर नियंत्रण दिख रहा है। किसानों के बारे में उसकी कोई सोच ही नहीं है। प्रशासन में मनमानी का राज है। न कहीं लॉ दिखाई दे रहा है और न ही कहीं आर्डर का एहसास हो रहा है। प्रदेश दिन पर दिन विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि कोरोना संक्रमण के आगे भाजपा सरकार नतमस्तक है। मुख्यमंत्री जी के रोज नए आदेश निर्देश जारी होते है परन्तु टीम इलेवन अपने ही ढंग से काम करने की आदी है। फलतः सरकार की किरकिरी होती रहती है। कोविड.19 अस्पतालों में अव्यवस्था है, डाक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ को उपकरण भी ठीकठाक नहीं मिल पाते है। प्राईवेट अस्पतालों में लूट बदस्तूर जारी है। मौतों का सही हिसाब नहीं है।

# कृषि कानूनों के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

● प्रदेश अध्यक्ष लल्लू सहित कई नेता गिरफ्तार, रिहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर मोदी सरकार द्वारा बनाए गए किसान कानूनों के खिलाफ प्रदेशव्यापी आन्दोलन के तहत हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जिलों-जिलों में सड़कों पर उतरे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में विधानसभा की ओर कूच कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को परिवर्तन चौक पर भारी पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और बसों में भरकर इको गार्डेन ले जाया गया। देर सायं उन्हें रिहा किया गया।

परिवर्तन चौक पर लखीमपुर, कानपुरए बाराबंकी, फैजाबाद, रायबरेली, अमेठी आदि जनपदों से बारी संख्या में पहुंचे कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा द्वारा बनाए गए नए तीन कृषि कानून देश के अन्नदाता को बदहाली पर पहुंचाने वाला हैं। नए कानून में कृषि उत्पाद का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने का जिक्र न होना इस बात की तरफ इशारा करता है कि सरकार ने कृषि व्यवस्था को पूरी तरह से कारपोरेट और पूंजीपतियों के हवाले कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों के लिए शुरू से ही संघर्ष करती रही है और जब तक इस काले कानून को वापस नहीं लिया जाता तब तक चुप नहीं बैठेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। वहीं वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को उनके घरों में नजरबंद किया गया। पुलिस द्वारा कांग्रेसजनों को जगह जगह पर रोके जाने के तहत बाराबंकी मोड़ पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव को लगभग डेढ़ घण्टे पुलिस ने हिरासत में रखा। जिला कांग्रेस लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी को उनके घर पर नजरबंद किया गया। ओंकारनाथ सिंह, अशोक सिंह, हरनाम सिंह चौहान, शैलेन्द्र तिवारी को उनके घरों में नजरबंद किया गया। झांसी में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य एवं शहर अध्यक्ष अरविन्द वशिष्ट को उनके घरों में नजरबंद किया गया। रायबरेली में अशोक सिंह को उनके घर पर नजरबंद किया गया।

परिवर्तन चौक पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक नदीम जावेद, विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सोहेल अख्तर अंसारी, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधायक अमरीश पाण्डेय, लखनऊ महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कांत पांड व वरिष्ठ नेता नरेन्द्र शुक्ला आदि थे।

## शिक्षक-स्नातक चुनाव टालने की हो रही साजिशः नरेश उत्तम

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि यूपी और बिहार में समान रूप से लॉकडाउन समाप्त है किन्तु जहां बिहार में विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक सीटों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है, वहीं यूपी में चुनाव टालने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार में विधान परिषद की शिक्षक-स्नातक सीटें 6 मई 2020 से रिक्त हैं और आयोग ने लम्बित चुनाव एक साथ कोरोना महामारी एवं लॉकडाउन के दृष्टिगत बढ़ाए गए थे। आयोग ने बाद में 25 सितम्बर को बिहार विधान परिषद शिक्षक-स्नातक निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है किन्तु उत्तर प्रदेश को इससे अलग रखा गया है।

शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड
शुभम्
कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोन : 0124-4212530/31/32, ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे शुभम कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कर्जदारों से बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज अदा करने के बाद ही किया जा सकता है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | ऋण सं./कर्जदार, सह-कर्जदार | मांग सूचना राशि | मांग सूचना की तिथि | प्रत्याभूत आस्ति | संबद्ध करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KAN_1505_040030 विष्णु कुमार सैनी, विजेता सैनी | रू. 3,66,830/- | 06-07-2020 | प्लॉट नंबर 50 ए, सिद्धार्थ नगर, गूबा गार्डन, बैरी अकबरपुर कानपुर, उत्तर प्रदेश-208019 | 24-09-2020 |
| 2 | 0KAN1611000005002934 अनिल सिंह, नेहा सिंह | रू. 3,96,285/- | 06-07-2020 | प्राइवेट प्लॉट नंबर 57 ए, अराजी नंबर 1063 के भाग पर स्थित, मेहरबान सिंह का पुरवा, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208022 | 24-09-2020 |

स्थान : गुड़गांव
तिथि : 29-09-2020
प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## धान खरीद एक अक्टूबर से, 60 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

● खरीद और समर्थन मूल्य पर होगी सरकार की नजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आधी**-अधूरी तैयारियों के बीच दो दिन बाद यानी कि पहली अक्टूबर से राज्य में धान की खरीद शुरू होगी। सरकार ने समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। इसके लिये साढ़े पांच हजार से ज्यादा क्रय केन्द्र खोले जा रहे हैं।

इधर कोरोना संक्रमण को देखते हुये सीएम योगी ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कहा है कि धान खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें। सीएम ने कहा कि 1 अक्टूबर से धान खरीद की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में सारी व्यवस्थाएं समय रहते कर ली जाएं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रत्येक दशा में मिले। केन्द्र सरकार के कृषि बिल को लेकर किसानों के विरोध को देखते हुये योगी सरकार बेहद सतर्क है। उसे आशंका है कि विपक्षी दल खरीद के दौरान मौका तलाश कर राज्य के किसानों को भड़का सकते हैं। जिसे देखते हुये सीएम के साफ निर्देश है कि किसी भी दशा में किसानों का अपना धान बेचने में दिक्कत न हो और उन्हें समर्थन मूल्य से कम दाम पर अपना धान न बेचना पड़े। अगर निजी क्षेत्र के लोग किसानों से धान खरीदने के लिये आगे आते है तो उन पर पैनी नजर रखी जाए ताकि किसानों का धान औन-पौने दामों पर न बिके। सीएम के निर्देशों के बाद खाद्य एवं रसद विभाग ने धान खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप देने शुरू कर दिया है। अधिकारियों का फोकस धान खरीद से ज्यादा किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम दिलाने पर है। निजी क्षेत्र के खरीददारों पर नजर रखने के लिये विशेष टास्क फोर्स भी बनाये जा रहे हैं।

## प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट 1991 को समाप्त किया जाए: रिजवी

● शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फबोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट 1991 को समाप्त करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से वसीम रिजवी ने देश की कई धार्मिक स्थानों की सूची भेजी है। रिजवी के मुताबिक पूर्व में ये मंदिर थे जिन्हें तोड़कर मुगलकाल में मस्जिद बनाए गए। पत्र के माध्यम से वसीम रिजवी ने कहा कि 90 के दशक में कांग्रेस ने कट्टरपंथी संगठनों को खुश करने के लिए कांग्रेस की सरकार ने यह एक्ट बनाया था लेकिन अब हिंदुओं की धार्मिक सम्पतियां उनको वापस सौंपा जाना असली न्याय होगा। पीएम को लिखे पत्र में जिक्र किया है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का मामला उच्चतम न्यायालय द्वारा निस्तारित हो चुका है। फिर भी कई ऐसे धर्म स्थान बाकी हैं, जो कांग्रेस सरकार के समय बनाये गये उस एक्ट के तहत आते हैं। पीएम मोदी को लिखे पत्र में मथुरा श्रीकृष्ण जन्म मन्दिर, केशवदेव मन्दिर, वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात बटना का रुद्र महालया मन्दिर, अहमदाबाद भद्रकाली मंदिर, वेस्ट बंगाल पंडुआ अदिना मस्जिद, मप्र विदिशा विजया मंदिर, दिल्ली कुतुबमीनार मस्जिद कुवतुल इस्लाम का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि ये आज भी उक्त एक्ट के तहत हैं। पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से अनुरोध किया है द प्लेसेस ऑफ़ वरशिप एक्ट 1991 को समाप्त कर हिंदुओं के प्राचीन पवित्र मंदिरों को जिन्हें मुगलों ने तोड़कर मस्जिद बनवाई हैं। मस्जिदों को पवित्र स्थान से हटा कर, पवित्र मंदिरों को स्थापित करने हेतु अधिनियम बनाए या ऐसी कोई भी उच्च स्तरीय समिति बना, जो बातचीत के माध्यम से उक्त समस्त प्राचीन मंदिरों को पुनः स्थापित करा सकें।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सकरन-सीतापुर

पत्रांक 892/चतुर्थ रा0वि0/नि0स0/2020-21 दिनांक 26/09/2020

अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत सकरन सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि चतुर्थ राज्य वित्त योजना में प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म **दिनांक 30.09.2020** से विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 1000/- रू0 प्रति फार्म होगा तथा **दिनांक 15.10.2020 को पूर्वान्ह 12:00 बजे** तक विक्रित निविदायें निविदा बक्स में जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अपरान्ह 3:00 बजे गठित समिति की उपस्थित में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य धरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो नकद के रूप में अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी सकरन के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व 01 प्रतिशत लेबर सेस सरचार्ज, निर्धारित जी0एस0टी0 कर 2 प्रतिशत, तथा भुगतान के समय अवशेष 8 प्रतिशत जमानत राशि की कटौती की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तो की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भैंसहा में भैयालाल बाजपेई के मकान से कुण्डी सम्पर्क मार्ग तक खण्डन्जा निर्माण | 949539.00 | 19000.00 | 3 माह | चतुर्थ राज्य वित्त आयोग |
| 2 | ग्राम पंचायत बगहढांक मजरा दक्षिण पुरवा से बिसवाँ साण्डा सम्पर्क मार्ग तक खण्डन्जा निर्माण | 957288.00 | 19000.00 | 3 माह | चतुर्थ राज्य वित्त आयोग |
| 3 | ग्राम पंचायत मजलिसपुर मजरा सलेमपुर से बरमपुरवा बार्डर तक खण्डन्जा निर्माण | 880000.00 | 17600.00 | 3 माह | चतुर्थ राज्य वित्त आयोग |
| 4 | ग्राम मोहारी मजरा झब्बापुरवा बडहिनपुरवा तक मिट्टी पटाई व खण्डन्जा निर्माण। | 666419.00 | 13400.00 | 3 माह | चतुर्थ राज्य वित्त आयोग |

निविदा की पात्रता :-

**1**-निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 30-09-2020 से किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जकती हैं एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभियन्ता(आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है। **2**-निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड अनुभव प्रमाण पत्र, GSTIN प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता एवं अन्य आहर्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। **3**-निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीकृत बैंक का एफ0डी0आर0अथवा एन०एस०सी० जो खण्ड विकास अधिकारी सकरन-सीतापुर के पक्ष में लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष 8 प्रतिशत धनराशि टेन्डर स्वीकृत होने के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
सकरन-सीतापुर

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

Notified that Original Marksheet / Pass Certificate of ICSE Coucil, New Delhi No.TD 90162731 Year-2017 for Class-X and No.BM 80052757 for Class-XII Year 2019 with UID No. 6557446, in respect of my daughter Shubhangi Jindal, have really been loast. Amit Jindal, Anandpuri Kanpur.

सूचना

सूच्य हो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम प्रिन्स कुमार गुप्ता अंकित है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम प्रिन्स गुप्ता दर्ज है। प्रिन्स कुमार गुप्ता व प्रिन्स गुप्ता एक ही व्यक्ति के नाम हैं, जो कि मेरे हैं। अतः भविष्य में मुझे प्रिन्स गुप्ता नाम से ही जाना व पहचाना जाये। प्रिन्स गुप्ता पुत्र कपिल देव गुप्ता, निवासी-मो0 मुंशीगंज, श्यामनाथ रोड, सीतापुर।

सूचना

सूचित हो कि दीपा निषाद उर्फ काजल निषाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे स्वयं के हैं। मेरी बीमा पॉलिसी नम्बर 236370952 में मेरा नाम दीपा निषाद दर्ज है जबकि मेरे बाकी के दस्तावेजों में मेरा नाम काजल निषाद दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे काजल निषाद पुत्री देवेन्द्र कुमार निवासी 202A/177(55) जवाहरनगर लखनऊ के नाम से जाना व पहचाना जाए।

# प्रदर्शन कर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने दिखाई ताकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहीद** भगत सिंह की जयंती पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) ने सोमवार को विपक्ष के रुप में अपनी ताकत दिखाई। छात्रों, नौजवानों, किसानों, उद्यमियों, व्यापारियों, अल्पसंख्यकों सहित आम जनता की समस्याओं को लेकर प्रसपा की छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासन द्वारा पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोका गया जहां उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इस दौरान प्रसपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी भी दी।

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान विरोधी बिल, श्रम कानूनों, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ सोमवार को लखनऊ में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने जबरदस्त बलप्रयोग करते हुए लाठीचार्ज भी किया, जिसकी वजह से बहुत से नेताओं कार्यकर्ताओं को चोटें आई। पुलिस ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पास बैरिकेडिंग लगाकर प्रसपा कार्यकर्ताओं को रोक लिया। सुबह से ही प्रदेश भर से पीएसपी कार्यकर्ताओं का पार्टी कार्यालय पहुंचना शुरु हो गया था। प्रसपा के कार्यकताओं का कहना था कि वे लोग विभिन्न मुद्दों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ पहुंचे थे। लेकिन योगी सरकार ने लाठियां दी। प्रदर्शन के दौरान पार्टी के बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्रा, महिला सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चना राठौर, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव और छात्र सभा के प्रदेश महासचिव संजय यादव डंपी, जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रताप यादव रवि, प्रदेश महासचिव सत्यजीत सिंह अतवारा, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा आदि ने गिरफ्तारी दी।

### जुल्म व अत्याचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगाः शिवपाल

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया कार्यकर्ताओं व नेताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज पर शिवपाल यादव ने ट्विटर पर प्रतिक्रिया दी। शिवपाल ने कहा कि जुल्म और अत्याचार के खिलाफ प्रसपा कभी नहीं झुकेगी। सतत संघर्ष जारी रहेगा । शिवपाल यादव ने कहा कि लोकतंत्र में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का अधिकार सभी को है, यही लोकतंत्र की ताकत है, बड़ी सी बड़ी समस्याओं को बातचीत के द्वारा हल किया जा सकता है, राजनीतिक प्रक्रियाओं के दमन और लाठीचार्ज के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है ।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# बेंती में लूटपाट,महिला पुजारी की हत्या

## पीछे की दीवार में नकब लगाकर घर के अन्दर दाखिल हुए थे बदमाश घर के अन्दर के दोनो कमरो व संदूको के ताले तोड़ कर की लूटपाट मंदिर व यज्ञशाला के दानपात्रों को तोड़कर नकदी उड़ाई

**संवाददाता।** सरोजनीनगर


मृतका की फाइल फोटो

**केन्द्रीय** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सांसद आदर्श ग्राम बेंती में रविवार की रात बेखौफ बदमाशों ने लूटपाट के दौरान एक महिला पुजारी की हत्या कर दी। घर की पिछली दीवार में नकब लगाकर अन्दर दाखिल हुए बदमाश दोनो कमरों व उनके अन्दर रखे बक्सों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी लूट ले गये। घर में लूटपाट करने के साथ ही बदमाश मंदिर व यज्ञशाला के दरवाजे के ताले तोड़कर दान की राशि भी उड़ा ले गये। सुबह घटना की जानकारी हुई तो पुरोहित के दरवाजे कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर बंथरा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत भी मय हमराही मौके पर पहुंच गये। अपर पुलिस आयुक्त चिंरजीवनाथ सिन्हा व सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर हरीष सिंह भदौरिया ने भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया।

बंथरा थाना क्षेत्र के बेंती गांव में रहने वाले दीप नरायण द्विवेदी यही स्थित नागेश्वर मंदिर में पुरोहित हैं। दीपनरायण ने बताया कि वह अपनी दूसरी पत्नी कुसुम व बच्चों के साथ घर के बाहर बने हनुमान मंदिर के चबूतरे पर सोते हैं जबकि उनकी पहली पत्नी दीपिका त्रिवेदी (46) घर के अन्दर अकेली सोती थीं। रविवार की सुबह दीप नारायण की दूसरी पत्नी कुसुम घर के बाहर बने शौचालय में शौच करने के लिए गई तो उन्हें घर की पिछली दीवार में नकब लगी देखी तो चिल्ला पड़ी। जिपसर दीप नरायाण व उनके परिजनों ने नकब से झांककर देखा तो घर के अन्दर सामान बिखरा दिखाई पड़ा और दीपिका भी औधे मुंह पड़ी दिखाई दी। इसके बाद दीपिका का छोटा बेटा सौरभ दीवार फांदकर घर के अन्दर दाखिल हुआ तो उसने अपनी मां दीपिका को मृत अवस्था में कमरे के अन्दर औधे मुंह पड़ी थी। सौरभ ने अन्दर से बंद दरवाजे खोले इसके बाद सभी लोग घर के अन्दर दाखिल हुए। दीप नरायण ने बताया कि दोनों कमरों के दरवजे खुले थे और अन्दर रखे बक्सों के ताले टूटे पड़े थे। इन बक्सों में रखी नकदी व जेवरात गायब थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। कुसुम के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। इसके बाद ग्रामीणों ने देखा कि नागेश्वर मंदिर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और शिवलिंग पर क्षत्र व दानपात्र गायब था। ग्रामीणों ने बताया कि दीपनारायण ने तकरीबन 18 वर्ष पहले अपने साले की बेटी से दूसरी शादी की थी। जिसको लेकर इनके परिवार में काफी दिनों तक गृहक्लेश चलता रहा। ग्रामीणों के मुताबिक इसके बाद ही दीप नारायण अपना पुश्तैनी घर छोड़कर गांव के बाहर मकान बनाकर यही अपने पूरे परिवार के साथ रहने लगे। पुरोहित दीपनरायण के मुताबिक लॉकाउन के दौरान उनके घर में दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित ने बताया कि एक चोर उनके घर से सरसों की बोरी उठा ले गये तो दूसरी बार गेहूं की। पीड़ित ने दोनों बार पुलिस से इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उधर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह रविवार की देरशाम बेती गांव पहुंचे और पीड़ित पुरोहित दीपनरायण को ढ़ाढस बधाया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाए और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए।

**गांव के बाहर पड़ा मिला दानपत्र व घर के बक्से:** मंदिर का दानपात्र व घर में रखे बक्से घटना स्थल से तकरीबन आधा किमी की दूरी पर एक खेत में पड़े मिले। दानपात्र का उपरी हिस्सा टूटा हुआ था और उसमें रखी दान की राशि गायब थी। इसी प्रकार घर के अन्दर रखे बक्से भी गांव के बाहर खेत में ही पड़े मिले। बक्सों में रखी नकदी व जरूरी कागजात और जेवर गायब थे।

**आधा किमी जाने के बाद रुक गया डाग स्क्वायड:** बदमाशों का पता लगाने के लिए मौके पर फिंगर प्रिंट व डाग स्क्रायड को भी बुलाया गया। दीपिका के शव के पास से निकला डाग बेंती गांव के मजरा कल्लन खेड़ा तरफ जाने वाले रास्ते पर सरकारी ट्यूबवेल के पास करीब आधा किमी जाने के बाद एक पुलिया के पास रुक गया। जिस स्थान पर डाग रूका था वहां शराब व पानी की खाली बोतल और पान मसाले की पुड़िया भी पड़ी मिली।

**पुलिस गश्त की खुली पोल**

घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोशित दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस रात्रि गस्त में अगर सक्रिय होती तो बदमाश वारदात कर आसानी से न भाग निकलते। पुलिस ने फिंगर प्रिंट दस्ते और डॉग स्क्रायड के साथ मौके पर छानबीन की, लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चल सका है।

**गांव के ही तीन-चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिसः** पुरोहित दीप नरायण के घर में लूट व उनकी पत्नी दीपिका की हत्या की घटना के खुलासे में जुटी पुलिस बंथरा गांव के ही तीन-चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस सोमवार दोपहर वापस फिर गांव पहुंची और पुरोहित दीप नरायण के घर के आसपास रहने वाले युवकों से रविवार की रात की गतिविधियों की जानकारी ली। पूछताछ के दौरान संदेह के घेरे में आने वाले युवकों को अपने साथ थाने उठा लाई।

## होम आईसोलेशन रोगियों की निगरानी के लिए हर सीएचसी पर हो इंचार्ज की तैनाती

**लखनऊ।** कोरोना पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी द्वारा स्मार्ट सिटी सभागार महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईएलआई, एसएआरआई के लक्षण वाले रोगियों के साथ साथ कोम ऑर्बिट, 60 वर्ष से ऊपर के लोगों और गर्भवती महिलाओं की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। होम आईसोलेशन रोगियों की मॉनिटरिंग के लिए प्रति सीएचसी वार एक एक इंचार्ज की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। वहीं, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर डाटा ऑपरेटरों की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिया है। रविवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कोरोना नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित दूसरे विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी एमओआईसी आरआरटी रवाना होने से पहले सामुदायिक केंद्र पहुँच कर उन्हें रिफर किए हुए केसों की सूची उपलब्ध कराया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि जिन केसों के पते अपूर्ण हैं उनको दूसरी सीएचसी में रिफर नहीं किया जाएगा, उनको स्वयं ट्रेस किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पॉजिटिव मरीज की पूरी हिस्ट्री निकाली जाए। साथ ही कड़े निर्देश दिया की टेस्ट से पहले वह व्यक्ति कहां कहां गया किन-किन लोगों से मिला सब का ब्यौरा लेकर उनकी ट्रेसिंग की जाए। साथ ही पॉजिटिव व्यक्ति के कार्य क्षेत्र को भी कवर करने के निर्देश दिए। जहाँ पर अत्याधिक पॉजिटिव केस आ रहे हैं वहां आवश्यकता पड़ने पर मास टेस्टिंग कराने की व्यवस्था भी की जाए। बैठक में पता चला कि कुछ जगहों पर ट्रेस किए गए कांटेक्ट द्वारा बताया जाता है कि वह पहले से टेस्टेड है, इसके संबंध में निर्देश दिया कि टेस्ट रिपोर्ट देखने के बाद ही कांटैक्ट को ऑलरेडी टेस्टेड माना जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा डाटा फीडिंग की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी द्वारा डाटा फीडिंग कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त की। साथ ही निर्देश दिया गया कि आवश्यकता पड़ने पर डाटा ऑपरेटरों की संख्या को बढ़ाया जाए और डाटा फीडिंग पूरी की जाए।

## महिला चिकित्सक आत्महत्याकांड:पिता ने लगाया सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे से लटकी मिली महिला चिकित्सक के पिता ने तीन लोगों पर बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस तीनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। उल्लेखनीय है कि महिला डॉक्टर मीनू यादव सरोजनीनगर स्थित एक निजी अस्पताल परिसर स्थित कमरे में अपनी मां रामरानी के साथ रहती थी। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे उसकी मां रामरानी बाथरूम में नहाने के लिए गई थी। जब वह बाहर निकली तो अपनी बेटी मीनू को छत पर लगे पंखे के सहारे दुपट्टे से फांसी पर लटका देख उनकी चीख निकल पड़ी। आनन-फानन सूचना अस्पताल प्रशासन के साथ पुलिस को दी गई। डॉ. मीनू का विवाह मध्यप्रदेश निवासी डॉ. अक्षय कुमार यादव से तीन महीने पहले ही हुआ था। उसके पति अक्षय यादव भी भोपाल में डॉक्टर हैं। महिला डॉ. मीनू के चकेरी पटेल नगर कानपुर निवासी पिता डॉ. राजबहादुर सिंह की ओर से सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई एफआइआर में कहा गया है कि पति अक्षय कुमार यादव, नन्दोई डॉ. प्रवीण कुमार यादव के साथ मिलकर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था, छोटी कार, कम दहेज देने की बात कहकर रोज मीनू को ताने दिए जाते थे, उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। एफआइआर में डॉ. मीनू के सीनियर साथी डॉ. महेश कुमार पर भी फोटो वायरल करने की धमकी देने की बात है।

## 86.64 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी क्लैट परीक्षा

लखनऊ। देश भर के प्रतिष्ठित ला से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के लिए प्रस्तावित कॉमन ला एडमिशन टेस्ट 2020 सोमवार को राजधानी में सोशल डिस्टेंसिंग के साये में सम्पन्न कराई गई। परीक्षा के लिए राजधानी में 13 केंद्र बनाए गए थे। जिनमे शामिल होने के लिये 3780 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराये थे। सभी अभ्यर्थियों को थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान राजधानी के 13 परीक्षा केंद्रों पर 86.64 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। हालांकि कई अभ्यर्थियों का दावा था कि कई केंद्रों में सोशल डिस्टेंसिंग के मानक नहीं अपनाए गए। उन्हें केवल एक एक फुट की दूरी पर बैठाया गया था। उत्तर प्रदेश के संयोजक डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसके भटनागर ने बताया कि प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कोविड 19 प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। क्लैट के संयोजक प्रोफेसर बलराज चौहान ने बताया पूरे देश भर में किसी भी सेंटर से कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है।

## बीबीएयू: प्रवेश परीक्षा में 67 फीसदी अभ्यथी

लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए सोमवार को सम्पन्न कराई गई प्रवेश परीक्षा में 67 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए। यह प्रवेश परीक्षा स्नातकए एमफिल और पीएचडी दाखिले के लिए आयोजित की गई थी।विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर, एमफिल और पीएचडी प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो कुक्षेन्द्र मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में 4006 विद्यार्थी में से 2685 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय सिंह ने अवर लिटिल एंजेल होम और टच टेस्टिंग सॉल्यूशन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूरे देश कुल परीक्षा केंद्रों पर 67 फीसदी विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। परीक्षा में 10000 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था जिसमें से कुल 3300 विद्यार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे।

## स्नातक में कालेज चुनने का एक और मौका

लखनऊ। स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को कॉलेजों के विकल्प चुनने का एक और मौका दिया है। अभ्यर्थी अब 30 सितंबर तक ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान भरे गए विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉण् दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र हित को देखते हुए यह सहूलियत दी गई है। सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर दोपहर तीन बजे तक अपने भरे हुए कॉलेज विकल्प को पुन: व्यवस्थित करने का मौका दिया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को कोई नया भुगतान नहीं करना होगा क्योंकि इस प्रक्रिया के लिए फीस वे पहले से पंजीकृत कर चुके हैं। प्रवक्ता डॉण् दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक विकल्प भरने की सलाह दी गई है। जिससे उन्हें सीट से वंचित न किया जाए।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

## वाराणसी के पंकज पटेल ने किया टॉप

### 30 सितंबर से शुरू होगी काउंसलिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** भर में पॉलीटेक्निक कॉलेजों में दाखिले के लिए सम्पन्न हुई पॉलीटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 के नतीजे सोमवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने जारी कर दिए हैं। इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम ग्रुप ए में वाराणसी के पंकज कुमार पटेल ने टॉप किया है। लड़कियों में अम्बेडकरनगर की सोनाली वर्मा ने टॉप किया है। नतीजों में लखनऊ के छात्रों ने भी राजधानी का नाम रौशन किया है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके वैश्य के मुताबिक ग्रुप सी में लखनऊ के विमलेश कुमार पालए ग्रुप ई में लखनऊ के वीरेन्द्र कुमार यादवए ग्रुप जी में लखनऊ के अजय सिंह तोमर, ग्रुप के में लखनऊ के मानवेन्द्र शर्मा शामिल हैं। सचिव ने बताया कि इस बार प्रवेश के लिए 3,44ए451 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें से 68.18 फीसदी सम्मिलित हुए । इनमें 2,23,556 अभ्यर्थी यानी 95.19 फीसदी को दाखिले के लिए योग्य पाया गया है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर से काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। इसे आठ चरणों में पूरा किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने अपने जनपद से ही काउंसलिंग और प्रवेश की सारी प्रक्रिया पूर्ण करेगा। उन्होंने बताया की फार्मेसी पाठ्यक्रम में 66000 सीटें हैं। जिसमें से 33000 विद्यार्थी ही दाखिले के लिए उपलब्ध हैं। लिहाजा आधी सीटें खाली रह जाएंगी लेकिन इन्हें भरने के लिए उन विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा जो प्रवेश परीक्षा में नहीं बैठे हैं। अपर मुख्य सचिव एस राधा चौहान ने बताया कि अगले वर्ष तक प्रदेश के 150 सरकारी पॉलिटेक्निक को ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। अगले वर्ष इन सभी पॉलिटेक्निक में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जाएगी।

**स्पॉट कॉउंसलिंग नही:** राजकीय और प्राइवेट संस्थानों की कॉउंसलिंग एक साथ ऑनलाइन होगी। स्पॉट कॉउंसलिंग को परिषद ने प्रक्रिया से हटा दिया है। प्रथम कॉउंसलिंग में चॉइस भरने और लॉक करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। सीट रोकने के लिए अभ्यर्थियों को फ्लोट के विकल्प को चुनना होगा। इसके बाद वह तीसरी कॉउंसलिंग में शामिल हो सकेंगे। चौथे चरण से प्रदेश के बाहर रहने वाले और प्रवेश परीक्षा में फेल होने वाले अभ्यर्थी भी शामिल होंगे।

## चिकित्सक राउंड लेकर रोगियों की करें मॉनिटरिंग

### अचानक कुर्सी रोड के इंटीग्रल इंस्टीट्यूट पहुंचे जिलाधिकारी, जाना कोविड मरीजों का हाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कुर्सी** रोड स्थित इंटीग्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस एण्ड रिसर्च सेंटर का जिलाधिकारी द्वारा अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी से कोविड रोगियों की मॉनिटरिंग की गई। जिलाधिकारी ने कोविड रोगियों के सही उपचार की व्यवस्था के साथ नियमानुसार चिकित्सकों द्वारा राउंड लेकर रोगियों की मॉनिटरिंग भी करने का आदेश दिया है। सोमवार को कोरोना मरीजों का इलाज कर रहे इंटीग्रल इंस्टीट्यूट का जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंटीग्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस एण्ड रिसर्च में रोगियों का हाल चाल जाना। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि चिकित्सालय में ट्रायज एरिया (नॉन कोविड) की व्यवस्था है और होल्डिंग एरिया (कोविड) की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। जिसके लिए निर्देश दिया गया कि चिकित्सालय में तत्काल होल्डिंग एरिया की व्यवस्था को कराया जाए, जहां पर किट्रिकल केस वाले मरीज को एंबुलेंस से निकाल कर मरीज को होल्डिंग एरिया में ही स्टेबल किया जाये। चिकित्सकों ने बताया कि चिकित्सालय में एंबुलेंस से मरीज को 15 मिनट में ही बेड पर शिफ्ट कर दिया जाता है। डीजीएमई द्वारा अस्पताल को 5 चिकित्सक दिये गये थे, जिनमें से मात्र 2 डॉ पीवी कुमार एवं डॉ करमचन्द ने ही ज्वाइन किया। जिसके लिये निर्देश दिया गया कि बाकी के 3 चिकित्सकों को भी तत्काल ज्वॉइन कराया जाए। हास्पिटल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि हास्पिटल में क्रिटिकल केयर बेड की संख्या कुल 80 है, जिसमें से 68 बेड पर मरीज भर्ती है शेष 12 बेड रिक्त हैं। निरीक्षण में पता चला कि एचडीयू के 13 बेड उपलब्ध हैं, लेकिन मैनपावर की कमी के चलते उनका संचालन नहीं किया जा रहा है।

## अपर मुख्य सचिव गृह बताकर आठ लाख मांगने वाले की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**मोबाइल** के जरिए खुद को अपर मुख्य सचिव गृह, अवनीश अवस्थी बताकर राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर राजमणि से आठ लाख मांगने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम रंजन कुमार मिश्रा की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। एडीजे मोहिन्दर कुमार ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को गंभीर करार दिया है। इस मामले की एफआईआर प्रोजेक्ट मैनेजर राजमणि ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी में दर्ज कराई थी। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि मुल्जिम आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं।

## किसान आंदोलन के चलते कई ट्रेनों का संचालन अस्त-व्यस्त

**लखनऊ।** किसान बिल को लेकर पंजाब में चल रहा है किसानों के आंदोलन के चलते एक बार फिर ट्रेनों का संचालन अस्त व्यस्त हो गया है। पहले किसानों ने दो दिन पंजाब बंद करने की घोषणा की थी लेकिन अब तीन दिन और बढ़ा दिया है। ऐसे में 29 सितंबर तक ट्रेनों का संचालन पटरी से उतरा रहेगा। इसके चलते हैं लखनऊ से आवागमन करने वाली शहीद समेत कई ट्रेनें बीच रास्ते में ही निरस्त कर दी जाएगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि शनिवार को जयनगर से अमृतसर के लिए रवाना हुई शहीद स्पेशल ट्रेन 04673 अंबाला में रद्द हो जाएगी। 29 सितंबर को अमृतसर से जयनगर जाने वाली शहीद स्पेशल ट्रेन 04674 अंबाला से ही रवाना की जाएगी। 25 सितंबर को धनबाद से फिरोजपुर के लिए रवाना हुई गंगा सतलज स्पेशल ट्रेन 03307 को अंबाला में ही टर्मिनेट कर दिया गया। रविवार को फिरोजपुर से धनबाद जाने वाली गंगा सतलज स्पेशल ट्रेन 03308 को अंबाला से ही रवाना किया गया। शनिवार को कोलकाता से अमृतसर के लिए रवाना हुई दुर्गियाना स्पेशल ट्रेन 02357 को भी अंबाला में ही रद्द कर दिया जाएगा। सोमवार को अमृतसर से कोलकाता जाने वाली दुर्गियाना स्पेशल ट्रेन 02358 अंबाला से ही रवाना की जाएगी। किसान आंदोलन के चलते उक्त सभी ट्रेनें अंबाला से अमृतसर के बीच निरस्त रहेंगी।

## सरकार का निर्देश न मिलने पर भी लविवि कार्यपरिषद ने दिया सत्रांत लाभ

### तीन कालेजो पर अर्थदण्ड बरकरार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एक** तरफसरकार जहां 50 की उम्र पार कर रहे कर्मचारियों की स्क्रीनिंग को लेकर गम्भीर है, वहीं सोमवार को बायोकेमिस्ट्री विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व विवि के पूर्व प्रतिकुलपति रहे प्रो यूएन द्विवेदी को लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने सत्रांत लाभ दे दिया है। जबकि सत्रांत लाभ दिए जाने को लेकर विवि की तरफसे शासन को भेजे गए प्रस्ताव पर कोई फैसला नही लिया गया है। हालांकि यह सत्रांत लाभ कंडीशनल मिलेगा और शासन के निर्देश न आने पर रिकवरी की जाएगी। कुल मिलाकर कार्यपरिषद की बैठक में मानवता के मसले हंगामा छाया रहा। वहीं परिषद की तरफसे कई अन्य मसले पर अपना निर्णय सुनाया, जिनमें 3 कालेजों पर लगे अर्थदण्ड को बरकरार रखा गया है।विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यपरिषद शिक्षकों के नाम रही। बैठक के दौरान समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ एसके चौधरी के मामले में कमेटी की रिपोर्ट पर कानूनी सलाह लेने को कहा गया। जबकि अप्लाइड इकोनॉमिक्स में डॉ कविता चतुर्वेदी के प्रकरण को अगली कार्यपरिषद के लिए टाल दिया गया। जूलॉजी डिपार्टमेंट में डॉ एसपी त्रिवेदी को अहर्ता तिथि से सीनियरिटी का लाभ देने पर कार्यपरिषद ने अपनी सहमति दे दी। जूलॉजी के ही डॉ सुधीर पवार के मामले में कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में परीक्षण कर अहर्ता तिथि से लाभ देने पर सहमति दी गई। वही हाईकोर्ट के निर्देश के अनुपालन में कहा गया कि विभाग में वरिष्ठता को लेकर कोई क्लेम करता है तो ग्रीवांश कमेटी बनाकर प्रकरण के निस्तारण किये जाय। 15 अक्टूबर को मैथ डिपार्टमेंट के शिक्षक डॉ प्रवीण नागर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। जबकि शिक्षाशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ एके शुक्ला के असाधारण अवकाश को अनुमोदित करने के साथ ही उन्हें ज्वाइन कराने के निर्देश दिए गए। डॉ शुक्ला बरेली यूनिवर्सिटी के कुलपति रहे हैं।

## चिंता और तनाव का अनावश्यक बोझ न डालें दिल पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### विश्व हृदय दिवस आज



**पहले** जिन बीमारियों को उम्र के दूसरे पड़ाव यानि 50 साल की उम्र के बाद की बीमारी माना जाता थाए वह आज 30 साल की उम्र में ही लोगों को घेरने लगी हैं । बदलती लाइफ स्टाइलए जंक फूड का सेवन और शारीरिक श्रम से मुंह मोड़ना इसके प्रमुख कारण के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। इसके अलावा शराब और धूम्रपान करने वाले भी इन बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। जबकि हर आती जाती सांस की डोर का सीधा जुड़ाव इसी से है। इसके लिए जरूरी है कि पूरी ईमानदारी से दिनचर्या का पालन करेंए नियमित व्यायाम करेंए खानपान पर ध्यान दें और चिंता व तनाव से दूर रहें। हर साल 29 सितंबर को मनाए जाने वाले विश्व हृदय दिवस के संदर्भ में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. अक्षय प्रधान का कहना है कि कोरोनरी धमनियों की आंतरिक दीवारों पर कोलेस्ट्राल या वसा के जमाव से रक्त के प्रवाह में दिक्कत आती है। इसके चलते हृदय को कम मात्रा में रक्त की आपूर्ति हो पाती है। इसके चलते हृदय को सही ढंग से कार्य करने के लिए जरूरी पोषक तत्वों और ऑक्सीजन की कमी से जूझना पड़ता है। इसके चलते सीने में दर्द की शिकायत होने लगती हैए जिसे एंजाइना भी कहते हैं। यदि हृदय की मांशपेशी को रक्त आपूर्ति करने वाला हिस्सा पूरी तरह से कार्य करना बंद कर देता है तो दिल का दौरा पड़ सकता है। यह आज मौत का बड़ा कारण बन चुका है। डॉण् प्रधान का कहना है कि हृदय की बीमारी कम उम्र में ही लोगों में देखने को मिल रही है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग अब 30 साल के ऊपर के सभी लोगों को हायपरटेंशन और डायबिटीज़ की स्क्रीनिंग की सलाह देता है।

**कोरोना के बाद खून जमने की प्रवृत्ति देखने में आ रही:** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरीश गुप्ता का कहना है कि इस वर्ष विश्व हृदय दिवस पर यह बताना जरूरी हो गया है कि कोरोना वायरस का इन्फेक्शन होने के बाद कुछ लोगों में खून जमने की प्रवृत्ति भी देखी जा रही है। खून जमने की प्रवृत्ति से दिल का दौरा, फालिस और पैर की नाड़ियों में खून जमने से अनेक जटिलताएं देखी जाती हैं और सही समय पर सही दवाओं की सही खुराक लेने से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। शुरू में लोग यह मानने लगे थे कि इस वायरस से सिर्फ फेफड़ों को ही खतरा है, शरीर के किसी और हिस्से जैसे दिल को नहीं लेकिन अब हम इस रोग के बहुआयामी रूप को देख रहे हैं और लोगों को सचेत कर रहे हैं। कुछ स्वस्थ व युवा मरीजों में कोरोना इन्फेक्शन में हृदय में सूजन भी देखी जा रही है। हालाँकि ज्यादातर मामलों में इसका कोई असर नहीं होता और कुछ समय बाद यह अपने आप गायब हो जाती है।

# पोषण अभियान का लाभ सभी लाभार्थियों तक पहुंचेः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहे पोषण अभियान का लाभ सभी लाभार्थियों तक हर हालत में पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ स्थानीय स्तर पर मेरिट के आधार पर नियुक्ति करें, जिससे न्यायालय को दखल करने का मौका न मिले और नियुक्ति बाधित न होने पाये।

सोमवार को राजभवन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी, वाराणसी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुचारू रूप से चलाने एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के संबंध में दिए गए प्रजेंटेशन पर राज्यपाल ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा सबका सहयोग लेकर जो कार्य किया जा रहा है, उसका प्रस्तुतीकरण सराहनीय है, लेकिन इसका प्रतिफल आप लोगों को एक साल बाद दिखायी देगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति की प्रक्रिया उनकी सेवानिवृत्ति के 6 माह पहले से शुरू की जानी चाहिए ताकि केन्द्रों पर रिक्तता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जननी सुरक्षा एवं मातृवन्दन योजना के तहत जो पैसा सगर्भा माताओं के लिए पोषण आहार हेतु दिए जाते हैं, उसका उपयोग सगर्भा माताएं केवल पोषण आहार लेने में ही करें। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सगर्भा ग्रामीण महिलाओं की डिलवरी सौ प्रतिशत सरकारी अस्पतालों में ही हो न कि दाई के माध्यम से घर में। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से ऐसी माताओं को बच्चों के जन्म देने के पहले से ही जागरूक किया जाए और उन्हें गर्भ संस्कार की अच्छी-अच्छी बातें बतायी जानी चाहिए। राज्यपाल ने जिलाधिकारी को सुझाव दिया कि वे अपने जनपद में इस आशय की बड़ी-बड़ी होर्डिंग महत्वपूर्ण स्थानों पर लगवायें कि हम काशी को टीबी मुक्त, कुपोषित मुक्त एवं स्वच्छ काशी बनायेंगे, इसमें सभी सहयोग करें। ऐसी होर्डिंग को देखकर बहुत से लोग, स्वयंसेवी संस्थायें, व्यापारी आदि स्वेच्छा से सहयोग के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से यह भी कहा कि लॉकडाउन के दौरान जिन जिन लोगों ने अथवा एनजीओ, स्वैच्छिक संस्थाओं और व्यापारियों ने जनता को सहयोग कर उल्लेखनीय कार्य किए हैं, उनकी सूची तैयार करें ताकि उन्हें उनके निःस्वार्थ सहयोग के लिए सम्मानित किया जा सके।

## बीएसए ने स्कूलों का निरीक्षण कर ली कायाकल्प अभियान की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिला** बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने सोमवार को बीकेटी स्थित कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण कर ई पाठशाला फेज 2 की जानकारी ली। निरीक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। बीएसए ने अपने निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदौरपुर, प्राथमिक विद्यालय मल्लाहनखेरा, कंपोस्ट विद्यालय कठवारा, उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर इंदौरा में ई पाठशाला फेज 2 के साथ कायाकल्प अभियान की जानकारी ली। बीएसए के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय मल्लहनखेरा की प्रधानाध्यापिका मोहिनी आभा द्वारा कक्षा 4 के छात्र सुभाष जिसके पिता का हाल ही में निधन हुआ था कि परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए प्रबुद्ध भारत मिशन के सहयोग से उनकी मां विनीता को एक ठेला भेंट किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि विकासखंड प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए हमको प्रेरक बच्चा, प्रेरक अध्यापक, प्रेरक अभिभावक व प्रेरक विद्यालय बनाना होगा। कार्यक्रम में सभी एआरपीए शिक्षक संकुल राम किशोर तिवारी, कौशलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यो का लगातार निरीक्षण करें: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की गड्ढामुक्त अभियान को गति देकर निर्धारित समय सीमा के अंदर अनिवार्य रूप से कार्य पूरे किये जाएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी फील्ड मे जाकर कार्यो का लगातार निरीक्षण करें और कार्यो की गुणवत्ता बनाए रखें। उन्होंने कहा है कि विभागीय योजनाओं का लगातार अनुश्रवण किया जाए तथा जहां कहीं कोई कमी नजर आए तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 48400 किमी लंबाई में मार्गों को गड्ढामुक्त किया जाना है जिसमें राज्यप्रमुख एवं अन्य जिला मार्गों की लंबाई 14350 किलोमीटर तथा ग्रामीण मार्गों की लंबाई 34050 किमी को गड्ढामुक्ति हेतु चिन्हित किया गया है। इसके अलावा 20940 किमी लंबाई में मार्गों का नवीनीकरण किया जाना है, जिसमें राज्य-प्रमुख एवं अन्य जिला मार्गो की लंबाई 8650 किलोमीटर तथा ग्रामीण मार्गों की लंबाई 12290 किमी को चिन्हित किया गया है। लक्षित लम्बाईयों के सापेक्ष अब तक 13765 किलोमीटर लम्बाई में मार्गों पर पैच मरम्मत तथा 6000 किलोमीटर लंबाई में नवीनीकरण रेस्टोरेशन द्वारा मार्गों को गड्ढामुक्त किया जा चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है।

## अमृत बने मुख्य सचिव के स्टाफ आफिसर

**लखनऊ।** आईएएस अधिकारी अमृत त्रिपाठी को मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी का स्टाफ आफिसर बनाया गया है। वह विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर रहते हुए मुख्य सचिव के स्टाफ आफिसर की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाएंगे। नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी कर दिया है।

## हत्या के मामले में मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विसं )।** अवैध संबंधों में हत्या कारित करने के एक कथित मामले में निरुद्ध मुल्जिम रमेश चंद्र उर्फ रमेश ठेकेदार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। एडीजे मीना श्रीवास्तव ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक इस मामले की एफआईआर मृतक अखिलेश के पिता केशव ने थाना मड़ियांव में दर्ज कराई थी। अखिलेश अपनी पत्नी के साथ रहकर ठेकेदार के यहां काम करता था। इल्जाम है कि अखिलेश की पत्नी का अवैध संबंध ठेकेदार से हो गया। जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई।

## ट्रेनों के हिसाब से तय होगा बसों का संचालन

**लखनऊ।** प्रयागराज और वाराणसी जाने वाली ज्यादातर बसों का संचालन इन जिलों को जाने वाली ट्रेनों के समय पर होगा। जिससे कि यात्रियों को ज्यादा लाभ मिल सके। अभी तक बसों का संचालन ट्रेनों के समय सारिणी के हिसाब से नहीं हो रहा था। लिहाजा उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रोडवेज अधिकारियों की मानें तो अब बसें की समय सारिणी के हिसाब से नहीं बल्कि बसें ट्रेनों के समय के हिसाब से बसें संचालित की जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि बसे अब नौचंदीए लखनऊ प्रयागराजी नतरसिटी एक्सप्रेसए लखनऊ वारानासी एक्सप्रेस के साथ ही अन्य ट्रेनों के समय पे रवाना होने वाली ट्रेनों के समय ही बसों को रवाना किया जाएगा।

निविदा सूचना
वि0क्षे0 कसमण्डा जनपद-सीतापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऊँचाखेरा कलां
(कंपोजिट विद्यालय) में शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु 278 छात्र / छात्राओं (संख्या घट-बढ़ सकती है) को यूनीफार्म हेतु कपड़ा आपूर्ति के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे निविदा प्रकाशन के 5 दिनों के अंदर सम्पर्क कर सकते है।
अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

आवश्यकता है
मदरसा एस.के.डी.पब्लिक स्कूल मोहल्ला रमुआपुर, महमूदाबाद में
तहतानिया तक मान्यता प्राप्त चल रहा है। मद0 में तीन आधु0 स0 अध्यापक की आवश्यकता है। दिनांक 27.09.2020 से 05.10.2020 के अन्दर डाक द्वारा आवेदन पत्र भेज सकते हैं। इसके बाद कोई भी आवेदन प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।
प्रबन्धक
मद.एस.के.डी.पब्लिक स्कूल
मो.रमुआपुर, पो.व तह.-महमूदाबाद
जनपद-सीतापुर-261203

आवश्यकता है
मदरसा एम.एस.के.डी.पब्लिक स्कूल ग्राम सैदापुर, सकरन, लहरपुर में
तहतानिया तक मान्यता प्राप्त चल रहा है। मद0 में तीन आधु0 स0 अध्यापक की आवश्यकता है। दिनांक 27.09.2020 से 05.10.2020 के अन्दर डाक द्वारा आवेदन पत्र भेज सकते हैं। इसके बाद कोई भी आवेदन प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।
प्रबन्धक
मद.एम.एस.के.डी.पब्लिक स्कूल
ग्राम सैदापुर, सकरन, लहरपुर, सीतापुर

## पुलिस की कार्यप्रणाली से डीजीपी नाराज थाना स्तर पर बनेगी टास्क फोर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड-19** के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम के लिए, जारी दिशा निर्देशों का जिला स्तर पर पुलिस द्वारा सख्ती से पालन नहीं कराया जा रहा। डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की है। इसके साथ ही उन्होंने थाना स्तर पर सब इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में डीजीपी ने लखनऊ व नोएडा के पुलिस कमिश्नर और सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को परिपत्र जारी किया है। उन्होंने कहा है कि कोविड.19 के दिन प्रतिदिन बढ़ते संक्रमण की प्रभावी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के स्तर से समय.समय पर जारी दिशा निर्देशों के बाद डीजीपी मुख्यालय के स्तर से भी अलग अलग तिथियों में सात विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए थे। डीजीपी ने कहा है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि जिला स्तर पर इन दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन नहीं कराया जा रहा है।

डीजीपी ने कहा है कि थाना स्तर पर गठित होने वाली टास्क फोर्स इकाइयां शिफ्टवार सभी आवागमन वाले स्थानों पर भ्रमणशील रहते हुए, हाईकोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन कराएंगी और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रचलित प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई करेंगी। सभी जिलों को इस प्रवर्तन कार्रवाई का ब्योरा प्रतिदिन डीजीपी मुख्यालय को भेजने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी भी दी है कि इस मामले में लापरवाही एवं उदासीनता पाए जाने पर संबंधित कमिश्नरेट एवं जिलों के प्रभारी स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## फेसबुक के खिलाफ परिवाद दायर

**लखनऊ।** फेसबुक के खिलाफ सोमवार को अदालत में एक परिवाद दाखिल किया गया। सीनियर आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर ने इस परिवाद में अपना फेसबुक एकाउंट समाप्त करने का इल्जाम लगाया है। परिवाद में फेसबुक को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। उन्होंने परिवाद में अपना एकाउंट तत्काल बहाल करने व एक वाजिब क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। अदालत ने फिलहाल परिवाद की पोषणीयता के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है। अमिताभ का कहना है कि 24 सितंबर, 2020 को फेसबुक ने उनका एकाउंट अस्थाई रुप से बाधित किया था। जिस पर उन्होंने अपना पक्ष रखा था। लेकिन 27 सितंबर को उनके पक्ष को अस्वीकार करते हुए फेसबुक ने उनका एकाउंट समाप्त कर दिया। यह कहते हुए कि उनके द्वारा सामुदायिक मान्यताओं का पालन नहीं किया गया है।

## निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● एग्रीमेंट की शर्तों की अनदेखी करके निर्माण करने का आरोप

**जानकीपुरम** में तय शर्तों के विपरीत मकान निर्माण कर रही एक कंस्ट्रक्शन कम्पनी का विरोध करने पर कम्पनी ने काम बंद कर दिया। प्लॉट मालिक के दी गई धनराशि मांगने पर गाली गलौच व गोली मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में कंस्ट्रक्शन कम्पनी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी जानकीपुरम थाना अभिषेक कुमार तिवारी ने बताया कि शेखुपुरा कॉलोनी निवासी विनोद कुमार मौर्या का नहर रोड गड़ेरियन पुरवा में प्लॉट है। विनोद ने बताया कि अखबार में विज्ञापन देखकर ओमेक्स एवेन्यू, ओमेक्स सिटी स्थित आरके कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक अंशुमन श्रीवास्तव से मकान बनाने का एग्रीमेंट किया। एग्रीमेंट के अनुसार उन्होंने पहली किश्त में पांच लाख रुपये चेक से दिया। जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया। कुछ दिन काम सही चलने के बाद ठेकेदार ने मानकों की अनदेखी शुरू कर दी। जिसकी शिकायत कम्पनी के मालिक से की गई। लेकिन उधर से कोई सुनवाई नहीं हुई। दूसरी किश्त में उन्होंने ढ़ाई लाख रुपये चेक से दिए। कम्पनी ने गलत तरीके से 70 हजार रुपये की मिट्टी प्लॉट पर गिरा दी। पीड़ित ने बताया कि मकान निर्माण में कम्पनी द्वारा एग्रीमेंट की शर्तों की अनदेखी पर नाराजगी जताने पर कम्पनी ने काम बंद कर दिया और साइट पर रखा सारा सामान उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि कम्पनी ने निर्माण शुरू करने के बदले दो लाख रुपये की और मांग कर दी।

## राज्यपाल ने दो पुस्तकों का किया विमोचन

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अनुराधा तिवारी का स्मृति संकलन कलरव तथा डॉ भाष्कर शर्मा के काव्य संकलन संधान का विमोचन किया। प्रो अनुराधा तिवारी द्वारा संकलित पुस्तक कलरव में कालेज की छात्राओं की अभिव्यक्ति एवं अनुभूति का लेखों और काव्यों के माध्यम से प्रदर्शन है। इसी प्रकार डॉ भाष्कर शर्मा के काव्य संकलन संधान राष्ट्रीय चेतनाए, मानवीय संवेदना और बेटियों की वेदना के संसार को समेटे हुए है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई भगत सिंह की जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सोमवार को शहीद भगत सिंह की 113वीं जयंती सादगी के साथ मनाई गई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि 23 वर्ष की उम्र में भगत सिंह ने फ्रांस, आयरलैण्ड, रूस की क्रांतियों का अध्ययन कर लिया था। वे भारत माता के सच्चे क्रांतिकारी सपूत थे।

## हड़ताल पर गए कर्मचारी, टिकटों की बिक्री बंद

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमबाग और कैसरबाग बस अड्डों पर बसों के टिकटों की बिक्री बंद हो गई। आठ महीने से बकाए वेतन को लेकर काउंटर पर तैनात कर्मचारी सोमवार से हड़ताल पर चले गए। लिहाजा दोनों बस अड्डे पहुंचने वाले यात्री तत्काल व एडवांस में टिकटों की बुकिंग कराने के लिए भटकते रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि जनवरी से अगस्त माह तक काउंटर पर तैनात कर्मियों को वेतन नहीं मिला है। काउंटर पर तैनात कर्मियों को वेतन देने का ब्यौरा बनाकर भेजा गया है। बावजूद ट्राईमैक्स कंपनी की ओर से काउंटर पर तैनात कर्मियों को आज तक भुगतान नहीं किया गया। इस वजह से ये कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं।

## आईटीआई में दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद ने औद्योगिक शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए सोमवार को पहले चरण की मेरिट सूची जारी कर दिया है। पहले चरण के दाखिले की प्रक्रिया 29 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक चलेगी। छात्र आवंटित संस्थान में काउंसलिंग करा सकते हैं। साथ ही छात्र मेरिट सूची और प्रबेश सम्बन्धी सारी जानकारी वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया ने बताया कि 4,86,805 सीटों के सापेक्ष कुल 4,83,145 छात्रों के आवेदन किया था। प्रथम चरण के दाखिले के लिए 238925 छात्रों का अलॉटमेंट किया गया है।

## आलू बीज निकासी हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए आलू बीज की उपलब्धता को सुचारू ढंग से सुनिश्चित करने के लिये उपनिदेशक उद्यान लखनऊ तथा मेरठ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आलू बीज निकासी समिति का गठन किया है। यह समिति आलू बीज की गुणवत्ता और इसकी उपलब्धता आदि के बारे में निरन्तर अनुश्रवण का कार्य करेगी। इस सम्बन्ध में उद्यान विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी किए गये है। जारी आदेशानुसार उद्यान निदेशक को आलू की निकासी तथा किसानों को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गयी है।

## 75 जिलों की 40540 लाख की परियोजनाओं के प्रस्ताव पर सहमति

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव पशुधन मत्स्य विकास एवं दुग्ध विकास विभाग भुवनेश कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की राज्य स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 75 जनपदों की 40540प्त14 लाख की परियोजनाओ के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी। बैठक में निदेशक मत्स्य विभाग एस के सिंह ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत संचालित होने वाली प्रस्तावित परियोजनाएं के बारे में बताया कि मत्स्य बीज उत्पादन हेतु निजी क्षेत्र में 16 मिलियन मत्स्य बीज उत्पादन हेतु 25 हेचरियों का निर्माण किया जायेगा।

## राज्य स्तरीय नशा मुक्ति अभियान समिति के गठन की मंजूरी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने भारत की महत्वाकांक्षी योजना नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग्स डिमाण्ड रिडक्शन के अन्तर्गत उप्र के 33 जनपदों में नशा मुक्ति भारत अभियान लागू किये जाने हेतु राज्य स्तरीय नशा मुक्ति अभियान समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्य स्तरीय नशामुक्ति भारत अभियान समिति में अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव समाज कल्याण की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें प्रतिनिधि डीजी पुलिस उप्र, प्रतिनिधि संयुक्त सचिव-प्रमुख सचिव-सचिव स्वास्थ, प्रतिनिधि नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव शिक्षा विभाग, प्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग-मीडिया, ड्रग्स के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्था सदस्य तथा निदेशक, समाज कल्याण सदस्य-सचिव बनाये गये हैं।

## सीआरपीएफ कमाण्डर के निर्माणाधीन मकान में चोरों का धावा

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में पुलिस की गश्ती टीम को धता बताते हुये बेखौफ चोर बीते रात सीआरपीएफ कमाण्डर के निर्माणाधीन मकान से निर्माणकार्य में लगे चार मशीन व तीन स्मार्ट फोन चोरी कर फरार हो गए। चोरो की यह करतूत पड़ोस के मकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी होने पर पीड़ित ने आशियाना थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की है।

## पीजीआई ने छह टीबी पीड़ित बच्चों को लिया गोद

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की पहल पर टीबी पीड़ित बच्चों की देखभाल के साथ साथ उनके उपचार की देखरेख के उद्देश्य से पीजीआई के डॉक्टरों व कर्मचारियों ने 6 बच्चों को गोद लिया है। सोमवार को संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ आरके धीमान ने बच्चों को दूध, जूस और फलों से युक्त हैम्पर्स वितरित किए।

## सीएमएस के 10 छात्रों को 40 लाख रुपये की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के 10 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 40 लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों में अभिषेक गौतम, अद्धुद दिवाकर, अविचल आनन्द झा, हर्ष सिंह, कनिष्क तिवारी, मणि द्विवेदी, प्रखर सेठ, प्रतीक सिंह पटेल, श्रेयांश गुप्ता एवं श्रेयसी भारतीय शामिल हैं। सीएमएस छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी। इन मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सीएमएस के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000 रूपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। कानपुर रोड कैम्पस के इन मेधावी छात्रों ने कक्षा-12 परीक्षा में अपने मेधात्व का परचम लहराया।

## 32507 लीटर शराब बरामद, अवैध कारोबार में संलिप्त 202 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आबकारी** विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए नियमित रूप से प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में विगत एक सप्ताह में आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश भर में कुल 695 मामले पकड़े गए, जिसमें 32,507 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा शराब बनाने के लिए तैयार किए गए 62,631 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 202 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 12 वाहनों को जब्त किया गया। अपर मुख्य सचिवए आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पिछले सप्ताह जनपद सीतापुर में चेकिंग के दौरान एक ढ़ाबा से 220 लीटर के तीन ड्रम एवं 25 लीटर के 13 ड्रम इस प्रकार कुल 985 लीटर अवैध स्प्रिट बरामद किया गया। जनपद मथुरा में रोड चेकिंग के दौरान यमुना एक्सप्रेस.वे पर एक कार से हरियाणा राज्य की इम्पीरियल ब्लू ब्राण्ड की 120 बोतल, 384 अद्धे व 144 पौव्वे बरामद किया गया व 2 व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। जनपद गौतमबुद्धनगर में दो वाहनों से अवैध देशी शराब के कुल 3960 पौव्वे बरामद किए गए।

## ऑनलाइन काव्यमंच प्रतियोगिता में श्रुति प्रथम, अक्षत द्वितीय



**लखनऊ।** हिन्दी का महत्व समझाने के लिए एक निजी विद्यालय द्वारा ऑनलाइन काव्यमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को दो विषयों चरित्र निर्माण एवं मातृ पितृ सेवा पर स्वरचित एवं अन्य कवियों की रचनाएं प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। इस प्रतियोगिता में 8 प्रतिभागियों ने भाग लिया। व्यक्तिगत तौर पर स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कर प्रथम स्थान श्रुति यादव (चरित्र निर्माण), द्वितीय स्थान अक्षत श्रीवास्तव (मातृ पितृ सेवा), तृतीय स्थान कनिष्का मित्तल (चरित्र निर्माण) ने प्राप्त किया।

## कई दलाल गिरफ्तार, 23 ई-टिकट बरामद

**लखनऊ।** ट्रेन के टिकटों की दलाली में आरपीएफ की छापेमारी में कई दलाल पकड़े गए। ये दलाल प्रतिबंधित साफ्टवेयर के जरिए विभिन्न ट्रेनों में टिकटों की बुकिंग करते थे। पकड़े गए लोगों के पास से 23 ई टिकट के साथ 20 हजार रुपयेए दो लैपटापए दो मोबाइल फोन व प्रिंटर बरामद हुए। दलालों ने सभी यात्रियों से टिकट के अलावा दो-दो हजार रुपये अतिरिक्त लेने की बात कबूली। दलालों के पास से यात्रियों के करीब 37 हजार रुपये भी मिले हैं। आरपीएफ ने सभी लोगों को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया पुष्पक एक्सप्रेस व कुशीनगर टिकट दलालों की फेवरेट ट्रेनों में शुमार है। पिछले एक महीने में 320 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं।

## अनुबंधित बस ऑपरेटरों को प्रशासनिक शुल्क जमा करने की मिली छूट

**लखनऊ।** रोडवेज की अनुबंधित बस सेवाओं के संचालन पर असर न पड़े, इसके लिए अनुबंधित बस ऑपरेटरों को प्रशासनिक शुल्क जमा करने की छूट दी गई है। परिवहन निगम प्रशासन ने जून, जुलाई और अगस्त माह के प्रशासनिक शुल्क को आगामी महीने में जमा करने आदेश जारी किया है। अभी तक बस आपरेटरों को हर माह प्रशासनिक शुल्क जमा करना होता था। अनुबंधित बसों के प्रशासनिक शुल्क समय से जमा नहीं होने पर जुर्माना लगता था। आपरेटर को अब इस धनराशि को आगामी तीन माह में जमा करने की छूट दी गई है। प्रदेश में करीब 2600 अनुबंधित सेवाओं का संचालन विभिन्न रूटों पर किया जा रहा है। बस आपरेटरों को जून माह का बकाया शुल्क सितंबर माह में जमा करना होगा। इसी तरह जुलाई माह का अक्तूबर में और अगस्त महीने का नवंबर में जमा करना होगा। बीते छह माह में बसों का संचालन कम होने की वजह से बस आपरेटरों को प्रशासनिक शुल्क जमा करने से राहत दी गई है।

## अग्रवाल महासभा ने हाथ बढ़ाया, बैकुंठ धाम में लगाएंगे 42 बेंच

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित शमशान घाट भैसाकुण्ड अंत्येष्टि स्थल पर आगंतुकों एवं जनसाधारण के लिए अग्रवाल महासभा के सदस्य गोविंद ने अपने पूर्वज पैट्रन बलराम बंसल की स्मृति में 42 सिटिंग बेंच लगाने के लिए महापौर से भेंट कर अनुरोध पत्र सौंपा। महापौर ने धन्यवाद करने के साथ ही तत्काल अनुमति प्रदान करते हुए अवर अभियंता किशोरी लाल को स्थल निरीक्षण कर सिटिंग बेंच लगाने के लिए दानकर्ता की सहायता करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही महापौर ने इस पुनीत कार्य के लिए अग्रवाल महासभा की प्रशंसा की।

## केजीएमयू व कमांड के बीच अनुबंध



**लखनऊ।** चिकित्सा के क्षेत्र में इलाज व सहयोग के उद्देश्य से सोमवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी व इंडियन आर्मी सेंट्रल हेडक्वार्टर कमांड के बीच एक अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। वही आज संस्थान में 200 वां प्लाज्मा डोनेशन सम्पन्न कराया गया। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा ने बताया कि ने बताया कि केजीएमयू ने लखनऊ के अस्पतालों में भर्ती 90 मरीजों को प्लाज्मा दिया। इनमें 50 कोरोना संक्रमितों का इलाज केजीएमयू में चल रहा था। बाकी 40 मरीजों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें 64 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना को मात देने के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया जा चुका है। 20 मरीजों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि आज 45 वर्षीय दीपक कुमार ने प्लाज्मा दान किया है।

कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर।
संख्याः-151 / सात-सी0एफ0-14 / 2009-10-भूलेख दिनांकः-26 सितम्बर, 2020
प्रेस विज्ञप्ति
परिषदादेश सं0 1106 / 1-18-2009 / क0सेल / 10 / 2004 टी0सी0-2 दिनांक 04-08-2009 के प्रस्तर-3 में उल्लिखित निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के आदेश दि0 20-09-2020 द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत जनपद की तहसील सीतापुर एवं मिश्रित हेतु तहसील दिवस वेण्डर का चयन अधिकतम प्रति माह रु0 4,000/-(रुपये चार हजार मात्र) की धनराशि तक मानदेय के रुप में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों से कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर (भूलेख अनुभाग) में दि0 30-09-2020 की अपरान्ह 12-00 बजे तक पंजीकृत डाक से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों पर निर्णय दि0 03-10-2020 की सायं 4-00 बजे किया जायेगा एवं न्यूनतम धनराशि अंकित करने वाले वेण्डरों का चयन किया जायेगा।
तहसील दिवस वेण्डर के रुप में कार्य करने वाले इच्छुक आवेदक को सम्बन्धित तहसील का निवासी होना अनिवार्य है, कम्प्यूटर कार्य में दक्ष होने के साथ हिन्दी व अंग्रेजी के टंकण का ज्ञान होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी जनपद सीतापुर की वेबसाइट http://sitapur.nic.in से आवेदन पत्र का प्रारुप डाउनलोड कर आवेदन कर सकते है।
(विनय कुमार पाठक)
अपर जिलाधिकारी सीतापुर।

## सभी प्रमुख चौराहों व बड़े सरकारी भवनों पर 15 तक शुरू होगा पब्लिक एड्रेस सिस्टम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड-19** से बचाव के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं ऐसे सरकारी भवनों जहां जनता का आवागमन अधिक होता है उन पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाने के प्रयासों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में सोमवार को लोक भवन स्थित कमाण्ड सेन्टर में सम्पन्न उच्चस्तरीय बैठक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम शीघ्र स्थापित किए जाने के बारे में विभिन्न बिन्दुओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। इस योजना के क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागों से अपेक्षा की गई है वह विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथावश्यक नए स्थलों को चिन्हित करें। शासन द्वारा यह भी अपेक्षा की गई है कि आगामी 15 अक्टूबर तक पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित कर उसका संचालन प्रारम्भ कर दिया जाए। उल्लेखनीय है कि शासन की योजना प्रदेश भर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों यथा चौराहों, बस अड्डों, फील्ड में स्थापित ऐसे सरकारी कार्यालय जहां जनसामान्य की उपस्थिति अधिक रहती है जैसे आरटीओ कार्यालय, अस्पताल, तहसील आदि पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना करने की है ताकि कोविड.19 से बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जा सके। परिवहन विभाग के सचिव ने बैठक में बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी बसों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करते हुये इसके बस अड्डों पर भी आडियो विजुअल को एलईडी के साथ जोड़कर उसके माध्यम से कोविड.19 से बचाव के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार का कार्य यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार "आईआईएचएफएल" की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो "आईआईएचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा "आईआईएचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार (रों) का नाम लखनऊ एवं कानपुर शाखा | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| नरेन्द्र नाथ मौर्य, श्रीमती कामिनी मौर्य, भारत ट्रेडिंग कम्पनी (प्रॉस्पेक्ट सं. : 827907) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : मकान नंबर बी-1647, परिमाप 167.05 वर्ग मीटर, ब्लॉक बी, इंदिरा नगर, वार्ड मैथिलीशरण गुप्त, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | रू. 1,12,17,060/- | 15-11-2019 | 25-09-2020 |
| श्री सत्य प्रकाश गुप्ता, श्रीमती शान्ति, सुश्री बीना गुप्ता (प्रॉस्पेक्ट सं. : 804533) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्राइवेट प्लॉट नंबर 41 के भाग में स्थित मकान, परिमाप 50 वर्ग गज, अराजी नंबर 323, सतबारी, कानपुर नगर | रू. 14,97,851.22/- | 03-06-2019 | 25-09-2020 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : खुन खुन जी रोड, चौक, स्टेट हाईवे 25, चौपटियान, चौक, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 / शाखा कार्यालय :- कार्यालय सं. 306, तृतीय तल, साई स्क्वायर, भार्गव एस्टेट, सिविल लाइन्स, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001 / कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज-4, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : लखनऊ एवं कानपुर तिथि : 29-09-2020 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल)

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया शातिर लुटेरा अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या

- खण्डासा एवं पटरंगा पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम की हुई मुठभेड़
- मुठभेड़ में सिपाही के भी हाथ में लगी गोली

**खण्डासा** एवं पटरंगा थाना पुलिस एवं जिले की क्राइम ब्रांच टीम ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है, मुठभेड़ में लगी गोली से गिरफ्तार किया गया अपराधी जहां घायल हो गया है वहीं खंडासा थाने का एक सिपाही भी मुठभेड़ में घायल हो गया है। घायल शातिर अपराधी व गोली लगने से घायल सिपाही को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडासा और इनायत नगर थाने में आभूषण व्यवसाई के साथ हुई लूट के मामले में खंण्डासा थाना क्षेत्र के धौरहरा मुकुंदहा निवासी 28 वर्षीय शातिर युवक अरविंद माली उफ? पप्पू पुत्र राम सूरत काफी दिनों से फरार चल रहा था उसकी पकड़ धड़ के लिए खण्डासा और पटरंगा थाने की पुलिस सहित क्राइम ब्रांच टीम भी लगी हुई थी। बीते रविवार की देर रात पुलिस की संयुक्त टीमें ने शातिर अपराधी के खंडासा थाना सीमा पर मड़हा पुल के करीब बड़ागांव रोड के किनारे बेहटा गौहनिया गाँव के पास घेर लिया जिस पर अरबिंद ने पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने की कोशिश की पुलिस टीम के जबाबी फायरिंग में अरबिंद माली घायल हो गया इस मुठभेड़ में पुलिस का एक सिपाही संदीप कुमार भी हांथ में गोली लगने से घायल हो गया रात्रि तीन बजे के लगभग हुई मुठभेड़ घायल होने के बाद अरबिंद माली को गिरफ्तार कर लिया मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने आनन.फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ घायल शातिर अपराधी व सिपाही का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या दीपक कुमार ने बताया कि अरबिंद माली के ऊपर खण्डासा में चार इनायत नगर और पटरंगा थाने में एक एक मुकदमे दर्ज हैं और ये पिछले नौ वर्षों से जरायम की दुनिया में सक्रिय था गिरफ्तार किए गए अरबिंद माली के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल 32 बोर तीन कारतूस दस जोड़ी पायल बारह अंगूठी बिछिया घुंघरू के साथ बिना नम्बर की सुपर स्पेलंडर मोटर साइकिल बरामद किया है वहीं अरबिंद माली के गाँव में उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है दो पुत्रियों का पिता अरबिंद चार भाई है और अपने सभी भाइयों से अलग रहता है उसके पिता की मौत हो गई है तथा उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ कहाँ रहती है इसका गाँव वालों को पता नहीं है।

# श्रीकाले राम भगवान को नागा हरिदास ने समर्पित किया 14 किलो चांदी का सिंहासन

**संवाददाता।** अयोध्या

**सरयू** तट स्थित अयोध्या के प्राचीन सिद्धपीठ काले राम मंदिर में पुरुषोत्तम मास की एकादशी तिथि पर नवनिर्मित चांदी के सिंहासन को बजरंगबली के प्रधानता में पीठ हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ नागा हरिदास जी महाराज ने काले राम भगवान को समर्पित किया।मंदिर के गर्भ गृह में नवनिर्मित रजत सिंहासन पर विराजमान हरि विष्णु भगवान काले राम का विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ विशेष रूप से श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दशरथ महल बड़े स्थान के महंत बिंदु गद्दाचार्य महंत देवेंद्र प्रसाद चार्य ने कहा कि नगर के प्रसिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के नागा हरिदास सभी संत महंतों के लिए प्रेरणा के स्रोत है। उनकी गुरु भक्ति और उनके प्रति अनुराग और समर्पण की ही देन है कि उन्होंने अपने गुरु संत नागा राम रतन दास की स्मृति में भगवान काले राम की सिंहासन को चांदी से आच्छादित करवाया आज के परिवेश में ऐसे संतो के आदर्श को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इसके पूर्व दानवीर नागा हरिदास जी महाराज लगभग 1 कुंटल चांदी के सिंहासन दान कर चुके हैं जिसमें हनुमानगढ़ी में 72 किलो चांदी का सिंहासन और छोटी देवकाली में 20 किलो चांदी का सिंहासन उसके बाद आज काले राम भगवान को 14 किलो चांदी का सिंहासन दान किया। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु महाराज नागा राम रतन दास की कृपा से यह सब कार्य हो रहा है। समारोह को जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी राम दिनेश आचार्य, रसिक पीठाधीश्वर महंत जनमेजय शरण लाल पत्थर मंदिर के महंत नागा राम लखन दास महंत रामशरण दास पार्षद संजय शुक्ला संत कृपालु दास महंत रमेश दास इंद्रसेन पहलवान राम बक्स दास सहित नगर के उपस्थित संत महंतों का स्वागत कार्यक्रम के आयोजक नागा हरिदास के साथ काले राम मंदिर के प्रबंधक राघवेंद्र देशपांडे ने अंग वस्त्र व माल्यार्पण के साथ किया।

# वित्तीय समस्याओं से जूझ रहे बैंक को उबारने का करूंगा प्रयास: संतराज

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**उत्तर प्रदेश** सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के निर्विरोध नवनिर्वाचित सभापति संतराज यादव ने कहा कि विगत 24 वर्षों से सभापति पद पर सिर्फ एक ही परिवार का कब्जा था, जिन्होंने न तो कभी बैंक के उत्थान के विषय में सोचा और ना ही किसानों के विकास के बारे में सोचा। बैंक विगत कई वर्षों से वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा है तथा ऋण वितरण भी लगभग ठप पड़ा हुआ है। यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। बैंक द्वारा ऋण वितरण न कर पाने से एक ओर जहां प्रदेश का किसान वित्तीय सहायता से वंचित है वहीं बैंक व्यवसाय में कमी आने का प्रभाव बैंक कर्मचारियों व बैंक की वित्तीय स्थिति पर भी पड़ रहा है। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने आगे बताया कि यह प्रदेश स्तर की शीर्ष सहकारी समिति है जो कि प्रदेश के किसानों को कृषि व अकृषि क्षेत्र में दीर्घकालीन निवेश करने हेतु दीर्घावधि ऋण प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि बैंक की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का सभापति होने के नाते यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी ही नहीं बनती है बल्कि यह हमारी प्राथमिकता होगी कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार की नीतियों व दिशा निर्देशों के अनुसार बैंक के व्यवसायिक क्रियाकलापों को गति प्रदान करेंगे बल्कि बैंक की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति द्वारा बैंक की व्यवसायिक प्रगति हेतु आगामी वर्षों के लिए ऐसी नीतियां योजनाएं बनाई जाएंगी जो ना केवल किसानों को पुन: बैंक से सीधे जोड़ेंगी अपितु बैंक को किसानों के द्वार तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के किसानों को 13.5 प्रतिशत , पिछड़े वर्ग के किसानों को 4-6 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति के किसानों को 2 प्रतिशत पर बैंक द्वारा ऋण दिया जाता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निचले स्तर पर किसानों से संपर्क और संवाद किया जाएगा। न्याय पंचायत स्तर पर किसान क्लब का गठन किया जाएगा। गांव में चौपाल लगाए जाएंगे और लोगों को बैंक के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। आगामी 14 अक्टूबर को बोर्ड की बैठक बुलाई गई है। जिसमें वित्तीय समस्याओं से जूझ रहे बैंक को उबारने एवं किसानों तक किस तरह पहुंचकर हम उनकी मदद करें इस पर कार्य योजना बनाई जाएगी। बैंक के व्यवसाय को बढ़ाने में राज्य सरकार की मदद से नई नई योजनाएं लागू कर बैंक को नई दिशा की ओर अग्रसर करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

## क्विक न्यूज

### शहीद का दर्जा तक नहीं दे पाई सरकारें

**गोरखपुर।** सोमवार को शहीद ए आजम भगत सिंह की 113 वीं जन्म दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी आज के युवा व शहीदे आजम भगत सिंह卐 का आयोजन विकास नि:शुल्क कोचिंग सेंटर एकला बाजार में किया गया। इस अवसर पर कोचिंग के लगभग सैकड़ों गरीब बच्चों को पूड़ी और सब्जी खिलाया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कोचिंग के प्रबंधक रमेश चंद ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मात्र 23 वर्ष की उम्र में देश को अंग्रेजी हुकूमत की जड़े हिला दी और हस्ते - हस्ते फांसी के फंदे को चूम लिया, परन्तु दु:ख होता है कि देश को आजाद हुए 72 वर्ष बीत गया। इस दौरान कई सरकार बनी परन्तु किसी ने शहीद को भारत पुत्र का दर्जा देना दूर किसी ने आज तक शहीद का दर्जा तक नहीं दे पाई। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष यादव ने कहा कि भगत सिंह साम्राज्यवाद के घोर विरोधी थे। विनोद निषाद ने इंकलाब शब्द का तात्पर्य बताते हुए कहा कि इंकलाब का मतलब क्रांति से है। इस दौरान लालबहादुर पासवान, रामधारी यादव, सुनील कुमार शर्मा, धीरज निषाद, अनूप कुमार शर्मा, डॉक्टर हरिशेवक, बेचन सिंह, लालधर निषाद, लक्ष्मण निषाद, धर्मेन्द्र, सूरज, अर्जुन आदि उपस्थित रहें।

### दूध का नमूना लेने पर मचा हड़कंप

**गोरखपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज सोमवार को सुबह नौसड़ पुलिस चौकी के पास मु य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह एवं उनकी टीम द्वारा दूध के व्यापारियों की गाड़ियों को रोक कर दूध में अनेको प्रकार के केमिकल्स की मिलावट की आशंका को लेकर दूध के व्यापारियों का दूध का सैंपल लेकर उनको जांच के लिए भेजा। नौसढ़ चौराहे पर दूध के नमूने की जांच को लेकर दूध के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने तो अपना रास्ता ही बदल दिया तो कईयों ने नमूने की जांच कर रही टीम को वहां से जाने का इंतजार करते रहे। दूध के नमूने लेने के दौरान दूध के व्यापारियों का नाम, पता, गाड़ी का नंबर नोट किया गया। जांच कर रही टीम ने बताया कि आजकल दूध के व्यापारी दूध में केमिकल पाउडर, बर्फऔर बाजार में मिल रहे पैकेट के दूध को दूध में मिलाते हैं जो कि छोटे बच्चे और बड़े सभी के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होता है। इस दौरान मौके पर मु य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी ,विनोद कुमार राय, इंद्रेश कुशवाहा ,कृष्ण चंद, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहें।

### जनसामान्य को जागरूक करने का निर्देश

**गोरखपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण एवं उसकी रोकथाम हेतु जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल प प वितरक, समस्त कुकिंग गैस वितरक तथा समस्त उचित मूल्य विक्रेता को निर्देशित किया गया है कि कुकिंग गैस एजेंसी, डीजल/पेट्रोल प प तथा उचित मूल्य की दुकानों पर जनसामान्य को जागरूक करने हेतु पोस्टर, बैनर प्रदर्शित किया जाये तथा एक अदद लाउडस्पीकर/हार्न लगाकर उसके माध्यम से कोविड-19 के रोकथाम हेतु उपायों का प्रचार प्रसार भी कराया जाये।

### बीए भाग-एक की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने आज 28 सितम्बर 2020 को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की बी.ए. भाग-एक मुख्य परीक्षा वर्ष 2019-20 का परीक्षाफल घोषित कर दिया हैं। इस परीक्षा में कुल 132287 परीक्षार्थियों में से 108418 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियत्रंक उमानाथ ने बताया कि परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.96 रहा। कुल सम्मिलित 62969 छात्रों के सापेक्ष 48261 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 76.64 रहाए जबकि सम्मिलित 69318 छात्राओं के सापेक्ष 60157 छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुई जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत 86.78 रहा। विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों का परीक्षाफल व अंकों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

### जमीन पर नहीं उतरी योजना

**गोरखपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रुपेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता से संपन्न हुई। संचालन अश्वनी कुमार श्रीवास्तव ने किया। रूपेश और अश्वनी ने संयुक्त रूप से कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैसलेस चिकित्सा योजना सरकार ने आते ही लगभग 16 लाख राज्य कर्मचारियों के लिए इतनी बड़ी घोषणा किया कि वह जमीन पर नहीं उतरी। इसके पहले पूर्व सरकार ने 3.50 लाख कचारियों के लिए हेल्थ कार्ड भी बनवाया। मु यमंत्री ने कैबिनेट से पास कराकर योजना दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस योजना के लिए किया जो राज्य कर्मचारियों के लिए सेवारत/सेवानिवृत्त, आधिकारियों कर्मचारी के लिए था। आधिकारियों ने स्वयं इस योजना को फेल कर दिया जो राज्य कर्मचारियों के खिलाफ बहुत बड़ी धोखा सरकार को फेल करने एवं छवि खराब करने की साजिश है। बैठक में अरुण द्विवेदी, विनोद पाण्डेय, विजय शर्मा, अनूप श्रीवास्तव, इजहार, प्रभु दयाल सिन्हा, रजनीश पाण्डेय, जयराम गुप्ता, गोविन्द, उमेश श्रीवास्तव, फूलचंद मौर्या, शब्बीर अली आदि उपास्थित रहें।

### बहन के घर आये युवक की संदिग्ध मौत

**अंबेडकरनगर।** इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमेदा,वभनपुरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अशोक मिश्रा 34 पुत्र राम अजोर निवासी मलेथू बीकापुर जनपद अयोध्या अपने जीजा शिवकुमार व दीदी सुधा देवी से अमेदा गाँव में दो दिन पूर्व मिलने आया था लेकिन सोमवार की सुबह अशोक का शव घर से कुछ ही दूरी पर एक पेड़ पर लटका मिला जिससे गांव में सनसनी फैल गई। अभी तक इस मामले से जुड़े जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं उससे कुछ भी स्पष्ट कह पाना जल्दबाजी होगी । ग्रामीणों में चर्चाएं हत्या को लेकर भी है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस हत्या व आत्महत्या को समझने में उलझी रही। मृतक के रिश्तेदारों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### इलाज कराने आई महिला की चेन गायब

**गोरखपुर।** आज सदर अस्पताल में इलाज कराने आई ओपीडी के लिए लगी महिला लाईन में गड़हिया, डांगी बाजार की गुंजा की सोने की चैन स्नैचिंग हो गई। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची। उल्लेखनीय है कि सोमवार के कारण मरीजों की भीड़ बड़ जाती है। जिससे पर्ची बनवाने वाली महिलाओं की लंबी लाइन लगी थी। परन्तु महिला पुलिस मौके पर नहीं थी, अन्य तैनात पुलिस महिलाओं को सोशल डिस्टेंस के लिए सचेत करते रहें। परन्तु लगी लाईन में महिला धक्का-मुक्की करती रहीं। जिसमें गुंजा की सोने की चैन स्नैचिंग हो गई। जब ये घटना घटित हुई उस दौरान नवागत एस.आई.सी ओपीडी का निरीक्षण कर रहे थे। पीड़ित महिला गुंजा को बिना महिला पुलिस के कोतवाली पुलिस थाने ले गई।

### 16 लोगों में मिला संक्रमण

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोरोना का ग्राफकम होता दिख रहा है। हालांकि इसके पीछे जांच में कमी होने की बात भी सामने आ रही है। एक तरफजहां मु यमंत्री द्वारा जांच में तेजी लाने की बात कही जा रही है वहीं इस जिले में पिछले सप्ताह से जांच में अप्रत्याशित कमी आई है। सोमवार को 16 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है जिसमें एन्टीजन टेस्ट के 13 व आरटीपीसीआर के तीन लोग हैं। जिले में अब सक्रिय मामलों की सं या घटकर 110 रह गई है। सोमवार को 20 लोगों को घर भेजा गया। 110 लोगों में से 60 लोग होम आइसोलेशन में हैं तथा शेष अन्य विभिन्न अस्पतालों में हैं।

# करोड़ों की परियोजनाओं का महापौर ने किया लोकार्पण

**संवाददाता।** अयोध्या

- बेहतर प्लान के साथ विकसित की जा रही है अयोध्या: ऋषिकेश उपाध्याय

**विकास** की दृष्टि से अयोध्या को नगर निगम परियोजनाओं के माध्यम विकसित स्वरुप प्रदान कर रहा है। महापौर ऋषिकेश ने करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का लोकापर्ण किया। इसमें अवधपुरी कालोनी में स्थित चार पार्क व तीन सड़के शामिल है। लोकापर्ण के दौरान महापौर ने सभी पार्कों में पौधरोपण भी किया। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या को विश्व की सबसे विकसित नगरी बनाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। नगर निगम अयोध्या इसमें अपना सर्वोत्तम योगदान देगा। इसके लिए एक बेहतर प्लान के साथ अयोध्या विकसित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि नगर निगम प्लान के साथ अयोध्या में पार्कों का निमार्ण व विकास कर रही है। जिससे शहर के रुप में और निखार आये तथा यहां मनोरंजन के साधन के साथ योग व व्यायाम में सहायक वस्तुएं भी मौजूद हो। जिससे लोग अपना खाली समय व्यतीत करने के साथ अपना स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त कर सके। अयोध्या नगर निगम की प्रत्येक सड़क को विकसित व बेहतर करने को प्रोजेक्ट पर हम काम कर रहे है। पार्षद अशोका द्विवेदी ने कहा कि महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने नगर निगम में विकास को गति प्रदान की है। स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता से लेकर सड़क निर्माण में नगर निगम ने सराहनीय कार्य किया है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि करीब 93.86 लाख की लागत से अयोध्या फैजाबाद मुख्यमार्ग अवध पुरी कालोनी फेज.2 से फेज.1 नाला तक 810 मीटर लम्बी सड़क तथा 84.03 लाख की लागत से आईटीआई के सामने जेपी गुप्ता के घर से रेलवे क्रासिंग तक सड़क काए 48.26 लाख की लागत से अमानीगंज गुरुद्वारा से अनिल सिंह के घर तक की सड़क का लोकापर्ण किया गया। यह सभी सड़के हाटमिक्स प्लान्ट से बनी है। जिसमें दोनो तरफ रबड़ बोर्ड इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण किया गया है। उन्होने बताया कि चार पार्को में अमृत अटल योजना के तहत 42 लाख की लागत से केशवधाम पार्कए 40 लाख की लागत से अवधपुरी कालोनी पम्प हाउस पार्क, राज्य वित्त आयोग से 9.85 लाख की लागत से पार्षद अशोका द्विवेदी के सामने स्थित पार्कए 9.80 लाख की लागत से दुर्गा पूजा पार्क का निर्माण किया गया। इन पार्को में बच्चो के लिए झूलाए योगाभ्यास के साधन व विश्राम करने के बेंचए टहलने के लिए पथवे का निर्माण किया गया है।

### कंट्रोल रूम से जेब्रा व बायें रुट को अवरुद्ध करने वाले वाहनों का चालान

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार के निर्देश पर ट्रैफ्फिक व्यवस्था को हाईटेक बनाया गया है। सोमवार को कंट्रोल रूम से ही जेब्रा लाइन व बाये रूट को अवरुद्ध करने वाले वाहन चालकों का चालान किया गया। ट्रैफ्फिक सिग्नल तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ हाईटेक तरीके से कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने सिग्नल लगे शहर के नौ चौराहों काली मंदिर, गणेश चौराहा, कचहरी चौराहा, बेतियाहाता, नौसढ, ट्रांसपोर्ट, रुस्तमपुर, पैडलेगंज व मोहद्दीपुर में कैमरों से सुसज्जित कर दिया है। ऐसे वाहन चालकों को कंट्रोल रूम से ट्रेस किया जा रहा है जो जेब्रा लाइन व बाये तरफके रास्ते को अवरुद्ध कर खड़े हैं। उनका चालान कन्ट्रोल रूम से कर उनके घर पर चालान भेज दिया जा रहा है। इस कार्रवाई का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। अब वाहन चालक यातायात जवान की गैर मौजूदगी में भी सिग्नल के नियम तोड़ने से डरने लगे हैं।

# गांधी जयन्ती मनाये जाने को लेकर हुई तैयारी बैठक

**अंबेडकरनगर।** दो अक्टूबर 2020 को महात्मा गांधी जयन्ती समारोह मनाये जाने के स बन्ध में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कहा कोविड -19 के प्रोटोकाल के अनुपालन में महात्मा गांधी जयन्ती समारोह का आयोजन किया जाना है। सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुए समस्त विभागीय अधिकारी समारोह का आयोजन करेंगे। इस दौरान सभी कार्यालयध्यक्ष अपने कार्यालयों में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई आयोजन नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांधी आश्रम में स्थित गांधी जी की प्रतिमा, पटेल तिराहे पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा, कलेक्ट्रेट परिसर के निकट डॉ. अम्बेडकर जी के प्रतिमा एवं अन्य जनपद में स्थापित महापुरूषों के प्रतिमाओं के आस -पास साफ-सफाई कराने के उपरान्त माल्यार्पण किया जायेगा। उन्होने यह भी कहा कि अधिकारी गण स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा को सफल बनाने में दो अक्टूबर महात्मा गांधी जयन्ती समारोह के अवसर पर अपना अमूल्य योगदान प्रदान करने हेतु अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ जनपद के सभी कार्यालयों, समस्त विकास खण्डों, तहसीलों, नगरपालिकाओं में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई के कार्यों को प्रथम प्राथमिकता से लेते हुए इस कार्य को करना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि इस अवसर पर समस्त कार्यालयध्यक्ष अपने कार्यालय/कार्यालय परिसर की अनवरत साफ-सफाई कराने के साथ ही साथ भूमि के उपलब्धतानुसार वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करेंगे।

# जिलाधिकारी व भाजपा नेताओं के बीच हुई समन्वय बैठक

- शासन की योजनाओं व परियोजनाओं के क्रियांवयन पर हुई चर्चा

**अंबेडकरनगर।** शासन की योजनाओं और परियोजनाओं का जनपद में सही तरीके से क्रियान्वयन और विकास स बन्धी कार्य के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी और भाजपा के जिला पदाधिकारियों के बीच कलेक्ट्रेट के सभागर में बैठक स पन्न हुई।

भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व में भाजपा के जिला पदाधिकारियों और जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के साथ संपन्न हुई बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाएं जनपद में सही रूप में संचालित हो , इसका विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।जिले में हो रहे विकास स बन्धी कार्यों की देख रेख जिलाधिकारी द्वारा किये जाने से ही कार्य गुणवत्ता परक हो सकता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं में भाजपा के कार्यकर्ताओं की भी सहभागिता हो और उनके बताए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता समाज में स्वच्छ छवि के लिए जाना जाता है।समाज भाजपा कार्यकर्ता की ओर आशा भारी निगाह से देखता है। हमें जनता की आशा के अनुरूप ही उसके आशाओं पर खरा उतरना होगा। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने भाजपा कार्यकर्ताओं के मान-स मान और प्रतिष्ठा का ध्यान रखने और उनके सुझाए जनहित के कार्यों को वरीयता क्रम में करवाए जाने के लिए जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने आलापुर विधान सभा क्षेत्र में लेखपालों के स्थानांतण के लिए जिलाधिकारी से रोष जताया।

### खाता संख्या व पासबुक के लिए चक्कर काट रहे खाताधारक

**अंबेडकरनगर।** सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा अशरफ्पुरबरवाँ अहिरौली के खाता धारकों की मुसीबते थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आलम यह है की बी सी सेन्टर अशरफ्पुरबरवाँ मे हजारों खाताधारको के खोले गए खातों खाता सं या चार महीने बीत जाने के बाद भी नही मिल सका है। रोजाना बीसी सेंटर पर कई दर्जन से अधिक लोग अपनी पासबुक और खाता सं या मांगने आते हैं तो पता चलता है कि अहिरौली बैंक की मशीन खराब है जिससे खाता सं या एवं पासबुक प्रिंट हो पाने में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं । वही खाता धारक पूनम का कहना है कि हमने अप्रैल माह में छात्रवृत्ति के लिए खाता खुलवाया जिसका खाता सं या हमें विद्यालय में देने के लिए बहुत आवश्यक है । उसमें ही हमारी छात्र बृत्ति आनलाईन हो पाएगी। यहां महीने भर से चक्कर काट रहे हैं लेकिन पासबुक वा खाता सं या ना मिलने से हमको लगता है कि छात्रवृत्ति से हम वंचित हो जाएंगे।

# एनटीपीसी ने जिलाधिकारी को सौंपा दस लाख का चेक एवं 340 पीपीई किट्स

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



**एनटीपीसी** टाण्डा द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए निर्बाध बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ ही जिले में कोविड- 19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु विविध प्रयास निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख केएस राव ने चीफ मिनिस्टर डिस्ट्रेस रिलीफफंड में सहायतार्थ रूपये दस लाख का चेक एवं जिले के कोरोना वारियर्स हेतु 340 अदद पीपीई किट्स जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र को प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महामारी के इस दौर में एनटीपीसी टाण्डा प्रबन्धन द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ।उन्होंने कहा कि देश में लॉकडाउन घोषित किए जाने के उपरान्त एनटीपीसी टांडा द्वारा जिस तरह आस -पास के जरूरतमंद लोगों के साथ ही जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग दिये जाने की पहल की गयी, यह उसकी समाज के प्रतित गहरी संवेदनशीलता का परिचायक है। बताते चलें कि इसके पूर्व भी एनटीपीसी -टाण्डा द्वारा जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, तहसील टाण्डा तथा परियोजना के आसपास के गांवो को प्रचुर मात्रा में फेसमास्क एवं सेनेटाइजर उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अलावां परियोजना के आस-पास के गांवो के निर्बल वर्ग परिवारों को सहायता स्वरूप राशन, फेसमास्क, हैण्डवाश, साबुन तथा सेनेटाइजर वितरित किए गये हैं। इसके साथ ही आस पास के गांवाो को संक्रमण से बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव, सेनेटाइजेशन तथा चूनाकारी का कार्य कराया गया है।

# वेबिनार के माध्यम से पंडित दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व पर हुई चर्चा

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर




**एकात्म** मानववाद के प्रणेता और अंत्योदय के पोषक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर वेविनार जूम एप के माध्यम से स पन्न हुआ।वेवीनार की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और संचालन वेवीनार के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने किया। वेबिनार के मुख्य अतिथि/वक्ता भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री (संगठन) प्रद्युम्न ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन बचपन से ही संघर्षों से भरा रहा है।उनके बचपन में ही माता पिता का साया उनके ऊपर से हट गया था।उनका भरण पोषण ननिहाल में हुआ था। नानी और नाना भी उनके साथ बहुत दिनों तक नहीं नहीं रहे ।उन्होंनें बहुत संघर्षों और अभाव के बीच अपनी शिक्षा दीक्षा पूरी कि थी।पण्डित जी समाज के अन्तिम व्यक्ति के उत्थान और समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य करते थे। उनका सपना और दर्शन एकात्म मानववाद का था।उसी दर्शन के साथ भारतीय जन संघ की स्थापना की गई थी। पण्डित जी के दर्शन को अपना आधार बना कर भाजपा ने आज पूरे देश में अपना कार्य करते हुए केंद्र और कई प्रदेशों में सरकार चलाते हुए समाज के अन्तिम व्यक्ति को समृद्धि शाली बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। बेबिनार की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के दर्शन और नीतियों पर चलते हुए भाजपा कार्यकर्ता समाज में कार्य कर रहे हैं।पण्डित जी के बताए रास्ते पर चल कर ही भाजपा कार्यकर्ता कोरोना महामारी में अपनी जान की परवाह किए बिना समाज के सबसे निचले स्तर पर जीवन यापन करने वाले लोगों की सहायता कर उनको अभाव ग्रस्त नहीं होने दिया।बेबिनार में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह,रमेश चंद्र गुप्त, सुमन पांडेय,रफ्त एजाज,जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,आईटी सोशल मीडिया जिला संयोजक मनीष मिश्र,जिला मंत्री दीपक तिवारी,दिलीप पटेल (देव), चंद्रिका प्रसाद,विकास तिवारी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक उपमा पांडेय आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### फसल अवशेष कदापि न जलाएं: संत

**गोरखपुर।** विधायक खजनी संत प्रसाद ने कहा कि फसल अवशेष कदापि न जलाये, इसके जलाने से वातावरण प्रदूषित, मिट्टी के पोषकतत्वों की अत्यधिक क्षति एवं मिट्टी के भौतिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।फसल अवशेष जलाने से मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती है जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों की लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं, जिसके कारण वातावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। पशुओं के चारे की व्यवस्था में कमी आती है। उक्त बातें विधायक ने एनेक्सी सभागार में अयोजित प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत जनपदस्तरीय जागरूकता गोष्ठी में बतौर मु य अतिथि के रूप में कही। प्रभारी जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि फसल अवशेष कदापि न जलाई जाये, फसल अवशेष जलाने पर पकड़े जाने पर जुर्माने का प्राविधान है।

# अटेवा के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में कई प्रस्तावों हुए निर्णय



**अंबेडकरनगर।** अटेवा के जनपदीय पदाधिकारियों की बैठक नगर के शहजादपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सलाहकार राकेश रमन यादव तथा संचालन प्रदेश प्रवक्ता संजय उपाध्याय ने किया। बैठक में मण्डल अध्यक्ष संदीप पटेल व जिला अध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र की उपस्थिति में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के फलस्वरूप निम्न निर्णय लिए गये। संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र ने निष्क्रिय पड़ी ब्लाक युनिटों को पुर्नगठित कर संगठन को न्याय पंचायत स्तर तक पंहुचाने का संकल्प व्यक्त किया। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष द्वारा वीरेन्द्र कुमार वर्मा को ब्लाक संयोजक बसखारी अशोक पाण्डेय को कोषाध्यक्ष अकबरपुर तथा बैरागी यादव को कोषाध्यक्ष कटेहरी के रूप में मनोनीत किया गया। प्रदेश सलाहकार राकेश रमन यादव ने अटेवा के सभी साथियों को ट्वीटर पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया। प्रदेश प्रवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि आगामी दो अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर गांधी आश्रम अकबरपुर स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लेते हुए संकल्प दिवस मनाया जायेगा। साथ ही तीन बजे से छ: बजे तक ट्वीटर पर अभियान चलाया जायेगा। आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में अटेवा की जीत के लिए मण्डल अध्यक्ष संदीप पटेल तथा चुनाव प्रभारी रामबली त्रिशरण द्वारा सभी बूथ प्रभारियों का तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया।

# संयुक्त राष्ट्र में मोदी

## महामारी प्रबंधन पर जोर

**इस** वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा-यूएनजीए का सत्र अनेक प्रकार से महत्वपूर्ण है। महामारी की छाया में होने वाला यह पहला वर्चुअल सत्र है। यह पहला सत्र है जब वि-वैश्वीकरण के साथ संरक्षणवादी विमर्श लौटता दिख रहा है तथा दुनिया ध्रुवों में विभाजित दिख रही है। यह इस महान संस्था की 75वीं वर्षगांठ है, अत: यह समय पीछे देख कर सदस्य देशों द्वारा महामारी-पश्चात दुनिया में अपनी सहभागी भूमिका सुनिश्चित करने का भी समय है। इसका विषय-'हमारी इच्छा का भविष्य, हमारी इच्छा का संयुक्त राष्ट्र: बहुराष्ट्रीयता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता तथा प्रभावी बहुपक्षीय कार्रवाई द्वारा कोविड-19 का मुकाबला', हमारे समय के उपयुक्त तथा संभावनाओं से भरा है। लेकिन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस अवसर की पवित्रता तथा भूराजनीति की पुन: परिभाषा को अनदेखा कर फिर कश्मीर मुद्दा उठाया तथा उसकी बदली स्थिति पर हमला बोलते हुए अपने पुराने भाषण के कुछ हिस्से दुहरा दिए। दुनिया ने वह संवैधानिक स्पेस स्वीकार किया है जिसके अंतर्गत भारत ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया है तथा उसने पहले ही इमरान खान का विलाप अनदेखा कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद वे मुद्दे के 'अंतरराष्ट्रीयकरण' का प्रयास कर रहे हैं। संरा. में भारत के स्थाई प्रथम सचिव मिजितो विन्टो ने इमरान खान का विलाप शुरू होने पर उनके भाषण का बहिष्कार किया तथा बाद में जवाब के अधिकार के अंतर्गत अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'दुनिया के दवाखाने' के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दिया तथा कोविड-19 से मुकाबला करने में वैश्विक सहयोग में अपनी भूमिका स्पष्ट की। उन्होंने दक्षिण-दक्षिण विकास भागीदारी में भी भारत की भूमिका परिभाषित की। कल्याण तथा नियम-आधारित कानूनों के सम्मान के प्रति भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता पर जोर देते



हुए उन्होंने भारत की बेहतर भूमिका के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधार की आवश्यकता भी रेखांकित की। यह दुनिया के लक्ष्यों को देखते हुए भारत का महत्वपूर्ण कदम था और स्वयं मोदी ने पाकिस्तान के कदम को प्रतिक्रिया के योग्य भी नहीं माना। तुर्की को छोड़ कर किसी देश ने कश्मीर की बात न कर स्पष्ट कर दिया कि कोई पाकिस्तान द्वारा हमारे खिलाफहमले पर ध्यान नहीं दे रहा है। अरब दुनिया ने भारत को स्वीकार कर लिया है और वह अमेरिका के समर्थन से इस्त्राइल के साथ कारगर संबंध विकसित कर रही है। ऐसे में तुर्की आधुनिक देशों में नव-इस्लामी एजेंडा परिभाषित करने का प्रयास कर रहा है। गठबंधनों व मित्रों से दूर हो रहा पाकिस्तान अमेरिका के भारत की ओर झुकाव से और परेशान है तथा अपने क्षेत्रीयता संबंधी दावों के लिए आक्रामक हो रहा है। वह भारत द्वारा अनुच्छेद 360 समाप्त करने के बाद कश्मीर पर उसके दावों को अवैध ठहराने पर तुला है। इसी कारण उसने 15 नवंबर को गिलगिट-बाल्टिस्तान में विधानसभा चुनाव की घोषणा की है। भारत ने सैनिक रूप से कब्जा किए इस क्षेत्र में जबरन परिवर्तन का विरोध किया है। यह चुनाव चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को वैधता प्रदान करने का प्रयास है जो गिलगिट-बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। पाकिस्तान ने पहले मानचित्र में परिवर्तन कर कश्मीर के कुछ हिस्सों, लद्दाख व गुजरात के जूनागढ़ को अपना क्षेत्र बताया था। यह अतार्किक तथा ऐतिहासिक व विधिक वैधता से वंचित कदम है। इसके साथ ही पाकिस्तान नियंत्रण रेखा-एलओसी पर युद्धविराम उल्लंघन कर भारत में घुसपैठिये भेजने का प्रयास करता रहता है। चीन के कर्ज-जाल में फंसा पाकिस्तान इतनी एकांगी सोच का शिकार हो गया है कि इससे वह अपना होने वाला नुकसान नहीं समझ पा रहा है। नए मानचित्र से वह 1972 की शिमला संधि समेत सभी द्विपक्षीय संधियों को खारिज कर रहा है। उसकी कश्मीर रणनीति अब निष्प्रभावी हो गई है और वह घाटी में उग्रवाद पैदा नहीं कर सकता है। चीन ने उसे अपना मुहरा बना लिया है और इससे स्वयं पाकिस्तान का नुकसान हो रहा है।

# किसानों के लिए लाभकारी कानून

**कृषि क्षेत्र में सुधारों ने सब्सिडी-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय बाजार-उन्मुख सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। इससे किसानों को कृषि-उद्यमी बनने की इच्छा पूरी होगी।**



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)




वर्तमान समय दुनिया के सबसे मजबूत नेताओं की परीक्षा ले रहा है। देश इस समय अनेक विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा है, इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सरकार बनाने के बाद सुधार एजेंडे को गति दी है। यह स्वर्गीय अरुण जेटली के शब्दों में 'अकारण विरोध करने वाले' विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बावजूद है। लाकडाउन के बाद से केन्द्र ने अनेक सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इनमें आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 तथा तीन कृषि सुधार विधेयक हैं। इसके साथ ही पेश तीन नए विधेयकों का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मजबूत करना है जिसका प्रभाव अनौपचारिक क्षेत्र में काम कर रही 80 प्रतिशत जनसंख्या पर पड़ेगा। कोरोना महामारी के पश्चात विधायनों को एक ढांचागत सुधार के अंग की तरह देखा जाना चाहिए जिनका उद्देश्य किसानों के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार तथा बिजनेस सुगमता है।

कोरोना-पश्चात बना 'न्यू नार्मल' आर्थिक वृद्धि तथा संसाधनों के उपयोग को अधिकतम करने की चुनौती पेश करता है। अब तक कृषि सब्सिडी, खैरात व कल्याणवाद पर निर्भर रही है। इससे संसाधनों पर लगातार भारी दबाव पड़ा है और यह घाटे का सौदा बन गई है। कृषि क्षेत्र ने किसानों को केवल किसी तरह जीवित रखा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण-एनएसएसओ के अनुमानों से स्पष्ट है कि 1993 से 2013 के बीच ग्रामीण कर्जदारी में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई। कृषि संकट दूर करने के लिए इसे केवल आजीविका के साधन के बजाय मूल्य-संवर्धित विनिर्माण की ओर ले जाना जरूरी है। हमारे कार्यबल का 58 प्रतिशत खेती पर निर्भर है, पर उसका भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में योगदान केवल 17 प्रतिशत है। कृषि की वृद्धि दर केवल 3.4 प्रतिशत है, जबकि इसे ग्रामीण भारत को गरीबी से बाहर निकालने के लिए कम से कम 10 प्रतिशत होना चाहिए। कृषि, विनिर्माण, निर्यात व सेवाओं को मजबूत कर ही प्रति व्यक्ति आय बढ़ाई जा सकती है।

हमारे कार्यबल का 500 मिलियन खेती में लगा है, इसलिए कृषि क्षेत्र में सब्सिडी-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय बाजार-उन्मुख दृष्टिकोण अपना कर ही किसानों को कृषि-उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के बावजूद स्वतंत्रता के 73 वर्ष बाद हमें 'एक देश एक बाजार' बनाने के लिए इनकी आवश्यकता है। हालांकि, कृषि संबंधी तीनों विधेयकों का खास महत्व है, पर इस लेख में किसान सशक्तीकरण व संरक्षण तथा मूल्य आश्वासन समझौता व कृषि सेवा विधेयक 2020 पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इससे कम मुनाफे वाला कृषि क्षेत्र ठेका खेती के लिए खुलेगा।

भारत आज अतिरिक्त खाद्यान्न वाली अर्थव्यवस्था बन गया है, अत: उसे 'अतिरिक्त प्रबंधन' की आवश्यकता है। कोल्ड स्टोर सुविधायें तथा खाद्य प्रसंस्करण ढांचा मजबूत करने से विनिर्माण में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। हर साल 92,000 करोड़ का कृषि उत्पाद बरबाद हो जाता है। इसलिए इस क्षेत्र को किसान से उपभोक्ता तक मजबूत सप्लाई श्रृंखला बनाना जरूरी है। गलत तरीके से आरोप लगाए जा रहे हैं कि यह विधायन कार्पोरेट के पक्ष में है, जबकि इसमें मौसमी फसलों के मूल्य निर्धारण में किसानों को लाभ की स्थिति में लाया गया है। वे कार्पोरेट के साथ पहले ही मूल्य तय कर अपनी आय सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे एकफसली खेती के बजाय फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, तई तकनीकों का प्रयोग होगा तथा वित्तीय सहायता व आधुनिकीकरण में मदद मिलेगी। खेती के कार्पोरेटीकरण के सबसे अच्छे उदाहरण अमूल, ई-चौपाल व किसान समूहों को प्रोत्साहन देने वाला पातंजलि माडल हैं।

साझा पहलों में किसानों को शामिल करने से उनमें सहयोगी-स्वामित्व की भावना पैदा होती है जिसे अमूल सहकारी संगठन के सफल प्रयोग में देखा जा सकता है जिसने श्वेत क्रान्ति का नेतृत्व किया है। भारत आज सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है जिसमें अमूल सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक एफएमसीजी है जिसका टर्नओवर 52,000 करोड़ रुपये है। इसने डेरी किसान को उत्पाद के अधिक दाम देकर उसे अपना साथी बनाया है तथा वह उपभोक्ताओं को बहुत मामूली लाभ लेकर उत्पाद सप्लाई कर रहा है। हो सकता है कि चीन का उदाहरण देना राजनीतिक रूप से गलत हो, लेकिन भारत इससे लाभ उठा सकता है। 2016 में चीन की राज्य परिषद ने गरीबी-उन्मूलन नीति के रूप में ग्रामीण ई-कामर्स को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया था। इससे पिछले 6 वर्ष में गरीबी 10.2 प्रतिशत से घट कर 1.7 प्रतिशत रह गई है। इसका एक तरीका किसानों को ताओबाओ गांव में अलीबाबा के ई-कामर्स प्लेटफार्मों से जोड़ना रहा है।

ठेका खेती पर विधेयक सप्लायरों व विक्रेताओं, दोनों के लिए लाभदायक है। इससे अनेक स्तर पर सामूहिकताओं का विकास होगा तथा फसल कटने के बाद प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, रिटेलिंग व व्यापक वितरण नेटवर्क तक पहुंच में सहायता मिलेगी। इससे पांच एकड़ से कम जमीन वाले छोटे किसानों को लाभ होगा। कृषि सामूहिकता बनाने से उनकी आमदनी बढ़ेगी तथा उनकी सामूहिक आर्थिक व लेनदेन की शक्ति मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दूनी करने का वादा किया है। यदि यह कृषि सुधार जमीनी कार्रवाई में न बदला तो उनकी आमदनी पहले जैसी बनी रहेगी। किसानों की आमदनी दूनी करने के साथ ही उपभोक्ता कीमतों में अनावश्यक वृद्धि रोकने की भी चुनौती है क्योंकि खेती में लागत लगातार बढ़ रही है। मुनाफा बढ़ाने के लिए किसानों को कार्पोरेट के पास उपलब्ध कौशल का प्रयोग करना होगा जिनकी लगातार बदलती उपभोक्ता आवश्यकताओं के बारे में बेहतर समझदारी और गहरी जानकारी है।

महामारी के पश्चात उपभोक्ताओं के व्यवहार में आए परिवर्तन का कारण उनकी घटी खरीद शक्ति है, इसके बावजूद वे बेहतर पोषण लाभ, बेहतर सफाई तथा अपने दरवाजे पर कांटैक्टलेस डिलीवरी चाहते हैं। इसके साथ ही मध्यवर्गीय परिवार भी फलों, सब्जियों व दूध पर खर्च बढ़ा कर अनाजों पर खर्च घटा रहे हैं। मूल्य संवर्धित प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य व बेहतरी के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण अनाजों की अन्य किस्मों की मांग बढ़ी है। इसके लिए किसानों को मूलभूत परिवर्तन लाने होंगे जिनका विस्तार परंपरागत उत्पादों की बिक्री से लेकर उपभोक्ताओं की बदलती इच्छाओं तक है। किसानों को अपने उत्पाद बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने से लाभ होगा। यदि बाजार का समर्थन न मिले तो केवल फसल उत्पादकता बढ़ाने से किसानों की आय नहीं बढ़ेगी।

केन्द्र सरकार को किसानों की आशंकायें देखते हुए सहमति बनाने के प्रयास करने चाहिए। उनमें निहित स्वार्थी तत्व भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसा न होने पर यह प्रगतिशील विधायन संकट में फंस सकता है जैसा कि भूमि अधिग्रहण विधेयक के मामले में हुआ था। हालांकि, कृषि समवर्ती सूची में न होने के कारण राज्यों का विषय है, पर नए कानूनों का संबंध अंतर-राज्य व्यापार से होने के कारण यह केन्द्रीय विषय बन जाता है। केन्द्र को ऐसे में कानून बनाने का अधिकार है और अतीत की तरह कोई राज्य इन्हें चुनौती नहीं दे सकता है।

इसके साथ ही एक बार खेती के आकर्षक उद्योग में बदल जाने के बाद इसमें करदाताओं का आधार विकसित करने की संभावना पैदा होगी और तब इसे केन्द्रीय सूची में हस्तांतरित किया जा सकेगा। वास्तव में केंद्र को किसानों पर टैक्स लगाने के बारे में पुन: विचार करना चाहिए जो अब तक इस दायरे से बाहर हैं। खासकर अमीर वर्ग के किसानों पर टैक्स लगाया जाना चाहिए जिनके पास 10 एकड़ से अधिक जमीन है। कर निर्धारण के लिए कुछ मानक तय किए जा सकते हैं जिनमें तीन साल की औसत उपज है क्योंकि मौसम परिवर्तन के जोखिम के कारण उत्पाद में वार्षिक अंतर आ सकता है।

भारत को क्षमताओं के अधिकतम प्रयोग से विशाल खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने की संभावना पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही किसान को केवल आवश्यकतायें पूरी करने की सोच से आगे बढ़ते हुए कांग्रेस युग के नारे 'रोटी, कपड़ा और मकान' को छोड़ कर आधुनिक अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान करना चाहिए।

# अस्पतालों के कचरे से संक्रमण का खतरा

> जैव-चिकित्साजनित कचरे का प्रभावी निस्तारण उतना ही अहम है जितना कि कोरोना संकट से कुशलतापूर्वक निबटना। अन्यथा संक्रमण की दूरी लहर आ सकती है।



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

कल्पना कीजिए कि प्रचंड रूप से एक सार्वजनिक स्वास्थ्य महामारी के बारे में जो पर्यावरण के लिए खतरे को दोगुना करने वाली है और विनाशकारी कोविड-19 के बाद प्रभावी हो जाए। यह ऐसी संभावना है जो सच साबित हो सकती है यदि महामारी से लड़ने के दौर में अस्पतालों से निकलने वाले जैव-चिकित्सा जनित कचरे का भंडार बढ़ता जाता है और उसका प्रबंधन एवं निस्तारण उचित ढंग से नहीं किया जाता है।

अंतिम समाचार मिलने तक, कोविड-19 भारत में 90,000 लोगों की मौत का कारण बन चुका है और 5.6 मिलियन सक्रिय मामले विद्यमान हैं। यह स्थिति और भी बिगड़ सकती है यदि लापरवाही से फेंका जाने वाला जैव-चिकित्सा जनित कचरा देशभर में संक्रमणों की दूसरी लहर आने का कारण बन जाता है। अनगिनत अस्पताल परिसर, मुर्दाघर, श्मशान, एंबुलेंस पार्किंग सथल और आवासीय क्षेत्रों में फेंका गया कचरा लापरवाही से त्यागे गए दस्तानों, पीपीई किटो, व मॉस्कों से भरे पड़े हैं। ऐसा केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के दिशा निर्देशों के बावजूद हो रहा है जिनमें स्पष्ट बताया गया है कि कोविड-19 संबंधी कचरे को दोहरे थैलों में करके उन पर लेबल लगाकार डाला जाए। हालांकि, चारों ओर पड़े कचरे को देखकर, यह स्पष्ट हो जाता है कि दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और कहने की आवश्यकता नहीं कि इन वस्तुओं में वह वायरस होता है जो स्वस्थ लोगों में फैल सकता है, खासकर सफाइकर्मियों में तथा उन लोगों में जो कचरा भंडारों एवं कचरा इनसिनिरेटरों के पास कूड़ा बीनने जाते हैं। दिल्ली में जैव-चिकित्साजनित कचरा निस्तारण की दो सुविधाएं हैं जो प्रतिदिन 63 टन चिकित्सा कचरे का निस्तारण करने में सक्षम हैं। मगर टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया हे कि इस कचरे को नगरीय ठोस कचरे की तरह निस्तारित किया जा रहा है। स्थिति को और बिगाड़ते हुए, इस कचरे को पैदा करने वाली कई सुविधाएं दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पंजीकृत नहीं हैं।

अध्ययन के निष्कर्ष यह भी बताते हैं कि 27.9 प्रतिशत अस्पतालों के पास अनिवार्य सुई कटर नहीं है जबकि 34 प्रतिशत चिकित्सा सुविधाओं में चिकित्सीय कचरे को ले जाने योग्य परिवहन सुविधा नहीं है। परिणामस्वरूप, उसे निस्तारण के लिए हाथों से उठाकर ले जाया जाता है। और भी बुरी दशा यह है कि लगभग 26.4 प्रतिशत चिकित्सा केंद्र तरल चिकित्सीय कचरे को सार्वजनिक सीवर व्यवस्था में बहाते पाए गए।

ऐसी परेशान कर देने वाली स्थितियों के साथ, भारत निश्चित रूप से रोगाणु द्वारा पैदा जैव चिकित्सा कचरे से निबटने की स्थिति में नहीं है। जैव चिकित्सा कचरा सृजन एवं उसके निस्तारण की गंभीरता का आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को हाल ही में राज्यसभा में इससे संबंधित सवालों का जवाब देना पड़ा। साइंस डायरेक्ट में छपे एक लेख के अनुसार, भारत, जो वर्तमान समय में लगभग प्रति बिस्तर दो किलोग्राम कचरा पैदा करता है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खतरनाक कचरे शामिल हैं, लेकिन महामारी के कारण इसकी मात्रा कई गुना बढ़ने वाली है। संक्रमण के प्रसार का प्रभाव बहुत अधिक होने से पहले, दिल्ली में औसतन 25 टन चिकित्सीय कचरा पैदा होता था लेकिन उसका निर्गत जुलाई में बढ़कर 349 टन हो गया। इसी प्रकार, मुंबई का प्रतिदिन कचरा उत्पादन जून में 12,200 टन से बढ़कर अगस्त में 24,889 टन पहुंच गया। कचरे के इस भंडार ने पहले से ही जीर्ण-शीर्ण कचरा प्रबंधन ढांचे को अपनी सीमाओं तक पहुंचा दिया। इससे पहले की महानगर जैच चिकित्सीय कचरे से भर जाएं, इस मुद्दे को संबोधित करने की आवश्यकता है तथा इस पर सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

नियमों के अनुसार, कचरे को पुन: चक्रीय एवं गैर पुन: चक्रीय डब्बों में पृथक किए जाने की आवश्यकता होती है और फिर उसे 72 घंटे तक छोड़ दिया जाता है जिससे कि संक्रमण की तीव्रता क्षीण हो जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाना होगा कि उनके पास जैव चिकित्सा कचरे के निस्तारण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, तरल चिकित्सीय कचरे को आवश्यक शोधन के लिए अधिकृत कचरा संग्रहण कम्पनियों द्वारा भेजा जाना चाहिए तथा सीवर में बहाया नहीं जाना चाहिए।

पश्चिमी देश कारोना वायरस कचरा प्रबंधन के लिए उच्च मानक निर्धारित कर रहे हैं और उन पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि क्यों ये देश जैव चिकित्सा कचरा प्रबंधन के मामले में अपने कदमों पर तेजी से वापस लौट रहे हैं। फ्रांस व जर्मनी में श्रेष्ठ परिपाटियों का पालन किया जा रहा है जिनमें प्रत्येक चिकित्सा सुविधा केंद्र द्वारा सृजित कचरे का रिकार्ड रखा जाता है तथा सुनिश्चित किया जाता है कि उस मात्रा को उचित ढंग से नष्ट किया जाए। अपनाए जा रहे अन्य उच्चीकृत उपायों में शामिल है चिकित्सा संस्थानों के कचरे के डब्बों को नियमित रूप से सोडियम हाइड्रोक्लोराइड विलयन के द्वारा साफ किया जाना।

फ्रांस ने एक कदम और आगे बढ़ाकर उन परिवारों पर भी ध्यान केंद्रित किया है जहां एकांतवासी मरीज मौजूद होते हैं। कचरे को प्रधिकारियों द्वारा स्थानों पर एकत्र किया जा रहा है जिससे कि अनावश्यक संक्रमण न होने पाए। एकांतवास में रह चुके निवासी उचित कागज दिखाकर फार्मेसियों से कचरे के डिब्बे खरीदने में सक्षम हैं, जिनका इस्तेमाल वे प्रधिकारियों को कचरा नष्ट करने हेतु सौंपने के लिए कर सकते हैं। दूसरी ओर जर्मनी ने बवारिया में एक विशेषीकृत कचरा नष्ट करने वाली सुविधा स्थापित की है। इन उपायों ने इन जैव चिकित्सीय कचरे से पुन: संक्रमण होने व उसके हानिकारक प्रभावों से बचाने में इन देशों की मदद की है। दक्षतापूर्ण जैव चिकित्सीय कचरा सृजन भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि इस संकट से कुशलतापूर्वक निबटना। केवल इसी तरह संक्रमण की दूसरी लहर को आने से रोका जा सकता है।

## आप की बात

### संयुक्त राष्ट्र पर पीएम का कटाक्ष

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा के 75 वे सत्र में पीएम मोदी का ऑनलाइन वक्तव्य प्रभावशाली लगा। अपने दो टूक उद्बोधन में उन्होंने जिस साफगोई के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यप्रणाली और नीतियों पर सशक्त रूप से कटाक्ष किया है, वह काबिले तारीफ है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार इतनी दृढ़ता पूर्वक अपना पक्ष प्रस्तुत किया है। दुनिया के आज के चाल चलन के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र संघ में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। भारत का दृष्टिकोण सदैव से ही विश्व शांति के मूल मंत्र पर आधारित रहा है, किंतु वैश्विक युद्ध, आतंकवाद, साम्राज्यवाद और पाकिस्तान तथा चीन की दोगली चालों पर संरा प्रभावी नियंत्रण नहीं कर सका है। संरा संघ के निर्णय लेने वाले ढांचे से भारत को अलग रखना और उचित प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं करना भी अखरने वाला है। भारत में हुए परिवर्तन का असर दुनिया के बड़े हिस्से पर पड़ता है, इसके बावजूद विश्व के इस सबसे बड़े लोकतंत्र की अनदेखी करना एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। संरा संघ में भारतीय प्रतिनिधि मिजितो विनितो ने भी आतंक और अल्पसंख्यकों के सवाल पर पाक की कड़ी घेराबंदी करते हुए, उसे बिल्कुल सही आईना दिखाया है।

- **ललित महालकरी**, इंदौर

### एनजीओ में पारदर्शिता

**हाल** ही में संसद में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम 2010 में कुछ संशोधन पारित किए हैं। केंद्र सरकार के अनुसार इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य एनजीओ के कार्यों में पारदर्शिता को लाना है। बहरहाल इन नए नियमों ने सभी एनजीओ, शैक्षिक संस्थानों के लिए प्रतिकूल स्थितियां पैदा करी है, जिनके पास विदेशी संस्थानों के साथ वित्तीय भागीदारी है। अब बात यह है कि कोरोनावायरस महामारी के इस काल में हमने देखा कि सरकार के साथ-साथ गई एनजीओस में भी मदद करी थी परंतु अब इस सरकार के फैसले से वह संशोधन पर सवाल उठा रहे हैं। बताते चलें कि भारत में लगभग 3 मिलियन गैर सरकारी संगठन है, भारत जैसे विकासशील देश में भूमिका और जिम्मेदारियां बहुत अधिक होती हैं जिनमें एनजीओ ने बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। एन जी ओ यानी गैर सरकारी संगठन सरकार के कार्यक्रमों में खामियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि पिछले कई सालों से यह देखा गया कि कई लोगों को एनजीओ में विश्वसनीयता की कमी मिलने को दिखी। विश्वसनीयता के साथ-साथ अब तो पारदर्शिता की कमी के कारण संसद में उसके लिए एक विधेयक भी पारित हो गया।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### बॉलीवुड में नशेड़ी, माफिया

**उदीयमान** और अति प्रतिभाशाली अभिनेता स्वर्गीय सुशांत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत बॉलीवुड में आकंठ व्याप्त भाई-भतीजावाद, खानदानी रुतबा जमाए कथित स्टार मॉफियाओं, देशहित की जगह वर्तमान सत्तारूढ़ सरकारों की चाटुकारिता करनेवाले, अंडरवर्ल्ड दाउद इब्राहीम जो सैकड़ों लोगों का हत्यारा है, के काले पैसे से फिल्म निर्माण,कॉस्टिंग काउच में महिलाओं के अंतहीन शारीरिक शोषण,नशे की हालत में गरीबों को रौंदने वाले आदि वहशी लोगों के कुकृत्य परत-दर-परत उघड़ रहे हैं। स्वर्गीय गुरुदत्त,विमल राय,महबूब खान और सत्यजीत राय आदि जैसे कालजयी महापुरुषों की बनाई सोद्देश्य व देशकाल को बदलनेवाली फिल्मों की जगह अब बिल्कुल नग्न,अश्लीलता को परोसती, उद्देश्यविहीन फिल्म बनाने वाले वर्तमान फिल्मकारों की एक बुराई हो तो उल्लेखित भी किया जाय। स्वर्गीय सुशांत सिंह के हत्यारों, नशेड़ियों, मॉफियाओं, भ्रष्टाचारियों को कठोरतम् दण्ड मिलनी ही चाहिए।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**गोवा** में अड़सठ भाजपा कार्यकर्ता महामारी के दौरान कोविड संक्रमित पाए गए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वे जनता की सेवा में बाहर निकलकर काम कर रहे थे।

- **सदानंद शेत तनवाड़े**
गोवा भाजपा अध्यक्ष

**हम** देख रहे हैं कि व्यक्तिगत रूप से देश वर्तमान परिस्थिति का इस्तेमाल अवांछनीय सरकारों अथवा प्रतिस्पर्धियों से मुद्दे हल करने में कर रहे हैं।

- **सर्गेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री





**परिषद** के उन सदस्यों को शर्म आनी चाहिए जो इस अवसर का इस्तेमाल मुद्दों के बजाए अपनी राजनीतिक नाराजगियों पर केंद्रित करने के लिए कर रहे हैं।

- **केली क्राफ्ट**
अमेरिकी राजदूत

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 29 सितंबर 2020



# अब बांगरमऊ संडीला मार्ग जाना जाएगा महाराजा सातन पासी के नाम से: योगी

- फ्लोराइड की अधिकता वाले क्षेत्रों के हर गांव बस्ती में शुद्ध पेयजल की होगी व्यवस्था
- सीएम ने 93.95 करोड़ धनराशि की 192 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास





संवाददाता। उन्नाव

**पूर्व** निर्धारित कार्यक्रम के तहत बांगरमऊ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की 192 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं के लिए 93.95 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनपद उन्नाव की जनता को विकास हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सभी योजनायें बहुत समय से परिलक्षित थीं। ऐसे समय में जब पूरा विश्व वैश्विक महामारी से जूझ रहा है, हम सभी इस महामारी से लड़ते हुये शासन द्वारा दी जा रही सुविधायें जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहें हैं। बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र स्थित कस्बे के राइस मिल मैदान में पहुंचकर मुख्यमंत्री ने जिले को कई सौगातें सौंपी।

मुख्यमंत्री ने आज जिस बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित कर जनता को सौगातें सौंपी है। पूर्व में इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व बाहुबली कुलदीप सिंह सेंगर किया करते थे। जिन्हें एक मामले में आजीवन सजा मिलने के बाद सदयस्ता रद्द कर दी गयी थी। इस विधानसभा में जल्द ही उप चुनाव प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने मंच से बिजली, पानी, सड़क और गो संरक्षण, अस्पताल उच्चीकरण कार्यों का लोकार्पण और करोड़ों की लागत के कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मु यमंत्री ने कहा कि उन्नाव क्रांतिकारियों की धरती है, यहां के क्रांतिकारी देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने को तैयार रहते थे। यहां के आजादी के नायकों ने जो इतिहास रचा है, देश उसका ऋणी रहेगा।

महापुरूषों के योगदान की चर्चा करते हुये कहा कि उन्नाव जनपद के बांगरमऊ के महाराजा सातन पासी के सहयोग से समाज को नेतृत्व दिया है। बांगरमऊ- संडीला मार्ग का नाम बदलकर महाराजा सातन पासी मार्ग किये जाने का ऐलान किया। देश में आजादी की लड़ाई में जनपद उन्नाव की अहम भूमिका निभाने वाले जिसमें प्रमुख रूप से अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के नेतृत्व में कार्य किया गया। उनके स मान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नामकरण एवं मूर्ति की स्थापना कराये जाने की घोषणा की। पं0 विशम्भर दयाल त्रिपाठी के नेतृत्व के बारे में उनके स मान में रसूलपुर रूरी के राजकीय महाविद्यालय का नामकरण विश भर दयाल त्रिपाठी के नाम से रखने का ऐलान किया गया है।

इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार आम जनमानस की बुनियादी सुविधाओं के लिये कृत संकल्पित है। शासन प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि समाज के लिये टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार समाज में समृद्विशाली एवं प्रतिबद्वता के साथ कार्य कर रही है। सकारात्मक उर्जा के साथ गांव, ब्लॉक, तहसील तथा जनपद का विकास हो निरन्तर प्रगति का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिये प्रधानमंत्री जी ने किसानों के आत्मनिर्भरता हेतु तीन बिल संसद में पास किये है।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीजेपी संगठन का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि गरीबों मजदूरों की सेवा करना है। संकटकाल में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा करके दिखाया भी है। उन्होंने कहा कि पिछले और अगले छह माह महामारी के मामले में चुनौतीपूर्ण रहे हैं। आने वाले माह में सभी को डटकर मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि संकट के समय प्रतिबद्धता से काम करना मामूली बात नहीं है। श्री योगी ने कहा कि कोरोना के मामले में भारत दुनिया के सभी विकसित देशों से ज्यादा सुरक्षित है। खास बात यह है कि देश का सबसे अधिक जनसं या वाला प्रदेश यूपी सबसे अधिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि उन्नाव चंद्रशेखर आजाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और विशंभर दयाल त्रिपाठी जैसे महान क्रांतिकारियों की धरती रही है। इसी धरती से विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित भी हैं।

## क्राइम ब्रांच व जैतपुरा पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में शामिल बदमाश को किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक के नेतृत्व तथा एसपी सिटी विकास चंद्र त्रिपाठी के कुशल निर्देशन मे संयुक्त टीम गठित की गई थी, चौकाघाट दोहरे हत्याकांड के सनसनी खेज घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में जरिए मुखबिर घटना में शामिल अभियुक्त रवि प्रताप सिंह को उसी के अशोक विहार कॉलोनी के घर से क्राइम ब्रांच प्रभारी अश्वनी पांडे और जैतपुरा थानाध्यक्ष शशिभूषण राय ने मय फोर्स गिरफ्तार करने में सफलता पाई, रवि प्रताप सिंह के ऊपर पच्चीस हजार का इनाम घोषित है मुखबिर से सूचना मिली कि चौकाघाट दोहरे हत्याकांड में शामिल अभियुक्त रवि प्रताप सिंह अपने अशोक विहार कॉलोनी में घर आया हुआ है। मुखबिर के सूचना पर विश्वास कर पुलिस जब उसके अशोक विहार कॉलोनी घर पर पहुंची तो दरवाजा खटखटाने पर अभियुक्त छत के रास्ते कूद कर भागने लगा क्योंकि पुलिस ने घर को चारों तरफसे घेरा हुआ था हल्का बल प्रयोग कर उसको गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 32 बोर पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ के क्रम में बताया कि विवेक सिंह कट्टा का मृतक अभिषेक सिंह की पुरानी दुश्मनी थी अभिषेक सिंह ने विवेक सिंह पर जानलेवा हमला करवाया था तब से विवेक सिंह, अभिषेक सिंह मे जानी दुश्मनी हो गया था।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

संवाददाता। उन्नाव

**शहर** कोतवाली क्षेत्र के करोवन गांव के आगे सोना भट्टे के पास रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों के इमरजेंसी पहुंचने पर बाइक सवार एक अन्य घायल के तीमारदारों से हादसे को लेकर भिड़ गए। मामला बढ़ता देख कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले को शांत करवाया।

अकरमपुर दरबारी खेड़ा गांव के रहने वाले अधेड़ रामविलास रविवार की दोपहर पत्नी सावित्री को बाइक पर बिठाकर अतरी हाजीपुर गांव गए थे। खेती बटाई के रुपए देने के बाद दंपत्ति बाइक से वापस घर लौट रहे थे। करोवन गांव के आगे स्थित एक भट्टे के पास देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना कल्लू नामक युवक ने एंबुलेंस चालक रामबालक को दी। चालक ने मौके पर पहुंच घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दंपत्ति को मृत घोषित कर दिया। दंपत्ति की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। जानकारी पर जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे परिजन व रिश्तेदार बाइक सवार एक अन्य घायल लवकुश के तीमारदारों से हादसे को लेकर भिड़ गए। मारपीट की सूचना मिलते शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसी तरह आक्रोशित परिजन व रिश्तेदारों को समझा कर मामला शांत करवाया।

### हादसे ने बच्चों के सिर से छीना माता पिता का साया

मृतक के बेटे सुरेंद्र के मुताबिक पिता रामविलास मगरवारा स्थित एक फैक्ट्री वाहन चालक थे। मृतक दंपत्ति अपने पीछे दो बेटे सुरेंद्र व वीरेंद्र तथा पांच बेटियों में गुड़िया, शशी, मीरा, ज्योति और खुशी को छोड़ गए हैं। बेटियों में गुड़िया, शशी व मीरा तथा बड़े बेटे सुरेंद्र की शादी हो चुकी हैं।

## मंदिर से दानपेटिका चोरी क्षेत्रीय लोगों ने की शिकायत

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थानाक्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर दान पेटिका चोरी मामले को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने सोमवार अपराहन प्रदर्शन किया। मंदिर की दानपेटिका चोरी होने से आक्रोशित क्षेत्रीय लोगों ने मंदिर परिसर में प्रदर्शन किया। मंडुआडीह स्टेशन के निकट रेलवे स्टेशन गेट नंबर 2 के समीप स्थित हनुमान मंदिर से बीती रात चोर दान पेटिका लेकर फरार हो गए। स्वराज संस्था के प्रबंध सचिव एवं क्षेत्रीय पूर्व पार्षद विकास चंद्र तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ मंदिर परिसर से दानपेटिका चोरी पर झोभ जताया। उन्होंने बताया कि चोरी की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

## धारदार हथियार से की पत्नी की नृशंस हत्या

- खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद, हत्या से गांव में सनसनी

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**गंगापार** के नवाबगंज कोतवाली अंतर्गत कौड़िहार पुलिस चैकी के पबनाह गांव में रविवार देर रात पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से पत्नी की हत्या कर दी। सुबह पत्नी की लाश घर पर खून से लथपथ मिली। पति ने स्वयं पुलिस को खबर हत्या की खबर दी। पति ने पत्नी की हत्या को लेकर गांव के एक युवक के ऊपर लगाया। लेकिन पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल के आधार पर पति को हिरासत में लिया है।

पुलिस का कहना है कि पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को बाहर फेंक दिया था। पुलिस ने उसे बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पूछताछ में पता चला है कि मृतका के पति का दो दिन पूर्व गाँव के ही एक युवक से विवाद हुआ था। हत्या का शक पति ने पहले युवक पर जताया। हालांकि जांच में पता चला कि पति ने ही पत्नी की हत्या की है। नवाबगंज कोतवाली अंतर्गत कौड़िहार पुलिस चैकी के पबनाह गांव निवासी आशा देवी मौर्य 36 क्षेत्रीय महिलाओं की मदद के लिए समूह चलाती थी। वह जरूरतमन्द महिलाओं की आर्थिक मदद करती थी। उसका पति शिवशंकर मौर्य 40 ओला कम्पनी में बुकिंग पर गाड़ी चलाता है। रोज की तरह रविवार की रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए। सुबह आशा मौर्य बिस्तर पर खून से सनी पड़ी मिली। शोर शराबा हुआ तो गाँव घर के लोग जमा हो गए। पुलिस को सूचना दे दी गई। मौके पर इंस्पेक्टर नवाबगंज सुनील कुमार सीओ सोरांव और एसपी गंगापार के साथ पहुँच गए। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को भी बुला लिया गया। आशा को धारदार हथियार से मारा गया था। कुछ देर बाद हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में पति शिवशंकर मौर्या ने बताया कि दो दिन पहले गांव के एक युवक से उसका विवाद हुआ था। वह युवक दो लाख रुपये लिया था और दे नही रहा था। पति ने उसी पर शक जताया। पुलिस ने जांच में पति को हिरासत में ले लिया। जब पुलिस ने पति को कर्रा किया तो उसने सच उगल दिया। एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा ने बताया कि आशा के नाम पर पति ने एक महंगा मोबाइल किस्त पर लिया था। जिसकी किस्त वो नही दे रहा था। इसके लिए लोन देने वाली कम्पनी से बार बार फोन आ रहा था। इसी बात को लेकर दोनो में झगड़ा होता था। शिवशंकर पत्नी आशा पर लोन चुकाने के दबाव बनाता था और जान से मारने की धमकी देता था। रविवार रात में भी विवाद हुआ था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

## अनियंत्रित विक्रम पलटने से दादी-पोते की मौत, 11 जख्मी

- लालापुर के बेलामुंडी मोड़ के समीप हुआ हादसा दो की हालत गंभीर
- मृत बच्चे का मुंडन कराने करछना से 13 लोग जा रहे थे मनकामेश्वर धाम लालापुर

संवाददाता। प्रयागराज

**लालापुर** क्षेत्र के लालापुर भटपुरा स्थित मनकामेश्वर धाम में सोमवार को दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। उनका वाहन विक्रम अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक साल के मासूम बच्चे और उसकी दादी की मौत हो गई। जिसका आज मनकामेश्वर धाम में मुंडन संस्कार होना था। इस हादसे में 11 लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा लालापुर थाना क्षेत्र के बेला मुंडी मोड़ पर हुआ। सभी घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

करछना थाना क्षेत्र के करेहा बाजार निवासी रविशंकर प्रसाद विश्वकर्मा अपने एक साल के बेटे आयुष का मुंडन लालापुर भटपुरा स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर कराने की मनौती मानी थी। सोमवार को शिवशंकर एक विक्रम करके परिवार के साथ घर से लालापुर मनकामनेश्वर मंदिर जाने के लिए निकले थे। एक विक्रम में 13 लोग सवार थे। लालापुर थाना खेत्र के बेला मुंडी मोड़ पर विक्रम अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई। जिससे उसमें सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग दौड़े। पुलिस को खबर दी गई। ग्रामीणों ने विक्रम में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। इस बीच मासूम बच्चे आयुष विश्वकर्मा और उसकी दादी अनारकली 66 की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अन्य घायलों को सीएचसी जसरा ले जाया गया। जहां से धर्मेंद्र कुमार संगीता देवी मंजू देवी अंजली स्वरूपवती यशी पार्वती नेहा को चिकित्सकों ने गंभीर बताते हुए एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हादसे की खबर उनके गांव करेहा पहुंची तो घर परिवार के लोग बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

### परीक्षा देकर भाई के साथ लौट रही छात्रा से छेड़खानी पर पिटा शोहदा

**प्रयागराज।** सोमवार को स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा देकर घर जा रही छात्रा से अश्लील हरकत करना एक शोहदे के लिए मंहगा पड़ गया। अमरेहा टोल प्लाजा के समीप शोहदे को पकड़कर लोगों ने धुन दिया। जिससे अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो गया था। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक लड़की सोमवार को लालापुर इलाके में स्थित एक महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा देने गई थी। दोपहर में वह बाइक से अपने भाई के साथ वापस घर लौट रही थी। कालेज से ही बाइक सवार लड़का छात्रा से अश्लील हरकत कर रहे थे। उसके भाई ने मना किया तो उसके साथ भी अभद्रता की। लड़के ने फोन करके अपने घरवालों को खबर दी। इस बीच लड़की और उसका भाई शोहदों की हरकत को झेलते हुए घूरपुर थाना क्षेत्र के अमरेहा टोल प्लाजा तक पहुंच गए। तब तक में छात्रा के घरवाले टोल प्लाजा पर पहुंच गए थे। वहीं पर शोहदे को बाइक से खींचकर पिटाई शुरू कर दी। जिससे हंगामा खड़ा हो गया। पुलिस को सूचना दी गई। मार खाने के बाद शोहदा माफी मांगने लगा। उसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया।

## सैकड़ों हेड कांसटेबलों को रिवर्ट कर पीएसी में भेजने के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई एक को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज हेड कान्सटेबिल से कान्सटेबिल के पद पर रिवर्ट पदावनत किए गये सैकड़ों हेड कान्सटेबिलों की याचिका पर अब एक अक्तूबर को सुनवाई करने को कहा है। कोर्ट में आज शासन की तरफसे लिखित में प्राप्त जानकारी दी गयी कि इन कान्सटेबिलों के पदावनत आदेश को संशोधित कर दिया गया है। यह आदेश जस्टिस ए के मिश्र ने हेड कान्सटेबिल पारस नाथ पाण्डेय समेत सैकड़ों हेड कान्सटेबिलों की याचिका पर दिया है। याचिका में 9 सितम्बर 2020 व 10 सितम्बर 2020 को पारित डीआईजी स्थापना पुलिस मुख्यालय उप्र व अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय उप्र के आदेशों को चुनौती दी गयी है। इन आदेशों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात 890 हेड कान्सटेबिलों को पदावनत कर आरक्षी बना दिया गया है। उन्हें पीएसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। कोर्ट के कहने पर शासन से प्राप्त लिखित इन्स्ट्रक्शन को कान्सटेबिलों की तरफसे बहस कर रहे सीनियर एडवोकेट विजय गौतम को मुहैया कराया गया। मालूम हो कि प्रदेश सरकार की तरफसे अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने पिछली तिथि पर इस केस में कोर्ट से तीन दिन का समय मांगा था तथा कहा था कि हम शासन से इस मामले में आवश्यक जानकारी भी हासिल कर लेगें। हेड कान्सटेबिलों की तरफसे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम ने कोर्ट से पदावनत आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। कोर्ट ने इस मामले में 28 सितम्बर को सुनवाई करने को कहा था। याचिकाओं में मुख्य रूप से कहा गया है कि इतने वृहद स्तर पर हेड कान्सटेबिलों को पदावनत बगैर उन्हें सुनवाई का अवसर दिए करना नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के विपरीत है। कहा यह भी गया है कि याचियो को 20 वर्ष के बाद सिविल पुलिस से पीएसी में वापस भेजना शासनादेशों के विरूद्ध है।

## रक्तचाप की बिल्कुल न करें अनदेखी जागरूकता से हृदय रोग से बचाव संभव

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने कहा है कि हृदय रोगों से होने वाली असामयिक मृत्यु के नियंत्रण करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सभी ब्लॉकों में नि:शुल्क जांच शिविर लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों में लोगों को दिल की देखभाल करने और दिल को स्वस्थ रखने की पूरी जानकारी दी जाएगी। इसकी मॉनीटरिंग राज्य स्तर पर की जाएगी। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन की वर्ष 2020 की थीम 'हृदय संबंधी बीमारियों को हराने के लिए अपने हृदय का ध्यान' निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 के दौरान उच्च रक्त चाप के मामले बढ़े हैं। ऐसे में इस दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। मरीज के रक्तचाप की जांच तत्काल की जानी चाहिए। वर्ष 2025 तक उच्च रक्त्चाप से होने वाली मृत्यु दर में 25 प्रतिशत तक की कमी एवं उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में लाना ही आइएचसीआइ का लक्ष्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीबी सिंह ने बताया कि गैर संचारी रोगों से होने वाली मृत्यु में उच्च रक्तचाप एक बहुत बड़ा कारण है। उच्च रक्तचाप एक साइलेंट किलर है। इससे ग्रसित व्यक्ति को पता नहीं चल पाता और इसके कारण वह अन्य बीमारियों से भी ग्रसित हो जाता है। पूरे विश्व में हृदय के प्रति जागरूकता पैदा करने और हृदय संबंधी समस्याओं से बचने के लिए विभिन्न उपायों पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से दुनियाभर में हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## विद्यापीठ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम मौका आज

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**महात्मा गांधी** काशी विद्यापीठ प्रशासन ने एक प्रवेश के लिए आवेदन की तिथियों को बढ़ा दिया है। विद्यापीठ प्रशान ने 29 सितम्बर तक के लिए आवेदन का मौका दिया है। विद्यापीठ में दाखिले के लिए चार अक्टूबर से प्रवेश परीक्षा शुरू होनी है। पहले चरण में बीए, बीकाम (आनर्स), बीए एलएलबी की प्रवेश परीक्षाएं कराई जाएगी। इससे पूर्व विद्यापीठ प्रशासन ने छात्रहित में प्रवेश परीक्षा की वेबसाइट एक बार फिर अभ्यर्थियों के लिए खोलने का निर्णय लिया है। अब जो अभ्यर्थि किसी कारणवश से अब तक आवेदन नहीं कर सके थे वे अब 29 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। स्नातक, स्नातकोत्तर, व्यावसायिक, एमफिल, डिप्लोमा के 62 पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अब तक करीब 31 हजार अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। सर्वाधिक आवेदन एमएसडब्ल्यू सहित बीए, बीकाम, बीएससी मैथ, एमकाम, विधि आदि पाठ्यक्रम के आए हैं। इसके अलावा 37 पाठ्यक्रमों में आवेदकों की संख्या सीट के सापेक्ष कई गुना अधिक है। वहीं 29 पाठ्यक्रमों सीट के सापेक्ष दोगुने से कम आवेदन आए हैं। सम्भावना जताई जा रही है कि इन पाठ्यक्रमों में मेरिट से दाखिला होगी। मेरिट पर दाखिले के बाबत 29 सितंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा। कुलसचिव डा. एसएल मौर्य ने बताया कि चार अक्टूबर को होने वाली प्रवेश पत्र का एक अक्टूबर को ऑनलाइन किया जाएगा। सेमेस्टर परीक्षाओं के चलते प्रवेश परीक्षाएं चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। वहीं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं स्नातक अंतिम खंड का परिणाम घोषित होने के बाद कराया जाएगा। कहा कि स्नातक अंतिम खंड की परीक्षाओं का परिणाम 15 अक्टूबर तक जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। काशी विद्यापीठ के स्नातक (यूजी) के अंतिम खंड की अवशेष परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन जारी है।

## गतिशील व ग्रहणशील भाषा रही है हिंदी: ओझा

- एनसीआर मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला आयोजित




पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**हिंदी दिवस** के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 14 सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक महेन्द्र नाथ ओझा ने कहा कि हिंदी सदैव से ही गतिशील एवं ग्रहणशील भाषा रही है। भारत के संविधान में हिंदी को देश की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने की परिकल्पना की गई है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी यही सपना था। इस परिकल्पना को साकार बनाने के लिए संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं के शब्दों और अभिव्यक्तियों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। मीर गालिब तुलसीदास जैसे महान रचनाकार इसी साझी भाषिक परंपरा के प्रतिनिधि रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी का निर्माण अत्यधिक उतार चढ़ाव भरे इतिहास प्रवाह में हुआ है। आधुनिक ज्ञान विज्ञान में हिंदी को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच हमें इतिहास और वर्तमान दोनों से सीख लेनी चाहिए और सूझ बूझ एवं तालमेल की भावना का परिचय देना चाहिए। श्री ओझा ने कहा कि राजभाषा की संपूर्ण संवैधानिक एवं वैधानिक परंपरा में जिन पहलुओं पर विशेष बल दिया गया है। उनका अपना विशिष्ट महत्व है और उनमें निहित प्रवृत्तियों एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर राजभाषा का प्रयोग प्रसार बढ़ाया जाना चाहिए। श्री ओझा ने कर्मचारियों द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और उनसे अपील की है कि हिंदी में शब?दावलियों पर निर्भरता कम करके बोलचाल और आमफहम के शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। श्री ओझा ने कहा कि हिंदी को लेकर दक्षिण भारत के निवासियों के बारे में प्रचारित धारणाएं सही नहीं हैं और हिंदी फिल्मों उनके संवाद और गीतों के कारण तमिलनाडु जैसे प्रांत में भी हिंदी काफी लोकप्रिय है और परिस्थितियाँ काफी बदली हैं। श्री ओझा ने कहा कि भाषांतर और रूपांतर की प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण है और यह बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य है। भाषांतर और भाषिक अनुप्रयोग कोई यांत्रिक प्रक्रिया नहीं है। इसमें संबंधित भाषाओं के ज्ञान की गहराई अनुभूति संवेदना तथा सौंदर्य चेतना की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ महेन्द्र नाथ ओझा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने कर्मचारियों को राजभाषा की संवैधानिक एवं विधिक संरचना की जानकारी दी। राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय ने सरकार की राजभाषा नीति और मीडिया में प्रयोग किए जा रहे नए शब्दों और उनके अभिप्राय की विस्तृत जानकारियां दीं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप किया निजीकरण का विरोध

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**निजीकरण** के खिलाफ अभियान चला रहे विद्युत संघर्ष समिति के सदस्यों ने सोमवार को ज्ञापन दो अभियान चलाया। अभियान के तहत संघर्ष समिति के सदस्यों ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के अलावा विधान परिषद के सदस्य अशोक धवन, केदारनाथ सिंह और महापौर मृदुला जायसवाल ज्ञापन सौंपा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वाहन ज्ञापन दो अभियान चलाया गया। निजीकरण के विरोध में संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने का कार्यक्रम चलाया। संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किसी भी प्रकार से प्रदेश व आम जनता के हित में नहीं है। निजी कंपनी मुनाफे के लिए काम करती है जबकि पूर्वांचल निगम बिना भेदभाव के किसानों और गरीब वक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति कर रहा है। निजीकरण से महंगाई एवं बेरोजगारी भी पड़ेगी। निजीकरण का यह प्रयोग आगरा एवं ग्रेटर नोएडा में पहले ही विफल हो चुका है। जनप्रतिनिधियों ने संघर्ष समिति की मांग को मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से बात कर निजीकरण के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेषित करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन दो अभियान महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। पूर्वांचल डिस्कॉम के निजीकरण के खिलाफ शहीद ए आजम भगत सिंह के जन्मदिन 28 सितंबर को संघर्ष समिति की ओर से मशाल जुलूस निकाले गए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में चंद्रेशखर चौरसिया, आरके वाही, एके श्रीवास्तव,नीरज बिन्द, राजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, विजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, जगदीश पटेल, जिउतलाल, संतोष वर्मा आदि सम्मिलित रहे।

# संबंधों में नया आयाम जोड़ेंगे भारत-डेनमार्क

## हरित रणनीतिक साझेदारी पर बढ़ेगा सहयोग

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारत** और डेनमार्क ने हरित रणनीतिक साझेदारी के लिए सोमवार को अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने का फैसला किया। इसका मकसद नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के महत्वपूर्ण विस्तार के लिए रूपरेखा तैयार करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के बीच लगभग एक घंटे चली डिजिटल द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान उन्होंने काफी अरसे से लंबित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, कोविड-19 महामारी की चुनौती और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर इसके प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया।

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मध्य यूरोप) नीता भूषण ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि पुरुलिया में हथियार गिराए जाने के मामले में प्रमुख आरोपी किम डेवी का मुद्दा भी उठा और इस बात पर सहमति बनी कि इस मामले के शीघ्र हल के लिए दोनों पक्षों के अधिकारी संपर्क में रहेंगे। भारत इस सनसनीखेज मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए डेनमार्क से डेवी के प्रत्यर्पण की मांग करता रहा है। भूषण ने वार्ता के समग्र परिणाम पर कहा, "दोनों प्रधानमंत्रियों ने हरित रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-डेनमार्क संबंधों को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक नए युग की साझेदारी थी और हम अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया आयाम जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम से दोनों देशों को आर्थिक संबंधों और हरित विकास के विस्तार में मदद मिलेगी वहीं जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ वैश्विक चुनौतियों के समाधान में सहयोग को मजबूती मिलेगी।

मोदी ने शिखर सम्मेलन में अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने किसी एक स्रोत पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की अति निर्भरता से जुड़े जोखिम को उजागर किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ काम कर रहा है ताकि आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे जैसे समान विचार वाले देशों के लिए एक साथ काम करना कितना अहम है, जो नियम-आधारित, पारदर्शी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्य-प्रणाली साझा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीका विकसित करने में समान सोच वाले देशों के बीच सहयोग इस महामारी से निपटने में भी मदद करेगा।

दोनों नेताओं की वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, जल, अर्थव्यवस्था, सतत शहरी विकास, व्यापार, जहाजरानी, खाद्य, कृषि और जीवन विज्ञान जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए सहमत हुए हैं।



नादिया में कोविड-19 के प्रकोप के बीच एक बाजार में सैनिटाइज करते हुए स्वैच्छिक संगठन के सदस्य

# प. बंगाल में संविधान की रक्षा नहीं हुई तो कार्रवाई होगी: राज्यपाल

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने राज्य को पुलिस शासित राज्य में बदल दिया है और सत्ता द्वारा उनकी लंबे समय से अनदेखी की जा रही है जिसके कारण उन्हें संविधान के अनुच्छेद 154 पर विचार करना होगा। संविधान के अनुच्छेद 154 में उल्लेख है कि राज्य के कार्यकारी अधिकार राज्यपाल में निहित होंगे और वह प्रत्यक्ष रूप से या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से उन अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे।

धनखड़ ने अपने पत्र का जवाब देने में गैरजिम्मेदाराना रुख अख्तियार करने पर पुलिस महानिदेशक वीरेंद्र की आलोचना की और कहा कि पुलिस अधिकारी सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। राज्यपाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगर संविधान की रक्षा नहीं हुई, तो मुझे कार्वाई करनी पड़ेगी। राज्यपाल के पद की लंबे समय से अनदेखी की गई है। मुझे संविधान के अनुच्छेद 154 पर विचार करने को बाध्य होना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की वजह से उन्हें वॉट्सऐप वीडियो कॉल करने को मजबूर होना पड़ रहा है। धनखड़ ने कहा, पश्चिम बंगाल पुलिस शासित राज्य बन गया है। पुलिस का शासन और लोकतंत्र साथ-साथ नहीं चल सकते। राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। माओवादी उग्रवाद अपना सिर उठा रहा है। इस राज्य से आतंकी मॉड्यूल भी गतिविधियां चला रहे हैं।

# केन्द्र जनता के प्रति जवाबदेह आंकड़े उपलब्ध ना होने की बात कहना चौकाने वाला: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार पर संसद के हालिया सत्र में अधिकतर सवालों के जवाब नहीं देने पर हमला किया और कहा कि प्रत्येक नागरिक को सूचना पाने का अधिकार है। ममता ने आज सूचना तक सार्विक पहुंच पर अंतरराष्ट्रीय दिवस (इंटरनेशनल डे फॉर यूनिवर्सल एक्सेस टू इन्फोर्मेशन) पर ट्वीट किया कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदाई है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, आज सूचना तक सार्विक पहुंच पर अंतरराष्ट्रीय दिवस है। हालिया संसद सत्र में भारत सरकार का किस तरह पर्दाफाश हुआ। अधिकतर सवालों को जवाब था, आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। हर नगारिक को सूचना पाने का अधिकार है। सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदाई है। केन्द्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में संसदीय सत्र में कहा था कि कई राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने किसानों की आत्महत्या के संबंध में जानकारी मुहैया नहीं कराई है और इसलिए कृषि क्षेत्र में आत्महत्या के संबंध में राष्ट्रीय आंकड़ा अपुष्ट है। लॉकडाउन के दौरान अपने पैतृक स्थान जाते समय प्रवासियों की मौत या उनके घायल होने से जुड़ा आंकड़ा भी मौजूद नहीं है।

# अटल सुरंग रोहतांग के उद्घाटन के बाद दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे पीएम

**भाषा।** शिमला

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** हिमाचल प्रदेश में तीन अक्टूबर को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण अटल सुरंग रोहतांग का उद्घाटन करने के बाद राज्य में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सोमवार को इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में कोविड-19 से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह समुद्र तल से 10,000 फुट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी सुरंग है।

उन्होंने बताया कि चीन-भारत सीमा पर लद्दाख में जारी गतिरोध के मद्देनजर अटल सुरंग का उद्घाटन सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। सुरंग के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी तीन अक्टूबर को कुल्लू जिले के मनाली स्थित सेंटरफॉर स्नो एंड एवलांच स्टडी इस्टैबलिशमेंट (एसएएसई) के हेलीपैड पर सुबह सवा नौ बजे उतरेंगे। वह 10 मिनट के लिए सीमा सड़क संगठन के अतिथि गृह में रूकेंगे और वहां संगठन के अधिकारियों से बातचीत करेंगे।

ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री 9.2 किलोमीटर लंबी इस सुरंग का उद्घाटन सुबह 10 बजे से 11:45 के बीच, मनाली में उसके दक्षिणी सिरे से करेंगे। यहां से वह लाहौल-स्पीति की लाहौल घाटी में स्थित सुरंग के उत्तरी छोर तक यात्रा करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि लाहौल घाटी में प्रधानमंत्री हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बसों को हरी झंडी दिखाकर उन्हें सुरंग के मनाली स्थित उत्तरी छोर के लिए रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि फिर प्रधानमंत्री लाहौल के सिसु में करीब 200 लोगों की एक सभा को संबोधित करेंगे।

ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री दक्षिणी छोर पर लौट कर मनाली के सोलांग नाला के पास 200 लोगों की एक और सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री एसएएसई के हेलीपैड से करीब 2:20 अपराह्न पर लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुरंग के निर्माण में करीब 3,300 करोड़ रुपए का खर्च आया है।

## क्विक न्यूज

### किसानों की आवाज संसद और बाहर दोनों जगह दबाई गई: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कृषि संबंधी कानूनों को लेकर सोमवार को सरकार पर फिर निशाना साधा और आरोप लगाया कि किसानों की आवाज संसद और बाहर दोनों जगह दबाई गई। उन्होंने राज्यसभा मे इन विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान हुए हंगामे से जुड़ी एक खबर शेयर करते हुए ट्वीट किया, कृषि संबंधी कानून हमारे किसानों के लिए मौत का फरमान हैं। उनकी आवाज संसद और बाहर दोनों जगह दबाई गई। यहां इस बात का सबूत है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है। कांग्रेस नेता ने जिस खबर का हवाला दिया उसमे दावा किया गया है कि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा था कि सदन मे कृषि संबंधी विधेयकों पर मतदान की मांग करते समय विपक्षी सदस्य अपनी सीट पर नही थे, लेकिन राज्यसभा टीवी की फुटेज से इसकी उलट बात साबित होती है। हाल ही मे संपन्न मानसून सत्र मे संसद ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 को मंजूरी दी।

### बिहार के पूर्व डीजीपी को टिकट मिलना तकलीफदेह होगा: कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि यदि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) मुंबई पुलिस का अपमान करने वाले बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे को टिकट देती है तो यह बहुत तकलीफदेह होगा, खासकर तब जबकि राज्य मे भाजपा के चुनाव प्रभारी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने ट्विटर पर लिखा कि फडणवीस यदि पांडे की उम्मीदवारी का विरोध नही करेंगे तो महाराष्ट्र की जनता उनसे कई सवाल पूछेगी। बिहार मे तीन चरणों, 28 अक्टूबर, तीन नवंबर और सात नवबंर को, मतदान होगा। बिहार चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी फडणवीस है। बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन मे भाजपा और जदयू सहयोगी हैं। गौरतलब है कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले मे जांच को लेकर महाराष्ट्र तथा बिहार के बीच चली रस्साकशी के दौरान पांडे सुर्खियो मे आए थे।

### गोवा के डीजीपी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

**पणजी।** गोवा के पुलिस महानिदेशक मुकेश कुमार मीणा सोमवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीणा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अधिकारी ने कहा, उनकी जांच रिपोर्ट सोमवार सुबह आई जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। रविवार तक, गोवा में कोविड-19 के 31,958 मामले सामने आ चुके हैं जिनमें से 401 लोगों की मौत हो चुकी है।

### असम में 25 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद

**गुवाहाटी।** असम के कार्बी आंगलोग जिले से 25 करोड़ रुपए की पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई और इस संबंध मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी भास्कर ज्योति महंता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि यह कार्वाई राज्य मे मादक पदार्थ तस्करी गतिविधियो के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा, "कार्बी आंगलोंग पुलिस ने कल रात असम नगालैंड सीमा पर पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की। उन्होने कहा कि आरोपी इस्माइल अली को हिरासत मे ले लिया गया है। उन्होने कहा कि बरामद की गई 5.05 किलोग्राम हेरोइन का बाजार मूल्य 25 करोड़ रुपए है।

### ससुराल के बाहर धरने पर बैठा युवक

**कल्याणी।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में 28 वर्षीय एक युवक पत्नी को अपने साथ घर ले जाने के लिए सोमवार को ससुराल में घर के बाहर धरने पर बैठ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आलोक मलिक ने हाल ही में संगीता घोष के साथ शादी की थी, हालांकि संगीता का परिवार इस विवाह के खिलाफ था। आलोक ने बताया कि उनका विवाह हिंदू रीति-रिवाजों से एक मंदिर में हुआ और इसे कानूनी तौर पर पंजीकृत भी करवाया गया। उसने कहा कि संगीता पिछले दिनों अपने माता-पिता से मिलने घर आई थी और अब वे उसे वापस नही जाने दे रहे हैं। उसने दावा किया कि उसके ससुराल वालो ने उसकी पत्नी को कही और भेज दिया है। हाथों में प्लेकार्ड, शादी की तस्वीरें और शादी का प्रमाण-पत्र लिए आलोक ससुराल वालों के घर के बाहर धरने पर बैठ गया और पत्नी को छोड़ने की मांग करने लगा।



हैदराबाद में कोरोना महामारी के बीच टीएस ईएएमसीईटी-2020 की परीक्षा में भाग लेने के लिए जाते हुए छात्र

# शिवसेना एवं शिअद के निकलने के बाद राजग में अब क्या बचा: सामना

**मुंबई।** कृषि विधेयकों के विरोध में केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से शिरोमणि अकाली दल के निकलने के बाद शिवसेना ने सोमवार को आश्चर्य जताया कि क्या राजग का अब भी वास्तव में कोई वजूद है। उसने साथ ही सवाल किया कि अब इसमें और कौन बाकी हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा गया है कि यह अजीब है कि राजग के अंतिम स्तंभ अकाली दल को गठबंधन से हटने से नहीं रोका गया।

संपादकीय में कहा गया है, जब बादल (राजग से) हटे तो उन्हें रोकने की कोई कोशिश नहीं की गई। इससे पहले शिवसेना भी राजग से हटी। इन दोनों हटने के बाद राजग में अब बचा क्या है? जो अब भी गठबंधन में हैं उनका क्या हिंदुत्व से क्या कोई लेना देना है? संपादकीय में कहा गया है, पंजाब और महाराष्ट्र वीरता का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा शिअद एवं शिवसेना इस वीरता एवं बहादुरी का चेहरा हैं।

संपादकीय में कहा गया है, अब जब कुछ ने इस गठबंधन को रामराम (अलविदा) कह दिया है और इसलिए राजग में अब राम नहीं बचे हैं जिसने अपने दो शेर (शिवसेना एवं शिअद) खो दिए हैं। संसद में कृषि विधेयकों के पारित किए जाने के विरोध में अकाली दल ने शनिवार को राजग से नाता तोड़ लिया। शिवसेना एवं तेलुगु देशम पार्टी के बाद हाल के समय में राजग से गठबंधन तोड़ने वाला अकाली दल तीसरा बड़ा घटक है। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद के बाद शिवसेना ने पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद राजग को अलविदा कह दिया। संपादकीय में कहा गया है, पहले शिवसेना को राजग से अलग होना पड़ा। अब अकाली दल ने छोड़ा। दो मुख्य स्तंभों के बाहर निकलने के बाद क्या वास्तव में राजग अब भी बचा हुआ है?

# असम में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए महाजुट बना रही है कांग्रेस

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम कांग्रेस** के प्रमुख का कहना है कि राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए पार्टी एआईयूडीएफ, वाम दलों और कुछ अन्य स्थानीय समूहों के साथ मिलकर विपक्ष का महाजुट बनाने का प्रयास कर रही है।

असम प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रिपून बोरा ने यह भी कहा कि राज्य की 126 सीटों में से कांग्रेस करीब 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस का ही होगा। उन्होंने फोन पर बताया, हम असम में अगला विधानसभा चुनाव महाजुट के तहत लड़ेंगे जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक पार्टी होगी। एआईयूडीएफ, वाम दलों और कुछ अन्य स्थानीय समूह इसका हिस्सा होंगे।

मौलाना बदरुद्दीन अजमल नीत एआईयूडीएफ और राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजित कुमार भूइयां की नवगठित पार्टी ने भी अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ देने का फैसला किया है। गठबंधन को मूर्तरूप देने का प्रयास कर रहे बोरा का कहना है कि उन्होंने दूसरे दलों के साथ बातचीत के संबंध में कांग्रेस आला कमान को सूचित कर दिया है और उनसे सैद्धांतिक अनुमति भी ले ली है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस करीब 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अन्य दल बाकि 36 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। चूंकि हम सबसे पड़ी पार्टी होंगे, स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री कांग्रेस का ही होगा। हालांकि राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने पर बोरा मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार होंगे, लेकिन उनका कहना है कि पार्टी चुनाव में किसी को अपना चेहरा नहीं बनाएगी।

# भाजपा नेता ने कहा, कोरोना संक्रमित हुआ तो ममता बनर्जी को गले लगाऊंगा, पुलिस में शिकायत

**बरूईपुरासिलिगुरी।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव अनुपम हाजरा ने कहा है कि यदि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हुए तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गले लगाएंगे ताकि वह कोविड-19 मरीजों के परिवारों का दर्द समझ सकें। दक्षिण 24 परगना के बरूईपुर में रविवार शाम में भाजपा के एक कार्यक्रम में हाजरा द्वारा की गई टिप्पणी के लिए सिलिगुड़ी में तृणमूल कांग्रेस की ओर से पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई गई।

हाजरा ने कहा, हमारे कार्यकर्ता कोरोना वायरस से भी बड़े दुश्मन से लड़ रहे हैं। वे ममता बनर्जी से लड़ रहे हैं। जब वे (भाजपा कार्यकर्ता) बिना मास्क के ममता का मुकाबला कर सकते हैं तो वे सोचते हैं कि वे मास्क लगाए बिना कोविड-19 से भी लड़ सकते हैं। मैंने निर्णय किया है कि यदि मैं कोरोना वायरस से संक्रमित होता हूं तो मैं जाकर ममता बनर्जी को गले लगाऊंगा।

हाजरा तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व सांसद हैं जो पिछले वर्ष भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तरह से कोविड-19 मरीजों के शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है वह दुखद है। उन्होंने कहा, उन्होंने (बनर्जी) बीमारी के पीड़ितों से सही तरीके से व्यवहार नहीं किया। उनके शवों को केरोसिन से जलाया जा रहा है। कोविड-19 से जान गंवाने वालों के पुत्रों को उनके चेहरे नहीं देखने दिए जा रहे हैं। हम इस तरह का व्यवहार तो मरे हुए बिल्ली और कुत्तों से भी नहीं करते।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सौगत राय ने टिप्पणी की निंदा की और कहा कि ऐसी टिप्पणी भाजपा की मानसिकता प्रतिबिंबित करती है। तृणमूल कांग्रेस की सिलिगुड़ी इकाई ने हाजरा के खिलाफ एक रैली की और उनके खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई। उत्तर बंगाल शहर से तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने अनुपम हाजरा के खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दी है। हमने पुलिस से उनके खिलाफ तत्काल कार्वाई करने का आग्रह किया है।

पुलिस शिकायत पर प्रतिक्रिया जताते हुए हाजरा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कई विवादास्पद टिप्पणी की हैं। उन्होंने कहा, यदि मेरी टिप्पणी अपमानजनक है तो ममता बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ऐसी टिप्पणी की हैं। दूसरा, यदि मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की जाती है तो तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ कम से कम 10 प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने हालांकि हाजरा की टिप्पणी से दूरी बना ली। प्रदेश भाजपा के एक नेता ने कहा, हम ऐसी टिप्पणी का समर्थन नहीं करते। हमें ऐसी टिप्पणी करने से परहेज करना चाहिए।



चेन्नई में पार्टी की कार्यसमिति की बैठक से पहले पूर्व सीएम जे. जयललिता को श्रद्धांजलि देते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पलानीस्वामी

# एदियुरप्पा ने किसान नेताओं से बातचीत करने की इच्छा जताई

भाषा। बेंगलुरु



**कर्नाटक के** कई हिस्सों में सोमवार को कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने किसान नेताओं से बातचीत करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री का बयान ऐसे वक्त में आया है जब कांग्रेस समेत कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के समर्थन से कृषक संगठनों ने विधानसभा से पारित कृषि उपज विपणन (एपीएमसी) अधिनियम एवं कर्नाटक भू सुधार अधिनियम में संशोधनों के खिलाफ आज प्रदर्शन का आह्वान किया। किसानों ने आरोप लगाया कि एपीएमसी कानून में संशोधन से वे न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित हो जाएंगे तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियां एवं बड़े कारपोरेट घराने सीधे अपनी दरों पर उपज खरीद लेंगे।मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जो किसान नेता आज प्रदर्शन कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हमारे साथ बैठिए एवं बात कीजिए। मैं किसानों के हित में बदलाव करने के लिए सदैव तैयार हूं। दोनों संशोधनों को कृषक विरोधी बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ए कानून कृषि क्षेत्र को तबाह कर देंगे क्योंकि जिनके हाथों में खूब पैसे होंगे वे अपने काले धन को सफेद करने के लिए कृषि जमीन खरीदेंगे और कृषि जमीन को रीयल एस्टेट कारोबार में बदल देंगे। इस आरोप का खंडन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एपीएमसी कानून में संशोधन से कृषि अपनी मर्जी से अपनी उपज बेच पाएंगे। उन्होंने कहा कि वे या तो एपीएमसी को बेच सकते हैं या राज्य या देश के किसी भी हिस्से में किसी को भी बेच सकते हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार एपीएमसी नहीं बंद कर रही है। एदियुरप्पा ने कहा, मैं किसान संघों से अपील करता हूं कि भले ही कोई आपको गुमराह कर रहा हो, लेकिन छह महीने या सालभर इंतजार कीजिए, अपनी उपज बेचने में आने वाली सभी रुकावटें चली जाएंगी। केएलआर में संशोधन के विषय में मुख्यमंत्री का कहना था कि राज्य में 18-20 लाख अनुर्वर जमीन है और इस संशोधन के बाद कोई भी खेती कर सकता है।कर्नाटक के पार्टी मामलों के प्रभारी कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा उन्हें एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश एवं कर्नाटक के लिए हानिकारक बताए जाने के संबंध में पूछे जाने पर एदियुरप्पा ने कहा, सुरजेवाला अपनी पार्टी को खड़ा करें।



दक्षिणी दीनाजपुर में आई बाढ़ के बाद सुरक्षित स्थान की ओर जाते पीड़ित ग्रामीण

# नियमों का उल्लंघन कर लालू यादव को मुलाकात की दी जा रही सुविधा: भाजपा

भाषा। रांची

**झारखंड में** भाजपा ने आरोप लगाया है कि जेल नियमावली एवं कानून का उल्लंघन कर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को लोगों से मिलने की सुविधा दी जा रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि लालू प्रसाद से नेताओं की मुलाकात का सिलसिला लगातार जारी है और इस दौरान जेल नियमावली और कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।प्रतुल ने कहा कि राज्य के जेल महानिरीक्षक ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि रिम्स निदेशक के केली बंग्ले को जेल नहीं माना जा सकता है। प्रतुल ने कहा यह बयान पूरी तरह से निराधार है क्योंकि उच्च न्यायालय ने अपने 24 अगस्त 2018 के आदेश में लालू प्रसाद को रिम्स में इलाज करने की सुविधा देते हुए यह टिप्पणी की थी यह इलाज रांची में न्यायिक हिरासत में हो।प्रतुल ने आरोप लगाया, लालू से मुलाकातियों की मुलाकात के दौरान भी जेल नियमावली का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लोग बेधड़क उनसे मिलते हैं और राजनीतिक बातें भी होती हैं और कोई जेल का अधिकारी भी मौजूद नहीं रहता। भाजपा के इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर राज्य के जेल महानिरीक्षक वीरेन्द्र भूषण ने स्पष्ट किया, लालू यादव न्यायिक हिरासत में हैं लेकिन वह जेल प्रशासन की हिरासत में न होकर इस समय रिम्स में जिला प्रशासन की निगरानी में हैं। लिहाजा उनसे मुलाकातियों के निर्णय के अलावा अन्य निर्णय जिला प्रशासन ही लेता है। भूषण ने कहा, लालू यादव से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जब मिले तो वह स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर रिम्स के विशेष वार्ड के रूप में घोषित निदेशक के केली बंग्ले की व्यवस्था का निरीक्षण करने गए थे। ऐसे में उन पर कोई भी कैसे रोक लगा सकता है?

**● भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि लालू प्रसाद से नेताओं की मुलाकात का सिलसिला लगातार जारी है**

# पूर्व नौकरशाहों ने कृषि क्षेत्र के कानूनों के समर्थन में जारी किया बयान

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व नौकरशाहों** के एक समूह ने मोदी सरकार द्वारा बनाए गए कृषि सुधार कानूनों का सोमवार को समर्थन किया और आरोप लगाया कि किसानों की मनोदशा पर नकारात्मक असर डालने के लिए मुद्दे पर दुष्प्रचार किया जा रहा है।इन पूर्व नौकरशाहों ने दावा किया कि संसद द्वारा पारित विधेयकों ने देश के किसान समुदाय को शोषण वाली व्यवस्था से आजादी दी है।

उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया, आशंका करने की वजह है क्योंकि हमारे समाज में कुछ धड़े देश में दुष्प्रचार कर रहे हैं। हाल के समय में हमने देखा है कि असत्य और तोड़-मरोड़ कर बातों को रखे जाने से अल्पसंख्यकों, छात्रों की मनोदशा पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ा और अब किसानों के साथ ऐसा किया जा रहा है। पूर्व नौकरशाहों के बयान में आरोप लगाया गया कि देश को अस्थिर करने और अल्पसंख्यकों, छात्रों तथा किसानों के बीच असंतोष पैदा करने के लिए निहित हित वाले लोगों के प्रयासों पर संदेह करने की वजह है। इस समूह में पूर्व वित्त सचिव एस नारायण, पूर्व बैंकिंग सचिव डी के मित्तल, पूर्व रक्षा सचिव जी मोहन कुमार, पूर्व पेट्रोलियम सचिव सौरभ चंद्रा और पूर्व नागर विमानन सचिव के एन श्रीवास्तव समेत 32 पूर्व आईएएस अधिकारी शामिल हैं।परोक्ष तौर पर कांग्रेस का हवाला देते हुए पूर्व नौकरशाहों ने कहा है कि कुछ राजनीतिक दल जो अब इस कानून का विरोध कर रहे हैं उनके घोषणापत्र में भी बिचौलियों से किसानों को मुक्ति दिलाने और अपनी उपज को कहीं भी बेचने की आजादी दिलाने की बात कही गई थी।पूर्व नौकरशाहों ने कहा है कि सरकार ने किसानों के जीवन में बदलाव के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाए हैं। इन कानूनों के जरिए देश के किसानों की प्रगति को धीमा करने वाले अवरोधों को खत्म किया गया है।

पूर्व नौकरशाहों ने इन कानूनों के तहत किसानों को कहीं भी अपनी उपज बेचने और किसी के साथ भी अनुबंध करने की आजादी के प्रस्तावित फायदों का जिक्र करते हुए कहा है कि किसानों को भड़काना आपत्तिजनक है।बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सरकार ने स्पष्ट आश्वासन दिया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था पहले की तरह बनी रहेगी। पूर्व नौकरशाहों ने कहा कि किसानों को जहां भी दिक्कतें हो रही हैं, वह अपर्याप्त स्थानीय विपणन सुविधा के कारण होती है और इस कारण से बिचौलिए उनका शोषण करते हैं।

उन्होंने कहा है कि अगर भारत उनके लिए एक बाजार के तौर पर विकसित हो जाए और निजी क्षेत्र उनके उत्पादों की खरीद करे तो किसानों को कभी नुकसान नहीं होगा।

उन्होंने कहा, सरकार द्वारा विभिन्न आर्थिक पैकेजों के साथ ही ऐतिहासिक कानूनों से निश्चित तौर पर किसान समुदायों का उत्थान होगा और वे समृद्ध होंगे। इन कानूनों से किसानों के लिए निष्पक्ष और मुक्त तंत्र का निर्माण होगा।

पूर्व नौकरशाहों ने कहा, हमारा समूह किसानों को गुमराह करने और राष्ट्रीय पहल को बदनाम करने के निहित हितों के प्रयासों की निंदा करता है।

## नैनी जेल से नौ विदेशी जमाती रिहा किए गए

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**दिल्ली के** मरकज मस्जिद से प्रयागराज में सम्मेलन करने और कोरोना वायरस फैलाने के आरोप जेल भेजे गए नौ और विदेशी जमातियों की सोमवार देर शाम रिहाई हो गयी। डिप्टी जेलर अभय शुक्ला ने बताया कि थाईलैंड के नौ नागरिकों को सोमवार को जमानत मिल गई । देर शाम सभी की रिहाई भी कर दी गयी।

रिहा होने वाले वदेशी नागरिकों में अरसेन थोम्पा सुरासकला मूलशक अब्दुल वाषिर्क इडोरोमाई अष्टउनलाह मामिग रोमली कोले सिंघयांग लिय सिरिपट हसन पाचो मोहम्मद मदाली और अपटुन पहाव विभूतिकान थाईलैंड शामिल हैं। सभी जमाती अप्रैल से नैनी केंद्रीय कारागार में बंद हैं। जिनमें 9 और जमातियों को रिहा किया गया है। इससे पहले सात को रिहा किया गया था।



बंगलुरु में गत दिनों संसद से पास हुए किसान बिल का गधे पर बैठकर विरोध करते केसीवीपी नेता वटल नागराज

# सीबीआई कर रही है 678 मामलों की जांच: सीवीसी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय सतर्कता** आयोग (सीवीसी) ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल 31 दिसंबर तक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कुल 678 मामलों की जांच की जा रही थी, जिनमें 25 मामले ऐसे हैं जिनकी जांच पांच वर्षों से भी अधिक समय से चल रही है। आमतौर पर सीबीआई किसी मामले जांच पूरी करने में एक साल का समय लेती है।सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है, मामले की जांच पूरी होने का तात्पर्य संबंधित प्राधिकार से मंजूरी मिलने के बाद अदालतों में आरोप पत्र दाखिल करने से होता है। आयोग ने पाया है कि कुछ मामलों की जांच पूरी होने में कुछ विलंब हुआ है। सीवीसी की यह रिपोर्ट हाल ही में संपन्न मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश की गई और यह रिपोर्ट रविवार को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई। इस रिपोर्ट में सीवीसी ने कहा कि सीबीआई के पास जांच के लिए लंबित इन 678 मामलों में से 268 मामलों में जांच एक साल से कम समय से लंबित हैं तो 177 मामलों की जांच दो साल से अधिक समय से लंबित है। इसके अलावा 86 मामलों की जांच तीन साल से अधिक समय और 25 मामलों की जांच पांच साल से अधिक समय से लंबित है। भ्रष्टाचार के मामलों की सीबीआई जांच की निगरानी करने वाली संस्था सीवीसी ने कहा कि जांच में विलंब के कारणों में इस जांच एजेंसी के पास मानव संसाधन का अभाव और कुछ संबंधित प्राधिकारों से अभियोजन के जिए मंजूरी मिलने में देरी शामिल है।आयोग ने इस बात पर चिंता जताई कि विभिन्न अदालतों में सुनवाई के लिए लंबित मामलों के निस्तारण में धीमी प्रगति हुई है।रिपोर्ट के मुताबिक, भ्रष्टाचार से संबंधित 6,226 मामलों की सुनवाई लंबित है और इनमें से 182 मामलों की सुनवाई तो 20 साल से भी अधिक समय से चल रही है।

## स्थानीय निकायों, रेलवे और बैंक कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की सर्वाधिक शिकायतें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली जल बोर्ड जैसे राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्थानीय निकायों, रेलवे और बैंकों के कर्मचारियों के खिलाफ पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें मिलीं। इस रिपोर्ट के अनुसार, संबंधित सरकारी संगठनों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों को 2019 में विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ 81,494 शिकायतें मिलीं जिनमें 16,291 शिकायतें दिल्ली के स्थानीय निकायों (दिल्ली सरकार को छोड़कर) से जुड़े लोगों के खिलाफ आईं। इसके अलावा 11,797 शिकायतें रेलवे और 8,887 शिकायतें बैंकों के अधिकारियोंकर्मचारियों के विरूद्ध मिलीं। मुख्य सतर्कता अधिकारी विभिन्न सरकारी संगठनों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सीवीसी की एक इकाई के तौर पर काम करते हैं। सीवीसी की यह रिपोर्ट हाल ही में संपन्न मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश की गई और यह रिपोर्ट रविवार को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई।इस रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईडीसी), दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम लिमिटेड, दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड और कई अन्य एजेंसियों से संबंधित लोगों के खिलाफ रिश्वत की शिकायते मिलीं। इन स्थानीय निकायों के खिलाफ जो 16,291 शिकायतें आईं उनमें से 14,290 का निस्तारण कर दिया गया और 2,001 लंबित हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे को भ्रष्टाचार के संदर्भ में जो 11,797 शिकायतें मिलीं उनमें 10,502 का निस्तारण कर दिया गया और 1,295 शिकायतें लंबित हैं। इसमें कहा गया है कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तहत आने वाली विभिन्न एजेंसियों के कर्मचारियों के खिलाफ 4,223 शिकायतें मिलीं जिनमें से 2,714 का निस्तारण हो गया और।,509 शिकायतें लंबित हैं।

# पेज एक का शेष

## रक्षा सौदों में ...

डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स (डीपीएसयू) जैसी राज्य इकाइयों द्वारा विकसित प्रणालियों के अधिग्रहण के नए अध्याय भी शामिल किए गए हैं। इस नीति का महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि डीएपी में तीन सेनाओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद में अक्सर होने वाली देरी को कम करने के उपाय भी सुझाए गए हैं।

## कोरोना से ...

के साथ बैठक किए जाने के निर्देश दिए और कहा कि ऐसी कार्य योजना बनाई जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार से जुड़ सकें। उन्होंने गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि वहां चारे की पर्याप्त व्यवस्था हो। गौवंश का टीकाकरण भी कराया जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में ...

हजरतगंज में 21, मड़ियांव में 29, रायबरेली रोड पर 28, अलीगंज में 26, जानकीपुरम में 24, महानगर में 16, कैण्ट में 18, चौक में 23, चिनहट में 12, नाका में 15, सरोजनीनगर में 10, गुडम्बा में 10 पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। वहीं आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 183 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 183 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 121 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 62 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

दूसरी ओर प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस के 3838 नए मरीज पाए गए जबकि 53953 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 5652 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 390875 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 5382 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 331270 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 550, प्रयागराज में 229, गोरखपुर में 189, गाजियाबाद में 172, वाराणसी में 156 ,नोएडा में 186, बरेली में 127, मेरठ में 151, मुरादाबाद में 81, अलीगढ़ में 67, झांसी में 40, सहारनपुर में 46, बाराबंकी में 57, अयोध्या में 51, बलिया में 37, आगरा में 76, देवरिया में 16, शाहजहांपुर में 33, जौनपुर में 30, लखीमपुर खीरी में 96, कुशीनगर में 43, रामपुर में 13, मुजफ्फरनगर में 118, महाराजगंज में 31, हरदोई में 66, आजमगढ़ में 29, इटावा में 40, मथुरा में 45, गाजीपुर में 16, गोंडा में 18, प्रतापगढ़ में 20, बुलंदशहर में 22, बस्ती में 13, सीतापुर में 11, पीलीभीत में 11, उन्नाव में 20, चंदौली में 6, सुल्तानपुर में 23, सिद्धार्थनगर में 19, बिजनौर में 35, बहराइच में 36 ,सोनभद्र में 18, बदायूं में 25, मैनपुरी में 10, रायबरेली में 19, अमरोहा में 14, फर्रुखाबाद में 131, हापुड़ में 13, फिरोजाबाद में 19, संत कबीर नगर में 11, कन्नौज में 13, मिर्जापुर में 27 ,ललितपुर में 29, मऊ में 15, अमेठी में 16, शामली में 25, औरैया में 24, जालौन में 40, संभल में 14, फतेहपुर में 6, बांदा में 16, एटा में 8, कानपुर देहात में 7, भदोही में 19, बलरामपुर में 1, कौशांबी में 8, अंबेडकरनगर में 8, कासगंज में 2, चित्रकूट में 4, बागपत में 6, हमीरपुर में 9, हाथरस में 6, श्रावस्ती में 11, महोबा में 13 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## कृषि बिलों ...

लोग ट्रक पर ट्रैक्टर लेकर राजपथ स्थित मान सिंह क्रासिंग पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर ट्रैक्टर को ट्रक से उतार कर उसमें आग लगा दी। पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शहीद भगत सिंह की जयंती पर कृषि विधेयकों के विरोध में नवांशहर स्थित उनके पैतृक गांव खटकर कलान में धरना दिया। उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की और कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। पंजाब सरकार इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए वकीलों से सलाह मशविरा भी कर रही है। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी और पूर्व मंत्री परनीत कौर, पंजाब मामलों के कांग्रेस के नए प्रभारी हरीश रावत, पीपीसीसी अध्यक्ष सुनील जाखड़, विधानसभा स्पीकर राणा केपी, कैबिनेट मंत्री तथा करीब 45 विधायक और छह सांसद भी उनके साथ थे। ये सभी लोग एक घंटे से ज्यादा समय तक धरने पर बैठे। किसान कृषि विधेयकों के विरोध में लोगों से रिलायंस फ्यूल तथा जियो सिम का बॉयकाट करने का संदेश दे रहे हैं। उनका दावा है कि रिलायंस, जियो अडानी और अंबानी किसान विरोधी हैं लिहाजा लोग उनके उनके उत्पादों का बहिष्कार करें। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के बैनर तले अमृतसर और फिरोजपुर में किसानों का रेल रोको आंदोलन 24 सितंबर से चल रहा है। हरियाणा में कांग्रेस ने चंडीगढ़ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ता नारे लिखी तख्तियां ले रखे थे जिन पर लिखा था 'अन्नदाता की सुनो पुकार, बंद करो अत्याचार'। कार्यकर्ताओं ने इन कानूनों के वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा। कुरुक्षेत्र में किसानों ने मंडी में मार्केट कमेटी के अंदर स्थित कार्यालय सचिव और अन्य कर्मचारियों को बंद कर दिया। भारी संख्या में पुलिस बल के आने के बाद उन्होंने कर्मचारियों को छोड़ा। भाजपा शासित कर्नाटक में हजारों किसानों ने आज प्रदर्शन किया। इसके अलावा कई अन्य सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने राज्य में प्रदर्शन किया। बेंगलुरू और कई अन्य शहरों में प्रदर्शन हुए। करीब 300 लोग जिनमें केआरआरएस नेता कोदीहल्ली चंद्रशेखर और कुरबुरू शांताकुमार, इसके अलावा कांग्रेस नेता जिसमें विपक्ष के नेता सिद्धारमैया, केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य विरोध करने वाले नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। डीएमके और उसकी सहयोगी कांग्रेस ने तमिलनाडु में चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै, त्रिचुरापल्ली तथा तिरुनेवेली में प्रदर्शन किया। अहमदाबाद में गुजरात कांग्रेस के 100 कार्यकताओं को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया।

## एलएसी पर चीन ...

है। चीनी सेना को किसी भी तरह का जवाब देने के लिए सेना ने डेपसांग समेत अपने संवेदनशील पूर्वी लद्दाख क्षेत्र के अधिकांश सीमावर्ती इलाकों में टी-72 और टी-90 टैंकों को भी तैनात किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच इस सप्ताह के अंत में फिर राजनयिक स्तर की वार्ता हो सकती है। इसके बाद कोर कमांडर स्तर की वार्ताओं का दौर चलेगा।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान...

संस्थान को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं हरीशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन की ओर से बताया गया कि इस मामले में आज सुनवाई होनी थी। परंतु, वादियों के अदालत में समय पर उपस्थित नहीं हो पाने के कारण अब 30 सितम्बर (बुधवार) को इस पर सुनवाई होगी। इस बीच, श्रीकृष्ण जन्मस्थान का मामला दायर होने के साथ ही जिला प्रशासन ने अदालत परिसर सहित श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर की भी सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी है। मथुरा के पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) आरके मिश्रा ने मीडिया को बताया, हमने श्रीकृष्ण जन्मस्थान एवं शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद कर दिया है। विशेष तौर पर मंदिर के प्रवेश द्वार पर कमाण्डोज के साथ डाग स्क्वायड भी तैनात किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर की सुरक्षा में पूरी सतर्कता बरती जा रही है और वहां आने वाले सभी दर्शनार्थियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## भारत में कोविड-19 ...

10 लाख के पार जाने में 59 दिन अधिक लगे थे। 21 दिनों में मामले 10 लाख से 20 लाख तक पहुंच गए, फिर 30 लाख पार होने में 16 और दिन लगे, फिर 13 दिन में ममाले 40 लाख के पार हो गए, 50 लाख का आँकड़ा पार करने में 11 और दिन लगे और फिर अगले 12 दिन में संक्रमण के मामले 60 लाख को पार कर गए। देश में हुई 1,039 नई मौतों में से 380 महाराष्ट्र में, 80 तमिलनाडु में, 79 कर्नाटक में, 77 उत्तर प्रदेश में, 60 पश्चिम बंगाल में और 50 पंजाब में हुई हैं। आंध्र प्रदेश में 45 और लोगों की बीमारी के कारण मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली में 42, छत्तीसगढ़ में 31, मध्य प्रदेश में 26 और केरल में 21 लोगों की मौत हुई है। असम में 17, हरियाणा में 16, राजस्थान में 15, ओडिशा में 14 और पुडुचेरी में 13 लोगों की मौत हो गई।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 29 सितम्बर, 2020



## साइ ने मीराबाई की अमेरिका में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने सोमवार को स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू की अमेरिका के कनसास मे दो महीने की ट्रेनिंग के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृत किए। एमओसी की आनलाइन बैठक के दौरान यह फैसला किया है।

## बार्यन म्यूनिख का 32 मैचों का अजेय क्रम टूटा

**डसेलडोर्फ।** चैम्पियंस लीग और सुपर कप की विजेता बायर्न म्यूनिख के 32 मैचों तक अपराजेय रहने का क्रम रविवार को बुंदेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में होफ्फेनहेम से 4-1 से हार के साथ टूट गया।बुंदेसलीगा की मौजूदा चैम्पियन टीम ने इस मुकाबले के तीन दिन पहले ही सुपर कप के 120 मिनट तक खेले गए फाइनल मे सेविला को 2-1 से हराया था और के खिलाडियों पर थकान का असर साफ दिख रहा था।

## डिंडा आगामी घरेलू सत्र में गोवा का प्रतिनिधित्व करेंगे

**मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा पिछले घरेलू सत्र में बंगाल से नजरअंदाज किए जाने के बाद आगामी सत्र में गोवा का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य की टीम मे मौका नही मिलने पर खुद को राजनीति का शिकार बताते हुए डिंडा ने पिछले साल घोषणा की थी कि वह बंगाल के लिए नही खेलेंगे। बंगाल 2019-2020 सत्र में रणजी ट्राफी का उपविजेता रहा था।

## लीसेस्टर ने मैनचेस्टर को हराया

**मैनचेस्टर।** जैमी वार्डी की हैट्रिक की मदद से लीसेस्टर ने मैनचेस्टर सिटी को 5-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वार्डी के आक्रामक खेल का सिटी के डिफेंडर कोई जवाब नही दे सके। लीसेस्टर के लिए चौथा गोल जेम्स मेडिसन ने किया जबकि यूरी टी ने पांचवां गोल दागा।

## युवेंटस ने रोमा से ड्रॉ खेला

**रोम।** नौ बार की गत चैम्पियन युवेंटस ने सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में रोमा से 2-2 से ड्रा खेला। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने युवेंटस के लिए दो गोल दागे जिसमें दूसरे हाफ में हेडर पर किया गया बराबरी का गोल शामिल है। युवेटा को दूसरे हाफ मे दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था।

## बार्सीलोना जीत,मेसी चमके

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड से जुड़े लुईस सुआरेज ने अपने पहले ही मैच में दो गोल किए जिसकी बदौलत उनकी टीम ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में ग्रेनाडा को 6-1 से हराया। बार्सीलोना से करार का नवीनीकरण नही होने के बाद सुआरेज ने रविवार को एटलेटिको के लिए पहला मैच खेला।

## उत्तराखंड ने फल्लाह और अब्दुल्ला को टीम से जोड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड ने महाराष्ट्र के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज समद फल्लाह और मुंबई तथा कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व स्पिनर इकबाल अब्दुल्ला के साथ आगामी घरेलू सत्र के लिए अनुबंध करके अपने बाहरी खिलाड़ियों का कोटा पूरा कर लिया।

# चैलेंजर्स ने इंडियन्स को सुपर ओवर में हराया


डिविलियर्स

### ● मुंबई के खिलाफ बैंगलोर ने 201 रन बनाए,मैच हुआ था टाई

**भाषा।** दुबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच से भरे मैच में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सुपर ओवर में हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई की टीम इसके जवाब में पांच विकेट पर 201 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक पहुंचाया। इससे पहले आरोन फिंच, देवदत्त पडिक्कल और एबी डिविलियर्स के अर्धशतकों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सोमवार को यहां तीन विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिंच (35 गेंदों पर 52 रन, सात चौके एक छक्का) और देवदत्त पडिक्कल (40 गेंदों पर 54 रन, पांच चौके, दो छक्के) ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़कर आरसीबी को सकारात्मक शुरुआत दी। इसके बाद डिविलियर्स ने 24 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 55 रन की लाजवाब पारी खेली। शिवम दुबे ने भी दो छक्कों की मदद से दस गेंदों पर नाबाद 27 रन का अमूल्य योगदान दिया। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 24 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन जेम्स पैटिनसन और जसप्रीत बुमराह अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाए।

पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाले आरसीबी की तरफ से फिंच ने शुरू में रन बनाने का जिम्मा उठाया। टीम ने पहले छह ओवरों में जो 59 रन बनाए उनमें से 40 रन इस आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के बल्ले से निकले थे। इस बीच रोहित ने फिंच का मुश्किल कैच छोड़ा, जिसका जश्न इस बल्लेबाज ने बोल्ट की अगली गेंद पर दर्शनीय छक्का लगाकर मनाया और फिर लेग स्पिनर राहुल चाहर के पहले ओवर में लगातार तीन चौके जमाए। वह चाहर के अगले ओवर में चौका जड़कर 32 गेंदों पर अर्धशतक तक पहुंचे, लेकिन बोल्ट की धीमी गेंद पर वह सही टाइमिंग से शॉट नहीं लगा पाए और आसान कैच दे बैठे। कप्तान विराट कोहली लगातार तीसरे मैच में नाकाम रहे। उन्होंने 11 गेंदों तक संघर्ष किया और केवल तीन रन बनाकर चाहर की गेंद पर कवर पर खड़े रोहित शर्मा को कैच का अभ्यास कराया। कोहली ने तीन मैचों में केवल 18 रन बनाए हैं। कोहली जब क्रीज पर रहे तो रन गति भी धीमी पड़ी। पडिक्कल ने ऐसे में पैटिनसन पर लगातार दो छक्के लगाए और फिर कीरोन पोलार्ड पर चौका जड़कर टूर्नामेंट का अपना दूसरा पचासा पूरा किया। बोल्ट की धीमी गेंद पर पोलार्ड ने सीमा रेखा पर पडिक्क्ल का शानदार कैच लिया लेकिन इस बीच डिविलियर्स अपने रंग में आ चुके थे। डिविलियर्स ने बुमराह के एक ओवर में दो छक्कों और चौके की मदद से 18 रन बटोरे। उन्होंने बोल्ट की गेंद भी गगनदाई छक्के के लिए भेजी और फिर बुमराह के अगले ओवर में 90 मीटर दूर गए छक्के से अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोर

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः** देवदत्त पडिक्कल का पोलार्ड बो बोल्ट 54,आरोन फिंच का पोलार्ड बो बोल्ट 52,विराट कोहली का रोहित बो चाहर 03,एबी डिविलियर्स नाबाद 55 ,शिवम दुबे नाबाद 27,**अतिरिक्त** (लेग बाई 07, वाइड 03) 10,**कुल** (20 ओवर में, तीन विकेट पर) 201,**विकेट पतन** :1-81, 2-92, 3-154,**गेंदबाजीः** बोल्ट 4-0-34-2,पैटिनसन 4-0-51-0,चाहर 4-0-31-1,बुमराह 4-0-42-0,क्रुणाल पंड्या 3-0-23-0, पोलार्ड1-0-13-0

## इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला भारतीय सरजमीं पर खेलना चाहते हैं : गांगुली



**भाषा।** कोलकाता

### भारत के लिए लगभग 500 मैच खेला हूं, कोहली किसी भी खिलाड़ी से बात कर सकता हूं

**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर से बात करने को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली पर हितों के टकराव का आरोप लगा जिस पर इस पूर्व कप्तान ने कहा कि उन्होने देश के लिए लगभग 500 मैच खेले है जो उन्हे किसी भी खिलाड़ी से बात करने और मार्गदर्शन करने का अधिकार देता है, अब चाहे वो श्रेयस अय्यर हो या विराट कोहली। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक साक्षात्कार में टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और गांगुली (2019 में टीम के मेंटोर) के योगदान के बारे में बताया था जिसने उन्हें सफल खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर निखरने में मदद की।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी से उपजी परिस्थितियों के बाद भी बोर्ड यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी कोशिश करेगा कि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का आयोजन भारत में ही हो। उन्होंने उम्मीद जताई घरेलू टूर्नामेंटों को भी किसी समय शुरू किया जा सकेगा। भारत में कोरोना वायरस के मामले 60 लाख को पार गए है जिसमें से 95,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इंग्लैंड को अगले साल जनवरी और मार्च के बीच पांच टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत का दौरा करना है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में यूएई में इंग्लैड के खिलाफ श्रृंखला आयोजित करने के विकल्प के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमारी प्राथमिकता यही है कि यह (इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला) भारत में हो। हम इसे भारतीय मैदानों पर करने की कोशिश करेंगे। यूएई में यह फायदा है कि वहां तीन स्टेडियम हैं (अबू धाबी, शारजाह और दुबई)। बीसीसीआई ने हाल ही में अमीरात क्रिकेट बोर्ड से वहां मैच करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। मुंबई में भी हमारे पास ऐसी सुविधा है जहां सीसीआई, वानखेड़े और डीवाई पाटिल स्टेडियम है। हमारे पास ईडन गार्डन भी है। हमें एक बायो बबल (जैव-सुरक्षित माहौल) बनाना होगा। हम अपनी क्रिकेट भारत में ही खेलना चाहते है। लेकिन हम कोरोना वायरस की स्थिति पर भी निगरानी रखे हुए हैं। पिछले छह महीने हर काम के लिए मुश्किल रहे हैं। आप चाहते हैं कि आपके यहां क्रिकेट का आयोजन हो। आप चाहते हैं कि जीवन वापस सामान्य हो जाए, इसमें खिलाड़ी भी शामिल हैं। लेकिन आप यह भी चाहते हैं कि कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जाएं। बीसीसीआई ने 2019-20 में पुरुषों और महिलओं के 2036 घरेलू मैचों का आयोजन किया। अगर चीजें सामान्य रहती तो रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, अंडर -23 सीके नायडू ट्रॉफी, विजय हजारे, देवधर ट्रॉफी, और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंटों को आयोजन हो रहा होता। हम स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं। हम अपना घरेलू सत्र शुरू करना चाहते हैं। हमारे दिमाग में सभी तरह के संयोजन, स्थितियां हैं। हम इसके लिए कोशिश करेंगे और जितना हो सके उतना करेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग में पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने उम्मीद जताई कि यह करिश्माई खिलाफी चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए अच्छा करेगा।

## बांग्लादेश का श्रीलंका दौरा एक बार फिर स्थगित

**ढाका।** बांग्लादेश का श्रीलंका दौरा एक बार फिर रद्द कर दिया गया है क्योंकि दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड कोविड-19 महामारी को देखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों के तहत 14 दिनों के अनिवार्य पृथकवास पर राजी नहीं हुए हैं।बांग्लादेश को पहले तीन टेस्ट मैचों के लिए जुलाई-अगस्त में श्रीलंका का दौरा करना था लेकिन वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण इसे टाल दिया गया।

## आईसीसी को दो डिजीटल कार्यो के लिए पुरस्कार


**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उसकी दो डिजीटल पहल के लिए लीडर्स इन स्पोर्ट्स अवार्ड 2019 से पुरस्कृत किया गया। आईसीसी को आस्ट्रेलिया में खेले गए महिला टी20 विश्व कप की कवरेज और विंबलडन के सहयोग से तैयार किए गए वनडे इन जुलाई नामक वीडियो के लिए पुरस्कार दिया गया। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने कहा, हम अपने दो प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित लीडर्स इन स्पोर्ट्स अवार्ड पाकर खुश हैं और इससे पता चलता है कि क्रिकेट दुनिया से कैसे जुड़ा है।

# सेरेना व थीम फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**भाषा।** पेरिस

अमेरिका की स्टार खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने पहले सेट में जूझने के बाद वापसी करते हुए क्रिस्टी आन को सीधे सेटों में हराकर सोमवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि तीसरे वरीय डोमीनिक थीम पुरुष एकल में जीत दर्ज करने में सफल रहे। छठी वरीय सेरेना ने क्रिस्टी को 7-6, 6-0 से हराया।

सेरेना 40-0 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रहीं थी लेकिन क्रिस्टी ने तीन मैच प्वाइंट बचाए। ऐस लगाकर सेरेना ने चौथा मैच प्वाइंट हासिल किया लेकिन इसके बाद शॉट नेट पर मार दिया। सेरेना ने ब्रेक प्वाइंट बचाया और फिर ऐस के साथ अमेरिका की अपनी हमवतन क्रिस्टी को बाहर का रास्ता दिखाया। क्रिस्टी पहले सेट में एक समय 3-1 और फिर 4-2 से आगे थी लेकिन सेरेना के अनुभव के आगे उन्हें घुटने टेकने पड़े। तीन बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन 39 साल की सेरेना मारग्रेट कोर्ट के रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी करने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। वह


सेरेना


क्वितोवा

अगले दौर में बुल्गारिया की वाइल्ड कार्ड धारक स्वेताना पिरोनकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने जर्मनी की एंड्रिया पेटकोविच को 6-3, 6-3 से हराया। पुरुष एकल में अमेरिकी ओपन चैंपियन थीम ने पहले दौर में पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। दो हफ्ते पहले फ्लशिंग मिडोज पर अपना पहला मेजर टूर्नामेंट जीतने वाले आस्ट्रिया के तीसरे वरीय थीम इस बार रोलां गैरो पर प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। वह पिछले दो फाइनल में रफेल नडाल के खिलाफ हार चुके हैं। थीम ने कड़कड़ाती ठंड के बीच क्रोएशिया के खिलाड़ी की सर्विस छह बार तोड़ी। वह अगले दौर में अमेरिका के क्वालीफायर जैक सॉक से भिड़ेंगे जिन्होंने रेली ओपेल्का को 6-4, 6-4, 6-3 से हराया। चौदहवें वरीय इटली के फाबियो फोगनीनी और 19वें वरीय फेलिक्स आगर एलियासिम को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। फोगनीनी को मिखाइल कुकुशकिन ने 7-5, 3-6, 7-6, 6-0 से हराया जबकि फेलिक्स को जापान के योशिहितो निशिओका ने सीधे सेटों में 7-5, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की सातवीं वरीय पेत्रा क्वितोवा ने सीधे सेटों में ओसिएन डोडिन को हराया।

## मैं जिसका हकदार था, मुझे वह नहीं मिला लेकिन इसका मलाल नहींः मिश्रा

**अबुधाबी।** दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी गेंदबाज अमित मिश्रा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जैसी सफलता हासिल की वैसे भारतीय टीम के साथ उनका करियर कभी परवान नहीं चढ़ा लेकिन इस लेग स्पिनर ने इस बारे में सोचना छोड़ दिया है।मिश्रा ने आईपीएल में 148 मैचों में 157 विकेट लिए है और वह इस लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में लसित मलिंगा के बाद दूसरे स्थान पर हैं। मुझे नहीं पता कि मैं दूसरे से कमतर हूँ या नहीं।

## तेवतिया का प्रदर्शन लाजवाब : स्मिथ

**शारजाह।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने राहुल तेवतिया की एक ओवर में पांच छक्कों से सजी तूफानी पारी की जमकर प्रशंसा करते हुए किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ दर्ज की गई रिकार्ड जीत को विशेष करार दिया। स्मिथ ने कहा, यह जीत विशेष है। क्या ऐसा नहीं है। तेवतिया का कोटरेल के खिलाफ दिखाया गया प्रदर्शन लाजवाब था।

## सनराइजर्स के खिलाफ दिल्ली की नजरें लय बरकरार रखने पर

**अबुधाबी।** लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। डेविड वार्नर की अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद टूर्नामेंट की इकलौती टीम है जिसे पहली जीत का इंतजार है। दिल्ली कैपिटल्स ने शुरूआती दोनों मैचों में शानदार जज्बा दिखाया और हौसला बढ़ाने वाली जीत दर्ज की है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने किंग्स इलेवन पंजाब को सुपर ओवर तक चले मैच में हराने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को आसानी मात दी। टीम तालिका में शीर्ष पर है। सनराइजर्स की कोशिश इस मैच से टूर्नामेंट में वापसी करने की होगी। सत्र की शुरूआती मुकाबले में जॉनी बेयरस्टॉ (61) और मनीष पांडे (34) की पारी से बेहतर स्थिति में होने के बाद भी टीम 164 रन के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ दूसरे मैच में भी टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। इस मुकाबले में रिधिमान साहा की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना हुई।

# एमएसपी पर 48 घंटे में 10.53 करोड़ रुपए की धान खरीद, सभी राज्यों में धान खरीद शुरूः सरकार

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध के बीच सरकार ने सोमवार को धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंडों के मुताबिक पिछले 48 घंटे में 10.53 करोड़ रुपए के धान की एमएसपी पर खरीद की गई। सरकारी धान खरीद के इन आंकड़ों को जारी कर सरकार यह संदेश देना चाहती है कि एमएसपी खत्म करने का उसका कोई इरादा नहीं है और यह पहले की तरह जारी रहेगी। सरकार ने न केवल धान खरीद के लिए व्यवस्था की है बल्कि इस साल उसने दाल और तिलहनों की खरीद के लिए भी पूरी व्यवस्था की है। पंजाब और हरियाणा तथा कई अन्य राज्यों में किसान नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे खरीद का पूरा काम कंपनियों के हवाले हो जाएगा और एमएसपी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने कहा, हरियाणा और पंजाब के किसानों से 27 सितंबर तक 1,868 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी पर 5,637 टन धान की खरीद की गई है। शेष राज्यों में धान की खरीद आज से शुरू हो गई है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि हरियाणा और पंजाब के 390 किसानों से 10.53 करोड़ रुपए का धान पिछले 48 घंटे में खरीदा गया है। धान खरीद का काम 26 सितंबर से शुरू हुआ है। यह खरीद विपणन सत्र 2020-21 के तहत की जा रही है।

## आरबीआई ने सीमांत स्थाई सुविधा के तहत बैंकों के लिए बढ़ी हुई कर्ज सीमा 31 मार्च तक के लिए बढ़ाई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नकदी की कमी को पूरा करने के लिए बैंकों के लिए बढ़ी हुई कर्ज सुविधा की समयावधि छह महीने के लिए बढ़ा दी है। कोरोना वायरस महामारी और लॉकडउन के कारण मौजूदा आर्थिक संकट के बीच यह कदम उठाया गया है। आरबीआई ने बैंकों में नकदी बढ़ाने को लेकर अस्थाई उपाय के तहत कदम उठाया था। इसके अंतर्गत 27 मार्च, 2020 से अनुसूचित बैंकों के लिए सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) के तहत कर्ज सीमा उनकी शुद्ध मांग और समय देनदारी (एनडीटीएल) के तहत 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर दी गई थी।

## सरकार ने कंपनियों को दी राहत, कई योजनाओं की समयसीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस की वजह से पैदा अड़चनों के बीच कंपनियों को राहत देते हुए सरकार ने कई योजनाओं की अवधि बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कंपनीज फ्रेश स्टार्ट स्कीम तथा एलएलपी निपटान योजना की अवधि बढ़ा दी है। इसके अलावा कंपनियों को असाधारण आम बैठक (ईजीएम) और बोर्ड बैठक इस साल के अंत तक वीडियो कॉन्फ्रेंस या इसी तरह के अन्य माध्यमों से करने की अनुमति दी है। इसके साथ ही कंपनी कानून, 2013 के तहत शुल्क के सृजन या संशोधन से संबंधित फॉर्म जमा कराने की समयसीमा में भी छूट दी गई है। स्वतंत्र निदेशकों के लिए डेटा बैंक पर खुद का पंजीकरण कराने के समय को भी बढ़ाया गया है। पहले ए सभी समय सीमाएं 30 सितंबर को समाप्त हो रही थीं।

# बाजार चढ़ा, वित्तीय, ऑटो शेयरों ने तेजी की अगुवाई की

**भाषा।** मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पूंजी समर्थन दिए जाने और अर्थव्यवस्था के लिए राहत उपायों की उम्मीद में वित्तीय शेयरों में जोरदार लिवाली के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को 1.6 प्रतिशत तक चढ़ गए।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.97 अंक या 1.59 प्रतिशत बढ़कर 37,981.63 पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के अंत में एनएसई निफ्टी 177.30 अंक या 1.60 प्रतिशत बढ़कर 11,227.55 पर पहुंच गया। सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन तेजी हुई। सेंसेक्स में सबसे अधिक आठ प्रतिशत की तेजी इंडसइंड बैंक में देखने को मिली। बढ़त के लिहाज से इसके बाद बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा




और एमएंडएम रहे। दूसरी ओर एचयूएल, इंफोसिस और नेस्ले लाल निशान में बंद हुए। बीएसई पावर, बैंकेक्स, ऑटो, रियल्टी, यूटिलिटी, फाइनेंस और मेटल सहित सभी क्षेत्रवार सूचकांक 3.40 प्रतिशत तक की तेजी के साथ बंद हुए। इस दौरान मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में 2.68 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि प्रमुख सूचकांक भारी तेजी के साथ बंद हुए, जिसकी अगुवाई वित्तीय शेयरों ने की और उनका साथ ऑटो और फार्मा ने दिया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों प्रोत्साहन पैकेज दिए जाने की उम्मीद के चलते इन शेयरों में लिवाली की गई।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक संकेत भी सकारात्मक थे और चीन के औद्योगिक मुनाफे के आंकड़ों ने सुधार की धारणा को बल दिया। उन्होंने कहा कि बाजार इस ने उम्मीद पर भी दाव लगाया कि सरकार अर्थव्यवस्था के लिए ताजा राहत उपायों की घोषणा कर सकती है।कारोबारियों के अनुसार अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाली बहस से पहले वैश्विक बाजारों में खरीदारी के रुख के चलते घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी रही। इसबीच हांगकांग, टोक्यो और सियोल के बाजार बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाई लाल रंग में था। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42.12 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे गिरकर 73.79 के स्तर पर बंद हुआ।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे टूटकर 73.79 पर बंद

**मुंबई।** नरमी के रुख के साथ खुला रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर बंद हुआ। कारोबार की समाप्ति पर यह 73.79 रुपए प्रति डॉलर पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को कारोबार की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटकर 73.64 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपए ने 73.53 के उच्चतम और 73.86 के निम्नतम स्तर को छुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अंत में यह 18 पैसे टूटकर 73.79 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 73.61 पर रहा था।

## सोना 194 रुपए गिरा, चांदी भी 933 रुपए टूटी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं के भाव कमजोर पड़ने से स्थानीय सर्राफा बाजार में भी सोने का भाव 194 रुपए गिरकर 50,449 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी दिन सोने का बंद भाव 50,643 रुपए प्रति दस ग्राम रहा था। चांदी के भाव में भी 933 रुपए की गिरावट रही। विदेशों में गिरावट के बाद यहां भी चांदी 933 रुपए गिरकर 59,274 रुपए किलो के भाव पर आ गई। इससे पिछले दिन इसका बंद भाव 60,207 रुपए प्रति किलो रहा था।

## आरबीआई ने कोरम पूरा न होने के कारण मौद्रिक नीति समिति की बैठक को टाला



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने इस सप्ताह होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक को टालने का फैसला किया है और नई तारीखों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। केंद्रीय बैंक ने स्वतंत्र सदस्यों की नियुक्ति में देरी के चलते कोरम पूरा न हो पाने की स्थिति के मद्देनजर बैठक को टाला है। एमपीसी मुख्य रूप से ब्याज दरों पर फैसला करती है। आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा मंगलवार से शुरू होनी थी, जो तीन दिनों तक चलती। इस दौरान मुख्य रूप से ब्याज दरों पर फैसला किया जाना था। आरबीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 29 सितंबर, 30 और एक अक्टूबर, 2020 के दौरान एमपीसी की बैठक होनी थी, जिसे अब टाला जा रहा है। एमपीसी की बैठक की तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। आरबीआई अधिनियम के अनुसार एमपीसी के बाहरी सदस्यों का कार्यकाल चार वर्ष का होता है। सरकार ने 2016 में ब्याज दरों को निर्धारित करने की जिम्मेदारी गवर्नर से लेकर छह सदस्ईय एमपीसी को सौंपी थी। आरपीआई गवर्नर की अगुवाई वाली इस समिति में आधे व्यक्ति बाहरी स्वतंत्र सदस्य होते हैं।

## वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 11 प्रतिशत का संकुचन होगाः इक्रा

**मुंबई।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को देश के जीडीपी अनुमानों को आगे और घटाते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में 11 प्रतिशत तक संकुचन हो सकता है। रेटिंग एजेंसी इससे इससे पहले 9.5 प्रतिशत संकुचन का अनुमान जताया था। इक्रा ने अपने अनुमानों को संशोधित करते हुए कहा कि देश में कोविड-19 संक्रमण की दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए वृद्धि के आधिकारिक आंकड़े आने के बाद कुछ विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 14 प्रतिशत तक संकुचन की बात कही है। पहली तिमाही में जीडीपी में 23.9 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

## आईएनएस विराट को भावपूर्ण विदाई, तोड़ने का काम शुरू होगा

**अलंग ( गुजरात )।** गुजरात के अलंग के लिए सोमवार यानी 28 सितंबर का दिन काफी भावनात्मक और यादगार रहेगा। दुनिया में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले युद्धपोत आईएनएस विराट को तोड़ने का काम यहां शुरू होने जा रहा है। भारतीय नौसेना ने तीन साल पहले इस युद्धपोत को सेवानिवृत्त कर दिया था। सेंटॉर-श्रेणी के इस विमानवाहक पोत ने करीब 30 साल तक भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं दीं। इसके नाम सबसे अधिक सेवा देने वाले युद्धपोत का गिनीज बुक में रिकॉर्ड है।

## अति पिछड़े जिलों की रैंकिंग के लिए संकेतकों को दुरूस्त कर रहा है नीति आयोगः कांत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने सोमवार को कहा कि सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत हर महीने 112 सर्वाधिक पिछड़े जिलों की रैंकिंग में उपयोग किए जा रहे संकेतकों को दुरूस्त कर रहा है। कांत ने कहा, हम उन संकेतकों को बेहतर परिणाम के लिए दुरूस्त कर रहे हैं जिनके आधार पर नीति आयोग 112 पिछड़े जिलों की रैंकिंग करता है... कुछ संकेतकों को हटाने की जरूरत है।

## ईपीएफओ सेवाओं का लाभ पाने में उमंग ऐप है कर्मचारियों की पसंद

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) अंशधारकों के बीच विशेषतौर से कोविड- 19 महामारी के दौरान उमंग मोबाइल ऐप काफी लोकप्रिय है। मंत्रालय ने कहा है कि अगस्त 2019 के बाद से एप पर 47.3 करोड़ हिट हुए है जिसमें से 41.6 करोड़ यानी 88 प्रतिशत हिट केवल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सेवाओ को लेकर हुए है। श्रम मंत्रालय द्वारा जारी एक वक्तव्य में कहा गया है, दि यूनिफाइड मोबाइल एप्लीकेशन फार न्यू-एज गवर्नेंस (उमंग) ईपीएफ अंशधारकों के बीच काफी पसंद किया गया है।

## अपनी ही पीठ के फैसले पर पुनर्विचार कर सकता है एनसीएलएटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) अपनी पांच सदस्ईय पीठ के फैसले पर पुनर्विचार कर सका है। यह मामला दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की समयसीमा पर निर्णय करने के लिए कंपनी के बही खाते मे शामिल ऋण की प्रविष्टियो की स्वीकार्यता से संबंधित है। मुद्दा यह है कि क्या बही खाते में डाली गई प्रविष्टियो को तीन साल की सीमा की गणना के लिए ऋण की स्वीकृति के रूप में लिया जा सकता है। क्या यह लिमिटेशन कानून, 1963 की धारा 18 के तहत मान्य है।

## आरबीआई ने निदेशकों की तीन सदस्ईय समिति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कर्ज में फंसी लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) के दैनिक कामकाज को देखने के लिए निदेशकों की तीन सदस्ईय समिति (सीओडी) के गठन की मंजूरी दे दी है। शेयरधारकों द्वारा बैंक के सातों निदेशकों को बर्खास्त किए जाने के बाद आरबीआई ने यह कदम उठाया है। बैंक ने सोमवार को एक बयान में कहा कि निदेशकों की समिति अंतरिम तौर पर प्रबंध निदेशक और सीईओ की विवेकाधीन शक्तियों का उपयोग करेगी।

# राष्ट्रपति पद के लिए आज होगी आधिकारिक बहस

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के लिए पहली आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) 29 सितम्बर को होगी।



अमेरिका में तीन नवम्बर को होने वाले चुनाव से पहले ट्रम्प और बाइडेन के बीच तीन बार इस तरह की बहस होगी।फॉक्स न्यूज के मशहूर एंकर क्रिस वालास पहली बहस का संचालन करेंगे। सी-स्पैन नेटवर्क्स के स्टीव स्कली 15 अक्टूबर को मियामी (फ्लोरिडा) में होने वाली दूसरी बहस और एनबीसी न्यूज की क्रिस्टन वेलकर 20 अक्टूबर को नैशविले (टेनेसी) में तीसरी बहस का संचालन करेंगी।उप राष्ट्रपति माइक पेंस (61) और उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस (55) के बीच सात अक्टूबर को उटा के सॉल्ट लेक में उप राष्ट्रपति पद के लिए की बहस होगी। यूएसए टूडे की पत्रकार सुसन पेज इसका संचालन करेंगी।

सभी चार बहस कमिशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट्स (सीबीडी) द्वारा आयोजित की जा रही हैं। ए बहस 90 मिनट की होंगी। अगस्त में, सीपीडी ने राष्ट्रपति पद के लिए सितम्बर की शुरुआत में बहस का आयोजन कराने के ट्रम्प अभियान दल के अनुरोध को ठुकरा दिया था।वहीं ट्रम्प ने रविवार को पत्रकारों से कहा था कि न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिलियानी उन्हें बहस के लिए तैयारी करने में मदद कर रहे हैं। इससे पहले दिन में ट्रम्प ने ट्वीट कर बहस से पहले बाइडेन के ड्रग टेस्ट कराने की मांग की थी।उन्होंने ट्वीट किया था, मैं बहस से पहले या बाद में जो बाइडेन के ड्रग टेस्ट कराने की मांग करता हूं। मैं भी यकीनन यह कराने को तैयार हूं। बहस में उनका प्रदर्शन हमेशा असमान रहा है। केवल ड्रग ही इन विसंगतियों का कारण हो सकते हैं।

संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में ट्रम्प ने एक बार फिर बाइडेन के बहस से पहले ड्रग टेस्ट कराने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि वह भी इसे कराएंगे।

ट्रम्प ने कहा, मैं ड्रग टेस्ट कराने को तैयार हूं। मुझे लगता है कि उन्हें भी कराना चाहिए... वह काफी असंगत रहे हैं... आपको पता है मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। अगर आपने वे कुछ बहस देखीं होगी तो, मैं कहूंगा कि ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह जारी रखा जा सके। वह इसे जारी नहीं रख सकते।

बाइडेन ने अभी तक ट्रम्प की इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है। इस बीच, कांग्रेस के 70 से अधिक सदस्यों ने सीपीडी को पत्र लिख जलवायु परिवर्तन को बहस का विषय बनाने की अपील की है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए पहली बार 26 सितम्बर 1960 को बहस हुई थी।

## न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा, ट्रंप ने 2016, 2017 में आयकर के तौर पर 750 डॉलर का भुगतान किया

### ट्रंप ने फेक न्यूज बताकर किया खारिज

भाषा। वाशिंगटन

**मीडिया में** आई एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस वर्ष राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हुए और उसके बाद व्हाइट हाउस में अपने पहले वर्ष के दौरान उन्होंने संघीय आयकर के तौर पर महज 750 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया। खबर में यह भी दावा किया गया कि उन्होंने और उनकी कंपनियों ने भारत में 2017 के दौरान।,45,400 अमेरिकी डॉलर की रकम कर के रूप में चुकाई। ट्रंप 2016 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर शामिल हुए थे और उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन पर चौंकाने वाली जीत हासिल की थी। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, डोनाल्ड जे ट्रंप ने जिस वर्ष राष्ट्रपति चुनाव जीता उस वर्ष 750 अमेरिकी डॉलर संघीय आयकर के तौर पर अदा किए। व्हाइट हाउस में अपने कार्यकाल के पहले वर्ष के दौरान उन्होंने 750 अमेरिकी डॉलर और आयकर के तौर पर चुकाए। अखबार ने उनके बीते 20 सालों के कर भुगतान के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद यह जानकारी दी।

यह खुलासा उस अहम मौके से ठीक पहले हुआ है जब मंगलवार को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच बहस (प्रेसीडेंशियल डिबेट) होनी है और कुछ हफ्तों बाद ही तीन नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक जो बाइडेन के साथ उनका निर्णायक मुकाबला होना है। खबर में कहा गया कि ट्रंप ने पिछले 15 वर्षों में से 10 वर्षों तक कोई आयकर अदा नहीं किया क्योंकि ट्रंप ने दिखाया कि इस दौरान कमाई से कहीं ज्यादा उन्हें नुकसान हुआ था। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने इस खबर को फेक न्यूज (गलत खबर) बताकर खारिज किया था। कानून के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी व्यक्तिगत आय का विवरण जारी करने की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन रिचर्ड निक्सन के बाद से सभी ने इसे सार्वजनिक किया है। अपने आयकर भुगतान को बेहद गोपनीय रखने वाले ट्रंप आधुनिक समय में एकमात्र राष्ट्रपति हैं जो इन्हें सार्वजनिक नहीं करते।ट्रंप ने वास्तव में उनके आयकर रिटर्न की जानकारी चाहने वालों को अदालत में चुनौती दी थी, इनमें अमेरिकी सदन भी शामिल है जो संसदीय निगरानी के हिस्से के तौर पर ट्रंप के आयकर रिटर्न से जुड़ी जानकारी चाहता था। न्यूयॉर्क टाइम्स की अन्वेषणात्मक खबर के मुताबिक ट्रंप ने कर संबंधी विवरण को गोपनीय रखने के लिए काफी लंबी लड़ाई लड़ी है जो उनके पूर्व में अमेरिकी जनता के समक्ष दिए उस बयान से मूल रूप से अलग है जिसमें उन्होंने विवरण देने की बात कही थी।



बार्सिलोना में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं मेडिकल छात्राएं

## पाकिस्तान के नेता प्रतिपक्ष शहबाज शरीफ धनशोधन के मामले में गिरफ्तार



भाषा। लाहौर

**सात** अरब रुपए के धनशोधन मामले में लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने पर पाकिस्तान के नेता प्रतिपक्ष एवं पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री इमरान खान के इस्तीफे की मांग को लेकर अगले महीने पीएमएल-एन के निर्धारित प्रदर्शनों से ठीक पहले हुआ है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज को अदालत परिसर से गिरफ्तार किया गया, जहां सुनवाई से पहले बड़ी संख्या में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कार्यकर्ता एकत्र हो गए।

शहबाज को भ्रष्टाचार रोधी इकाई राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अधिकारी लाहौर हिरासत केंद्र ले गए। उन्हें रिमांड के लिए जवाबदेही अदालत में पेश किया जाएगा। सरदार अहमद नईम की अध्यक्षता वाली लाहौर उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने एनएबी की टीम और शहबाज के वकीलों की दलील सुनने के बाद शहबाज की जमानत याचिका खारिज कर दी। इमरान खान सरकार ने पिछले सप्ताह 69 वर्षीय शहबाज और उनके परिवार के खिलाफ धनशोधन का मामला दायर किया था। शहबाज शरीफ 2008 से 2018 तक पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री थे। प्रधानमंत्री के आंतरिक और जवाबदेही मामलों के सलाहकार शहजाद अकबर ने 23 सितंबर को आरोप लगाया था कि शहबाज और उनके बेटों- हमजा तथा सलमान ने फर्जी खातों के जरिए धनशोधन को अंजाम दिया।

अकबर ने कहा कि वित्तीय निगरानी इकाई ने शहबाज के परिवार के 177 संदिग्ध लेन-देन का पता लगाया था, जिसके बाद एनएबी ने जांच शुरू कर दी। उन्होंने शहबाज और हमजा पर पार्टी के टिकट के बदले रिश्वत लेने तथा अपनी पसंद के लोगों को परियोजनाएं देने का आरोप लगाया। अकबर ने आरोप लगाया कि शहबाज और उनके बच्चों के स्वामित्व वाली कंपनियों के कर्मियों के जरिए करोड़ों रुपए का धनशोधन किया गया। शहबाज ने अपनी गिरफ्तारी से पहले मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान उन्हें गिरफ्तार कराना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, यह इमरान खान और एनएबी का नापाक गठबंधन है, जो मुझे सलाखों के पीछे भेजना चाहता है। उनकी गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीएमएल-एन की प्रवक्ता मरयम नवाज ने कहा कि शहबाज को केवल इसलिए गिरफ्तार किया गया है क्योंकि उन्होंने अपने बड़े भाई को नहीं छोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उत्पीड़न कर रही है।

## क्विक न्यूज


### पड़ोसी देशों के साथ चल रहे विवादों के बीच चीन ने दक्षिण चीन सागर में अभ्यास किया

**बीजिंग।** चीन अपने दक्षिणपूर्वी एशियाई पड़ोसी देशों तथा अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण चीन सागर में सैन्य अभ्यास कर रहा है। समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने रविवार से शुरू होकर सोमवार तक चलने वाले सैन्य अभ्यास के बारे मे जानकारी दी और अभ्यास स्थल के इर्दगिर्द के समुद्री इलाके को बंद करने की घोषणा की।चीन यहां नियमित तौर पर अभ्यास करता रहा है। इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में चीन के जंगी विमान दक्षिण चीन सागर के उत्तरी हिस्से मे ताईवान के हवाई क्षेत्र मे दाखिल हुए थे।

### मेक्सिको के बार में गोलीबारी, 11 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** गुआनाजुआटो के एक बार मे रविवार को एक बंदूकधारी ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में चार महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गई।सरकारी अभियोजकों ने कहा कि जराल डेल प्रोग्रेसो शहर के निकट स्थित बार मे गोलियों से छलनी शव मिले। यह इलाका मिकोआकैन राज्य की सीमा के निकट है और यही जालिस्को गिरोह के लिए घुसपैठ का स्थल है जो गुआनाजुआटो मे आना चाहता है।स्थानीय मीडिया मे आई खबरों के मुताबिक मृतकों मे जो चार महिलाएं है वो संभवतः बार मे काम करती थी। इस हमले के पीछे का कारण पता नही चल पाया है हालांकि इसे अंजाम देने के पीछे मादक पदार्थ से जुड़े गिरोहो का हाथ होने के संकेत मिले है।

### ऑस्ट्रेलिया में जेल से रिहा होने के बाद वेटिकन लौट रहे कार्डिनल पेल



**कैनबरा।** पोप फ्रांसिस के पूर्व वित्त मंत्री एवं कार्डिनल जॉर्ज पेल ऑस्ट्रेलिया में बाल उत्पीड़न के मामले में बरी होने के बाद पहली बार वेटिकन पहुंचेंगे। हेराल्ड सन अखबार के मुताबिक पेल मंगलवार को हवाई मार्ग से रोम आएंगे। पिछले हफ्ते पोप फ्रांसिस ने कार्डिनल के एक प्रमुख शक्तिशाली विरोधी कार्डिनल एंजेलो बेसियू को वितीय गड़बड़ी के आरोप के बाद हटा दिया था।पेल वेटिकन मे वरीयता क्रम मे तीसरे शीर्ष अधिकारी माने जाते है। वह वेटिकन में वित्तीय अव्यवस्थाओं को ठीक करने के प्रयास कर रहे थे। उसी दौरान, 2017 में वह अपने मूल स्थान ऑस्ट्रेलिया लौटे ताकि बाल यौन उत्पीड़न के दशकों पुराने आरोपो का सामना कर सकें। उन्हे इन आरोपो का दोषी माना गया। वह 13 महीने जेल में रहे। पेल को अप्रैल में ऑस्ट्रेलियाई हाईकोर्ट ने 1990 के दशक के इन बाल यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी कर दिया। जेल से छूटने के बाद अपने पहले टेलीविजन साक्षात्कार में पेल ने कहा कि वेटिकन में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संबंध ऑस्ट्रेलिया मे उनके खिलाफ चले अभियोजन से है। हालांकि उन्होने यह भी कहा कि इसका उनके पास कोई सबूत नही है।

### नीदरलैंड में गांधी जयंती के अवसर पर फॉलो द महात्मा अभियान

**दि हेग (एपी)।** नीदरलैंड मे स्कूली बच्चो को अहिंसा का पाठ पढ़ाने और दो अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने के लिए फॉलो द महात्मा सहित कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, दो अक्टूबर को दि हेग स्थित भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित ऑनलाइन सभा मे बड़ी संख्या मे लोग हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टिचीग स्टैंडब्लीड महात्मा गांधी के तत्वाधान मे किया गया है। देश के न्याय एवं सुरक्षा मंत्री फर्डिनेंड ग्रैपरहॉस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। भारतीय दूतावास द्वारा बयान के अनुसार, कार्यक्रम को द हेग शहर के मेयर जैन वान जानेन, नीदरलैंड में भारत के राजदूत वेणु राजामोनी, नीदरलैंड मे अफ्गानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के राजदूत और भारत मे नीदरलैंड के पूर्व राजदूत एरिक निहे भी संबोधित करेंगे। बयान के अनुसार, फॉलो द महात्मा अभियान का लक्ष्य स्कूली बच्चों तक महात्मा गांधी का अहिंसा का संदेश पहुंचाना है। इसका आयोजन दूतावास और गांधी अहिंसा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान मे किया जा रहा है। बयान के अनुसार, 13 स्कूलों के करीब 200 छात्रों से स्वयंसेवक इस सिलसिले मे भेंट करेंगे। दूतावास के बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की 150वी जयंती के अवसर पर पिछले दो साल से चल रहे कार्यक्रमो का समापन होगा।

## नेपाल में तेजाब हमले के दोषियों को होगी अब 20 साल तक की कैद

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** सरकार ने सोमवार को एक नया कानून लागू किया जिसमें तेजाब हमला करने वालों के लिए 20 साल तक की कैद तथा एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने तेजाब तथा अन्य खतरनाक रसायनों की बिक्री और इस्तेमाल के नियमन के लिए एक अध्यादेश जारी किया।

देश में तेजाब हमले बढ़ रहे हैं और दोषियों को कड़ी सजा देने के लिए यह अध्यादेश लाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नए कानून में तेजाब हमला करने के दोषियों के लिए 20 साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस कानून के प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति लाइसेंस प्राप्त किए बिना तेजाब बेचने का काम नहीं कर पाएगा।

## आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ाई जारी

एपी। एरेवान (आर्मीनिया)



**आर्मीनिया** और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र नागोरनो-काराबाख को लेकर एक दिन पहले शुरू हुई लड़ाई सोमवार को भी जारी रही। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घातक हमले करने का आरोप लगाया है। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि आर्मीनियाई बलों ने सोमवार सुबह टारटार शहर पर गोलाबारी शुरू कर दी।

वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने कहा कि लड़ाई रातभर जारी रही और अजरबैजान ने सुबह के समय घातक हमले शुरू कर दिए। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने इंटरफैक्स समाचार एजेंसी को सोमवार को बताया कि लड़ाई में आर्मीनिया के 550 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने इस दावे को खारिज किया है। आर्मीनिया ने यह दावा भी किया कि अजरबैजान के चार हेलिकॉप्टरों को मार गिराया गया। जिस इलाके में आज सुबह लड़ाई शुरू हुई, वह अजरबैजान के तहत आता है लेकिन यहां पर 1994 से ही आर्मीनिया द्वारा समर्थित बलों का कब्जा है। अजरबैजान के कुछ क्षेत्रों में मार्शल लॉ लगाया गया है तथा कुछ प्रमुख शहरों में कर्फ्यू के आदेश भी दिए गए हैं।

## कोरोना वायरस महामारी को लेकर संरा की विफलता के चलते सुधारों की आवाजें तेज हुईं

एपी। संयुक्त राष्ट्र,

**दुनियाभर में** दस लाख लोगों की जान लेने वाले कोरोना वायरस ने इस संकट से निपटने में देशों को एकजुट करने में संयुक्त राष्ट्र की विफलता को सामने ला दिया है। इसके साथ ही विश्व निकाय में सुधार के लिए नए सिरे से आवाजें उठने लगी हैं ताकि निकाय विविध तरह की चुनौतियों से निपटने में सक्षम हों जो उस वक्त से बहुत अलग हैं, जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले हफ्ते कहा था, महामारी अंतरराष्ट्रीय सहयोग की स्पष्ट परीक्षा है- एक ऐसी जांच जिसमें हम निश्चित ही विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, नेतृत्व और शक्ति के बीच संपर्क नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि 21वीं सदी की एक-दूसरे से कटी हुई दुनिया में एकजुटता सबके हित में है और यदि हम इस बात को नहीं समझ पाते हैं तो इसमें सभी का नुकसान है। महासभा में विश्व नेताओं की पहली ऑनलाइन बैठक में प्रमुख शक्तियों के बीच तनाव, गरीब-अमीर देशों के बीच बढ़ती असमानता और संरा के 193 सदस्य राष्ट्रों के प्रमुख मुद्दों पर एकमत होने में बढ़ती कठिनाई सामने आई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह निकाय 50 सदस्यों के साथ बना था तथा सदस्य राष्ट्रों ने आने वाली पीढ़ियों को युद्ध के अभिशाप से बचाने का संकल्प लिया था, लेकिन दुनियाभर में असमानता, भूख तथा जलवायु संकट के कारण संघर्ष बढ़ते ही गए।स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति सिमोनेटा सोममारूगा ने कहा, हम इसके लिए संयुक्त राष्ट्र की आलोचना कर सकते हैं लेकिन जब हम संरा को दोष देते हैं तो दरअसल हम बात किसके बारे में कर रहे हैं? हम अपने बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि संरा तो सदस्य राष्ट्रों से बना है। ए आमतौर पर सदस्य राष्ट्र ही होते हैं जो संरा के काम में बीच में आ जाते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को छोटी-छोटी बातों पर सहमति बनाने में भी इतनी मुश्किल आई कि इसके शक्तिहीन होने का जोखिम हो गया। केन्या के राष्ट्रपति उहुरू कन्याटा ने कहा कि बहुसंख्यक वैश्विक आबादी आज संरा की स्थापना की परिस्थितियों से खुद को जुड़ा नहीं पाती। उन्होंने पूछा, आज यह (संरा) दुनिया को क्या दे रहा है? कई नेताओं के लिए संरा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है सभी देशों को बात करने के लिए एक साथ लाना। लेकिन सभी सदस्य राष्ट्रों का महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर एकमत होना जैसे इसके नियम को लेकर काफी निराशा है। यही वजह है कि सुरक्षा परिषद में सुधार जैसे विषय पर 40 वर्षों से चली आ रही बहस का अब भी कोई अंत नहीं है।

## कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दुबई ने नाइटलाइफ पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की

**दुबई।** दुबई में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के मद्देनजर प्रशासन ने रात में बार और रेस्तरां की सेवाओं पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

दुबई पर्यटन अधिकारियों ने सभी बार तथा रेस्तरां को देर रात एक बजे सभी तरह की सेवाएं बंद करने का आदेश दिया है। वहीं होटलों पर देर रात तीन बजे के बाद से डिलीवरी और कमरे देने पर प्रतिबंध होगा।

अधिकारियों ने भोजन और मद्यपान की सेवाएं उपलब्ध कराने वाले सभी प्रतिष्ठानों से वायरस रोधक प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा है। इसका उल्लंघन करने पर उन्हें सख्त कार्वाई और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।दुबई में जुलाई में बार तथा रेस्तरां दोबारा खोल दिए गए थे।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अभी तक कोरोना वायरस के 90,600 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और 400 लोगों की इससे मौत भी हुई है। देश में अब रोजाना सामने आ रहे मामलों की संख्या बढ़ रही है।

## दक्षिण चीन सागर में धौंस जमाने के लिए अपनी सैन्य चौकियों का इस्तेमाल कर रहा है चीन : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** कहा है कि दक्षिण चीन सागर में चीन अपनी चौकियों का इस्तेमाल धौंस जमाने तथा उस जल क्षेत्र में अपना कब्जा जमाने के लिए कर रहा है जिस पर उसका कानूनन हक नहीं है।

अमेरिका ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा कि वह समुद्री क्षेत्र में अपने इन निर्माणों का किसी अन्य देश को प्रभावित करने या हमला करने के लिए इस्तेमाल नहीं करने के अपने वादे का सम्मान करें।

बीजिंग 13 लाख वर्गमील में फैले लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा जताता है। चीन क्षेत्र में उन कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य ठिकानों का निर्माण कर रहा है जिन पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलिपीन, ताईवान तथा वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं।

बीजिंग ने हाल के वर्षों में पड़ोसी राष्ट्रों द्वारा इलाके में मछली पकड़ने तथा खनिज उत्खनन जैसी गतिविधियों को अवरूद्ध किया है और कहा है कि संसाधन समृद्ध इस समुद्री क्षेत्र पर सैकड़ों वर्षों से उसका मालिकाना हक है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मॉर्गन ऑर्टगस ने रविवार को कहा कि पांच साल पहले 25 सितंबर, 2015 को चीन के राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में वादा किया था कि चीन का द्वीपों का सैन्ईकरण करने का इरादा नहीं है और चीन की चौकियां किसी को निशाना नहीं बनाएंगी या किसी देश को प्रभावित नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन इसके बजाए चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) समर्थित चीन की सरकार ने इन विवादित चौकियों का अंधाधुंध तरीके से सैन्ईकरण करना शुरू कर दिया, यहां पोत भेदी क्रूज मिसाइलों की तैनाती की, लड़ाकू विमानों के लिए कई दर्जन हैंगर तथा रनवे बनाए।ऑर्टगस ने कहा, सीसीपी ने इन सैन्ईकृत चौकियों का इस्तेमाल धमकाने तथा उस जलक्षेत्र पर कब्जा जमाने के लिए किया जिन पर उसका कानूनन कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुरोध करते हैं कि वे इस खतरनाक एवं अस्वीकार्य व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद करें और सीसीपी को यह साफ कर दें कि उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। दक्षिण चीन सागर में चीन के प्रतिरोधी प्रयासों के खिलाफ अमेरिका दक्षिण-पूर्वी एशियाई सहयोगियों और साझेदारों के साथ खड़ा है। नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लेते हुए हाल के महीनों में अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में अपनी नौसेना की मौजूदगी बढ़ा दी है।

## सिंगापुर में मुवक्किलों से मिली राशि के गबन के मामले में भारतीय मूल के वकील को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक कानूनी सेवा प्रदाता कंपनी में कार्यरत भारतीय मूल के एक वकील को मुवक्किलों से मिले शुल्क के गबन के मामले में सोमवार को दो साल तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई।इस वकील ने कंपनी के मुवक्किलों से 31 हजार सिंगापुरी डॉलर (तकरीबन 16 लाख 63 हजार रूपए) वसूले और उन्हें कंपनी के खाते में जमा करने की जगह अपने निजी बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया।स्ट्रेट टाइम्स की खबर के अनुसार 57 वर्षीय वकील जमिंदर सिंह गिल 2016 से 2019 तक हिलबॉर्न लॉ नाम की कंपनी में कानूनी सहायक था। उसने कंपनी के साथ मुवक्किलों का पंजीकरण भी नहीं कराया। रिपोर्ट में कहा गया कि उसने मुवक्किलों से मिली शुल्क राशि को अपने निजी बैंक खाते में जमा कराया और इसे अपने परिवार के लिए खर्च किया। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने एक मुवक्किल से शिकायत मिलने के बाद गिल के खिलाफ पिछले साल 18 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। गिल को आज इस मामले में अदालत ने दो साल तीन महीने कैद की सजा सुनाई।

# 'आजकल लोग संगीत देखते हैं, सुनते नहीं!'



**टॉक टाइम**
**राहुल राम**

लोकप्रिय गिटारिस्ट हैं और हाल ही में उन्होंने एचसीएल साउंडस्केप्स में अपने बैंड के साथ प्रस्तुति दी थी। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने इस वर्चुअल कंसर्ट में प्रस्तुति देने का कारण और अपने प्रशंसकों की रुचियों में आ रहे बदलावों सहित अन्य बातों के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंश-

**■ इस आभासी (वर्चुअल) कंसर्ट में आने की सहमति के पीछे आपके लिए मुख्य आकर्षण क्या था?**

यदि सच कहूं तो महामारी के चक्कर में बहुत दिनों से किसी परफॉर्मेंस में भाग ही नहीं ले पाया हूं और ऐसे में जब हमें साथ आने का एक अवसर हाथ आया तो बहुत अच्छा लगा। मुझे प्रसन्नता है कि ह म` इसके लिए परफॉर्म करने का अवसर मिला।

**■ इसके लिए पूरी व्यवस्था करना कितना कठिन या सरल था?**

हम थोड़े अपरिष्कृत होते जा रहे थे। यही कारण था कि इस प्रस्तुति से पहले हमें पर्याप्त अभ्यास चाहिये था क्योंकि पिछले छह महीनों से हमने कहीं भी परफॉर्म नहीं किया था। कठिन बात तो यही थी कि हमारे समक्ष कोई दर्शक नहीं थे और हमें केवल कल्पना के आधार पर बजाते रहना था। ये सही है कि गुब्बारे और हृदय के प्रतीकों के माध्यम से फीडबैक मिल रहा था लेकिन जीवंद दर्शकों की ऊर्जा वहां नहीं पता चली जिसका कोई विकल्प नहीं हो सकता। लेकिन अब तो वर्चुअल कंसर्ट का ही समय आ गया है। परिस्थितियों के सामान्य होने के बाद भी इस प्रकार की कंसर्ट्स का आयोजन होता रहेगा।

**■ आप संगीत परिदृश्य पर पिछले तीन दशकों से दृष्टि बनाए हुए हैं क्या आपने किसी प्रकार का परिवर्तन देखा?**

परिवर्तन देखे भी हैं और आने वाले समय में और भी ऐसे परिवर्तन दिखाई देंगे। जब हमने काम प्रारंभ किया था तब उपलब्ध स्थानों की संख्या काफी कम थी और हम अधिकांशतया कॉलेज महोत्सवों में ही संगीत प्रस्तुत किया करते थे। आज ऐसे स्थानों की संख्या बढ़ी है और हमारे लिए अधिक लोगों तक पहुंचना सरल हो गया है। इसके अलावा संगीत में बदलाव एक लहर जैसे आते हैं। पहले पंजाबी लहर थी इसके बाद रिमिक्स का समय आया फिर इंडी पॉप का भी एक समय था। समय बदलता रहता है। अब इलेक्ट्रॉनिका और डीजे का दौर है।

**■ क्या आभासी प्रस्तुति देते समय आपके बैंड के ऊर्जा स्तर पर कोई प्रभाव पड़ा था?**

देखिये, ऐसा तो था नहीं कि हमें प्रात: 4 बजे उठकर उड़ान पकड़कर आयोजन स्थल पर जाकर अपनी व्यवस्था बनानी थी। हम बिलकुल थके तो थे नहीं अत: ऊर्जा का स्तर ऊंचा था। लेकिन हमें लाइव परफॉर्मेंस में जैसे दर्शकों के चिल्लाने और चीखने की ध्वनि आती थी वो अनुभव नहीं हुआ।

**आज हम घर में बैठ कर संगीत बना सकते हैं। इंटरनेट के कारण हर कोई निशुल्क संगीत चाहता है। आजकल लोग संगीत देखते हैं। यदि आपका संगीत बिकता नहीं है तो आपको किसी प्रकार की रॉयल्टी भी नहीं मिलती। आपको यदि 10 सेंट एक डाउनलोड के मिलें तो आपकी क्या आय होगी। ये नगण्य होगी।**

इसके अलावा जब हम लाइव स्टेज पर होते हैं तो दर्शकों की प्रतिक्रिया पर ही हमारा संवाद स्थापित होता है। यहां पर इस पहलू को देखें तो बहुत अंतर था।

**■ क्या आपके प्रशंसकों के प्रोफाइल में किसी प्रकार का परिवर्तन दिखाई दिया?**

दर्शकों में विविध आयुवर्ग के लोग होते हैं ऐसे भी दर्शक थे जो हमारे संगीत को देखते हुए बड़े हुए हैं। इसके अलावा 30-40 के आयुवर्ग के दर्शक भी होते हैं। बड़े महोत्सवों में युवा प्रोफेशनल्स की संख्या भी काफी होती है क्योंकि छात्र तो कंसर्ट के टिकट का व्यय वहन नहीं कर सकते। अब तो कई दर्शक अपने बच्चों को भी लाने लगे हैं। मैंने तो गोआ में बाइकर्स के लिए भी संगीत प्रस्तुत किया है।

**■ क्या आपके अनुसार किसी बैंड का हिस्सा होने की अवधारणा स्थापित हो गई है?**

हमारे समय में कॉलेज उत्सवों के लिए बैंड हुआ करते थे। जब मैं स्कूल में था तो आईआईटी दिल्ली में जाकर वहां देश भर से आए हुए बैंड्स को सुना करता था। उसमें बैंड का हिस्सा छात्र भी हुआ करते थे। प्रोफेशन नाइट के लिए तो बाहर से बैंड और आर्टिस्ट आया करते थे। इंडियन ओशन पहला बैंड नहीं था और ये अंतिम भी नहीं होगा। अब बैंड्स की संख्या में वृद्धि हुई है और संगीत का भारतीयकरण भी हुआ है।

**■ क्या आपके अनुसार तकनीक ने संगीत के प्रचार प्रसार में किसी प्रकार की सहायक भूमिका निभाई है?**

इसका उत्तर है हां और नहीं भी। हां इसलिये कि आज हमारे पास अनेक उपकरण हैं। हमें किसी स्टूडियो जाकर पैसे देकर बजाने की आवश्यकता नहीं है। आप किसी रिकॉर्ड कंपनी के दबाव में नहीं आते। आज हम घर में बैठ कर संगीत बना सकते हैं। इंटरनेट के कारण हर कोई निशुल्क संगीत चाहता है। आजकल लोग संगीत देखते हैं। यदि आपका संगीत बिकता नहीं है तो आपको किसी प्रकार की रॉयल्टी भी नहीं मिलती। आपको यदि 10 सेंट एक डाउनलोड के मिलें तो आपकी क्या आय होगी। ये नगण्य होगी। उदाहरण के लिए हमारा पूरा संगीत आईट्यून्स पर है और साल भर में हमें 100 डॉलर की आय मिल जाती है। ये ग्लोबल स्तर पर स्थापित सत्य है।

**■ समय के बीतने के साथ कई सदस्यों ने बैंड छोड़ा और नए लोग सदस्य बने भी होंगे। क्या इससे बैंड की गतिशीलता पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव पड़ा?**

प्रारंभ में 1994 से 2009 तक हम चार लोग थे। इसके बाद अशीम चक्रवर्ती की मृत्यु हो गई और तब लगता था कि स्टेज का बायां हिस्सा खाली है। उनके स्थान पर हमें दो लोग लेने पड़े क्योंकि वो टेबल को को गा और बजा दोनों काम कर लेते थे। इसके बाद हमारा गिटारमैन चला गया फिर उसके स्थान पर एक व्यक्ति को लाए। अब हर नया व्यक्ति अपने साथ कुछ नया ही लेकर आया क्योंकि हम पुराने व्यक्ति को क्लोन तो चाहते नहीं हैं।

**■ भविष्य को लेकर क्या योजनाएं हैं?**

अभी हमारे पास कुछ रिकॉर्डेड संगीत है जो रिलीज़ होने ही वाला है। आजकल लोग संगीत को देखते है सुनते नहीं तो हम भी एक अच्छा वीडियो बनाना चाहते थे। लेकिन उसे स्थगित कर दिया गया। लेकिन अब तो नगर से बाहर जाना होगा ही नहीं तो हम अब किसी नए काम पर ध्यान देने की तैयारी कर रहे हैं।

## ट्रेंड बाजार

### मारिया कैरे को अपने अस्तित्व पर था संशय



**हॉलिवुड** गायिका मारिया कैरे ने उस समय को याद किया है जब उन्हें अस्तित्व में बने रहने योग्य नहीं लगता था। ओपरा विन्फ्रे के शो 'द ओपरा कनवरसेशन' पर वो अतिथि के तौर पर भाग ले रही थीं। एपिसोड के एक लघु वीडियो में कैरे और विन्फ्रे ने उन सभी विषयों पर बात की जिनमें वो समय भी था जब उन्हें पुलिस की कार की पिछली सीट पर रोक कर रखा गया, से लेकर उस समय तक जब उन्हें अपने अस्तित्व पर ही संशय होने लगा था।


उन्होंने इस क्लिप में बताया, 'मैं यहां आई ही नहीं होती यदि मुझे एटीएम मशीन की तरह उपयोग न किया गया होता जिसपर एक विग लगा हो।' ये पता नहीं लगा कि कैरे किसका संदर्भ दे रही थीं। लेकिन विन्फ्रे ने अपने उत्तर में बताया, 'ये परदे के पीछे का अकेलापन और उदासी हो सकते हैं और अब ये मेरी समझ में आ गया हैं।'

### इंडस्ट्री को दोषी बताना उचित नहीं: करन कुंद्रा



**करन कुंद्रा** का कहना है कि 'मेरे अनुसार ये अनुचित है। वे मादक पदार्थों के उपभोग की तो बात कर रहे हैं लेकिन ये तो किसी व्यक्ति के चयन पर निर्भर करता है न कि इंडस्ट्री पर। अत: आप इंडस्ट्री को इसका दोषी न बनाएं। चाहे वो राजनीति, फैशन, या कॉरपोरेट विश्व ही क्यों न हो, ऐसे लोग हर स्थान पर हैं जो ड्रग्स लेते हैं। हमें किसी परिस्थिति का सामान्यीकरण नहीं करना चाहिये।'

### कोरोना काल में श्वेता को लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की चिंता



**अभिनेत्री** श्वेता त्रिपाठी शर्मा का मानना है कि अनलॉक प्रक्रिया पूरे देश में चल रही है और ऐसे में हमें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुल कर बात करना चाहिये।

श्वेता ने बताया, 'अनलॉक चरण में हमें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श करने पर ध्यान देना होगा। लोग कोविड-19 के डर के बीच घरों से निकल कर कार्यस्थलों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं और ऐसे में हमें लोगों को व्यवस्थित ढंग से सत्रवार परामर्श देना होगा।' 'लॉकडाउन के दौरान हर व्यक्ति के अनुभव अलग अलग रहे हैं लेकिन इस चरण में लोगों को अस्तित्व पर ही संकट लगने लगा था', उन्होंने कहा।

## मोदी, उद्धव, पवार सहित कई नेताओं ने लता मंगेशकर को 91वें जन्मदिवस पर दीं शुभकामनाएं

# आठ दशक का सुरीला और सुहाना सफर



**नई दिल्ली।** आज के दिन का इतिहास के साथ बड़ा सुरीला रिश्ता है। अपनी मधुर आवाज से पिछले कई दशक से संगीत के खजाने में हर दिन नए मोती भरने वाली लता मंगेशकर 28 सितंबर 1929 को इंदौर में मशहूर संगीतकार दीनानाथ मंगेशकर के यहां पैदा हुई थीं। लता ने अपनी आवाज और अपनी सुर साधना से बहुत छोटी उम्र में ही गायन में महारत हासिल की और विभिन्न भाषाओं में गीत गाए। पिछली पीढ़ी ने जहां लता की शोख और रोमानी आवाज का लुत्फ उठाया, मौजूदा पीढ़ी उनकी समन्दर की तरह ठहरी हुई परिपक्व गायकी को सुनते हुए बड़ी हुई है। अपनी बेहतरीन आवाज के दम पर वह पिछले आठ दशक से देश में गायकी का पर्याय हैं और अपने गीतों के मोतियों से संगीत के खजाने को समृद्ध बना रही हैं। हालांकि वे एक लंबे समय से बढ़ती उम्र के चलते गायन से दूर हैं लेकिन सार्वजनिक जीवन में लगातार सक्रिय हैं। क्रिकेट को अत्यधिक पसंद करने वाली लता समय-समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के सामने आती रहती हैं। अपनी श्रेष्ठ गायन कला के चलते वे पूरे फिल्म जगत के सबसे सम्मानीय लोगों में शामिल हैं। उन्हें राज्यसभा में भी मनोनीत किया गया लेकिन राजनीति उनकी कभी पसंद नहीं रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से फोन पर बात कर उन्हें 91वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। मोदी ने ट्वीट किया, आदरणीय लता दीदी से बात की और उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। लता दीदी पूरे देश में घर-घर में पहचाना जाने वाला नाम है। हमेशा ही उनका दुलार और आर्शीवाद मिला जिससे मैं स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस करता हूं। मंगेशकर ने पांच दशक से भी अधिक समय तक फिल्मों में पार्श्वगायन की दुनिया पर राज किया है। उन्होंने कई भारतीय भाषाओं में गीत गाए हैं। उन्हें भारत रत्न समेत अनेक सम्मान एवं पुरस्कारों से नवाजा गया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा अध्यक्ष शरद पवार सहित राज्य के कई नेताओं ने भी सोमवार को सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को उनके जन्मदिन की बधाई दी। भारत रत्न से सम्मानित पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सोमवार को 91 साल की हो गईं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के कार्यालय ने ट्वीट किया, अपनी मधुर आवाज़ से दुनियाभर में लोगों के दिलों पर राज करने वाली लता मंगेशकर को जन्मदिन की बधाई। आपके स्वस्थ और लंबे जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता पवार ने भी सोशल मीडिया पर गायिका को बधाई दी। उन्होंने लिखा, आपकी आवाज लोगों का जीवन रोशन करती रहे। भगवान आपको उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु दे। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार, मंत्री अनिल देशमुख, एकनाथ शिंदे, नवाब मलिक और नितिन राउत सहित राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने भी गायिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### उषा को बड़ी बहन के जन्म दिन पर मिला सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को वरिष्ठ गायिका उषा मंगेशकर को वर्ष 2020-21 का लता मंगेशकर पुरस्कार देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ही उषा की बड़ी बहन लता मंगेशकर का जन्मदिन है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार उषा मंगेशकर का चयन राज्य के संस्कृति मंत्री अमित देशमुख की अध्यक्षता वाली समिति ने सर्वसम्मति से किया। विज्ञप्ति के अनुसार इस पुरस्कार में पांच लाख रुपए नकद और एक प्रशस्ति पत्र दिए जाते हैं।विज्ञप्ति के अनुसार 1992 से राज्य सरकार यह पुरस्कार प्रदान कर रही है और अब तक यह सम्मान लता मंगेशकर की बहन आशा भोसले, सुमन कल्याणपुर, संगीतकार राम-लक्ष्मण, उत्तम सिंह और उषा खन्ना को दिया गया है।

# मेरे साईं में नजर आएंगी अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री छाया कदम



**मुंबई।** यदि आज मेरे पिता जिंदा होते तो मुझे मेरे साईं का हिस्सा बनते देखकर बहुत गर्व करते।ष् यह कहना है भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री छाया कदम का। छाया कदम ने सैराटए न्यूड्स और अंधाधुन जैसी आलोचकों द्वारा बेहद सराही गई फिल्मों में अलग.अलग भूमिकाएं निभाई हैंए और अब वो मेरे साईं में एक खास रोल में नजर आएंगी। श्मेरे साईं . श्रद्धा और सबुरीश् ने अपनी शुरुआत से ही दर्शकों के बीच खास पहचान बना ली है और इसे लोग बड़ी श्रद्धा से देखते हैं। इस शो का अगला ट्रैक साईं चरित्र का एक प्रमुख अध्याय है। इसमें घर में बड़े बुजुर्गों की अहमियत के बारे में बताया गया है। इस शो का हिस्सा बनने पर उत्साहित छाया कदम ने कहाएष्मैं इस शो का हिस्सा बनने पर खुद को वाकई खुशकिस्मत और आभारी मानती हूं क्योंकि मेरे पैरेंट्स का साईं बाबा से बड़ा मजबूत नाता है। मेरे पिता शिर्डी के ट्रस्टीज़ में से एक हैं। मेरा मानना है कि मेरे साईं में काम करने का मौका मिलना स्वयं ईश्वर का एक इशारा है। इस शो के आगामी ट्रैक में एक विधवा औरत सरस्वती की बड़ी संवेदनशील और दर्द भरी कहानी हैए जिन्हें अपने घर से बाहर निकाल दिया जाता है और फिर वो रहने के लिए जगह ढूंढती हैं। उनकी मुलाकात साईं से होती हैए जो उनकी समस्याएं हल करने में उनकी मदद करते हैं और उन्हें जीवन की दिशा दिखाते हैं। यह एक तिरस्कृत विधवा औरत की खूबसूरत कहानी हैए जिसे साईं के चमत्कार से अपना घर मिलता है।

# पंकज त्रिपाठी को अच्छी कॉमेडी फिल्में करने पर गर्व



**अभिनेता पंकज** त्रिपाठी को उनकी अभिनय की बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाना जाता है। उनका कहना है कि वो सौभाग्यशाली हैं कि बॉलिवुड में उन्हें कुछ अच्छी कॉमेडी वाले चरित्र निभाने का अवसर मिला। त्रिपाठी को स्त्री, फुकरे, बरेली की बरफी, लुका छिपी तथा अंग्रेजी मीडियम जैसी फिल्मों में अभिनय को लोगों ने काफी सराहा था। उनका कहना है, 'हर काम किसी न किसी उद्देश्य से होता है। कला का यही सारांश है। ये सही है कि 90 के दशक की कॉमेडी कुछ अलग होती थी लेकिन नई फिल्मों में हमें कॉमेडी करते समय इसकी सार्थकता का ध्यान रखना पड़ता है। इसके माध्यम से हम कुछ प्रभावी बात भी कहना चाहते हैं। ऐसे परिदृश्य में हमें कॉमेडी फिल्मों को केवल हास्य और मस्ती का माध्यम भर नहीं समझना चाहिये।'

# नेटफ्लिक्स ने लॉन्च किया माइटी लिटिल भीम का नया सीजन

**मुम्बई।** नेटफ्लिक्स ने बच्चों की लोकप्रिय सीरीज माइटी लिटल भीम का नया और तीसरा सीजन लॉन्च कर दिया है। माइटी लिटिल भीम के प्यारे और मजेदार रोमांचक कारनामों ने हर जगह बच्चों और उनके पैरेंट्स के दिल में अपनी खास जगह बनाई है। इंडियन एनिमेशन के अविश्सवनीय वादे को पूरा करते हुए यह सीरीज सबसे ज्यादा देखी जाने वाली प्री स्कूल सीरीज बन गई है। यह दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर बच्चों की दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज भी बन गई है। 2019 में रिलीज के बाद माइटी लिटिल भीम् को दुनिया भर में 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा घरों में देखागयाहै, जिसमें लैटिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के परिवार शामिल हैं। यह हैरंतअंगेज सीरीज यह संदेश देती है कि अच्छी कहानियां दुनिया में हर जगह पसंद की जाती हैं।इस तरह की कहानियां कहीं से भी आ सकती हैं और इन्हें सभी का प्यार भी मिलता है। रंग, देश और भाषा की सीमाओं या बंदिशों से ऊपर उठकर दुनिया में सभी लोगइन्हें बेहद पसंद करते हैं। माइटी लिटिल भीम असल में पूरी तरह प्रामाणिक भारतीय कहानी है। इसमें हमारी संस्कृति, परंपरा और त्योहारों का जश्न मनाया गया है। इससे दुनिया भर के दर्शकों को भारत के बारे में और जानने में



मदद मिलती है। नेटफ्लिक्स यह समझताचुका है कि हर परिवार अलग-अलग होता है, इसलिए दुनिया भर में बच्चों की तरह-तरह की लोकप्रिय फिल्में पारिवारिक फिल्मों और टीवी सीरीज दर्शकों तक पहुंचाने के लिए नेटफ्लिक्स काफी निवेश कर रहा है।

भारत में नेटफ्लिक्स प्रॉडक्शन्स की ओर से बनाए जा रहे बच्चों के कार्यक्रमों में अलग-अलग तरह की विविधितापूर्ण कहानियां देखी जा सकती हैं। चाहे आपकी पसंद, मूड और भाषा कुछ भी हो, चाहे आप इस शो को अकेले देख रहे हों या पूरे परिवार के साथ, नेटफ्लिक्स चाहता है कि इन कार्यक्रमों में कुछ न कुछ आपके लिए सही हो जो आपको बेहद पसंद आए।

जनमानस में कोरोना बचाव के प्रति जागरूकता धीरे-धीरे ला रही रंग

# जनपद में 11 मिले कोरोना पॉजिटिव

● 3,476 कुल पॉजिटिव केस, अब तक 42 की हो चुकी है मौत

संवाददाता। सीतापुर

**जनमानस में** कोरोना से बचाव के प्रति जागरूकता धीरे-धीरे रंग लाने लगी है। समय के साथ ही कोरोना का ग्राफ कम होने लगा है। सोमवार को आई रिपोर्ट में कोरोना की दर 1 फीसदी भी नहीं रही। 1453 सैम्पल में दशमलव 76 प्रतिशत की दर से 11 नए मरीज मिले। इसी के साथ जनपद में कुल पॉजिटिव केस 3,476 हो गए हैं। कोरोना की धीमी रतार का सबसे ज्यादा असर शहर में दिखा। सोमवार को शहर के आदर्शनगर में 1 नया मरीज मिला। बिसवां में 4, मिश्रिख में 2 और खैराबाद, महोली, परसेंडी व सिधौली में 1-1 केस निकला है।




अभी 1,658 सैम्पल की रिपोर्ट आनी बाकी है। कोरोना को लेकर कलेक्ट्रेट से रहात भरी खबर है। यहां के 63 कर्मचारियों की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने 5 दिन पूर्व कलेक्ट्रेट के सभी 63 कर्मचारियों की कोरोना जांच करवाई थी। कोरोना के ग्राफगिरने के बीच एक परेशान करने वाली खबर है। सीतापुर के 43 गंभीर कोरोना मरीज लखनऊ के एल-3 अस्पताल में भर्ती हैं। गंभीर मरीजों की संख्या में हो रही बढ़ोत्तरी से जिम्मेदारों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। अब तक जिले में कोरोना से 42 मौत हो चुकी हैं। सीएचसी लहरपुर में एंटीजन किट से 77 लोगों की जांच की गई। अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने बताया कि इंडियन बैंक का 1 और पषुधन विभाग के 2 कर्मचारियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। तीनों मरीजों को होम क्वॉरेंटाइन कराया गया है। जांच टीम में लैब टेक्नीशियन संजय, हेल्थ वर्कर गौरव, अजीत, आरएस गौतम आदि मौजूद रहे।

मकानों के नीचे प्रेशर मशीन से होल बनाकर केबिल डालने पर कस्बावासियों में भारी आक्रोश

# कार्य रुकवा कर एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**कस्बे के** मोहल्ला सीता कुंड एक गली नंबर एक निवासी धनपाल पुत्र शिव शंकर, महेंद्र कुमार पुत्र प्रताप कुमार ,राजेश कुमार पुत्र जगमोहन ,मालती पत्नी शिव प्रसाद ,अशोक कुमार पुत्र विजय कुमार ,चंद्रप्रभा पत्नी रमेश कुमार ने बताया बीती रात लगभग 1:00 बजे सोते समय भूकंप जैसी झटके महसूस हुए पूरे मोहल्ले कि लोग घर से बाहर सड़क पर निकल आए बाहर निकलने पर देखा मकान के नीचे से हरदोई रोड से लेकर बाबा देवानंद गिरि की बाग तक प्रेशर मशीन द्वारा रास्ता बनाकर 3 फाइबर केबल एयरटेल कंपनी के ठेकेदार द्वारा डाली गई रात में सभी लोग घर के अंदर सो रहे थे किसी को भी भनक तक नहीं लगी कि रात में के बिल डाली जाएगी इन सभी 7 मकानों की नीव व लेटरीनो के टैंकों का नुकसान किया गया है मकान भी कमजोर होकर कभी भी छतिग्रस्त हो सकते हैं सभी उपरोक्त कस्बा वासियों ने ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिश्रिख रुद्र प्रताप सिंह ने बताया की फाइबर केबल डालने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी केवल डालने के लिए 1 वर्ष की वैधता की 22080रू की बैंक गारंटी का बंधक एफडीआर तथा प्रशासनिक रू 1000 पालिका में जमा कर तभी फाइबर केबल डालने की अनुमति मिलेगी। उपजिलाधिकारी मिश्रिख गिरीश झा ने बताया कोतवाल को जांच के आदेश दिए हैं जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### प्रतिभागियों का हुआ सम्मान



**सीतापुर।** भारतीय खाद्य निगम कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। क्षेत्र प्रबंधक उमेद सिंह ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी भाषा में ज्यादा से ज्यादा कार्य करने का आह्वान किया। सुलेख, वाद विवाद आदि प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

### परसपुर की ग्राम सभा में अजब-गजब खेल, भूतों को मिल गए शौचालय

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख की ग्राम सभा परसपुर में शौचालय आवंटन में अजब-गजब कारनामा सामने आया है। अजय पाल, जय कोरी, राम सिंह, सन्त राम, इतवारी लाल, ओमकार, हरिपाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में भूतों यानी मृत व्यक्तियों के नाम पर शौचालय का धन हड़पा गया है, इसके अलावा लाभार्थियों के भी पैसे में घालमेल किया गया है, प्रधान नंदरानी व उनका बेटा संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा है, इसलिए उच्च अधिकारियों से शिकायत करके प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की गई है।

### आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में ऑनलाइन व्याखानमाला

**सीतापुर।** आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 'शैक्षिक नेतृत्व और प्रबंधन' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यानमाला शुरू हो गई है। इस श्रृंखला में 28 सितंबर से लेकर के 15 अक्टूबर तक विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रबुद्ध विद्वान अलग-अलग विषय पर व्याख्यान का आयोजन करेंगे। पहले दिन मुख्य वक्ता के रूप में एस.एस. खन्ना, गर्ल्स पी.जी. कॉलेज प्रयागराज से डॉ रश्मि सिंह और गौतम बुद्ध पी.जी कॉलेज लखनऊ से डॉ रश्मि शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया। संयोजन डॉ दीपा अवस्थी ने किया। डॉ सुनील कुमार, डॉ नितिन कुमार पांडे, मोहम्मद इमरान, सचिव श्रीमती, सुरभि अवस्थी आदि ने भी हिस्सा लिया।

### अन्नपूर्णा की हुई काव्यगोष्ठी

**सीतापुर।** कोविड के चलते लम्बे अर्से के बाद अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय में हुई। इंजीनियर गोपाल ''सागर'' की अध्यक्षता में आयोजित गोश्ठी में राजबहादुर वर्मा, मंजर यासीन, पुष्पा अवस्थी, यासीन इब्ने उमर, मजाज सुल्तानपुरी, एपी गौतम, रोनक सीतापुरी, आकांक्षा सिंह आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कवियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रेरणा मिशन की हुई समीक्षा बैठक

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा के मिरचौडी संकुल के शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के वेबीनार के माध्यम से अभिमुखीकरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभास कुंवर श्रीवास्तव ने मिशन प्रेरणा की समीक्षा भी की। कार्यक्रम में एसआरजी करूणेश मिश्रा, विज्ञान एसआरपी पवन शुक्ला व गणित एसआरपी जगदीश दीक्षित ने दीक्षा एप के बारे में बताया। कार्यक्रम में सुकेश पांडे, ऋषभ जैन, इस्तियाक अहमद, प्रिया दीक्षित, निशांत मिश्रा, रोहित वर्मा आदि ने हिस्सा लिया।

### बारात घर का हुआ उद्घाटन

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा कस्बे से गुड न्यूज है। सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड के चेयरमैन जफर अहमद फारूकी ने तकीया मैदान में बने बारात घर का उद्घाटन करके जनमानस को समर्पित कर दिया है। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष काजी मोहम्मद असलम, मोहम्मद नईम अंसारी, मरहूम हाजी, मोहम्मद अयूब अंसारी, आसमा, मुनीर अहमद, डॉ. उजीना, डॉक्टर शबी, मुन्ना, मोहम्मद शकील खान, सगीर अहमद, मुशीर अहमद, मंसूर अली, आफताब बेग आदि मौजूद रहे।

### प्रेम-प्रसंग के शक में हथियार से बेटी पर हमला

**सीतापुर।** मछरेहटा इलाके के गांव राजपुर में शराबी पिता ने प्रेम प्रसंग के शक में धारदार हथियार से हमला करके अपनी ही बेटी को घायल कर दिया। 16 वर्षीय प्रीति का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि आरोपी पिता रामजीवन फरार हो गया। थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया कि अभी तक कोई भी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 29 व 30 को होगी परीक्षा

**सीतापुर।** इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट की भूगोल, कृषि भौतिकी एव जलवायु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 व 30 सितम्बर को जीआईसी सीतापुर में होगी। प्रधानाचार्य डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

### कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** अलग-अलग थानों की पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब व 2 भट्टी समेत पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना सकरन पुलिस ने 20 लीटर शराब व दो भट्टी के साथ दम्मन बेलवा के प्रताप व अल्लीपुर के सोनेलाल को, थाना रामकोट पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ इंदौली के चंदर व बीहटगौड़ के पप्पू को और थाना तालगांव पुलिस ने भुसैला निवासी जगदीश को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली इलाके के गांव कटिघरा में 28 वर्षीया जया ने फंदे से लटककर जान दे दी। घटना के वक्त पति दीपेंद्र सिंह मजदूरी के लिए दिल्ली गया हुआ था। कोतवाल बृजेश मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता अमरपाल सिंह के कहने पर पोस्टमार्टम करा दिया गया है। रिपोर्ट आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ से लटककर युवक ने दी जान

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली इलाके के गांव कुसैला निवासी 20 वर्षीय श्रवण कुमार कश्यप गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार मृतक कुसैला चौराहे पर पान की गुमटी लगाता था और रविवार की शाम टहलने की बात कहकर घर से निकला था। कोतवाल बृजेश मिश्र ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मशाल जुलूस निकाल किया विरोध, निजीकरण की कवायद से आक्रोशित विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन



मशाल जुलूस निकालते विद्युत कर्मचारी

**सीतापुर।** निजीकरण कवायद से आक्रोषित बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सोमवार शाम सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मचारी संयुकत संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारियों ने गांधी पार्क से ट्रांसपोर्ट चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला। प्रदर्शन में एक्ससीएन एके वर्मा, मानवेन्द्र सिंह, सुभम सिंह, आमोद कुमार, प्रहलाद कुमार, एमके यादव, सुनील पाल, अंलकृत मिश्रा, राकेष कुमार, प्रदीप वर्मा, रवि गुप्ता, अवर अभियंता आरएन राठौर, अमित पाल आदि ने हिस्सा लिया।

# अवधेश यादव को फिर मिल गई मछरेहटा थाने की कमान

राजेन्द्र शर्मा का फैजाबाद के लिए हुआ तबादला



रामनरेश यादव

**मछरेहटा सीतापुर।** जिले में काफी समय से कार्यरत मछरेहटा थाना प्रभारी राजेंद्र शर्मा का तबादला फैजाबाद के लिए हो गया है। एसपी आरपी सिंह ने इंस्पेक्टर राम नरेश यादव को फिर से मछरेहटा थाने का प्रभार सौंप दिया है। इंस्पेक्टर श्री यादव पहले भी थाने में तैनात रह चुके हैं। उन्होंने 'पायनियर' से बताया कि क्षेत्र में पीड़ितों को न्याय दिलाना व क्राइम पर नियंत्रण रखना ही हमारी प्राथमिकता रहेगी।

## विद्युत पोल में कार ने मारी टक्कर, बाल बाल बचा हादसा

**तंबौर सीतापुर।** थाना तंबौर इलाके के गांजर तिराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली व वैगनआर कार की टक्कर से कार पास में लगे विद्युत पोल में जा टकराई जिससे बड़ा हादसा होते होते रहे गया। हादसे में गांव बमहैला के कार सवार संदीप बाल बाल बच गए। अन्य किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सीतापुर से विधानसभा पर प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेसी

● किसान अध्यादशों के विरोध में करेंगे प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**किसान अध्यादेशों** के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार पर हमला बोला। लखनऊ कूच करने से पहले अध्यादेशों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसको मौखिक रूप से कहा जा रहा है कि लेकिन बिल में इसका प्रावधान नही है। जब एमएसपी ही नही रहेगा तो किसानों के हाथों से उसकी शक्ति छिनेगी। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एकत्र कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी विरोधी यह सरकार नही चलेगी, कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद, जो किसान के हित की बात करेगा वही किसानों पर राज करेगा जैसे नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा घेराव करने जाने वालों में कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, नगर अध्यक्ष संतोश भार्गव, पूर्व मुख्य संगठक संजय कुमार, यूपसीसी अनिल शुक्ला, शहर उपाध्यक्ष धीरेश कश्यप, सही शहर कोषाध्यक्ष राजकिशोर वर्मा, शहर उपाध्यक्ष रिजवान खान, शहर सचिव, नोमान आंसारी, पूर्व जिला महासचिव शैलेन्द्र सिंह, यूपीसीसी सदस्य जूबी खान, जिलाउपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई, ज्ञानू, किसान प्रकोष्ठ प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी, रामासरे गौतम, सुरेश भारती, संजीत शुक्ला, आमोद मिश्र आदि शमिल रहे।

# महोली में अनाधिकृत व्यक्ति चला रहा है डोंगल

संवाददाता। महोली सीतापुर

**ब्लाक महोली** में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर चल रहा है यहां कर्मचारियों की मिली भगत से जितेंद्र कुमार वर्मा नामक व्यक्ति अनाधिकृत रूप से ग्राम पंचायत अधिकारियों के डोंगल से भुगतान कर रहा है। पीड़ितो राश्री पत्नी रोहन निवासी अलमापुर ने बताया कि ब्लॉक कर्मचारियों की मिलीभगत से वर्षों से चल रहे इस खेल मे लाखों का वारा न्यारा हो रहा है। बताते चलें विकासखंड महोली में जीतेंद्र कुमार वर्मा पूर्व में मनरेगा सोशल ऑडिट समन्वयक के पद पर कार्यरत रहा था जो विगत वर्ष में अपने गलत कार्यो के कारण बर्खास्त किया जा चुका है। वर्तमान में उसके द्वारा समस्त ग्राम प्रधान व कर्मचारियों के डोंगल लेकर अनाधिकृत रूप से भुगतान किए जा रहे है। अनाधिकृत रूप से कार्य करने के कारण सरकारी योजनाओं में काफी धांधली बरती जा रही है। इस बाबत खंड विकास अधिकारी डॉ सुशांत सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं उसको ब्लॉक परिसर में आने पर रोक लगाता हूं। वही ग्राम पंचायत अधिकारी राम लखन को बुलाकर इस विषय पर वार्ता कर लूंगा।

## यह हाइवे है जनाब...



सीतापुर- 'ए भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी'.... यातायात के य सब नियम मानने के बावजूद एनएच-24 पर दुर्घटना होने में देर नहीं लगती है, अब इन महाशय को देख लीजिए जो फोन पर बात करने में इतना मशगूल है कि नियम तो छोड़िए इन्हें अपनी जिन्दगी की ही फिक्र तक नहीं है। (विपिन राजवंशी)

## एसटीएफ कंपनी पर ग्राहकों ने लगाया आरोप

**मछरेहटा सीतापुर।** शहर कोतवाली के नवीन चौक पर स्थित एसटीएस कंपनी में करीब आधा सैकड़ा ग्राहक इकट्ठे होकर हंगामा करने लगे। ग्राहकों का कहना है कि कंपनी ने उन्हे फर्जी स्कीम बता कर उनके पैसे हड़प लिए हैं और मांगने पर तारीख पर तारीख बता रहे हैं। जबकि संस्था के मैनेजर प्रमोद कुमार का कहना है कि कोरोना महामारी के चलते बिजनेस पर असर हुआ है जिस कारण पैसों की थोड़ी तंगी है। मीटिंग करके सब से बात कर ली गई है जल्द ही समाधान कर लिया जाएगा।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली इलाके की गांव चड़रा के समीप अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित कार पलट गई। हादसे चड़रा निवासी कार मालिक चंद्रप्रकाश को मामूली चोटे आई हैं। अन्य किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

## ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने आए ग्रामीण

संवाददाता। सीतापुर

**ब्लॉक महोली** की ग्रामसभा कोल्हौरा के ग्रामीणों ने आवास व शौचालय की मांग की है। मांग के समर्थन में रामसागर, राकेश कुमार, चेतराम, राजाराम, उमेश, बालकराम छोटे लाल आदि ने जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों का आरोप है प्रधान व सचिव उनकी बात नहीं सुनते, साथ ही बीडीओ महोली भी उनकी अनदेखी कर रहे हैं।

## अरहर की नरेन्द्र दो दाल का हुआ प्रदर्शन

**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के कृषि वैज्ञानिकों ने बिसवां के मरसण्डा व पडरिया और एलिया के नगरा सलेमपुर में अरहर की नरेन्द्र 02 प्रजाति का प्रदर्शन कराया। वैज्ञानिक डा. शिशिर कान्त सिंह ने खेतों मे खरपतवार का नियंत्रण करते रहने का सुझाव दिया। प्रदर्शन में जीतेन्द्र कुमार सिंह, रमेश मिश्रा, राम चंद्र यादव, छोटे लाल, रवि यादव, विनय दीक्षित आदि किसान मौजूद रहे।

# डीएम ने की समीक्षा बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज की कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा बैठक में नगर पालिका सीतापुर में कर अधीक्षक सबसे बड़े बकाएदार का नाम नहीं बता पाए। ऐसे में अधीक्षक को जिलाधिकारी के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा और उनसे स्पष्टीकरण भी तलब कर लिया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, विद्युत देय, वन विभाग, खनन, नगरीय निकायों एवं मण्डियों को राजस्व बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

डीएम ने कसे पेंच: जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गौशालाओं की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के लिए अधीनस्थों के पेंच कसे हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय पशु आश्रय स्थल अनुश्रवण एवं संचालन समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने गोषालाओं में कार्य कर लोगों का बकाया भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने गोशालाओं के संचालन में ललितपुर मॉडल के आधार पर जन सहभागिता को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम अचल, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## मनाई गई भगत सिंह की जयंती

**सीतापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कमलापुर इकाई ने शहीद भगत सिंह की 113 वीं जयंती पर राजा बहादुर डॉ0 सूर्य बख्श सिंह इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया। मन्त्री अक्षत तिवारी, एबीवीपी के सह मन्त्री ईशू सैनी, अशोक सिंह, शुभ तिवारी, अनूप सिंह, शिवम सिंह, हिमांशू गुप्ता प्रशांत पाण्डेय, सर्वेश तिवारी, सूरज यादव आदि ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाष डाला।

बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल, अभिभावक संघ सहित कई संगठनों ने किया विरोध

# प्राइवेट स्कूलों में वूसली जा रही मनमानी फीस पर लगाई जाए रोक

● ऑनलाइन पढ़ाई की ली जाए ऑनलाइन फीस अभिभावकों का शोषण बंद करें विद्यालय

● शिक्षकों को सैलरी देने को लेकर मानव संसाधन विकास मंत्री, मुख्यमंत्री को भेजा तीन सूत्रीय मांग पत्र

संवाददाता। सीतापुर



प्रदर्शन करते अभिभावक संघ के पदाधिकारी

**कोरोना काल** में प्राइवेट स्कूलों द्वारा वसूली जा रही मनमानी फीस को लेकर स्वर मुखर होने लगे है। सोमवार को भगत सिंह की जयन्ती पर अभिभावकों का शोषण बंद करों। जायज फीस लो शिक्षकों को भी सेलरी दो। जैसे नारों से विकास भवन परिसर जूंग उठा। व्यापार मंडल बार एसोसिएशन अभिभवक संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भारत बंद के तहत विरोध प्रदर्शन करते हुए फीस जमा करने के लिए अभिभावकों पर बनाए जा रहे दबाव पर कड़ा एतराज जताया। विकास भवन के समक्ष प्रदर्शन करते हुए संगठन नेताओं, अभिभावकों ने एक स्वर से कहा कि जब ऑनलाइन पढ़ाई हो रही है। तो आनलाइन फीस ली जानी चाहिए। संगठनों की तरफ से केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार को सौंपा गया। प्रदर्शन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष मिश्र एड., विजय अवस्थी एड., जमीन अहमद एड, पवन अग्रवाल, आकाश राय, ताज अहमद खांन, भारत अभिभावक संघ के हिमांशु तिवारी, राजीव कुमार, अमित श्रीवास्तव, आदि शामिल रहे।

# बीडीओ धर्मेश पांडेय हटे, भीम को सौंपा बेहजम का प्रभार

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**विकास कार्य** समेत शासन की तमाम योजनाओं में की गई घपलेबाजी की पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन ने खंड विकास अधिकारी धर्मेश पांडेय को हटाकर प्रतीक्षारत भीमजी उपाध्याय को चार्ज दे दिया है।

क्षेत्र पंचायत बेहजम के विभिन्न ग्राम पंचायतों में तत्कालीन खंड विकास अधिकारी की वह पर मनरेगा के तहत कराए जा रहे भूमि विकास कार्य तालाब खुदाई सफाई के नाम यही नहीं काऊ व ग्वाट सेंटर के निर्माण में पीला ईट व घटिया सामग्री का खेल कर करोड़ों रुपए का बंदरबांट किया जा रहा था जिसका प्रमुखता के साथ प्रकाशन किया गया था। जिसके चलते खंड विकास अधिकारी बेहजम धर्मेश पांडे कि जगह पर जिले में वेटिंग में चल रहे भीम जी उपाध्याय को बेहजम ब्लाक में तैनात किया गया।

बताते चलें क्षेत्र पंचायत बेहजम में मनरेगा के तहत बरसात के मौसम भूमि विकास कार्य तालाब सफाई व खुदाई के नाम पर करोड़ों का बंदरबांट किया जा रहा था। काऊ बकरी सेंटर निर्माण करीब एक दर्जन से ज्यादा ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसका क्षेत्रीय एक पत्रकार के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद भ्रष्टाचार में डूबे ग्राम प्रधानों ने पत्रकार से और शिकायत वापस दिलवाई गई। उसके बाद एक पत्रकार पर जानलेवा हमला भी ब्लाक परिसर में किया गया। ग्राम प्रधानों ने पत्रकार से शिकायत वापस लेने के बाद उसी पत्रकार पर रंगदारी का फर्जी मुकदमा के ग्राम प्रधानों की तरफ से दर्ज कराया गया। इस बावत प्रिंट मीडिया द्वारा खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधानों के गठजोड़ का प्रमुखता के साथ प्रकाशन किया गया जिसके चलते जिले के आला अधिकारियों ने वेटिंग में चल रहे पीडीएस अधिकारी भीम जी उपाध्याय को बेहजम ब्लाक के बागडोर बीती 26 सितंबर को सौंपी गई जिसके चलते सोमवार को खंड विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय बेहजम ब्लाक में कार्यभार ग्रहण किया। सूत्र बताते हैं कि भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधानों में नवागत खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली को लेकर एक भय व्याप्त है।

## जीजीआईसी की बच्चियों को मिली ड्रेस

● मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता आशीष



**निघासन-खीरी।** पलिया रोड स्थित राजकीय कन्या इण्टर कालेज के ड्रेस वितरण कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता आशीष मिश्रा मोनू ने पहुंचकर बालिकाओं को ड्रेस बितरण की।

ड्रेस वितरण कार्यक्रम में पहुंचते ही मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। मोनू ने संबोधित करते हुए कहा कि पढ़े बेटियां बढ़े बेटियां के हिसाब से बताया कि बेटियों के पढाने से दो परिवारों में सुधार होगा जब तक शादी नही होती है तब तक यहां सुधार होगा और जहां शादी होकर जांएगी वहां भी सुधार होगा।इस लिए बेटियों को पढाना अति आवश्यक है। बताया कि शिक्षा के बगैर जीवन ही बेकार है। जिन लोगों ने किसी कारणवश शिक्षा गृहण नहीं कर पाए उनसे पूछो पछता रहे हैं। पढ़-लिख कर लोग अच्छे मुकाम तक लोग पहुंच गए हैं।वैसे सरकार भी महिलाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। आजीविका मिशन के तहत जिले में बहुत सी महिलाएं आगे बढ़ गई हैं। इसके बाद खुशी, रिंकी, गरिमा, पूजा, नैंशी, अंशिका, मानसी, बबली, राजनन्दनी, काजल, राधा, जीनत व सविता आदि बालिकाओं को ड्रेस वितरण किए। ड्रेस पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन बम्हन पुर विद्यालय के आचार्य प्रेम कुमार ने किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्या निधि सिंह बम्हनपुर विद्यालय प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव एवं निघासन भाजपा कार्यक्रता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## मोहम्मदी में एंटी रोमियो टीम का गठन

● महिलाओं, बालिकाओं और बच्चियों पर बुरी नजर रखने वालों पर पुलिस की टेढ़ी नजर, बगैर मास्क घर से बाहर निकलने पर 500 का पड़ेगा जुर्माना

● संयुक्त रुप से पुलिस उपाधीक्षक व प्रभारी निरीक्षक ने दी जानकारी

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**आपरेशन दुराचारी** के तहत तथा हाई कोर्ट के दिशा-निर्देश के अनुसार अनिवार्य रूप से सभी को मास्क लगाने के निर्देश के साथ पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल व प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि आज से आपरेशन दुराचारी और एंटी रोमियो के तहत नगर मोहम्मदी में दो टीमें गठित की गई हैं। इसमें महिला आरक्षी भी शामिल की गई हैं। पहली टीम कस्बा इंचार्ज जगपाल सिंह के नेतृत्व में तथा दूसरी टीम एसआई होशियार सिंह के नेतृत्व में बनाई गई है जो सादी वर्दी में मोहम्मदी के मुख्य चौराहों तथा ऐसे स्थानों पर पैनी नजर रखेंगे जहां पर महिलाओं, बालिकाओं और बच्चियों का आवागमन ज्यादा होता है। प्रत्येक दिन लगातार यह टीम काम करेंगी। वहीं दूसरे हर चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में टीम बनाई गई है जो प्रत्येक दिन कार्रवाई से अवगत कराएगी। ऐसे मनचले लोग प्रकाश में आते हैं तो कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसे लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर भी लगाए जाएंगे। वहीं न्यायालय के आदेश अनुसार अनिवार्य रूप से सभी को मास्क लगाने के उद्देश्य से पुलिस की टीम बनाई गई है। जो भी लोग पैदल या मोटरसाइकिल से आवागमन कर रहे हैं अगर मास्क नहीं लगाए हैं तो 500 का जुर्माना किया जाएगा। संयुक्त रुप से पुलिस उपाधीक्षक को प्रभारी निरीक्षक ने हर हाल में घर से बाहर निकले तो मास्क जरूर लगाएं तथा समाज के जिम्मेदार लोगों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

## डोहरा रोड दोबारा बनाने पर अपर सचिव ने पीडब्लूडी इंजीनियर को किया तलब

**बरेली।** डोहरा की 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क दोबारा बनाए जाने पर अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर को तलब किया। रविवार दोपहर को पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने अपनी सफाई दी। लेकिन वह सहमत नही हुए। उन्होंने इसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव से की। इसके बाद शासन ने मामले मे जांच का आदेश दिया है। बरेली शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता अपनी जांच रिपोर्ट शासन को देंगे। डोहरा रोड पर 4.5 किलोमीटर सड़क पूरी तरह से बढ़िया चकाचक होने के बावजूद उसे दोबारा बनाया जा रहा था। मामला अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल तक पहुंचा। उन्होंने सीडीओ के माध्यम से पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर को बुलाया था। फाइल लेकर रविवार दोपहर को पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने अपर मुख्य सचिव को बताया कि सड़क को काफी पहले बनाया गया था। 2015 मे रिन्यूअल हुआ था। 5 साल बाद दोबारा से बनाई जा रही है। यह हमारे शेड्यूल मे थी। कई जगह से सड़क टूटी थी। जिस पर सीडीओ ने फोटोग्राफ दिखाए। इसके बाद अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी से फोन पर बात की। उन्हे बताया कि बरेली मे आधी से ज्यादा सड़के टूटी पड़ी है। विभागीय अधिकारी बढ़िया सड़को को दोबारा बनाकर बजट खापा रहे है। इसके बाद शासन ने पूरे मामले की जांच बैठा दी है। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को मौके पर जाकर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए है। अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी डीके तिवारी ने बताया कि 4.5 किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण किया जा रहा है। 2015 मे नवीनीकरण हुआ था। पांच साल बाद दोबारा एक करोड़ की लागत से बन रही है। कई जगह सड़क मे गड्ढे थे। सड़क टूटी हुई थी। पूरी रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

## किशोरी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**बरेली।** मां बाप को मकान की छत पर सोता हुआ छोड़कर किशोरी ने मकान के कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। सोकर उठी उसकी मां ने लाश को फांसी पर लटके देखा। घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कांकर टोला निवासी जरी कारीगर आसिफ की 14 वर्षीय बेटी शबनूर की लाश आज सुबह घर में एक कमरे में पंखे से बंधे दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि शबनूर कक्षा सात की छात्रा थी। कल शाम अपने माता-पिता और भाई बहनों के साथ गर्मी के कारण मकान की छत पर सोई थी। लेकिन सुबह लगभग 5 बजे को अचानक बिस्तर से उठ कर नीचे आ गई और उसने कमरे में छत से लगे पंखे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब वह छत पर वापस नहीं लौटी।

### भाजपा अध्यक्ष ने प्रदूषण जांच केंद्र का शुभारंभ किया

**फतेहपुर।** शहर के बाईपास जीटी रोड पर राठौर सेवा समिति प्रदूषण जांच केंद्र का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर समिति के प्रबंधक दीपक सिंह समेत नीरज सिंहए पुष्पराज पटेलए महेंद्र मौर्यए मनोज आदि मौजूद रहे।

### एबीवीपी ने मनाई शहीद-ए-आजम की जयंती

**बिंदकी (फतेहपुर)।** नगर के मोहल्ला कुंवरपुर रोड स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एबीवीपी द्वारा अमर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अमन विश्वकर्मा ने कहा कि देश की आजादी के लिए अमर शहीद भगत सिंह ने अपनी जान न्यौछावर कर दी थी। देश के लोग उन्हें हमेशा याद रखेंगे। जब तक सूरज चांद रहेगा निश्चित रूप से अमर शहीद भगत सिंह का नाम रहेगा। इस मौके पर नगर मंत्री विकास सिंह, अभिषेक मिश्रा, आशीष अवस्थी, वैष्णवी सोनकर, साइना, विवेक शुक्ला, अनुपम, उदय राज, अनुराग, ऋतिक आदि मौजूद रहे।

### प्रदर्शन कर सीएम को भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स एम्पलाईज यूनियन के जिला अध्यक्ष रामशरण यादव की अगुवाई में कर्मियों ने आज नहर कॉलोनी परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित 3 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर छेदा लालए शंकरलालए महावीरए शिवप्रसादए रामकिशोरए गणेश प्रसादए जय रामए जय गोपालए अनुज सिंहए अयोध्या प्रसादए चंद्रभानए रामकरण यादव आदि मौजूद रहे।

### खड़े ट्रक से ट्रक टकराया, खलासी समेत चालक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास हाईवे में देर रात रोड़ किनारे ईटों से लदे ट्रक में सामने से तेज रफ्तार आ रहे गिट्टी लदे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिसमें एक लगभग 20 वर्षीय खलासी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरे ट्रक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां से उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जिसकी कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना डलमऊ गांव पूरेभुइयन निवासी मोतीलाल का 20 वर्षीय पुत्र राहुल जो ट्रक में खलासी था। बताते हैं कि अपने गांव के ही ट्रक चालक रजनीश कुमार पुत्र जवाहर लाल के साथ डलमऊ से ईंट लादकर बांदा जा रहा था। रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे लखनऊ बाईपास हाईवे किनारे खाना खाने के बाद चालक ने खलासी से शीशा साफकरने के लिए कहा और वह पीछे टायर में गिट्टी निकालने लगा। उसी बीच तेज रफ्तार आ रहे गिट्टी लदे ट्रक ने खडे ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे खलासी राहुल की घटना स्थल ही मौत हो गयी। वहीं दूसरा ट्रक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल चालक को आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया है। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने राहुल के शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर हाईवे पर देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमे महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए हरदो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो लोगों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार खागा कस्बा के मड़वा तालाब नई बाजार निवासी शिवचरण की पत्नी राजकुमारी 54 वर्ष अपने रिश्तेदार रमेश कुमार पुत्र जियालाल व हरिचरण पुत्र रामबरन निवासी उसरवा थाना सैनी जनपद कौशाम्बी के साथ सुजानीपुर गांव एक अन्तिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। देर शाम तीनों मोटर साइकिल से वापस खागा आ रहे थे। जैसे ही बाइक संग्रामपुर हाईवे के समीप पहुंची तभी तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनो घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए हरदो अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि रमेश कुमार व हरिचरण का इलाज किया जा रहा है।

### डेढ़ सौ ईंट भट्ठों के संचालन पर रोक

**फतेहपुर।** जनपद के डेढ़ सौ से अधिकस भट्ठा संचालकों को खनन विभाग ने नोटिस जारी की है। इन पर मौजूदा वित्तीय वर्ष से पहले बकाया राशि न जमा किये जाने पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिए है। खबर है कि प्रशासन के कड़े रुख के चलते खनिज विभाग ने फिलहाल इन भट्ठो संचालन पर रोक लगा दी है।

## आया फरमान, पचास से अधिक व अक्षम पुलिसकर्मी होंगे सेवानिवृत्त

● कप्तान ने दिए निर्देश

**फतेहपुर।** पचास की उम्र पार कर चुके एंव कार्य करने मे अक्षम पुलिस कर्मियो को सेवा निवृत्त करने की प्रक्रिया जिले मे शुरू हो गई है। इसके लिए एसपी ने जिले के सभी सीओ, थानाध्यक्ष व 112 डायल के प्रभारियों को निर्देश जारी किए है। दो दिनो के अन्दर पुलिस कर्मियो को चिन्हित करने पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए है। बता दे कि पचास वर्ष की आयु से अधिक वाले पुलिस कर्मियो को रिटायर करने के लिए शासन ने निर्देश दिए है। जिसके तहत अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना ने सभी पुलिस अधीक्षको को 31 मार्च को पचास की दहलीज पार करने वाले एवं कार्य करने मे अक्षम व दिव्यांग पुलिस कर्मचारियो को चिन्हित करने के निर्देश दिए है। जिससे पुलिस कर्मियो को चिन्हित करने का काम जिले मे शुरू हो गया है। इसके लिए एसपी ने निर्देश जारी किए है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना द्वारा विगत पांच सितम्बर को जारी किये गये पत्र के तहत पचास से अधिक की आयु पूरी करने वाले पुलिस कर्मियो को चिन्हित करने निर्देश दिए है। एसपी ने अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना के निर्देशो के तहत जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, थाना व 112 डायल के प्रभारियों को विगत 31 मार्च को पचास की आयु पूरी करने वाले, कार्य करने मे अक्षम एंव दिव्यांग पुलिस कर्मियों को दो दिनों के अन्दर चिन्हित कर सूचना देने के निर्देश दिए है। एसपी के निर्देशो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मोहकमे मे खासा हडकंप मच गया है। पुलिस कर्मी एक-दूसरे से मामले की जानकारी की टोह लेते रहे।

## घरेलू विवाद में दो महिलाओं ने खा लिया जहरीला पदार्थ

**बिंदकी (फतेहपुर)।** घरेलू विवाद के चलते दो अलग-अलग स्थानों में दो महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिनकी हालत गंभीर हुयी तो परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद एक महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी महिला को इलाज के बाद ठीक होने पर परिजन वापस घर ले गए।

कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में घरेलू विवाद के चलते रेनू देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी अनिल कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। काफी देर से उपचार के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर कोतवाली क्षेत्र के बहरामपुर गांव में घरेलू कलह के चलते शालिनी देवी उम्र 19 वर्ष पत्नी राहुल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने पूछताछ शुरू किया। जिस पर महिला ने जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी दी। उन्होंने निजी वाहन से लाकर सीएचसी में भर्ती कराया। हालांकि काफी देर के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ तो परिजन वापस घर ले गए।

### बाइकों की भिड़ंत तीन घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम नयापुरवा रोड पर सोमवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़न्त में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मलवां कस्बा निवासी स्व. अमर सिंह का 30 वर्षीय पुत्र गजेन्द्र सिंह अपने रिश्तेदार विजय यादव पुत्र रमेश 22 वर्ष निवासी नयापुरवा के साथ मोटर साइकिल से मलवां कस्बा आ रहा था। बताते हैं कि जैसे ही बाइक गांव से कुछ दूर पहुंची तभी सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार से सीधी भिडन्त हो गयी।

## छोटे परिवार की अलख जगाएं, समाज में खुशहाली लाएं: हीरा लाल

● राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में सीफार व यूपी टीएसयू के सहयोग से ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित

संवाददाता। फतेहपुर

**परिवार के** साथ ही समाज और देश की खुशहाली के लिए जरूरी हो गया है कि हर कोई छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में गंभीरता से विचार करे। इसके अलावा बच्चे का जन्म तभी हो जब माता-पिता उसके लिए पूरी तरह तैयार हों। अनचाहे गर्भ से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस मौजूद है, लोग अपनी सुविधा अनुसार उसमें से कोई भी साधन अपना सकते हैं ताकि अनचाहे गर्भ धारण की समस्या से बचने के साथ ही माँ-बच्चे की मुस्कान भी बनी रहे। यह बात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश के अपर मिशन निदेशक हीरा लाल ने विश्व गर्भ निरोधक दिवस (26 सितम्बर) की तैयारियों और जागरूकता पर चर्चा के लिए सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) और उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपी टीएसयू) के सहयोग से आयोजित ऑनलाइन मीडिया कार्यशाला के दौरान कही।

इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि हमारे संसाधन सीमित हैं, ऐसे में आबादी को भी सीमित रखना बहुत ही जरूरी है। दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखना चाहिए ताकि महिला का शरीर पूरी तरह से दूसरे गर्भधारण के लिए तैयार हो सके। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को भी सुधार जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने नव दम्पतियों को शादी के दो साल बाद ही बच्चे के बारे में सोचने के प्रति जागरूक करने की बात कही, क्योंकि पहले जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे को अच्छी तरह से समझें, परिवार को समझें और अपने को आर्थिक रूप से इस काबिल बना लें कि अच्छी तरह से बच्चे का लालन-पालन कर सकें तभी बच्चा पैदा करने की योजना बनाएं। अस्थायी गर्भ निरोधक साधनों की बढ़ी मांग: इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की परिवार नियोजन कार्यक्रम की महाप्रबंधक डॉ. अल्पना शर्मा ने प्रदेश में परिवार नियोजन को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रमों और आगे की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 के परिवार कल्याण कार्यक्रमों के परिणाम बहुत उत्साहजनक थे किन्तु वर्ष 2020-21 सत्र की शुरुआत ही कोविड-19 महामारी से हुई, इस कारण से प्रगति धीमी रही। फिर भी गर्भनिरोधक गोली छाया, प्रसव के तुरंत बाद लगने वाली पीपीआईयूसीडी और कंडोम की डिमांड ज्यादा रही। इसमें फ्रंट लाइन वर्कर (आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम) की भूमिका सराहनीय रही। कोविड के चलते अस्पतालों में नसबंदी की सेवा नहीं दी जा सकती थी तो लोगों ने अस्थायी साधनों के प्रति दिलचस्पी दिखाई। प्रदेश में बड़ी संख्या में घर लौटे प्रवासी कामगारों को भी क्वारेंटाइन सेंटर से जाते समय उनके मनमुताबिक गर्भ निरोधक साधन मुहैया कराये गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आबादी के अनुपात में करीब 57 लाख दम्पतियों तक कोई न कोई गर्भ निरोधक साधनों को पहुँचाना बहुत जरूरी है तभी हम सकल प्रजनन दर को 2.7 से 2.1 पर ला पायेंगे। अन्तरा केयर लाइन की काउंसलर बनीं महिलाओं की सखी: इस मौके पर अन्तरा केयर लाइन के संचालन का दायित्व निभाने वाली एब्ट की एसो0 डॉ. रवि आनंद ने कहा कि तिमाही गर्भ निरोधक साधन अन्तरा इंजेक्शन अपनाने वाली महिलाओं की मदद के लिए तैनात काउंसलर जब फोन करती हैं तो लाभार्थी बेहिचक अपनी सारी समस्याओं पर बात करती हैं। इससे उनमें एक विश्वास जगा है। उन्होंने बताया कि पहला डोज लेने वाली महिलाओं में से करीब 60 फीसद दूसरा डोज लेती हैं और उनमें से करीब 70 फीसद तीसरा डोज भी लेना पसंद करती हैं। अंतरा केयर लाइन सातों दिन सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक चलती है। व्यवहार परिवर्तन जरूरी: इस मौके पर पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया की ओर से पूनम मुतरेजा ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला और परिवार नियोजन को लेकर लोगों के व्यवहार परिवर्तन की बात कही।

## क्विक न्यूज

### रोजगार पाने का सुनहरा मौका, करें आवेदन

**लखीमपुर-खीरी।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में 30 सितंबर 2020 को आनलाइन एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 11 कंपनियां कल्याणी सोलर पावर स्कॉर्पियन, इंडिया जेट एक्स प्राइवेट लिमिटेड, मगध एग्रोटेक, मर्सी दयानंद वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, स्मार्ट एव इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, शिवानी लॉजिस्टिक्स, टेस्को रिन्यूएबल, पुखराज हेल्थ केयर, न्यू यूनिकेयर हेल्थ सॉल्यूशंस व शिव शक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड प्रतिभाग कर रही हैं। इन कंपनियों द्वारा अपनी रिक्तियां सेवायोजन पोर्टल पर अंकित कर दी गई रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर विवरण देखकर आवेदन कर दें। जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जाएगा कंपनियों द्वारा उनका साक्षात्कार उनके दिए गए मोबाइल नंबर पर किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया शहीदे आजम का जन्मदिन



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने गोला गोकर्ण नाथ निकट रिलायंस पंप के पास शहीदे आजम भगत सिंह जी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी ने यह शपथ ग्रहण की कि जब तक हमें एमएसपी समर्थन मूल्य की गारंटी नहीं मिलेगी हम सरकार के खिलाफ जंग लड़ते रहेंगे। यह भी संकल्प लिया है कि जब तक मोदी सरकार के किसान विरोधी पारित किए गए काले अध्यादेश मोदी सरकार वापस नहीं लेगी तब तक हम गांव के बाहर पोस्टर, बैनर लगाकर भाजपा के नेताओं को गांव के अंदर घुसने नहीं देंगे। उसके बाद संगठन के सभी कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किसानों की धान खरीद और बजाज चीनी मिलों पर बकाया भुगतान को लेकर जिलाध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में गोला से लखीमपुर डीएम से मिलने व ज्ञापन देने मोटर साईकिल रैली रवाना हो गये।

### एसडीएम, सीओ व प्रभारी निरीक्षक का सम्मान



**लखीमपुर-खीरी।** व्यापार मंडल ने उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और प्रभारी निरीक्षक का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला को सम्मान पत्र भी दिया। मोहम्मदी व्यापार मंडल के अध्यक्ष रूपेश गुप्ता व कोषाध्यक्ष विजय सिंह के माध्यम से कोरोना कॉल में लाक डाउन का शत-प्रतिशत पालन कराने वाली उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला को पुष्प गुच्छ और सम्मान पत्र व्यापार मंडल के माध्यम से दिया गया। शुभकामनाओं सहित उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल तथा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी को पुष्प भेंट कर व्यापार मंडल की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी गई। व्यापार मंडल द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

### कंग्रेसियों का विधानसभा घेराव कार्यक्रम पुलिस ने किया नाकाम



**संडीला (हरदोई)।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये कृषि सम्बंधी कानून का विरोध करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घरों पर ही नजरबंद कर दिया। साथ ही एक पीसीसी सदस्य एवं नगर अध्यक्ष को हिरासत में ले लिया है। कृषि बिल के विरोध में विधानसभा का घेराव करने जा रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महताब अहमद एवं नगर अध्यक्ष चांदबाबू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डा इदरीस वारसी के नसीम वारसी, सै फजल रसूल, नवरत्न द्विवेदी, रामसिंह लोधी, ओम प्रकाश अर्कवंशी, इश्तियाक अली और अजय यादव के साथ घर पर ही हिरासत में ले लिया गया। इसके अलावा लखनऊ हरदोई मुख्यमार्ग पर भी बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही ताकि कोई कांग्रेसी विधानसभा का घेराव करने नहीं जा पाये।

### क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं के बारे में दी गयी जानकारी



**संडीला (हरदोई)।** क्षेत्र पंचायत की बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ब्लाक सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि के विधायक राजकुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले बीडीओ सुधीर कुमार ने पिछली बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया तथा इसकी पुष्टि के पश्चात पशुपालन विभाग के डा संजय कुमार ने विभाग की योजनाओं के सम्बंध में बताया। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद्र ने विधवा, वृद्धावस्था पेंशन, शादी अनुदान आदि की जानकारी दी। सीएचसी अधीक्षक डा मसूद आलम, बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी, एपीओ मनरेगा ने विभिन्न योजनाओं के विषय में सदस्यों को जानकारी दी। इसी अवसर पर विधायक राजकुमार अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्षीय सम्बोधन में कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में बहुत विकास कार्य कराये हैं। यह कार्यकाल की अंतिम तिमाही है। इसमें भी उनका प्रयास होगा की अधिक से अधिक कार्य पूरे कराये जा सके। कार्यक्रम का संचालन एपीओ आलोक कुमार अस्थाना ने किया।

### क्योलड़िया थाना क्षेत्र मे दो पुलिस चौकियों को मंजूरी

**बरेली।** क्योलडिया थाना परिसर मे शनिवार को आयोजित समाधान दिवस मे एसएसपी रोहित कुमार सजवाण पहुंचे। उन्होंने फरियादियो की शिकायते सुनी और उनके निस्तारण के लिए थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को निर्देश दिए। साथ ही लंबे समय से चली आ रही दो पुलिस चौकियो को खोले जाने की मांग को हरी झंडी दी। जिसके बाद जनपद पीलीभीत की सीमा पर स्थित मेथी चौराहे व भौआ बाजार गांव मे अस्थायी पुलिस चौकी खुल जाएंगी। मेंथी चौराहे पर खुलने वाली पुलिस चौकी पर एसआई सतपाल सिंह को चौकी प्रभारी और उनके चार कांस्टेबलों को तैनात करने के निर्देश दिए। भौआ बाजार गांव मे खोली जाने वाली पुलिस चौकी पर उप निरीक्षक तिलकराम को चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। अभी यह चौकिया अस्थायी रूप से संचालित होंगी। इनको शीघ्र ही स्थायी करने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बाद मे उन्होंने थाने के भवन का निरक्षण भी किया। इसमे सीओ प्रभात कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार प्रदीप रमन, उपनिरीक्षक अली मिया जैदी,सतपाल आदि थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक की लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर कहरवान निवासी 57 वर्षीय राजकुमार पुत्र शंभू दत्त की बीती रात भोजीपुरा के में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि राजकुमार विवाह समारोह आदि के अवसर पर फोटोग्राफी का काम करता था। कल दिन में अपने हेल्पर धर्मेंद्र के साथ भोजीपुरा में किसी कार्यक्रम में फोटोग्राफी करने गया था। जहां से रात के समय दोनों मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहे थे। लेकिन जादोंपुर में सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे राजकुमार और धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची राजकुमार की मौत हो चुकी थी। घायल धर्मेंद्र को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बरेली।** रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव ताह कासिमपुर निवासी 35 वर्षीय मनोहर पुत्र धनीराम की कल शाम देवरनिया इलाके ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि मनोहर अविवाहित था। उसने अपने हिस्से की जमीन भी बेच दी थी। वह अक्सर काफी समय तक घर से बाहर रहता था। लगभग डेढ़ साल पूर्व वह घर से बिना बताए गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। घरवालों ने उसे तलाशने की कोशिश नहीं की। इधर कल शाम को वह देवरनिया इलाके में रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। जो मौके पर पहुंची और लाश को अज्ञात के रुप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मौत की सूचना जब घरवालों को मिली तब आज वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी दो बहने भी हैं मां का नाम कलावती है।

# डेंगू संग मलेरिया का प्रकोप, तीन की मौत

## घाटमपुर के परौर गांव में बुखार से दर्जनों बीमार

संवाददाता। घाटमपुर



**विकास** खंण्ड पतारा के गांव फरौर में बीते करीब एक माह से डेंगू संग मलेरिया बुखार का प्रकोप है ग्रामीणों की माने तो बुखार से हर घर में चारपाई बिछी है किसी किसी के घर में बच्चे-बूढ़े सभी चारपाई पकडे हैं बीते एक पखवाड़े के अंदर तीन लोगों की मौत के बाद स्वास्थ बिभ्ससग जागा है वैसे तो कोरोना वायरस के कहर के साथ इन दिनों क्षेत्र में वेक्टर जनित रोगों का भी घर-घर हमला शुरु हो गया है। लेकिन सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवायें न काफी साबित हो रही हैं इसी का फायदा उठा कर नर्सिंग होमों में इलाज के नाम पर बुखार पीड़ितों को कोरोना या डेंगू, चिकनगुनियां जैसा बुखार बता कर लूटा जा रहा है। बिकास खंण्ड भीतरगांव के बाद पतारा के गांव स्योढ़ारी के मजरा फरौर के कुंज बिहारी कुशवाहा बताते हैं कि उनके घर में पत्नी, बच्चे सब बीते 15 दिनों से बीमार है और इलाज में हजारों रुपया खर्च कर चुके हैं पर बुखर पीछा नही छोड़ रहा है। इसी तरह की बात अभिषेक पुत्र रामकेश खुद बीते एक हफ्ते से चारपाई पकड़े है और पत्नी कानपुर के एक निजी नसिंग होम में बुखार से जूझा रही है। पड़ोसी सत्यनरायन और रामगोपाल के धर के लोग बुखार की चपेट में हैं। गांव में अखबार नवीसों के लोगों को देख कर अवधेश कुशवाहा की पत्नी अपने 5 वर्षीय बेटे को लेकर पास पंहुची की डाक्टर लोग आये हैं अवधेश के पुत्र को आज ही दोपहर बाद बुखार आया हैं करीब चार हजार की आवादी वाले इस गांव में कुशवाहा बिरादरी की आबादी है। पड़ोसी गांव स्योढ़ारी का प्रधान होने के चलते शायद ही सफाई कर्मी कभी आया हो नतीजा ये है। कि गांव में गन्दगी का आलम है। उधर पतारा सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि जानकारी मिलने पर गांव में आज मेडिकल टीम भेजी गयी थी तथा 120 लोगों की जॉ कर उन्हें दवा दी गयी है तथा 101 लोगों की स्लाइड बनकर मलेरिया बुखर की जॉच हेतू लैब भेजी गयी है डा0 नीरज सचान बीमारी के पीछे गांव में ब्याप्त गन्दगी मान रहे है। एक ओर जहॉ बीते साल की तरह इस साल भी वेक्टर जनित रोगों का कहर शुरु हो गया है जबकि क्षेत्र की भीतरगांव व घाटमपुर सीएचसी के आधीन गांवों कोरोना वायरस के कहर से पहले ही हाहाकार मचा हुआ है। भीतरगांव इलाके के गांव शूलपुर में बीते दिनों एक महिला की डेंगू बुखार से मौत होने के बाद भीतरगांव सीएचसी के डाक्टरों की एक टीम बीते बुद्यवार को गांव गयी थी और घर-घर जाकर बुखार पीड़ित मरीजों की जॉच की थी, और वुखार पीड़ितों की जॉच की थी चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या ने बताया कि जॉच में 30 से अधिक लोग बुखार पीड़ित लोग निकले थे जिनकी जौंच के लिये गये नमूनों लिये गये थे। शूलपुर की तरह क्षेत्र के और कई गांव येसे हैं जहॉ बुखार की चपेट में बच्चे बूढ़ और जवान सभी हैं। उधर यमुना और मुगल रोड के बीच की पट्टी के गांवों में लगे सरकारी हैंण्ड पम्पों में दूषित पानी निकल रहा है। जिसके चलते संचारी रोगों के साथ वेक्टर जनित रोगों का प्रकोप घर-घर दस्तक देने लगा है। तिरहर क्षेत्र के गांव निमधा, कोरों, गढ़ोलामऊ, बदले सिमनापुर आदि गांवें के लोगों ने बताया कि उनके गांव के अलावा मैधरी, सिरसा धरक्षुवा, संभुई, भटपुरवा, चिटकिन पुरवा, मऊनखत, महुवा पुरवा, बांध और हरदौली आदि गांवों के हैंण्ड पम्प ही बीमारियॉ बांट रहे है।

## पालिकध्यक्ष की गाड़ी रोककर दिखाये काले झंडे

**फरुखाबाद।** पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए युवाओं नें काले झंडे दिखाकर उनकी गाड़ी रोंकी। जिसके बाद पुलिस को कड़ी मसक्कत करनी पड़ी। पुलिस नें समझाकर उन्हें किनारे किया। जिसके बाद उनकी गाड़ी वापस हो सकी।शहर के पक्का पुल के निकट मुख्य मार्ग पर टाउन हाल पालिका कार्यालय से लौट रहीं अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल को नगर युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों नें उन्हें रोंक लिया। कार्यकर्ता सड़क पर उनकी कार के आगे काले झंडे लेकर बैठ गये। उन्होंने पालिका अध्यक्ष को काले झंडे दिखाने के साथ ही नगर में विकास कार्य ना कराने का आरोप लगाया। शहर की जर्जर सड़को व जलभराव की समस्या के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव को दबोच लिया। जिससे अन्य पदाधिकारी भड़क गये। उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई।

# कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों का किया सम्मान

संवाददाता। भर्थना



**नगर पालिका** परिषद ने करोना काल में अत्यधिक मेहनत कर नगर की साफसफाई व अन्य व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखने पर पालिका कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया है। इस अवश्य पर सांसद प्रतिनिधि श्रीभगवान पोरवालएपालिका सभासद व नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल ने करोनाकाल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सफाई प्रभारी राजेंद्र कुमारए कोविड.19 प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह भदौरियाएसहायक सफाई प्रभारी पूरन सिंह चौहानएसफाई नायक रामकृष्ण वर्माएविमल कुमारएराज कुमारएमहेश कुमारएबृजेश सिंह कुशवाहाएराजीव कुमारएइलम सिंह आदि को प्रशस्ति पत्र भेँटकर सम्मानित किया है। इसी अवसर पर समाज उत्थान समिति एवं ब्यूटी मंत्रा इटावा के अध्यक्ष व स्वच्छ भारत मिशन नगरी ब्रांड एंबेस्डर हरिशंकर पटेल ने भी अपनी संस्था की तरफसे उपरोक्त सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर सभासद हरिओम दुबे अंशु सिंह वर्माएनिहालद्दीनएमनोज गुप्ताएराजीव कुमार तिवारीएअतुल त्यागी, राकेश कुमार दिवाकर, राजीव यादव, रोहित कुमार, बृजेश कुमार, अली मुरसान, रवि यादव, प्रेमचंद पोरवाल, शशांक यादव, शिवराम सिंह यादव, राघवेंद्र सिंह सभासद प्रतिपति दलबीर सिंह यादव, राजीव शुक्ला, राजू यादव, सुरेश यादव, विपिन कुमार पोरवाल, सभासद पुत्र सुशील पोरवाल नानू, राम प्रकाश पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# एक साल से सूखा पड़ा है उमरेडी माइनर

संवाददाता। एरवाकटरा औरैया



**उमरेडी** एरवाकटरा माइनर पिछले 1 साल से सूखा पड़ा है जिस कारण क्षेत्रीय किसान बेहद परेशान हैं। क्षेत्रीय किसानों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल इस माइनर की सफाई कराये जाने और इसमें पानी छोड़े जाने की मांग की है। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने बताया कि उमरेडी से एरवाकटरा के बीच लगभग एक दर्जन छोटे.बड़े गांव पड़ते हैं ए इनमें उमरेडी ए रघुनाथपुर ए नगला बैस ए रानीपुर दत्त ए बिक्रमपुर ए बेलझाली मुख्य हैं। इन गांव के अधिकांश निवासियों का मुख्य काम खेती.बाड़ी का है। लेकिन इन गांव से होकर जो माइनर निकला है वह पिछले 1 वर्ष से लगातार सूखा पड़ा है जिस कारण इन किसानों की फसलें मुरझाई हुई हैं। गांव में आधी आबादी बेहद गरीबी में अपना जीवन यापन कर रही है। इनके पास इंजन से सिंचाई करने के लिए पैसा नहीं है। यह लोग या तो बरसात के पानी पर निर्भर रहते हैं या फिर इनकी आंखें माइनर के पानी पर टकटकी लगाए रहती हैं कि कब बंबा में पानी आए और हमारी सूख रही फसलों को जीवनदान मिले लेकिन पिछले 1 वर्ष से ना तो इस माइनर की सफाई हुई है और नाइस माइनर में पानी आया। जिस कारण इन 1 दर्जन गांव के किसान बेहद परेशान हैं। और पानी का इंतजार करते करते इन एक दर्जन गांवों के किसानों के हलक सूख गए हैं। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने बताया कि सरकार किसानों की हालत सुधारने के लिए बड़ी.बड़ी घोषणाएं करती है लेकिन धरातल पर आज भी समस्याएं जस की तस मुंह फैलाए खड़ी हैं। उमरेडी माइनर की सफाई न होना इसका जीता जागता उदाहरण है। इस माइनर में चार चार हाथ लंबी उगी घास इस बात की गवाही दे रही है। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव, लल्ला अली, रामनिवास, रामचंद्र प्रजापति, गौरव गुप्ता, अरुण ठाकुर, संजय चक्रवर्ती , राजेश आर्य विक्रांत सिंह आदि मौजूद रहे।

# टिकट बाबू के कमरे में तीसरी बार चोरी करने पर पकड़ा गया

संवाददाता। भर्थना

**दिल्ली** हावड़ा रेलवे ट्रेक स्थित भरथना रेलवे स्टेशन के टिकट बुकिंग बाबू के कमरे में चोरी की नियत से घुसे एक चोर को बुकिंग बाबू ने पकड़कर भरथना सिविल पुलिस को सौंप दिया है। पकड़े गए जोर ने रेलवे टिकट बुकिंग बाबू के कमरे में चोरी का यह तीसरी बार प्रयास किया था। पकड़े गए चोर टिकट बुकिंग बाबू ने पूर्व में हुई दो अन्य चोरियों समेत यह तीसरी चोरी व 17 हजार रुपये चोरी करने का आरोप लगाते हुए सिविल पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। भरथना रेलवे स्टेशन टिकट घर के टिकट बुकिंग बाबू मोहम्मद कामरान ने सिविल पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह भरथना रेलवे स्टेशन के निकट स्टेशन रोड स्थित एक प्राइवेट मकान के कमरा में निबास कर रहा है। बीते दिन की सुबह वह अपनी रेलवे बुकिंग कार्यालय जाने के लिए कमरे में ताला लगाकर निकला था। बुकिंग कार्यालय पहुँचते ही उसे याद आया कि वह अपने कमरे पर चश्मा भूल गया है। जिसे उठाने के लिए जब वह कमरे पर वापस पहुँचा तो वह दंग रह गया। उसने देखा कि कमरे का ताला खुला पड़ा हैएऔर अन्दर से दरबाजा बन्द भी हैं। कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह दरवाजा खुलवाने पर बाहर निकले एक चोर को उसने पकड़ लिया और सिविल पुलिस को सौप दिया। रेलवे टिकट बुकिंग बाबू मो0कामरान ने पुलिस को बताया कि उसके कमरे में तीसरी बार चोरी करने के उद्देश्य से ताले की चाबी मिलाकर ताला खोल कर कमरे में घुसा चोर माह में पहली बार में 11 हजार रुपयेएदूसरी बार में डेढ़.दो हजार समेत कुल 17.5 हजार रुपये चोरी कर चुका है। पुलिस ने पकड़े गए चोर से भरथना में अन्य स्थानों पर हुई पूर्व की चोरियां की पड़ताल सूरी करदी है।

# माकपा नेताओं ने शहीद भगत सिंह को किया याद

संवाददाता। भर्थना



**माकपा** नेता अनिल दीक्षित ने कहा है कि जब.तक किसान मजदूर को आर्थिक आजादी नहीं मिलती शहीद आजम सरदार भगतसिंह के सपने पूरे नहीं होंगेएआज शहीद सरदार भगतसिंह के बताये रास्ते पर चलना हमेशा से अधिक प्रासंगिक हो गया है। माकपा के जिला सचिव एवं मण्डल सदस्य कामरेट अनिल दीक्षित सोमवार को भरथना के वालूगंज स्थित शहीद पार्क में स्थापित शहीदेआजम सरदार भगतसिंह के जन्मदिन पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

कामरेड अनिल दीक्षित ने कहा जनता की समस्याएं आजादी के बाद इतनी विकराल कभी नहीं रहींए किसान,मजदूर, छोटा व्यापारी, नौजवान, छात्र, महिलाओं के आगे वर्तमान सरकार ने समस्याओं के पहाड़ खड़े कर दिये हैं। वर्तमान सरकारों ने खेती किसानी का सर्वनाश करके कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाना सुरु कर दिया है। नौकरियां खत्म की जा रही हैंएरेलवेए हवाई अड्डे सहित तमाम सार्वजनिक क्षेत्रों को अडानीएअम्बानी के हाथों में सौंपा जा रहा है। शिक्षा का निजीकरण कर महंगा किया जा रहा है। ऐसे में भगतसिंह के सिद्धांतों पर चलकर संघर्ष करके ही हम अपनी और अपने परिवेश की रक्षा कर सकते हैं। किसान सभा के जिला अध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार बेईमानी से कानून बनाकर किसान के हाथ काट रही है। उन्होंने ठेका खेती कानून वापस लेने की मांग की साथ ही श्रम कानून में संशोधन व मंडी कानून वापस लेने की मांग की। इससे पूर्व माकपा नेताओं ने शहीदेआजम सरदार भगतसिंह की प्रतिमा पर कवि रामराहीएप्रमेन्द यादव पम्मीएसुरेश सिंह यादवएकमलेश उपाध्यायएदिनेश सिंह यादवएकन्हैया लालएसगीर अहमदएराज कुमार आदि ने माल्यार्पण कर क्रान्तिकारी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## शहीदे आजम की 113 वीं जयन्ती पर बहुत याद आये शहीदे आजम

**भरथना** के समाजसेवियों ने सोमवार को शहीदेआजम सरदार भगतसिंह की एक सौ तेरहवीं जयन्ती के शुभअवसर पर नगर के वालूगंज स्थित शहीद पार्क पहुँच कर शहीदेआजम सरदार भगतसिंह की प्रतिमा समेत अन्य शहीद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीभगवान पोरवाल, समाजसेवी व मोती मन्दिर के संरक्षक राजेन्द्र चौधरी, श्रीक्रष्ण दास शर्मा, गोपाल दास मिश्रा, सभासद पुत्र सुशील पोरवाल भानु वर्मा, माकपा नेता जिला सचिव व मण्डल सदस्य कामरेट अनिल दीक्षित, किसान सभा के जिलाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता, कवि राम राही, प्रमेन्द यादव पम्मी, सुरेश सिंह यादव, कमलेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने सुरक्षा इंतजामों को परखा




संवाददाता। कनपुर देहात

**एसपी** केशव कुमार चौधरी ने सोमवार को अकबरपुर व पुखरॉया स्थित बैंकों में सुरक्षा इॅतजामों की जॉच पउताल की। एसपी ने सुरक्षा के साथ कोरोना वायरस से बचाव के लिये सम्बन्धित बैंको को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एसपी केशव कुमार चौधरी ने पुखरॉया व अकबरपुर कस्बे की स्टेट बैंकों में सीसीटीवी कैमरों, इमरजेंसी अलार्म, आग लगने पर बचाव सहित अन्य सुरक्षा इॅतजामों का निरीक्षण किया। एसपी ने शाखा प्रबन्धक व प्रबन्धन सहित कर्मचारियों को दो गज की दूरी व मास्क स्वयॅ लगाने के साथ ग्राहकों को भी कोरोना गाइड लाइन के लिये प्रेरित करने पर जोर दिया। इससे पहले एसपी ने अकबरपुर व गजनेर थानों का रात्रि में औचक निरीक्षण किया। एसपी ने कोरोना गाइड लाइन के पालन के साथ टाप टेन अपराधियों के सम्बन्ध में कार्यवाही के निर्देश दिये। लम्बित विवेचानाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से अतिशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाने परिसर में खाने में साफसफाई के साथ पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, अपने अपने क्षेत्रों में अपराधियों के बारे में जानकारी रखने, जनता व फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार अपनाने का निर्देश दिया गया।

# डीएम ने प्राइवेट अस्पताल संचालकों संग की समीक्षा

संवाददाता। कानपुर देहात




**शासन** के निर्देश पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के सभागार में स्वास्थ्य विभाग व प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सकों ध्अधिकारियों के साथ कोविड से निपटने हेतु समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कांटेक्ट ट्रेसिंगए टेस्टिंग एवं उसकी फीडिंग एवं होम आइसोलेशन संक्रमित की निगरानी कर रही टीम से उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत तय रणनीति के तहत संक्रमित व्यक्ति के ट्रेस होते ही ससमय फैसिलिटेट कराया जाए और उनकी कांटेक्ट ट्रेसिंग कराते हुए उनकी टेस्टिंग सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटलों में कोविड.19 के तहत सभी तैयारी पूर्ण कर ले किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अस्पताल में प्रॉपर तरीके से सैनिटाइजेशन व लोगों को मार्क्स लगाने के लिए प्रेरित करें तथा सभी आवश्यक वस्तुएं आदि रखें उन्होने कहा कि कोविड .19 संक्रमण पाए जाने पर माइक्रो कण्टेनमेण्ट जोन बनाया जाए तथा उस जोन के तहत शत.प्रतिशत टेस्टिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कट्रोल रूम प्रभारी को होम आइसोलेशन एवं कोविड.19 के प्रभारी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि कोविड.19 स1 स2 में संक्रमित व्यक्तियो से वार्ता कर मिल रही मूलभूत सुविधाओं खान.पानए उपचार तथा साफ सफाई की जानकारी लेने हेतु निर्देशित किया। उन्होने बढ़ते संक्रमण से निपटने हेतु जिले में युद्ध स्तर पर टेस्टिंग कराए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में फेस मास्क को लेकर जन जागरूकता फैलाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी हॉस्पिटलों में कोविड.19 कोविड हेल्प डेस्क जरूर होना चाहिए उसमें पल्स ऑक्सीमीटर थर्मल स्कैनिंग सैनिटाइजर हो तथा आने वाले मरीजों का परीक्षण किया जाए उन्होंने कहा कि किसी भी हॉस्पिटल द्वारा लापरवाही न बरती जाए।

## क्विक न्यूज

### चार वर्षीय भतीजे की हत्या

**फर्रुखाबाद।** बालक की भूमि कब्जे को लेकर नाक-मुंह दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया। घटना में आरोपी परिवारी चाचा ही कातिल निकला।थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम दहिलिया निवासी धर्मेश के चार वर्षीय पुत्र ऋतिक की हत्या कर शव घर के पीछे फेक दिया गया था। पिता नें परिवारी भाई हरेन्द्र सिंह के खिलाफ हत्या किये जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। कई दिन चली जॉच के बाद आखिर पुलिस नें सोमवार को आरोपी हरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपी हरेन्द्र नें बताया कि उसके अविवाहित चाचा हरिश्चन्द्र उसके पास रहते थे। उनके पास 8 बीघा भूमि है। बीते लगभग एक महीने से वह धर्मेश के घर पर रह रहे थे। आरोपी नें पुलिस को बताया कि उसे शक हो गया कि अब हरिश्चन्द्र अपना खेत धर्मेश को देंगे। जिसकी खुन्नस में आरोपी नें मासूम की नाक-मुंह दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद मासूम को साइलेनसर से जला दिया। जिससे किसी को शक ना हो। लेकिन पोस्टमार्टम में राज खुलने के बाद पुलिस नें आरोपी हरेन्द्र को दबोच लिया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार नें बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सेंट्रल जेल में तीसरे दिन 123 कोरोना मरीज मिले

**फर्रुखाबाद।** कोरोना की बाढ़ जनपद लगातार बढती जा रही है । सेंट्रल जेल में अकेले तीसरे दिन 123 कोरोना पाजिटिव मिले है । कोरोना 133 पाए गये और कोरोना की संख्या बढकर अब 2673 हो गयी है , स्वस्थ व होम आइसोलेशन में 1889 लोग है , अस्पताल में भर्ती 746 तथा 38 की मौत हो चुकी है । विवरण इस प्रकार है दृ अवधेश कुमार 46 वर्ष, उर्मिला 60 वर्ष कटरा नुनहाई , सतना 20 वर्ष सुठारी शमशाबाद, उपेन्द्र दत्त 33 वर्ष धन्नी नगला कायमगंज, डॉ सर्वेश यादव 50 वर्ष,सुशीला वर्मा 49 वर्ष राममनोहर लोहिया कैम्पस, शिवानी 23 वर्ष चौक, अभिनव 15 वर्ष ,शिवानी पुत्री अजय कुमार 15 वर्ष आवास विकास, सुमित्रा देवी 54 वर्ष आफिसर्स कालोनी, अरुण कुमार 68 वर्ष रस्तोगी मोहल्ला आदि कोरोंना पाजिटिव पाए गये

### पूर्व सैनिक से पर्स लूट के आरोपी को भेजा गया जेल

**फर्रुखाबाद।** घटना के चार दिन बाद आखिर पुलिस नें पूर्व सैनिक के साथ रोडबेज में लूट की घटना को अंजाम देंने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया।कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम विजाधरपुर निवासी पूर्व सैनिक देवेश कुमार सिंह के साथ धीरपुर चौराहे के निकट बस में बैठे आरोपी नें जेब से पर्स लूट ली और फरार हुआ था। पुलिस नें आरोपी को कुछ देर बाद पकड़ लिया था। घटना के सम्बन्ध में पुलिस नें शातिर पर सख्त रुख दिखाने की जगह उसका चोरी की धारा 379 के तहत गिरफ्तारी की। जबकि घटना लूट की थी। जिसमे पेन कार्ड, आईडी कार्ड, 30 हजार की नकदी लूटी गयी थी। पुलिस नें आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया। जहॉं से उसे जेल भेज दिया गया।

### जयंती पर याद किये गए शहीदे आजम भगत सिंह

**फर्रुखाबाद।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर सोमवार को विभिन्न संगठनों ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। शहर के बद्री विशाल महावि।लय स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के पदाधिकारी एकत्रित हुए। उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के साथ ही शहीदों की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया। शहीदे आजम भगत सिंह की 112वी जयंती पर उन्हें याद करते हुए जिलाध्यक्ष आदित्य दीक्षित नें कहा कि भगत सिंह नें कहा था कि बम और पिस्टल से क्रांति नही आयेगी। क्रांति की तलवार को विचारों के धार बढ़ाने वाले पत्थर पर रगड़ना पड़ेगा। इसी तरह आज के युवाओं को अपनी सोच विचारों को बढ़ाने वाले पत्थर पर रगड़ना पड़ेगा। जिससे एक नये युग का उदय हो।अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य राममुरारी शुक्ला नें की। चन्द्र प्रकाश मिश्रा, नमामि गंगे के जिला संयोजक रवि मिश्रा, विपिन अवस्थी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मुनीश चन्द्र मिश्रा आदि नें विचार व्यक्त किये। गौरव वर्मा, अमन जैन, सुनील गुप्ता, पंकज दुबे, निखिल अवस्थी, सौरभ शुक्ला आदि रहे।

### संध्या शर्मा परशुराम सेवा समिति महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश मंत्री मनोनीत

**इकदिल इटावा।** परशुराम सेवा समिति उण्प्रण् के प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट के निर्देशानुसार परशुराम सेवा समिति महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति अग्निहोत्री ने अवध धाम एक्सटेंशन फेस 2 बरेली निवासी संध्या शर्मा को परशुराम सेवा समिति उण्प्रण्का प्रदेश मन्त्री मनोनीत किया है । उक्त जानकारी देते हुए महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति अग्निहोत्री ने आशा व्यक्त की है कि संध्या शर्मा जी परशुराम सेवा समिति महिला प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी । श्रीमती संध्या शर्मा को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश मंत्री मनोनीत किये जाने पर परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है ।

### मुंशी की सड़क दुर्घटना में मौत

**इकदिल** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर प्रात: अपने घर से इटावा आते समय मुंशी को तेज आ रही कार ने टक्कर मार दी जिस की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस व परिजनों को ही तो घर में कोहराम छा गया। प्रतिदिन की तरह प्रात: 10रू00 बजे के आसपास मुंशी कृपाल सिंह पुत्र गुलजारी सिंह उम्र 50 साल 89 जादोपुर थाना इकदिल साइकिल पर सवार होकर इटावा कचहरी आ रहे थे कि तभी तेज आ रही कार ने उन्हें मानिकपुर के पास टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा परिजनों को सूचना दी घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी और दो अविवाहित बेटी सुधाए उपासना दो पुत्र अजय और अमन को छोड़ गया ।

### थ्री व्हीलर पलटने से चार घायल

**चकरनगर।** चकरनगर से हनुमंतपुर सवारी लेकर जा रहा है एक थ्री व्हीलर अनियंत्रित होकर सड़क मार्ग पर ही पलट गया। थ्री व्हीलर में सवार आधा दर्जन सवारियां दब गई। जिन्हें राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया। उक्त हादसे में गंभीर रूप से घायल दो महिला और दो पुरुषों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल एक वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिरोजाबाद निवासी वृद्ध रमेश चंद्र ;60द्ध पुत्र राम सेवकए बिठौली थाना क्षेत्र के गांव लालघाटा निवासी प्रेमचंद ;45द्ध पुत्र धनीरामए सहसों थाना क्षेत्र के गांव सिंडौस निवासी संध्या ;23द्ध पत्नी शिवम व सास साधना ;50द्ध पत्नी भागवेन्द्र अन्य सवारियों सहित एक थ्री व्हीलर से सोमवार अपराहन करीब तीन बजे कस्बा चकरनगर से हनुमंतपुर चौराहा के लिए वापस लौट रहे थे। इसी चकरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ढकरा के समीप लखना सिंडौस मार्ग पर अनियंत्रित थ्री व्हीलर पलट गया। उपरोक्त थ्री व्हीलर में सवार सभी यात्री दब गये। चीक.पुकार के बाद राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी राजपुर भेजा गया। यहां प्रथम उपचार के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉ अवधेश यादव ने गंभीर रूप से घायल रमेश चंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दियाए किन्तु सिंडौस गांव की गंभीर रूप से घायल प्रेग्नेंट महिला रेफर के लिए तैयार नहीं हुई। उक्त घायल महिला किसी प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराने की बात कहकह चली गई।

### एसपी नें बैंको की परखी सुरक्षा, कोरोना बचाव का दिया मंत्र

**फर्रुखाबाद।** सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस ने जिले भर में बैंकों का चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान का मकसद आम आदमी को सुरक्षा देने के साथ जिले में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकना रहा। एसपी खुद बैंको में पंहुचे और सुरक्षा का जायजा लिया।

# धर्मनगरी के चहुंमुखी विकास की कार्ययोजना बनाएं अधिकारी: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय की अध्यक्षता में विकास कार्यों, आईजीआरएस एवं कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अच्छे कार्यों का पांच मिनट का पीपीटी बना कर दें उसमें देखकर जिसका अच्छा कार्य होगा तो उसे शासन पर भेजा जाएगा। प्रत्येक विभाग नया कार्य क्या कर सकते हैं उसकी भी कार्य योजना बना ले। पिंक कार्ड योजना प्रदेश में कहीं नहीं चलाई गई जो जनपद चित्रकूट में लागू की गई है इसका भी एक पी पी टी बनाकर उपलब्ध कराएं ताकि शासन को भेजा जा सके।

डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को भी निर्देश दिए कि मंदाकिनी पुनरोद्धार के जीवन रेखा पर भी पीपीटी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम जो 1 अक्टूबर से शुरू हो रहा है उसमें ब्लॉक व तहसील स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक जो माइक्रो प्लान बनाया गया है वह सभी विभागीय अधिकारी अभिलेखीकरण अवश्य करें अपने किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को नोडल बना दें तथा क्या कार्य हुए उसका ई- फाइल बनाकर उपलब्ध कराएं। कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण पर कार्यदायी संस्था को दिए की कार्यों पर तेजी लाई जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता ठीक रहे इसका विशेष ध्यान दें। एवं हवाई पट्टी के विस्तारीकरण पर एयरपोर्ट अथॉरिटी, राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य पर तेजी लाएं मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि यह प्रोजेक्ट शासन की प्राथमिकता में है अपने स्तर पर समीक्षा अवश्य करें। रोजगार सृजन के कार्य पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की प्रवासी मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार दिए जाए। उप निदेशक कृषि से कहा कि किसान सम्मान निधि पर जिन किसानों को अभी तक लाभ नहीं मिला है उन्हें तत्काल उपलब्ध कराएं । श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबन मिशन की समीक्षा पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मऊ व कसहाई



डीएम शेषमणि पांडेय।

कलस्टर में जो भी कार्य कराए जाने हैं उनका प्राक्कलन तैयार कराकर परियोजना निदेशक को उपलब्ध करा दें ताकि शासन स्तर पर डीपीआर भेजा जा सके। मनरेगा कन्वर्जेंस से संबंधित कार्य दायी संस्थाओं से कहा कि जो प्रोजेक्ट स्वीकृत है उन कार्यों पर तेजी लाएं तथा जो नए प्रस्ताव है उनको तत्काल डीसी मनरेगा को उपलब्ध कराएं और डीसी मनरेगा स्वीकृत कराकर संबंधित विभागों को दें तथा जिन प्रोजेक्टों पर कार्य चल रहा है उसका निरीक्षण कर रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि आपके कार्यों में तेजी नहीं है कार्यों पर तेजी लाई जाए। मनरेगा के कार्यों का भुगतान लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जिन विभागों ने कोई अभी कार्य शुरू नहीं किए हैं उन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कराएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा कार्यों की प्रगति बहुत धीमी है इसमें प्रगति बढ़ाई जाए जिन कार्यों के भुगतान लंबित है उनको तत्काल कराएं। तथा मनरेगा के कार्यों का भुगतान सामग्री का पहले न करें और अधिक दर पर भुगतान करते न किया जाए नहीं तो मैं कठोर कार्यवाही करूंगा। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन के जो निर्माण होना है उसमें मनरेगा कन्वर्जेंस को बढ़ाया जाए प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जो आवास अधूरे हैं उन्हें तत्काल पूर्ण कराएं तथा जिन लाभार्थियों को द्वितीय किस्त दिया जाना है उन्हें उपलब्ध कराएं जिन लाभार्थियों के द्वारा निर्माण नहीं कराया जा रहा है उनके खिलाफ कार्यवाही कराकर रिकवरी की व्यवस्था की जाए।कन्या सुमंगल योजना पर जो आवेदन पत्र संबंधित विभागों पर लंबित हैं उनका सत्यापन करके जिला प्रोबेशन अधिकारी को भेजा जाए। उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ई- डिस्ट्रिक्ट पोर्टल आदि संदर्भ पर कहा कि जिन विभागों के मामले डिफाल्टर व लंबित हैं उनको तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी से कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान की रिपोर्ट सभी तहसीलों से लेकर उपलब्ध कराएं। आरोग्य सेतु एप व आयुष कवच एप अधिक से अधिक डाउनलोड कराया जाए जो विभाग सक्रिय नहीं उन्हें सक्रिय करें अगले सप्ताह में प्रगति होना चाहिए। उन्होंने गौशाला के संचालन पर खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन गांव पर जमीन की समस्याएं हैं उन्हें उप जिला अधिकारी से संपर्क करके निस्तारण कराएं उन्होंने कहा कि जो गत वर्ष में गौशाला में संरक्षित किए गए थे उससे कम नहीं होना चाहिए,कहा की गौशाला पर गोवंशो को चारा भूसा की पर्याप्त व्यवस्था रहे मुझे कहीं पर समस्या नहीं मिलना चाहिए गौशाला पर घेराबंदी पर कटीली तार फेंसिंग न लगाएं उसमें जाली लगाकर घेरें और जो नई गौशाला बड़ी बन गई हैं उनमें क्षमता के अनुरूप गोवंश को रखा जाए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अमित आसेरी ने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि विकास भवन के बासरूम में गूगल मीट एप के माध्यम से गौशालाओं की समीक्षा की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि भरण-पोषण के लिए जो चेक लिस्ट लागू की गई है उन बिंदुओं पर पत्रावली भेजी जाए और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तत्काल भुगतान की कार्यवाही करें कोई भी गोवंश के भरण-पोषण की पत्रावली लंबित नहीं रहना चाहिए अगर जिस स्तर पर पत्रावली लंबित हुई तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। समय से भुगतान कराया जाए।विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत ट्रांसफार्मर जो खराब है उन्हें तत्काल आपूर्ति कराई जाए तथा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे।

# मतदाता सूची में नहीं जुड़ेगा किसी फर्जी व्यक्ति का नामः जिलाधिकारी

**हमीरपुर।** त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन में उपयोग की जाने वाली मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत एक अति आवश्यक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों हेतु विकास खंड स्तर पर बीएलओ, सुपरवाइजर ट्रेनिंग आदि को ट्रेनिंग देकर ठीक ढंग से प्रशिक्षित किया जाय। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से 12 नवंबर तक बीएलओ द्वारा किए जाने वाले घर घर सर्वे कार्यक्रम का कार्य ठीक ढंग से किया जाय। सर्वे के अवसर पर परिवारों के मुखिया से इस संबंध में अवश्य बात की जाए, इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए, मतदाता सूची में कोई भी व फर्जी नाम ना जुड़ने पाएं। कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से कटने ना पाए इसका विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन, परिवर्धन व विलोपन के कार्यों का उच्चधिकारियों के माध्यम से सत्यापन भी किया जाएगा, किसी तरह की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य समयबद्धता, सुचिता व पारदर्शिता के साथ किया जाए। ज्ञात हो कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अवधि 01 अक्टूबर से 05 नवंबर तक रहेगी। कल व परसो दिन में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जायेगा। संबंधित पराली जलाने वाले कृषक पर भी भारी जुर्माना के साथ मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी मशीन बिना रीपर के किसी भी दशा में नहीं चलेगी। पराली के संबंध में जलने वाली घटनाओं को सेटेलाइट के माध्यम से ट्रेस किया जाएगा तद्नुसार कार्यवाही की जाएगी।

# दो महिलाओं को जहरीले कीड़े ने काटा अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**क्षेत्र में** दो महिलाओं को जहरीले कीड़े के काटने से हालत गंभीर जिससे मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती वही एक की हालत में सुधार होता ना देख डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रिफर कर दिया है। तहसील क्षेत्र के गांव बिहारका निवासी बबली पत्नी राकेश रविवार की शाम अपने घर पर कामकाज निपटा रही थी तभी किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा आनन-फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां हालत गंभीर होते देख डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल हमीरपुर किया रेफर इसी तरह ग्राम परछा निवासी पान कुमारी अपने घर पर थी तभी किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे हालत खराब होते देख परिजनों ने मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां इलाज के दौरान हालत में सुधार बताया गया है।

## क्विक न्यूज

### 17 वांछितों को पुलिस ने दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर रैपुरा थाने के दरोगा शिवपूजन यादव ने रामनगर के महेश पुत्र नारायण के कब्जे से 750 ग्राम गांजा बरामद कर चालान किया है। सोमवार को राजापुर थाने के दरोगा सत्यदेव सिंह ने केशन सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी बरुआ के कब्जे से 450 ग्राम गांजा बरामद कर जेल भेजा है। मानिकपुर थाने के दरोगा अशोक कुमार निगम ने महेश पुत्र शिवमंगल पाण्डेय, कल्लू पुत्र शिवमंगल पाण्डेय निवासी नागर को आत्महत्या को प्रेरित करने के मामले में दबोचा है। रैपुरा थाने के थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा ने अनुज पुत्र कुलदीप नारायण, सूरज पुत्र दिनेश तिवारी निवासी व्यास बन्ना, राजापुर थाने के दरोगा सत्यदेव सिंह ने चन्द्रभूषण पुत्र सत्यपाल निवासी तिरवारमाफी, दरोगा कन्हैयालाल ने वांछित राजबाबू पुत्र रामदीन निवासी गनीवां, दरोगा श्याम सुन्दर यादव ने सुरेशचन्द्र पुत्र धनपत निवासी बाबूपुर समेत 17 वांछितों को दबोचकर जेल भेजा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेडीपुलिया व ट्राफिक चौराहे में चारपहिया वाहनों में काली फिल्म, बिना नम्बर प्लेट के वाहन, मिटी हुई नम्बर प्लेट के वाहन व फर्राटा भरने वालों तथा बिना मास्क के चलने वालों की जांचकर कार्यवाही की।

### दुंधमुंहे समेत 26 मिले कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच जिले के 20 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी है। वहीं एक साल का दुधमुंहा बालक, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे के 19 कर्मचारियों व राठ बिजली विभाग के एक्सईएन समेत 26 कोरोना पॉजिटिव मिले है। जिसके बाद अब तक मिले संक्रमितों की संख्या 1047 पहुंच गई है। सीएमओ डॉ.आरके सचान ने बताया कि आज कुल 20 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जिसके बाद डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 908 पहुंच चुकी है। अभी भी 121 एक्टिव मरीज है। आज 1628 लोगों के टेस्ट किए गए थे। अब तक 18 लोगों की मौत भी कोरोना की वजह से हो चुकी है। आज मिले 26 पॉजिटिव मरीजों में सबसे कम उम्र का एक साल का बालक और सबसे ज्यादा उम्र का 78 वर्षीय बुजुर्ग है। बुजुर्ग मुख्यालय के ओमर नगर मोहल्ला निवासी है। इसके अलावा 6 मरीज ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 साल के पार है। सबसे ज्यादा मरीज बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लगे कर्मचारी निकले हैं। इसके अलावा 6 मरीजों की कुरारा सीएचसी, 13 मरीजों की सुमेरपुर एल-वन हॉस्पिटल से छुट्टी की गई है।

### जेल से भागा कैदी गिरफ्तार, पुलिस टीम को दिया इनाम

**हमीरपुर।** हमीरपुर मुख्यालय से अस्थायी जेल से भाग जाने वाला बंदी को पुलिस टीम ने आज पांचवे दिन गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपये का इनाम दिया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी में अस्थायी जेल में बंद ललपुरा थाना क्षेत्र के कुम्हऊपुर गांव निवासी सूरज 24 सितम्बर को रात में सरदार पटेल विद्यालय से खिड़की तोडकर भाग निकला था पुलिस अधीक्षक ने इसे पकड़ने के लिये स्वाट टीम व हमीरपुर कोतवाली पुलिस को लगाया था आज शीतलपुर चौराहे पर बंदी दूसरे जिले में भागने की फिराक में खडा था तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया। इसके खिलाफकई मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज है। यह गाजा, चरस अफीम का बहुत बड़ा तस्कर बताया जाता है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को गिरफ्तार करने पर दस हजार रुपये का इनाम दियाहै।

### झूठी शिकायत पाये जाने पर पुलिस ने दो को जेल भेजा

**हमीरपुर।** राठ थाना क्षेत्र के परा गांव में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि परा गांव की श्रीमती शिवरानी पत्नी स्व. मुकुंदा ने पुसिस को बताया था कि मेरे लड़के मनमोहन व विपक्षी सुनील कुमार से विवाद हो गया था जिसमे मनमोहन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। तभी से मनमोहन व मेरा नाती तेज सिंह गायव हो गये है। मामले की जांच एसआई भागीरथी पांडेय ने की जिसमे पाया गया कि तेजसिंह व मनमोहन शिकायत कर्ता की साजिश से ही उसकी लड़की किरन निवासी उरई में रह रहे है। पुलिस ने जाकर दोनों को उरई से बरामद कर लिया दोनो कबूल किया वहा रहने के लिये शिवरानी ने प्रेरित किया था। शिकायत झूठी पाये जाने पर पुलिस ने तेज सिंह व मनमोहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुये जेल भिजवा दिया है।

### टाप टेन अपराधी पुलिस की गिरफ्त में

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया पुलिस ने आज टाप टेन अपराधी राजू यादव निवासी करौदी थाना जरिया को डेढ़ किलो ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। राजू एक शातिर अपराधी बताया जात है इसके खिलाफ जिले में पास्को एक्ट समेत नौ मुकदमे दर्ज है। उसे जेल भेज दिया है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली हड़पने व धमकी देने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** जनपद झाँसी के थाना चिरगांव के ग्राम सुल्तानपुरा निवासी बहादुर पुत्र श्रीराम राजपूत ने सोमवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की उसके रिश्तेदार रमेशचंद्र पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम इंगुई जनपद दतिया का ट्रैक्टर व ट्रॉली रबडिंग के लिये रामेश्वर राजपूत पुत्र छोटेलाल व जगदीश पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम बसोब कोतवाली कोंच ले गये थे और उक्त दोनों बाप बेटे अब ट्रैक्टर ट्रॉली वापस नहीं कर रहे हैं। बहादुर ने प्रार्थना पत्र में बताया की जब उसने ट्रैक्टर ट्रॉली माँगी तो उक्त बाप बेटे ने मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की भी धमकी दी। बहादुर ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने रामेश्वर व जगदीश के खिलाफदफा 323, 406, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाँच आरम्भ कर दी है।

### सब रजिस्ट्रार कोरोना संक्रमित, कामकाज हुआ ठप

**जालौन (उरई)।** सब रजिस्ट्रार की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद सोमवार को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में ताला लटका रहा जिससे जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। कोरोना की चल रही पूल टेस्टिंग के दौरान सब रजिस्ट्रार की कोरोना रिपोर्ट रविवार को पोजिटीव आयी है। कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सोमवार को कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की कोरोना जांच करायी गयी है तथा कार्यालय में ताला लटका रहा। सब रजिस्ट्रार कार्यालय में ताला लटकने के कारण जमीन की खरीद फरोख्त नहीं हुई तथा रजिस्ट्री नहीं हुई।

### पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को दबोचा

**कोंच(जालौन)।** पुलिस ने तमंचा व जिंदा कारतूस लिये खड़े एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।मंडी चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह व खेड़ा चौकी प्रभारी सुदीश कुमार ने हमराही सिपाही अजय, अनूप के साथ मिलकर सोमवार को सुबह करीब 10 बजे मुखबिर की सूचना पर पंचानन चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में खड़े रसीद उर्फबिन्दा पुत्र शेरा कुरैशी को पकड़ लिया।पुलिस ने जामातलाशी में रसीद के पास से 315 बोर का तमंचा व 3 जिंदा कारतूस बरामद कर उसके खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव

**सुमेरपूर।** थाना सुमेरपूर क्षेत्र के ग्राम देवगांव के पास खेतों में एक युवक का शव पेड़ लटकता देख वहां हड़ कंप मच गया। चरवाहों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस शव को कब्जे में ले कर मामले जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

# विकलांगों ने हाथ साइकिल का किया विरोध, ट्राई साइकिल की मांग की

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के द्वारा क्षेत्र के दिव्यांगों को विभिन्न कृत्रिम अंग वितरण के लिए तीन दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। दिव्यांगों ने वही धरना देकर मांग की है कि हमें हाथ साइकिल के बजाय ई ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाए। नगर में इंजीनियर्स इंडिया लि. की ओर से क्षेत्र के दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व ट्राई साइकिल आदि का वितरण किया जाता है जिसके पूर्व दिव्यांगों के परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे किसको क्या आवश्यकता है विवरण तैयार किया जा सके इसी तरह आज मौदहा पांडव गेस्ट हाउस में तीन दिवसीय परीक्षण शिविर लगाया गया। दर्जनों दिव्यांगों ने गेस्ट हाउस परिसर में ही हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए कि हमें हाथ वाली ट्राई साइकिल नहीं बैटरी वाली ट्राई साइकिल दिया जाए ताकि हम अपने भरण-पोषण के लिए उसको उपयोग में ला सकें।

# डीएम ने टूरिज्म दिवस पर लांच किया वीडियो

**उरई ( जालौन )।** विश्व टूरिज्म दिवस पर डीएम जालौन द्वारा बेबसाइट एवं एक टूरिज्म बीडियों लॉन्च किया गया। डीएम द्वारा बताया गया कि जब उनकी जनपद जालौन में तैनाती हुयी तो उन्होंने सबसे पहले जनपद की धरोहर सम्पदाओं की जानकारी की, जिनमें टूरिज्म की संभावना है। जिस पर उन्होंने चौरसी गुम्बद, कालपी किला, रामपुरा किला, जगमम्मनपुर किला, पंचनदा, सलाघाट आदि स्थलों को स्वयं जाकार देखा और उन्होंने पाया कि यह इन सभी स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये जो इन स्थानों को टूरिज्म हेतु डबलप किया जा सकता है।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अपने अथक प्रयासों से इन सभी धरोहरों का एक बीडिया बनबाया कि उक्त स्थलों का प्रचार- प्रसार जनपद, प्रदेश एवं देश स्तर पर किया जा सके। साथ जिलाधिकारी ने बताया



जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर।

कि उक्त स्थलों की सम्पूर्ण जानकारी हेतु एक पोर्टल बनाया गया, जिसमें जनपद के उपरोक्त स्थलों के बारे में जानकारी एवं उन स्थलों पर कैसे पहुँचे इसकी जानकारी उपलब्ध है। इस प्रयास से जनपद में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और जनपद वासियों के लिए नए रोजगार सृजित होंगे। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि अभी हमारी बेबसाइट में जनपद के और भी स्थलों को भी भविष्य में जोड़ा जायेगा। उक्त जानकारी जिला प्रशासन जालौन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी।

# प्रधान-सचिव ने मृतक के नाम से निकाल ली शौचालय की धनराशि

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के कंधवनिया गांव के अमित पटेल व राजा भइया सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि शौचालय निर्माण की धनराशि को प्रधान व सचिव ने मिलकर हड़प लिया है। शौचालयों की दशा बेहद खराब है। कंधवनिया गांव के अमित पटेल व राजा भइया सिंह ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि प्रधान रामरहीश व सचिव संदीप सिंह ने शौचालय निर्माण में भारी धांधली की है। प्रधान सचिव की मिलीभगत से ठेकेदार ने तमाम लोगों के शौचालय घटिया सामग्री से बनवाकर धन का बंदरबांट किया है। मृतक देशराज पुत्र रामआसरे पटेल को अनुसूचित जाति दिखाकर मरणोपरान्त धनराशि मंजूर कराकर 28 अप्रैल 2018 को धनराशि निकालकर हड़प ली है। शिवप्रसाद पुत्र इन्द्रपाल, राघवेन्द्र पुत्र सूर्यभान व जानकी पत्नी सूर्यभान, लालबहादुर पुत्र मुन्नू और ओमप्रकाश पुत्र रामसिया आदि के नाम दो-दो शौचालय की धनराशि हडपी गई है।

# डेंगू से मासूम बालिका सहित दो लोगों की मौत

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** सुमेरपुर क्षेत्र में आज डेगू से मासूम बालिका समेत दो की दर्दनाक मौत हो गयी। मलेरिया अधिकारी ने क्षेत्र में टीम भेज भेज कर उपचार करने का दावा किया है। चिकित्सक के अनुसार ग्राम इगोहटा में डेंगू से प्रभावित एक दो वर्षीया बालिका की सोमवार को मौत हो गयी ष्टबालिका को सिर्फ दो दिन बुखार आया उपचार के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। इसी तरह कस्बा सुमेरपुर के एक 11 वर्षीय बालक की उपचार दौरान कानपुर में मौत हो गई।

कस्बा सुमेरपूर में डेंगू के दो मरीज और निकले हैं जिनका इलाज कानपुर में चल रहा है। गौर तलब है कि कस्बा सुमेरपूर में 2 मरीजों के अलावा इगोहटा के कुशवाहा मुहल्ले में डेंगू के रविवार को 6 मरीज निकले थे। ग्राम मवईजार में 3 मरीज निकले थे जिनका इलाज कानपुर में चल रहा है। सोमवार को इगोहटा के राकेश विश्वकर्मा की पुत्री वर्षा 2 वर्ष की मौत हो गई। उसे शनिवार को बुखार आया था तो उसे मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिखाया था तो डाक्टरों ने सामान्य स्थिति बताते हुए दवा देकर घर वापस भेज दिया था। घर आने के बाद सोमवार की दोपहर 11 बजे उसकी हालत एकदम बिगड गयी और उसने दम तोड़ दिया। बालिका के पिता का कहना है कि उसकी मौत डेंगू से हुई है। कस्बे के बांकी रोड में पप्पू तथा उसकी पुत्री शिवानी में डेंगू के लक्षण पाए जाने पर उन्हें कानपुर में भर्ती कराया गया है इस तरह डेंगू का प्रकोप कस्बा सुमेरपूर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अपना प्रभाव दिखाने लगा है। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी डा. आरके यादव का कहना है कि क्षेत्र में जहा जहा डेगू की सूचना प्राप्त हो रही है वहा पर छिड़काव कराया जा रहा है।

# मिट्टी माफियाओं पर पुलिस ने कसा शिकंजा, ट्रैक्टर पकड़े

**जालौन ( उरई )।** नगर में मिट्टी का अवैध कारोबार लगातार चल रहा है। सोमवार को अपरान्ह पुलिस ने औरैया मार्ग से निकल रहे मिट्टी के अवैध ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ लिया है तथा कोतवाली में खड़ा करा दिया है। औरैया मार्ग पर लम्बे समय से मिट्टी का अवैध कारोबार चल रहा है। सोमवार को अपरान्ह पुलिस को सूचना मिली कि औरइया मार्ग से मिट्टी से भरे ट्रेक्टर निकल रहे हैं। मुकबिर की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने चुंगी 4 से एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया जबकि पुलिस की गाड़ी को देखकर एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया तथा एक चालक ट्रैक्टर छोड़कर कर भाग गया। पुलिस पकड़े गये ट्रेक्टर को कोतवाली लेकर आयी है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि मिट्टी के अवैध कारोबार की सूचना पर एक ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा है तथा उससे पूछताछ की जा रही है।

# जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर दे रहे दुर्घटनाओं को न्यौता

जालौन (उरई)। नगर में खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। इन ट्रांसफॉमर के चारों ओर लगाई गई सुरक्षा जाली या तो टूट चुकी है अथवा लगाई ही नहीं गई है। ऐसे में नगरवासियों ने सुरक्षा की दृष्टि से ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर सुरक्षा जाली लगवाने की मांग की है। नगर में बिजली विभाग द्वारा बिजली की सप्लाई के लिए ट्रांसफॉर्मर रखवाए गए हैं। जिनसे मोहल्लों में बिजली की आपूर्ति की जाती है। इनमें से कई ट्रांसफॉर्मर जमीन पर ही रखवा दिए गए हैं। जो हादसे का सबब बने हुए हैं। नगर में सब्जी मंडी के पास पुराने बिजलीघर में तीन ट्रांसफॉर्मर रखे हैं। जिनमें से एक ट्रांसफॉर्मर को प्लेटफॉर्म बनवाकर ऊंचे स्थान पर रखा हुआ है। जो जानवरों और लोगों की पहुंच से दूर है। लेकिन टिन शैड के नीचे जो दो ट्रांसफॉर्मर जमीन पर रखे हैं। वहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। इन ट्रांसफॉर्मर के आसपास घास आदि उगी होने की वजह से कभी कभार पशु अंदर चले जाते हैं। जिससे करंट लगने से पूर्व में कई पशुओं की मौत हो चुकी है। ऐसा ही एक ट्रांसफॉर्मर बीएसएनएल ऑफिस के बाहर रखा है। इसके आसपास जो सुरक्षा जाली लगवाई गई है वह टूट चुकी है। जिससे होकर कोई भी पशु अथवा व्यक्ति अंदर आ जा सकता है। सुरक्षा जाली टूटी होने से मोहल्ले के लोग किसी हादसे की आशंका से परेशान हैं। इसी प्रकार औरैया रोड में दलित आबादी के पास रखा ट्रांसफॉर्मर भी लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार उक्त ट्रांसफॉर्मर के पास ही घर एवं हैंडपंप लगा हुआ है। बच्चे भी वहीं खेलते हैं। ऐसे में लगातार आशंका बनी रहती है कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए।

# एक पखवारे के अन्दर विद्यालयों में पूरे करा लिए जाएं सभी कामः डीएम

● आपरेशन कायाकल्प योजना की समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** डीएम की अध्यक्षता में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 14 पैरामीटर्स विद्यालयों के संतृप्तीकरण की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जो शासन से निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालयों के ऑपरेशन कायाकल्प का कार्य ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त आयोग से कराया जाए इसके साथ ही सामुदायिक शौंचालय व पंचायत भवन का भी कायाकल्प कराया जाए इसमें मनरेगा कन्वर्जेंस में भी कार्यों को लिया जाए। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जो कार्य शेष रह गए हैं उन विद्यालयों के कार्यों को करा कर पूर्ण करा दें। कहा कि जितने 14 पैरामीटर्स पर कार्य होना है उनमें समय सीमा निर्धारित कर विद्यालयों



निर्देश देते डीएम शेषमणि पांडेय।

के कार्य कराए जाएं 15 दिन के अंदर यह सभी कार्य पूर्ण हो जाए इसका आप लोग विशेष ध्यान दें।

सीडीओ अमित आसेरी ने कहा कि जिन विद्यालयों पर कार्य हुए हैं उसमें वर्गीकृत करते हुए देखें की कितना कार्य हुआ है और कितना शेष है उसी के अनुसार कार्य कराये जायें। साप्ताहिक बैठक में इसकी समीक्षा भी कराई जाए जो कार्य बेसिक शिक्षा विभाग करा रहा है उन विद्यालयों की सूचना खंड विकास अधिकारियों को दें ताकि डुप्लीकेसी न हो। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए की 15वां वित्त आयोग की धनराशि से नगर पालिका और नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों का ऑपरेशन कायाकल्प के कार्य कराए जाएं जिन विद्यालयों पर बाउंड्री वॉल के कार्य कराया जाना है उसमें अगर भूमि संबंधी विवाद है तो उसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर निस्तारण कराया जाये। सीडीओ अमित आसेरी, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, डीसी एनआरएलएम राम उदरेज यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार दो लोगों की मौत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कार पर सवार होकर रिश्तेदारी से कार में सवार होकर घर जा रहे छह लोगों को बीती रात अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा सभी को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दो लोगों की मौत हो गई। चार अन्य घायलों को तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद आगरा के थाना ताजगंज मोहल्ला गोबर चौकी अब्बास नगर निवासी सहाबुद्दीन पुत्र नियामत द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की देर रात उसका भाई हसरूददीन परिवार के साथ रिश्तेदारी से कार द्वारा वापस घर लौट रहा था। जैसे ही तेराजाकेट चौराहा के निकट पहुंचे उसी समय अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह व उसके परिवार के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां। जहां 40 वर्षीय हसमुद्दीन पुत्र नियामत ने स्थानीय सीएचसी में दम तोड़ दिया। जबकि वकील पुत्र जमल्ले की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।

## विद्यालय की कायाकल्प कम्पोजिट धनराशि से करें: पवन द्विवेदी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** न्याय पंचायत तेरारब्बू के 20 परिषदीय विद्यालयों की कायाकल्प, पुस्तक वितरण, ड्रेस वितरण आदि कार्यों की समीक्षा की। तथा 10 अक्टूबर तक प्रगति रिपोर्ट देने की बात कही। ग्राम प्रधान तथा विद्यालय कम्पोजिट धनराशि को 14 मदों में खर्च कर सकते है। उन्होन विद्यालय की फर्श तथा शौचालय का टायलीकरण, विद्युतीकरण, लर्निंग कॉर्नर, मल्टीपल हैंडवॉश यूनिट की स्थापना, जलापूर्ति की व्यवस्था, रंगाई-पुताई, स्वच्छता आदि 14 बिंदुओं से विद्यालयों का कायाकल्प करने को कहा है। ऑनलाइन ई लर्निंग से अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने का निर्देश दिया।

# भाकियू लोकशक्ति ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

● प्रशासन द्वारा किसानों को एक विद्यालय में रोका गया

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के लिए लागू किए गए तीन बिल के विरोध में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर से जिला मुख्यालय के लिये निकलते उससे पूर्व ही प्रशासन द्वारा भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को रोककर एक विद्यालय में रोक लिया गया। जिसके बाद भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर किसान विरोधी बिल के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष हासिम अली की अगुवाई में नगर से समर्थकों के साथ केंद्र सरकार द्वारा लाए गए बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन करनें के लिये जिला मुख्यालय पहुंचनें के लिये निकले तभी प्रशासन द्वारा रास्ते में रोककर एक विद्यालय में सभी किसान नेताओं को रोका गया।



नगर में जुलूस को रोकते एसडीएम व ज्ञापन सौपते जिलाध्यक्ष ।

इसके पश्चात भाकियू जिलाध्यक्ष ने एडीएम गजेन्द्र कुमार को सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि समर्थन मूल्य से नीचे किसानों की फसलों को खरीदने वाले की जेल हो और उसका लाइसेंस जब्त करने हेतु कानून बनाया जाए। आवश्यक वस्तुओं का अनावश्यक रूप से भंडारण या जमाखोरी करने वालों पर मुकदमा चलाने व जेल भेजने का प्रावधान किया जाए। किसानों की फसलों के दाम 15 दिन में देने की कानूनी व्यवस्था की जाए। देरी होने पर अथवा पेमेंट रोकने वालों को अपराधी घोषित किया जाए तथा उन पर समरी ट्रायल व्यवस्था के अंतर्गत मुकदमा चलाने का कानूनी प्रावधान हो। किसानों का सरकारी खर्चे पर 10 लाख रुपये का बीमा किया जाए। किसानों के बच्चों के लिए स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय आदि शिक्षण संस्थान में सीटें रिजर्व की जाए। कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति देश की सरकार से इन विधेयकों को लाने की अपील करती है। भारत सरकार किसानों के हितों को सुरक्षित करने के लिए शीघ्रातिशीघ्र उचित कदम उठाएं। इस अवसर पर हरिओम गुप्ता, बसारत खॉन, कयूम खॉन, राजेश, मुफीद खॉन, मकबूल अहमद, चॉद खॉन, सोनिया गुप्ता, शादाब खॉन, मो0 शहरोज, सनी यादव सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# रायबरेली का विकास मेरी पहली प्राथमिकताः अदिति

संवाददाता। रायबरेली



**बहुत** ही कम समय में राजनैतिक गलियारों में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली सदर विधानसभा रायबरेली से तेजतर्रार विधायक अदिति सिंह की लोकप्रियता सदर सीट के साथ ही साथ पूरे जनपद में देखने को अकसर मिल जाती है, जिसका जीता जागता उदाहरण आज बछरांवा विधानसभा के अंतर्गत अमावां ब्लॉक के गाँव जमलापुर मजरे बीबीपुर, हिलगी, बीबीपुर, गोहन्ना व सोथी में उनके भ्रमण के दौरान देखने को मिली। उनके स्वागत में आज सैकड़ों की संख्या में नागरिक उनसे मिलने पहुँचे। अपने पिता स्व. अखिलेश सिंह के पदचिन्हों पर चल रही सदर विधायक अदिति सिंह कहती हैं कि जैसे उनके पिताजी ने अपना जीवनकाल रायबरेली के विकास और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ी। वैसे ही वह सम्पूर्ण जनपद के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अदिति सिंह कहती हैं कि पिताजी के अस्वस्थ होने के कारण एक लंबे अन्तराल तक नियमित रूप से सम्पूर्ण जनपद के दौरा नही कर पायी हैं। किन्तु पापा के बनाये हुए रिश्ते आज भी उनके परिवार के दिलों में जीवित हैं, जिसे वह ताउम्र निभाती रहेंगी। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जनता से कहा कि जैसे विधायक जी निर्धन बेटियों की शादी में कन्या दान स्वरूप आर्थिक मदद करते थे वैसे ही अब उनका परिवार करता है। अदिति सिंह ने कहा कि यदि किसी परिवार को उनके परिजन के ईलाज या बच्चों की उच्च शिक्षा या अन्य कोई भी समस्या आ रही है तो उनके घर के दरवाजे सहयोग के लिए सदैव खुले हैं, यथासंभव मदद की जाएगी।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से हो सकता था बड़ा हादसा

संवाददाता। खीरों, रायबरेली

**थाना** क्षेत्र के गुरुबक्शगंज-सेमरी मार्ग पर शिवपुर हुसेनाबाद गाँव के पास सड़क के किनारे लगे एलटी लाइन के पोल में रविवार की रात लगभग एक बजे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे पोल टूटकर ट्रक के ऊपर गिर गया। इस दौरान लाइन में आग लग गई। ट्रक चालक ने ट्रक को आगे बढ़ा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के लगभग दो घंटे बाद तक टूटे पोल के तारों में आपूर्ति जारी रही। रात के वक्त ट्रैफिक न होने के कारण कोई बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों के अनुसार रविवार की रात शिवपुर हुसेनाबाद गाँव में सड़क के किनारे एक ट्रक सड़क के किनारे लगे एलटी लाइन के पोल से टकरा गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के घरों में सो रहे लोग बाहर निकले तो देखा कि अज्ञात ट्रक के ऊपर पोल टूट कर गिरा उसी समय लाइन में आग लग गई। घटना के वक्त ट्रक चालक ने ट्रक को आगे बढ़ा दिया। जिससे ट्रक व चालक बाल-बाल बच गए। कोई बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने उपकेन्द्र खीरों को घटना की सूचना दी। लगभग दो घण्टे बाद पहुंचे बिजली कर्मियों ने आपूर्ति बंद कर तारों को खंभे से अलग किया। सोमवार की सुबह पोल को सड़क पर से हटाया जा सका। इस खम्भे के टूट जाने से शिवपुर हुसेनाबाद की आधे गाँव के लगभग 50 घरों की बिजली गुल हो गई। रात में पोल टूटने के बाद लगभग दो घण्टे तक विद्युत आपूर्ति जारी थी। अगर दिन होता तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती थी। अवर अभियंता रामनाथ ने बताया कि ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था कर आपूर्ति देने का प्रयास किया जा रहा है। अक्खड़ स्वभाव और मनमानी कार्य शैली के लिए चर्चित हो चुके व क्षेत्र में कई वर्षों से जमे जेई रामनाथ विद्युत उपकेंद्र स्थित अपने सरकारी आवास पर रात्रि निवास नहीं करते हैं।

# अचानक हालत बिगड़ने से विवाहिता की मौत

## ● मायके पक्ष ने दी पुलिस को सूचना, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा मजरे असहन जगतपुर में रविवार की देर रात उस समय हड़कम्प मच गया जब अचानक तबियत बिगड़ने से विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ससुराल पक्ष के मुताबिक रघुनाथ खेड़ा गांव के रहने रामकेवल की पत्नी रानी उम्र 28 वर्ष, रविवार की सुबह उठी तो उनकी तबियत अनमन थी पेट में दर्द होने के साथ ही दस्त जैसी शिकायत थी। हालत बिगड़ती देख जिन्हे निजी चिकित्सालय ले जाया गया। बताते हैं कि इलाज के बाद भी महिला की हालत में सुधार नही हुआ, हालत ठीक होने के बजाय और बिगड़ती चली गई



जिसकी देर रात मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं अचानक हालत बिगड़ने से हुई महिला की मौत की खबर सुनते ही मौके पक्ष में हडकम्प मच गया। सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके पक्ष ने मौत का कारण स्पष्ट ना होने के चलते आशंका जताते हुए शिवगढ़ पुलिस को सूचना देकर पीएम कराने की मांग की। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट ना होने के चलते मृतका के भाई संजय कुमार पुत्र शंकरलाल निवासी पहुरावां,थाना बछरावां, जनपद रायबरेली ने सूचना देकर आशंका जताते हुए न्यायोचित तरीके से पीएम कराने की मांग की थी। शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। जिसके बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

### 3 मासूम बच्चों के सिर से उठ गया मां का साया

**बछरावां** थाना क्षेत्र के पहरावां गांव के रहने वाले शंकरलाल की पुत्री रानी की शादी करीब 9 वर्ष पूर्व रघुनाथ खेड़ा मजरे असहन जगतपुर गांव के रहने वाले रामकेवल पुत्र देवीदीन से हुई थी। रानी के एक बेटा और दो बेटियां हैं। रानी की मौत से उनके बेटे हर्षित (7), पुत्री अनामिका (4), अनुष्का (1) के सिर से मां का साया उठ गया है। मां की मौत से मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिकायतकर्ता को विदेश से मिल रही धमकी

**करनैलगंज( गोंडा )।** सरकारी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को विदेश से फोन पर धमकी मिल रही है। करनैलगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मलौना निवासी मुबारक खां ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग ग्राम समाज की चकमार्ग व खाद गड्ढे की सरकारी भूमि को कब्जा कर लिया। जिससे गांव के लोगों को असुविधा होने लगी। जिस पर सरकारी भूमि को खाली कराने के लिये शिकायत की गई। अभी मामले के निस्तारण भी नही हुआ था कि उसमे से एक व्यक्ति विदेश चला गया। जहां से उसे व उसके परिवार के सदस्यों को फोन पर जान से मार देने की धमकी दे रहा है। साथ ही धन के बल पर भूमि पर कब्जा बनाये रखने की बात कह रहा है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर नही मिली है, मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर दुकानदारों का अतिक्रमण

**करनैलगंज( गोंडा )।** जगह जगह कस्बे में हाइवे सड़क के दोनो तरफ संचालित दुकान वालों ने अतिक्रमण कर रखा है खासकर गिट्टी मौरंग की दुकान वालों ने रोड तक गिट्टी मौरंग व बालू का ढेर लगा रखा है। जो सड़क तक फैल कर दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आ रहे हैं। कई बार इसी वजह से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।जिसको देख कर भी इनको डर नही है। इनके हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि इनको कोई परवाह नही है। इतना ही नही इन्हें न शाशन का डर है और न ही खुद से दया आती है कि यदि कोई दुर्घटना हो गयी तो कितनो की जान जा सकती है। प्रशासन के आलाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी इसी रोड से राजधानी लखनऊ आते जाते हैं। वो भी आंखे बंद कर निकल जाते हैं इसलिए उनकी भी निगाहें अतिक्रमण पर नही पड़तीं। एसडीएम ज्ञान चंद्र गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में है कई बार पीडब्ल्यूडी को कार्रवाई के लिए कहा गया परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नही को गयी है।

# कोरोना मरीजों को बांटी खाद्य सामाग्री

**करनैलगंज( गोंडा )।** कोरोना के पॉजिटिव मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी निभा रहे दो चिकित्सकों ने कोरोना पॉजिटिव मिले मरीजों को फल, बिस्किट, नमकीन का निशुल्क वितरण किया। करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता एवं डॉ. सीडी सिंह ने करनैलगंज नगर के सकरौरा पूर्वी मोहल्ले में कोरोना के पॉजिटिव मरीजों को खानपान की वस्तुएं निशुल्क उपलब्ध कराई। यह दोनों चिकित्सक लगातार कोविड-19 से पीड़ित मरीजों की देखभाल के साथ उनके उपचार की व्यवस्था करने की ड्यूटी निभा रहे हैं। दोनों चिकित्सकों ने अपने निजी पैसे से करीब आधा दर्जन कोरोना के पॉजिटिव मरीजों को फल, बिस्किट, नमकीन मुहैया कराया। चिकित्सक डॉ. अश्वनी गुप्ता ने बताया कि पॉजिटिव पाए गए लोग दैनिक मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते थे और उनके पॉजिटिव होने के बाद उनके घर की अर्थव्यवस्था पूरी तरीके से चरमरा गई।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों का शीघ्रता से अनुपालन कराएं अफसरः आयुक्त

संवाददाता। गोंडा

**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एस.वी.एस. रंगाराव ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश को गम्भीरता से न लेने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। विधायक करनैलगंज कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भइया द्वारा कृषि महाविद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी लाकर पूरा कराने का प्रस्ताव दिया गया था। समीक्षा में ज्ञात हुआ कि कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम द्वारा बजट होने के बावजूद बेहद धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त ने इस पर परियोजना प्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम गोण्डा के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने के लिए शासन को पत्र निर्गत करने के आदेश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि विगत सप्ताह मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से देवीपाटन मण्डल के विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डल के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा शुरू कर दी गई है। आयुक्त ने सोमवार को आयुक्त सभागार में जनपदवार जनप्रतिनिधियों द्वारा समीक्षा के दौरान दिए गए प्रस्तावों पर सम्बन्धित विभागों द्वारा की गई अद्यतन कार्यवाही की समीक्षा की और सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को तीन दिवस की मोहलत देते हुए निर्देश दिए कि उनके तथा सम्बन्धित जिलाधिकारी व शासन स्तर से कार्यवाही कराएं। आयुक्त ने सबसे पहले जनपद गोण्डा के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों की समीक्षा की। समाज कल्याणमंत्री द्वारा मनकापुर-नवाबगंज मार्ग के निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा एनओसी दिलाए जाने के प्रस्ताव के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने अधिशाासी अभियन्ता पीडब्लूडी को 24 घन्टे के अन्दर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश



दिए हैं। मा0 विधायक सदर द्वारा लखनऊ-फैजाबाद रोड बाईपास बनवाने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में उन्होंने परीक्षण कर प्रस्ताव शासन को भेजवाने के निर्देश दिए हैं। विधायक मेहनौन द्वारा राजकीय विद्यालय इटियाथोक के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने व धनावंटन कराए जाने के प्रस्ताव की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि धनावंटन के लिए शासन को पत्र भेजा गया है, बजट मिलते ही कार्य में तेजी लाई जाएगी। विधायक कटरा बाजार बावन सिंह द्वारा चन्दवतपुर घाट पर पुल बनवाने तथा रूपईडीह में सीएचसी व ट्रामा सेन्टर बनवाने के प्रस्ताव पर आयुक्त ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारी इसकी समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने विधायक गौरा श्री प्रभात वर्मा द्वारा 23 किलोमीटर लम्बे सड़क मार्ग, कुआनों नदी पर पुल के निर्माण के प्रस्ताव पर अगले 2-3 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इसी प्रकार आयुक्त ने जनपद श्रावस्ती, बहराइच व बलरामपुर के माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों जैसे-जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण व निर्माण, पुल निर्माण आदि का कार्य कराने हेतु शासन को भेजे गए रिवाइज इस्टीमेट हेतु उनकी ओर से अनुस्मारक भेजने तथा आवश्यक कार्य का प्रस्ताव व औचित्यपूर्ण निर्माण की संस्तुति भेजने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया है तथा यह भी निर्देश दिए हैं कि उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर की गई कार्यवाही से मा0 जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाय। आयुक्त ने मुख्यमंत्री के वीडियोकान्फ्रेन्सिंग के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यों में तेजी लाएं तथा उसकी लगातार समीक्षा करते रहें एवं उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को समय से भेजवाएं।

# विधायक राजेश गौतम भी कोरोना पॉजिटिव

**सुल्तानपुर।** कादीपुर सुरक्षित विधान सभा के भाजपा विधायक राजेश गौतम कोरोना कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोस्तपुर के प्रभारी डा0रत्नाकर ने विधायक को होम क्वॉरेंटाइन रहने की सलाह दी। फिलहाल विधायक राजेश गौतम लखनऊ स्थित घर में क्वारंटाइन हुए हैं। जिसकी सूचना फोन से विधायक राजेश गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर के प्रभारी अधीक्षक आर.ए. रत्नाकर को दी।

# एन्टी भू-माफिया अभियान के तहत हुआ स्थलीय सत्यापन

**सुलतानपुर।** एन्टी भू-माफिया अभियान (श्रावस्ती माडल) के अन्तर्गत पूर्व में अतिक्रमण मुक्त करायी गयी ग्राम सभा निजाम पट्टी परगना बरौसा, तहसील सदर का स्थलीय सत्यापन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पुलिस छापेमारी में शराब के साथ पकड़ा गया युवक

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**थाना क्षेत्र** की पुलिस ने केवटली गांव में छापा मारकर एक युवक के कब्जे से 15 लीटर जहरीला शराब बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक शिव हरि मीणा के निर्देश पर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बल्दीराय पुलिस ने अभियान छेड़ रखा है। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि केवटली गांव में अवैध शराब का कारोबार हो रहा है। एसओ दलबल के साथ गांव पहुंचे और छापा मारा। पुलिस छापेमारी में रामबोध पुत्र रामगोपाल थाना बल्दीराय को पुलिस ने दबोच लिया। उसके कब्जे से 15 लीटर जहरीली शराब बरामद हुई। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने 60 एक्साइज एक्ट के तहत कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस का छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस की पैनी नजर है।

## चौकी इंचार्ज निलंबित

**सुल्तानपुर।** कोतवाली नगर के केएनआईटी पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर एसपी ने निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक विवेचनाओ का समुचित निस्तारण न कर पाने व जनसुनवाई, आजीआरएस तथा निदान एप के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्ताराण में रुचि न लेने, अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश न लगा पाने, कार्य सरकार में शिथिलता बरतने के कारण निलम्बित किया है। एसपी ने कहा कि दायित्वों का निर्वहन न करने वाले अन्य पुलिस कर्मियों पर भी कार्यवाही होगी।

# जिलाधिकारी के निरीक्षण में क्षेत्रीय वनाधिकारी मिले नदारद



संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने क्षेत्रीय वनाधिकारी पाचोपीरन रेंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को वन रक्षक राम प्रसाद मिश्र मौके पर मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय में क्षेत्रीय वनाधिकारी बैठते हैं, जो कार्यालय में मौजूद नहीं हैं। वन रक्षक श्री मिश्र द्वारा बताया गया कि इस कार्यालय में एक रेंजर तथा दो वन रक्षक कार्यरत हैं। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पंजिका न बनाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उपस्थिति पंजिका बनाये जाने का दिया निर्देश। जिलाधिकारी ने अपने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वन रक्षक श्री मिश्र से उपस्थिति पंजिका मांगे जाने पर अवगत कराया गया कि इस कार्यालय में उपस्थिति पंजिका नहीं बनायी गयी है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा यह स्थिति अत्यन्त आपत्ति जनक पाये जाने पर तत्काल उपस्थित पंजिका बनाये जाने के कड़े निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी तथा कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थिति होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यालय परिसर में लगे बोर्ड बहुत ही पुराने तथा जंक लगे हुए मिलने पर तत्काल पेन्ट कराकर लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश सम्बन्धित को दिये।

# परिवारिक कलह से तंग महिला ने लगा ली फांसी

## ● गोकुल सराय गांव में घटी घटना

संवाददाता। कूरेभार सुलतानपुर

**थाना क्षेत्र** के सराय गोकुल गांव में सोमवार की सुबह एक महिला ने परिवारिक कलह के चलते घर के सामने नीम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना गांव में फैली को सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक सराय गोकुल गांव के दलित बृजेश की पत्नी शांति (25) की किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। झगड़े और पारिवारिक कलह से तंग पत्नी ने जीवनलीला समाप्त करने का फैसला ले लिया और सोमवार की सुबह उसने घर के सामने नीम के पेड़ की डाल पर फंद्रा डाल फांसी लगा ली। लोगों को जब तक जानकारी हो पाती उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर गांव के तमाम लोग इकट्ठा हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के बावत लोगों से पूछताछ करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के दो बच्चे हैं। चिंटू और मिंटू हैं। गांव के लोगों ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते पति-पत्नी में आए दिन कहासुनी होती रहती थी। पर आज मामूली विवाद को लेकर शान्ती ने दो छोटे बच्चों को बेसहारा कर दिया। घटना के सम्बन्ध में थाना अध्यक्ष कूरेभार मनवोध तिवारी ने बताया कि पति पत्नी के बीच कहासुनी के बाद मृतका ने आत्म हत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है।

# रायबरेली जिला कारागार का मुआयना



संवाददाता। रायबरेली

**रायबरेली** के जिला जज अब्दुल शाहिद व जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के साथ जनपद अमेठी के जिलाधिकारी अरुण कुमार ने रायबरेली के जिला कारागार का सयुक्त रूप से महिलाध्पुरूष बन्दी गृह का औचक निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि जनपद अमेठी में जिला कारागार न होने के कारण तहसील तिलोई के थाना जायस, फुरसतगंज, मोहनगंज व शिवरतनगंज के अपराधियों को रायबरेली जेल भेजा जाता है। इस दौरान दोनो जनपद के पुलिस अधीक्षक रायबरेली श्लोक कुमार व अमेठी दिनेश सिंह उपस्थित थे। महिला बैरक, कारागार चिकित्सालय व अन्य बन्दियों की बैरकों का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय में भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं उनके समुचित उपचार हेतु डॉक्टरों को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोरोना के संक्रमण से समुचित बचाव, मास्क का प्रयोग करने के साथ सोशल डिस्टेसिंग बनाते हुए कार्य किया जाये। जिला करागार की साफ-सफाई अन्य कमियों के लिए जेल प्रशासन को उचित-दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जेल में अपराधियों से मिलने आने वाले लोगों की भी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही स्वास्थ्य प्रोटोकाल व शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिये। जिला जज, डीएम-एसपी ने जेल की व्यवस्थाओं को नियामानुसार दुरूस्त रखने के साथ ही महिलाध्पुरूष बन्दी गृह एवं मरीजों के ईलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। बंदियों के खासी, जुखाम, बुखार आदि बीमारियों से ग्रस्त वाले बंदियों पर विशेष ध्यान दिया जाये। वृद्ध महिलाओं व बच्चों, बुजुर्ग आदि पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान चल रहे सीसीटीवी कैमरों व कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# वाहन के टक्कर से दैनिक श्रमिक की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पटेरवा के निकट शनिवार की देर सांयकाल एनटीपीसी से अपने घर साइकिल से वापस हो रहे दैनिक श्रमिक राधेश्याम 53वर्ष पुत्र ब्रजलाल निवासी पूरे खिली मजरे रोहनिया कोतवाली सलोन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था।जिनको सीएचसी से रायबरेली व रायबरेली से लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया था जिसमे दैनिक श्रमिक की लखनऊ मे उपचार के दौरान मौत हो गई है।जिसके मौत पर परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु पुलिस ने भेजा है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि परिजनो के द्वारा तहरीर नही मिला है तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।मृतका की पत्नी केशपतीयपुत्र अरूण कुमारयपुत्री रूबी व अजूबी का रो रोकर बुरा हाल था।

## दुर्घटना मे कई लोग हुए घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव दिलमनपुर निवासी अंशुमान 18वर्ष पुत्र जयकृष्ण को अज्ञात कार ने टक्कर मारकर फरार हो गया।जिनको गंभीर चोटे आने पर सीएचसी मे परिजनो के द्वारा भर्ती करवाया गया।कोतवाली के गांव खुर्रमपुर निवासी सत्यम 16वर्ष पुत्र लालचंद छत से गिर जाने पर गंभीर घायल हो गए।जिनको भी सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।कोतवाली के गांव बरगदिया निवासी नीरज 19वर्ष बाइक फिसलने से गिरने पर हिडेंजरी हो गई जिनको भी गंभीरावस्था मे प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वहीं रेलवे स्टेशन कलोनी निवासिनी अनारकली 50वर्ष को सीएचसी गेट पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया।जिनको हलाकि स्थानीय लोगो ने सीएचसी मे अज्ञात मे भर्ती करवाया गया।जिसके बाद घायल का पुत्र रेलवे कर्मी रामकृपाल ने मौके पर पहुंचकर उसकी शिनाख्त अपनी मां के रूप मे किया हलाकि गंभीर चोटे आने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वहीं कोतवाली के गांव होरेशा निवासी छोटेलाल को बाइक ने टक्कर मारकर फरार हो गया।जिनको जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया गया।घायल के पुत्र अकित ने कोतवाली मे बाइक सवार नाम पता अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी।

# सांसद प्रतिनिधि ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण



संवाददाता। सुलतानपुर

**सांसद** मेनका संजय गांधी के निर्देश पर प्रतिनिधि रंजीत कुमार, डीएम प्रतिनिधि के रूप में मुख्य राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में एसडीएम लंभुआ, रेलवे के मण्डल सहायक अभियंता, ललित कुमार चौहान एवं रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के बनवारी लाल ने रेलवे फाटक संख्या 67 सी, रमऊ का पुरवा, ग्राम पंचायत पूरे बाघराय में अण्डर पास निर्माण के स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण के बाद फाटक संख्या 67 सी पर अण्डर पास निर्माण को आवश्यक बताया। मुख्य राजस्व अधिकारी ने आश्वासन दिया कि रेलवे अण्डर पास निर्माण के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी विधिक प्रक्रिया को जल्द पूरा कराते हुए जमीन उपलब्ध कराई जायेगी।वही एसडीएम राम अवतार ने स्थानीय लेखपाल से जमीन चिन्हित कर जिला प्रशासन को अवगत कराने के लिए कहा। आपको बतादे स्थानीय निवासी रिटायर्ड फौजी सुरेन्द्र कुमार मिश्रा आदि लोगों ने फाटक संख्या 67 सी पर अण्डर पास निर्माण हेतु सांसद मेनका संजय गांधी से कई बार संपर्क किया था। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि दूसरी तरफ सांसद मेनका संजय गांधी के निर्देश पर कुतुबूदीनपुर फाटक संख्या 38 में भी स्थलीय निरिक्षण कर रेलवे अंडरपास निर्माण हेतु जिला प्रशासन की ओर से रेलवे के उच्च अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराने कि बात कही गई है। मौके पर भदैया मंडल भाजपा अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी रामचन्द्र दूवे, कुरेभार मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे, पन्नालाल जायसवाल, राधेश्याम वर्मा नितिश अग्रहरी, धनपतगंज मंडल अध्यक्ष संदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे

## सड़क घोटाले की रकम को लेकर उठे सवाल, 40 नहीं 1.22 करोड़ का था मामला

# बलि का बकरा बन गए 'बड़े साहब'!

### पीडब्लूडी के आला अफसर की बर्खास्तगी को लेकर किरकिरी- 15 फीसद की लाइबिलिटी वाले को सूली पर चढ़ा दिया, 20 और 50 फीसद वालों को छोड़ दिया- दो एई, आठ जेई और 40 दागी ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की उठी मांग

### दागी ठेकेदारों में 'माननीय' के करीबी और 'चेयरमैन' का भाई भी है शामिल

**जिन** 40 ठेकेदारों की रोजीरोटी छिनने वाली है, उनमें कुछ ऐसे ठेकेदार भी है, जो इससे पहले भी कुछ समय के लिए डिबार हो चुके है। एक दो ठेकेदारों को तो 'माननीय' का अति करीबी माना जारहा है। एक ठेकेदार पालिका के पूर्व चेयरमैन का भाई और इनमें एक होमगार्ड भी बताया जारहा है। सप्लाई आर्डर के नाम पर इन ठेकेदारों ने खूब मलाई काटा।

**संवाददाता। बस्ती**

40 करोड़ के सड़क घोटाले में पीडब्लूडी के तत्कालीन 'बड़े साहब' की बर्खास्तगी के मामले में सरकार और विभाग दोनों सवालों के घेंरे में है। जांच अधिकारियों की रिपोर्ट ने सरकार के उस दावे की पोल खोलकर रख दी है, जिसमें एक्सईएन आलोक रमन को भारी घोटाले में बर्खास्त कर दिया गया था। असल में घोटाला 40 करोड़ का नहीं हुआ बल्कि एक करोड़ 22 लाख का सामने आ रहा हैं। इसे लेकर विभाग की खूब किरकिरी हो रही है। कहा जा रहा है कि राजनेताओं के दबाव में आकर एक पीडब्लूडी अधिकारी को बलि का बकरा बना दिया गया। कार्रवाई के तरीके पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं, आरोप लग रहा है, कि घोटाले के 15 फीसद लाइब्लिटी वाले एक्सईएन के खिलाफतो कार्रवाई कर दी गई, मगर 50 फीसद लाइब्लिटी वाले ठेकेदार, 20 फीसद जेई और 15 फीसद एई को क्यों अभयदान दे दिया गया? भेदभाव वाले कार्रवाई को लेकर सरकार और विभाग के प्रति नराजगी जताई जा रही है, और समान कार्रवाई करने की मांग उठ रही है। 'बड़े साहब' की बर्खास्तगी के बाद जांच के लिए हाईपावर कमेटी गठित की गई। काफी छानबीन के बाद जो तथ्य सामने आ रहें हैं, वह काफी चौकाने वाला है। हांलाकि अभी तक जांच कार्रवाई पूरी नहीं हुई हैं, मगर इसे लेकर जिस तरह ठेकेदारों से लाइब्लिटी का 50 फीसद रकम वसूलने और उन्हें डिबार सहित ब्लैक लिस्टेड करने की नोटिस जारी हुई हैं। उससे घोटाले की कुल रकम एक करोड़ 22 लाख से अधिक आंकी गई है। 50 फीसद के हिसाब से 40 ठेकेदारों से लगभग 61 लाख वसूला जाएगा। इस तरह देखा जाए तो जेई से 24.50 लाख, एक्सईएन और एई से 18.50–18.50 लाख वसूसने का प्राविधान है। यही वह रकम हैं, जिसके लिए सीएम ने कहा था कि दोषी लोगों के घर को बेचकर रकम वसूली जाएगी।

### 26953 प्रवासियों का बना मनरेगा जॉब कार्ड 13818 लाख हुआ भुगतान

**बस्ती।** प्रवासी श्रमिकों को रोजगार दिलाने और उनके नाम मनरेगा जॉब कार्ड बनाने में जिले की खास उपलब्धि रही है। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि कुल 37280 प्रवासियों को मनरेगा में नियोजित किया जा चुका हैं। इन श्रमिकों को प्रति दिन रोजगार मिले इसके लिए सभी ग्राम पंचायतोंको प्रति दिन कोई न कोई काम मनरेगा में कराने के निर्देष जारी किए गएं है। इसी के तहत पूरे जिले में सोमवार को 33954 प्रवासियों को रोजगार दिया गया। जिले के 1170 ग्राम पंचायतों में 2554 कार्य चल रहे हैं। बताया कि अब तक 26953 प्रवासियों के नाम मनरेगा जॉब कार्ड बनाया जा चुका हैं, और इन सभी को रोजगार भी मिल रहा है।

## डीएम फिर पहुंच गईं निर्माणाधीन जेल देखने, जांची काम की प्रगति

● **30 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण कर लें कार्यदायी संस्थाएं**

**संवाददाता। संतकबीरनगर**



निर्देश देती जिलाधिकारी — पायनियर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल सोमवार को पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह के साथ 10 दिन बाद पुन: फिर एक बार निर्माण हो रहे जेल का निरीक्षण किया तथा पिछले दस दिनो में किये गये कार्यो के प्रगति के विषय में कार्यदायी संस्था से जानकारी लेते भौतिक सत्यापन की। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निरीक्षण के दौरान मौजूद प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी सुविधाओ को देख ले और जो उपकरण शासन से प्राप्त होने है पत्राचार करें। इसकी सूचना उन्हें भी दें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निर्माणाधीन जेल एसटीपी सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट, गार्ड पाठ वे (गश्ती का रास्ता), आवास भवनो में स्लोप जिससे पानी इकठ्ठा न हो, बैरक को देखा। उन्होने समस्त कार्य व्यवस्था के साथ पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन जल निगम वीपी सिंह, एक्सईएन विद्युत आरके सिंह, अपर परियोजना प्रबन्धक वीरेन्द्र कुमार, डीएसटीओ एनके सिंह मौजूद रहे।

### जन सुनवाई के लिए अफसरों की तैनाती

**संवाददाता। बस्ती**

**जिलाधिकारी** आशुतोष निरंजन ने प्रत्येक कार्यदिवस पर जन सुनवाई के लिए अधिकारियों की तैनाती की है।

बताया कि सोमवार, मंगलवार एवं बुद्धवार को 10 बजे से एक बजे तक मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव,अपर उप जिलाधिकारी सुखवीर सिंह, वृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव, अतिरिक्त अधिकारी प्रथम राजेश सिंह की डियूटी लगाई गई है। बताया कि प्रत्येक तहसील दिवस को मुख्य राजस्व अधिकारी को छोड़कर सभी अधिकारियों की डियूटी यथावत रहेगी।

## जयंती पर याद आए शहीदे आजम भगत सिंह

**संवाददाता। बस्ती**



**शहीदे** आजम भगत सिंह के 113 वीं जयन्ती पर रोडवेज स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया गया। कायस्थ सेवा ट्रस्ट जिलाध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नमन् करते हुए उनके देश के लिए योगदान पर चर्चा की गई।

संस्थापक अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भगत सिंह ने समाज के कमजोर वर्ग पर किसी भारतीय के प्रहार को भी उसी सख्ती से सोचा जितना कि किसी अंग्रेज के द्वारा किए गए अत्याचार को। ट्रस्ट संरक्षक सौरभ सिन्हा ने कहा कि ब्रिटिश जनरल डायर के क्रूर और दमनकारी आदेशों के चलते निहत्थे लोगों पर अंग्रेजी सैनिकों ने ताबड़बतोड़ गोलियों की बारिश कर दी। इस अत्याचार ने देशभर में क्रांति की आग को और भड़का दिया। 12 साल के भगत सिंह पर इस सामूहिक हत्याकांड का गहरा असर पड़ा। उन्होंने जलियांवाला बाग के रक्त रंजित धरती की कसम खाई कि अंग्रेजी सरकार के खिलाफ वह आजादी का बिगुल फूंकेंगे। राहुल श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव जी, सिद्दार्थ श्रीवास्तव, दुर्गेद्र श्रीवास्तव नितेश श्रीवास्तव , विवेक श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अंशुमान श्रीवास्तव व अन्य शामिल रहे।

### थाना दिवस का रोस्टर जारी

**संतकबीरनगर।** प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को प्रत्येक थाने पर प्रात: 10 से 02 बजे तक समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने दिया है। उन्होनें बताया है कि माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर का रोस्टर जारी कर दिया गया है। उन्होनें बताया है कि किन्ही दो थाना दिवस का उनके एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होनें बताया है कि थाना कोतवाली खलीलाबाद के लिए तहसीलदार खलीलाबाद, थाना दुधारा के लिए उपजिलाधिकारी खलीलाबाद, तथा बखिरा के लिए नायब तहसीलदार खलीलाबाद को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होनें बताया है कि थाना मेहदावल के लिए नायब तहसीलदार मेंहदावल तथा थाना धर्मसिंहवा के लिए उपजिलाधिकारी मेंहदावल को तथा थाना बेलहर कला के लिए तहसीलदार मेंहदावल नामित किया गया है।

## ब्लाक प्रमुख मुमताज के प्रयास से दर्जनों सड़कों का होगा कायाकल्प

**संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)**



**सोमवार** को उजियार क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक जर्जर हो चुकी सड़के एवं महीनों से बत्सी बत्सा मार्ग पर जर्जर होकर गिर चुकी पुलिया का सदर विधायक के सौजन्य से प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के जेई राम कुवेर व ब्लॉक प्रमुख मुमताज अहमद ने स्थलीय निरीक्षण किया और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने का आश्वासन दिया। सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के सौजन्य से और सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख मुमताज अहमद के प्रयास से जल्द ही उजियार क्षेत्र की सड़कों का नवीनीकरण और विशेष मरम्मत कार्य और बत्सी-बत्सा मार्ग पर टूट चुकी पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कराने हेतु प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के जेई राम कुवेर ने स्थलीय निरीक्षण किया। प्रमुख मुमताज अहमद ने बताया कि बीएमसीटी दुधारा थाना गेट से दुधारा गांव होते हुए परसा शेख तक 2 किमी, दुधारा गांव के मदरसा से जातेडिहा भरवलिया तक 3.5 किमी, दशावां से बत्सी बस्ता तक 1.5 किमी, बत्सी बत्सा पोखरा से बजहरा तक 1 किमी, टेमा-सेमरियावां मार्ग से तिलजा अगया,भरवलिया होते हुए सुकरौली तक 6.5 किमी, बीएमसीटी मार्ग सेहुड़ा से बस्ती बॉर्डर तक 1.5 किमी, बीएमसीटी सेमरियावां से सेमरियावां गांव में मस्जिद तक 1किमी सहित बत्सी बत्सा पीडब्ल्यूडी मार्ग पर 6 मीटर की पुलिया का निर्माण कार्य कराने हेतु पीडब्ल्यूडी के जेई के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया हैं। इस सम्बंध में प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के जेई राम कुवेर ने बताया कि पत्रावली तैयार कर शासन को भेजी जायेगी जल्द ही चिन्हित की गयी सड़के व पुलिया का नवीनीकरण और विशेष मरम्मत कार्य शुरू होगा।

## मिर्जापुर जनपद में मना विश्व गर्भ निरोधक दिवस



● **महिलाओं को अस्थाई साधनों के बारे में दी गई जानकारी**

**संवाददाता। मिर्जापुर**

**मंडलीय** चिकित्सालय समेत 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रोंए 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 186 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भ निरोधकों के स्टॉल लगाए गए और दम्पत्यिों को बास्केट ऑफच्वाइस के जरिये अपना पंसदीदा गर्भनिरोधक चुनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी ध् नोडल अधिकारी आर0एस0 राम ने बताया कि अच्छी फैमिली प्लानिंग के मुताबिक दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर जरूर होना चाहिए। इतना ही नहीं शादी के दो वर्ष बाद पहला बच्चा पैदा होने पर उसका पालन पोषण अच्छी तरह से हो पाता हैं। दंपति को एकण्दूसरे को समझने के लिए भी पर्याप्त समय मिल जाता है। इसलिए सबसे जरूरी है कि अपने पंसद के अनुसार गर्भनिरोधक साधन का चयन कर पूरी तरह सोच समझकर भविष्य की तैयारी करनी चाहिये। मनोज त्रिपाठी परिवार नियोजन परामर्शदाता ने कहा कि बेहतर फैमिली प्लानिंग के प्रति दम्पत्तियों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष सितम्बर माह 26 को गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर गर्भ निरोध अपनाने के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नि:शुल्क गर्भनिरोधक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बास्केट ऑफ च्वाइस लगाई गई । परिवार नियोजन के मामले में महिलाओं ने जिले में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। अप्रैल माह से सितम्बर तक लालगंज में 11एचुनार मे 23ए चचेरी मोड़ में 15 एवं कछवा में 9 महिलाओं का नसबन्दी ऑपरेशन किया जा चुका है। गर्भ निरोधक दिवस के अवसर पर 16 महिलाओं को आईयूसीडी और 22 महिलाओं को पीपीआईयूसीडी लगाई गई। जिले में महिलाओं को 25 अंतरा इंजेक्शन लगाए गए। जनपद के समस्त केन्द्रों पर 225 महिलाओं ने छाया और गर्भनिरोधक गोली को लिया। जबकि 280 महिलाओं ने माला डी गोली पर अपना विश्वास जताया। इसके अलावा 3698 दंपत्तियों को कंडोम उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार के कन्हईपुर गांव की आशा संगिनी द्वारा तैयार किये गये बास्केट ऑफच्वाइस की विभाग के अधिकारियों द्वारा खूब सराहा गया।

### कोरोना काल में अंतरा पर महिलाओं ने जताया विश्वास

**अंतरा** गर्भ निरोधक इंजेक्शन सुरक्षित अंतराल के लिए महिलाओं की पहली पंसद बनता जा रहा है। जिले में अप्रैल माह से सितम्बर माह तक 173 महिलाओं ने अंतरा पर विश्वास जताया है। महिलाएं इसे सुरक्षित गर्भ निरोधक मानती है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए केयर लाइन के जरिए खुद की जानकारी ले लेती है।

### दिव्यांगों के लिए लगेगा शिविर

**संतकबीरनगर।** जनपद में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त विकास खण्ड तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत मुख्यालय में शिविर आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आगामी 05 अक्टूबर 2020 को विकास खण्ड खलीलाबाद/नगर पालिका परिषद खलीलाबाद एवं नगर पंचायत मगहर हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर के कमरा न0 33 में, आगामी 06 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2020 तक क्रमश: विकास खण्ड बघौली, सेमरियावां, नाथनगर/नगर पंचायत हरिहरपुर, विकास खण्ड मेंहदावलध्नगर पंचायत मेंहदावल, पौली एवं आगामी 12 अक्टूबर को हैसर बाजार, आगामी 14 अक्टूबर 2020 को सांथा तथा 16 अक्टूबर 2020 को बेलहरकला के विकास खण्ड मुख्याल पर समय 11:00 बजे से 03:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा सरकार पर जमकर बरसीं पूर्व मंत्री

**संवाददाता। संतकबीरनगर**



स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते सपाई — पायनियर

**समाजवादी** पार्टी पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह का सोमवार को जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सिसोदिया ने कांटे बाईपास पर जोरदार स्वागत किया। सपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह ने स्मृति चिन्ह व तलवार देकर उनका स्वागत किया। अपने उद्बोधन में केंद्र और प्रदेश की सरकारों पर जमकर प्रहार किया। भाजपा सरकार को किसान, मजदूर विरोधी बताया। प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार कोई भी विकास कार्य नहीं कर रही है। अखिलेश यादव की सरकार ने जिन कार्यों को पूरा किया है योगी सरकार उसी को अपना बता रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप हैं। बिजली उत्पादन, सड़क निर्माण, रोजगार सृजन, गरीबों को सहायता देने वाले जो कार्य पूर्व की समाजवादी सरकार ने किया था। उसको भाजपा सरकार अपना बता रही है। प्रदेश में इस समय बेरोजगारी चरम पर है। गरीब भूखे मर रहे हैं। स्वागत करने वालों में अध्यक्ष गौहर अली खान, पूर्व सांसद सुरेन्द्र यादव वरिष्ठ नेता केडी यादव, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, अभिनंदन सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, प्रधान कल्लू सिंह, रामा यादव, चंद्रभूषण पांडेय, रमेश चंद्र यादव, अजीम खान, शशांक गोस्वामी, जावेद अहमद, परवेज अहमद, इशहाक अंसारी, अशद मेहताब, अबरार अहमद, शकुंतला यादव, अंजू चौहान, सुनील सिंह, राम सुरेश चौरासिया, मोबिन खान, अर्शद खान, इंद्रजीत यादव, लाल जी प्रसाद, बबलू भंडारी, विशाल सिंह, सूर्य देव यादव, अवध धारी शर्मा, शक्ति यादव, शमीर खान सहित सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक फैसलों को रखें जनता के बीच:महेश

**संवाददाता। सोनभद्र**

**भारतीय** जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा आयोजित आठ मण्डलों की फिजिकल बैठक राबट्र्सगंज विधानसभा कि पांच मण्डल चतरा, नगवां, चुर्क, डाला, राबट्र्सगंज नगर व घोरावल विधानसभा कि तीन मण्डल शिवद्वार, मधुपुर, शाहगंज कि बैठक राबट्र्सगंज जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी बैठक में बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रिय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि महेश चन्द्र श्रीवास्तव भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे क्षेत्रिय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, सदर विधायक भूपेश चौबे पुष्प अर्पित कर की।

बैठक कि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये मुख्यअतिथि क्षेत्रिय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के मुद्दे पर ही बात करती है, और किसी भी तरह कि अनियमितता न हो उसके लिए हमेशा तैयार रहती है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले लिए गये सीएए कानून लाकर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कि वर्षो से चले आ रहे कश्मीर मुद्दे को भी समाप्त किया धारा 370 हटाकर वहां पर हिन्दू भाइयों और अन्य धर्म वालों को एक नई जीवन जीने कि इच्छा शक्ति प्रदान कि ऐतिहासिक फैसले से विपक्षियों में खलबली मच गई उनकी दुकाने बंद हो गयी और उनके पास कोई और मुद्दा नही रह गया भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं कि पार्टी है भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं के बल पर चलती है और बैठक में महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठे हुए है आप सभी कार्यकर्ता आज से ही केन्द्र में नरेंद्र भाई मोदी की सरकार व प्रदेश में योगी जी सरकार द्वारा लिए गये ऐतिहासिक फैसलों को जनता के बीच में रखे। बैठक कि अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने बैठक में संगठनात्मक वृत्त लिया तथा आये हुए सभी मण्डलों के मण्डल अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी, सेक्टर संयोजक व मण्डल पदाधिकारिंयो से आवाह्न किया कि आप लोग अपने बूथ और सेक्टर मण्डल को मजबूत करें और बूथ मजबूत रहेगा तो अपना संगठन मजबूत होगा सेवा सप्ताह के बारे में कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये कार्यो को विस्तार से चर्चा करते हुए मुख्यअतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में मुख्यरुप से राबट्र्सगंज विधानसभा के सदर विधायक भूपेश चौबे नगर पालिका चेयरमैन विरेन्द्र कुमार जायसवाल भाजपा जिला मंत्री संतोष शुक्ला, कमलेश चौबे, रामलखन सिंह, बलिराम सोनी, गोविन्द यादव महेन्द्र पाण्डेय, तिरथराज पूर्व विधायक आदि उपस्थित रहे।

### न करें पॉलीथीन का इस्तेमाल : जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुईं। जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति के सचिव प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र संजीव कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत सभी बिन्दुओं का पालन करने का निर्देश सम्बन्धितों को दियें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में सभी प्रकार के प्रदूषणों को रोकने यानी नियंत्रित करने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जाय। उन्होंने कहा कि पॉलीथीन का इस्तेमाल कदापि न होने पायें। सॉलिडबेस्ट मैनेजमेन्ट की व्यवस्था की सुनिश्चित हों। ट्रक आदि के परिवहन के समय यह ध्यान दिया जाय कि कोयला आदि सामग्री को त्रिपाल से ढक कर परिवहन करें। गांव के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी साफसफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र संजीव कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. कृपा शंकर पाण्डेय, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी राधेश्याम, एआरटीओ पी0एस0 राय, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ0 राकेश तिवारी सहित अन्य सम्बन्धितगण मौजूद रहें।

## क्विक न्यूज

### रालोद का किसान विरोधी आंदोलन कल

**सन्तकबीरनगर।** किसानों की समस्याओं तथा केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए किसान विरोधी विधेयकों के खिलाफ 30 सितम्बर 2020 को 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोकदल द्वारा आंदोलन किया जाएगा। इसमें बड़ी तादात में किसान और रालोद कार्यकर्ता ट्रैक्टर-ट्राली, फावड़ा व अन्य सामग्री के साथ खलीलाबाद शहर के सुगर मिल परिसर में एकत्रित होंगे। यहां से जुलूस निकालकर शहर होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। उसके बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा सौपेंगे। यह जानकारी रालोद के राष्ट्रीय सचिव व पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रभारी गंगा सिंह सैंथवार ने दी है। उन्होंने किसान भाइयों और रालोद कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम स्थल पर समय से पहुंचने की अपील की है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहां के टोला चेतवाँ में रविवार की देर सायं दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में उस पर सवार कुल तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मध्य प्रदेश प्रान्त के सिंगरौली जनपद के थाना बैढन, ग्राम सभा भाड़ी निवासी 28 वर्षीय राजेश पुत्र राम लल्लू, उत्तर प्रदेश प्रान्त के थाना बीजपुर के ग्राम सभा जरहां टोला पोथी पाथर निवासी 32 वर्षीय लाल बहादुर पुत्र बच्चा लाल एवं ग्राम सभा जरहां टोला चेतवाँ निवासी अजय पुत्र राम सूरत के नाम शामिल हैं। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बीजपुर पुलिस ने एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के धन्वन्तरि चिकित्सालय से एम्बुलेंस मंगवाकर तीनो घायलों को चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती करवाया। बीजपुर थाने के उप निरीक्षक चंद्र शेखर सिंह से मिली जानकारी के अनुसार तीनो घायलो का इलाज समाचार लिखे जाने तक चिकित्सालय में जारी था।

### 11 मिले अनुपस्थित, एक दिन का कटेगा वेतन

बस्ती। विभिन्न सीएचसी/पीएचसी पर कार्यरत 11 कर्मचारी जांच में अनुपस्थित पाए गए।"नो वर्क नो पे" के आधार पर उनका एक दिन का वेतन काटने का डीएम आशुतोष निरंजन ने निर्देश दिया है। अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों में सीएचसी रूधौली में चिकित्साधिकारी डा0 अभिषेक कुमार, मरवटिया में एचबी शान्ति देवी, सल्टौआ में जेए आशुतोष दूबे, सीएचसी रूधौली में एमओ डा0 संजय श्रीवास्तव, परसरामपुर में स्टाफनर्स शशि रावत, बनकटी में एलएमओ डा0 रिमझिम मिश्रा, साऊघाट में एमओआरएमबीके डा0 माधवी सिंह, हर्रैया में एलएमओ डा0 विभा सिंह, गौर में आयुष्मान मित्र अमन आनन्द, भानपुर में स्टाफनर्स रेनू शुक्ला, सल्टौआ में स्टाफनर्स सरोज देवी शामिल हैं।

### समीक्षा बैठक में अनुपस्थित तीन को नोटिस

**बस्ती।** विकास भवन में स्थापित एकीकृत कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर में आरआरटी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यो की सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने समीक्षा की। इस दौरान अनुपस्थित तीन को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। विकास खण्ड परसरामपुर, विक्रमजोत, दुबौलिया, हर्रैया एवं गौर आरआरटी टीम की समीक्षा के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। जिन्हे कारण बताओं नोटिस जारी की गई है उनमें एएनएम आरबीएसके अजय, लक्ष्मी, फार्मासिस्ट संजय चौधरी परसरामपुर शामिल है।

### बच्चों के विवाद में हुई मारपीट

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा डोडहर में रविवार को बच्चों के विवाद में दो पक्षों में कहासुनी व मारपीट हो गया। दोनों पक्षों द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर बीजपुर पुलिस ने प्रथम पक्ष के 2 व द्वितीय पक्ष के कुल 3 आरोपियो पर आई पी सी की धारा 323 व 504 के तहत एन सी आर दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने डोडहर निवासिनी आसमती पत्नी साजन की तहरीर पर वही के निवासी दूधनाथ पुत्र जवाहिर व जंजीर पुत्र बीरबल तथा उसी ग्राम सभा की निवासिनी मुनिया पत्नी दूधनाथ के तहरीर पर वहीं के निवासी जूझन, चरेर व रवि पुत्रगण गुलाब के खिलाफएन सी आर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### शांतिभंग के दो आरोपियों का चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में अलग अलग मामलों में कुल दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान कर अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। पहला मामला ग्राम सभा बीजपुर के टोला पुनर्वास प्रथम का है ,जहाँ वहीं का निवासी राम कुमार गोड़ पुत्र समय लाल गोड़ की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने राम कुमार के खिलाफकार्रवाई किया है।

# मुख्तार गिरोह पर गिर रही गाज

संवाददाता। मऊ

**संगठित** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की तरफ से चलाए जा रहे अभियान में सोमवार को मुख्तार अंसारी गिरोह के वसूली गैंग माफि या पर फ्रि गाज गिरी। माफिया अंसारी के अवैध वसूली गैंग के सहयोगी कोतवाली क्षेत्र के भीटी निवासी माफिया सुरेश सिंह की 26 लाख रुपये की इनोवा पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोप है कि यह कीमती वाहन अपराध व अवैध रूप से अर्जित धन से अर्जित संपत्ति था। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से मुख्तार अंसारी गिरोह सहित आपराधिक जगत में खलबली मची हुई है। पूर्वांचल में माफि या मुख्तार अंसारी का सिक्का चलता रहा है। इधर योगी सरकार ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है। इसमें सदर मुख्तार अंसारी का गिरोह निशाने पर आ गया। गिरोह के हर एक सिडिकेट को पुलिस प्रशासन खंगाल रहा है। गिरोह द्वारा किए गए सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को जहां गिराया जा रहा हैए वहीं वसूली गैंगए अवैध स्लाटरिग गैंगए कोयला माफिया भी निशाने पर आए। वसूली गैंग माफिया सुरेश सिंह द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन से बनाई गई 86 लाख रुपया की कुल 4 बसें, 3 सितंबर को 1 करोड़ 5 लाख 40 हजार रुपये के 9 वाहन, 07 सितंबर को 01 करोड़ 69 लाख 65 हजार रुपये के 10 वाहन व 08 सितंबर को 68 लाख रुपये के दो ट्रकों को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त किया जा चुका है। अभी तक पुलिस ने लगभग 04 करोड़ 54 लाख 95 हजार रुपये के कुल 26 वाहनों को जब्त किया है।

## वसूली गैंग चलाने वाले सुरेश सिंह की 26 लाख रुपये की इनोवा पुलिस ने की जब्त



# देवरिया में अपराधियों से पुलिस की भिड़ंत, फायरिंग, 3 गिरफ्तार

संवाददाता। देवरिया



**सोमवार** को दिन में करीब पौने दो बजे शहर के कोऑपरेटिव चौराहे पर बदमाशों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस ने गाड़ी का पीछा कर 3 बदमाशो को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में लिए गए बदमाशो से पूछताछ कर रही है। इस बारे में अधिकारी कुछ बोल नही रहे हैं। पुलिस को गोरखपुर की तरफ से एक लग्जरी कार से चार बदमाशों के आने की सूचना मिली। पुलिस ने विभिन्न जगहों पर चेकिंग शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार बैतालपुर में स्थानीय पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास कियाए लेकिन बदमाश कार लेकर भागने लगे। इधर शहर के कोऑपरेटिव बैंक चौराहे पर मौजूद पुलिस टीम व एसओजी ने लग्जरी कार को रोकाए लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने उनका पीछा किया। इस बीच फायरिंग भी हुई। लोगो के अनुसार तीन राउंड गोली चली। फायरिंग के बीच पुलिस ने कार को घेर लिया और चालक समेत 3 को हिरासत में ले लिया। प्रमुख मार्ग पर दिनदहाड़े फायरिंग होने से ऑफ्र तफ्री मच गई तथा लोग इधर उधर भागने लगे। कार पर बिहार का नम्बर लगा है। अभी पुलिस अधिकारी इस बारे में कुछ भी बोल नही रहे हैं।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से गई भैंस जान

**सिद्धार्थ नगर।** आये दिन बिजली की चपेट में आने से कई जानवर मौत के गाल सो चुके हैं । जिसपर विधुत विभाग बेखबर रहा है इसका कारण कहीं न कहीं विद्युत विभाग की लापरवाही बतायी जा रही है। ऐसा ही एक मामला जोगिया के करौंदा मसिना ग्राम पंचायत के करौंदा गांव का है। जहां रामवृक्ष पुत्र स्वण्विन्देश्वरी की भैंस करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है जो उक्त गांव का ही निवासी है। रामवृक्ष का कहना है कि केबिल की जगह कमजोर तार का प्रयोग कर बिजली कनेक्शन दिया गया जो खम्भे से सटे तार में करंट उतरने से भैंस मर गयी और भैंस के पेट में सात माह का बच्चा भी था पीड़िता ने जोगिया थाने पर तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की।

## शरीर के जख्मों से हत्या की आशंका

**डुमरियागंज, सिद्धार्थ नगर।** सोमवार सुबह में बकरी चराने गए बच्चों ने घास पूस में पड़ा एक संदिग्ध हालात में एक नवयुवक की लाश देखा जिसकी सूचना बच्चों ने आकर अपने गांव वालों को दीए घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर मृतक को घास पूस में पड़ा देखाए जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मृतक की लाश कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई थीए वही लाश को पहचानने के लिए आस पास के भारी संख्या में लोग पहुंचकर पहचान करने में जुटे हुए थे। इंस्पेक्टर मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मृतक की शिनाख्त हो गई हैए मृतक. इटवा थाना क्षेत्र के जोलहा भारी निवासी. अंकुश यादव पुत्र बाल केसर यादव 17 वर्षीय के रूप में हो गई है। जो परिजनों के मुताबिक दिनांक 27 सितंबर दिन में लगभग बारह बजे घर से निकला हुआ थाए काफ़ी खोजबीन भी किया गयाए आज घटना की सूचना पाकर थाने पर पहुंचकर परिजनों ने अपने बेटे की पहचान अंकुश यादव के रूप में कर लिया। मृतक की लाश आज सुबह लगभग 11 बजे के आस पास कुछ मिठौवा गांव के बच्चे बकरी चराने गए हुए थे। उसी दौरान बच्चों को परासी नाले के समीप एक लाश दिखाई दी, जिसका पैर दोनों पानी में और आगे का हिस्सा घने घास में पड़ा हुआ थाए शरीर के विभिन्न हिस्से में चाकू और ब्लेड के लगे ज़ख्म थे। गले में जूते के मजबूत डोरी से मृतक के गले को पूरी ताक़त के साथ गला बांधा हुआ था। घटना देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मृतक अपनी जान बचाने के लिए काफी कुछ कोशिश की होगी। लेकिन उन जालिमों के चंगुल से नहीं बचा पाया अपनी जान को। मिश्रौलिया इंस्पेक्टर मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पंचनामा कराकर लाश पीएम् के लिए भेजी जा रही हैए आगे की कार्यवाही इटवा से होनी है। चूंकि परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट इटवा थाने से हुई है आगे की कार्यवाही वहीं से होना है।

## शम्मी प्रधान व जनरल सेक्रेटरी बने महेंद्र



**मुग़लसराय,चंदौली ।** गुरुद्वारा जीटी रोड पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव किया गया इस दौरान पूर्व प्रधान रघुबीर सिंह व जनरल सेक्रेटरी नरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट ने अपने कार्यकाल का समापन करते हुए नई कमेटी हेतु नए प्रधान के चुनाव की प्रक्रिया की जिसमें उपस्थित समुदाय के लोगों ने सर्वसम्मति से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का प्रधान सरदार शम्मी सिंह वह जनरल सेक्रेटरी का पदभार सरदार महेंद्र सिंह पत्रकार को सर्वसम्मति से किया जिसका समर्थन एक स्वर में समुदाय के लोगों ने किया इस दौरान नए प्रधान सम्मी सिंह वह जनरल सेक्रेटरी महेंद्र सिंह पत्रकार ने कहा कि समुदाय व अन्य समाज सहित गुरुद्वारे की देखरेख व सुधार हेतु सदा समर्पित रहेंगे इस दौरान सरदार रामेंद्र सिंह गुरुदयाल सिंह नरेंद्र पाल सिंह पाली रघुवीर सिंह नरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट विक्की जुनेजा गुलशन अरोड़ा मनोज जुनेजा सरदार राजेंद्र सिंह मनजीत सिंह सतनाम सिंह मोगा सतपाल सिंह सूरी अमरीक सिंह मनमीत सिंह राजन सतनाम सिंह चार्मी सिंह बल्लू तारा बबलू सिंह सहित समुदाय के भारी संख्या में लोग चुनाव में मौजूद रहे ।

## सफाई कर्मी का निधन, कर्मचारियों में शोक

**सकलडीहा,चन्दौली।** कोविड एल वन बीएचयू में इलाज के दौरान 45 वर्षीय सफाईकर्मी प्यारेलाल का निधन होगया। सोमवार को इसकी जानकारी होने पर ब्लॉक कर्मियों ने ब्लॉक परिसर में शोक सभा कर श्रद्धांजली अर्पित किया। वही सफाई कर्मी के निधन पर परिजनों में कोहराम मचा है। सलेमपुर गांव निवासी प्यारेलाल पुत्र स्वण् पुन्नु राम अमावल गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात रहा। बीते 11 सितम्बर को अचानक सांस लेने में दिक्कत होने पर फोन कर स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया। स्वास्थ्य टीम ने हालत बिगड़ने पर कोविड सेंटर से बीएचयू के लिये रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान सफाई कर्मी की रविवार को मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर ब्लॉक कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सोमवार को एडीओ पंचायत राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शोक सभा कर श्रद्धांजली अर्पित किया।

## दुसाध कल्याण परिषद की बैठक सम्पन्न

मुग़लसराय,चन्दौली । अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के बैठक मुहम्मदपुर स्थित कैंप कार्यालय में की गई। इस दौरान पासवान समाज के दर्जनों लोग बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही को संगठित करने एवं बच्चों को शिक्षित करने पर भी बल दिया गया। इस दौरान बैठक में मौजूद लोगों ने अपनी.अपनी समस्याएं भी बताई। जिस पर समाज के लोगों ने एकजुट होकर सबकी समस्या से लड़ने की बात कही।इस दौरान अखिल भारतीय कल्याण परिषद प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकी पासवान ने लोगों को मिलकर और संगठित होकर रहने की बात कही। उन्होंने अपने समाज के बच्चों को शिक्षित बनाने हम राजनीतिक भागीदारी के लिए भी लोगों जागरूक किया।

## विधायक ने एक करोड़ दस लाख के विकास कार्य का किया उद्घाटन



**सकलडीहा,चन्दौली।** सैयदराजा विधायक सुशील सिंह रविवार को देर शाम क्षेत्र के कई गांव में विधायक निधि और मनरेगा के तहत विकास कार्यो का उद्घाटन किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक के प्रयास का सराहना किया। अंत में विधायक ने गांवों में जनसम्पर्क कर सरकार की उपलब्धियों को डोर टू डोर जानकारी दिया।विधायक सुशील सिंह ने क्षेत्र के सैयदराजा विधान सभा के दुदौली, खोर, बभनपुर, उकनी गांव में विधायक निधि और नरेगा के तहत 1 करोड़ दस लाख की लागत से विभिन्न विकाय कार्यो का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि गांवों के चौमुखी विकास के लिये सदैव तैयार है। प्राथमिकता के आधार पर विधान सभा के सभी गांवों को चौमुखी विकास कराया जायेगा। केन्द्र और प्रदेश की सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा बताये गये मार्ग दर्शन में गांव के अन्तिम व्यक्ति तक विकास की योजना पहुंचाने की बात कही। अंत में विधायक ने गांव में जनसम्पर्क कर लोगों की समस्या को दूर करने और जरूरत मंदों को पीएम आवास बनवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अपरवल तिवारी, संजय दूबे, रामदयाल यादव, नरेन्द्र तिवारी, बच्चा यादव,मोहर राजभर, सहित अन्य मौजूद रहे।

## ई स्टाम्पिंग नीति से हो रही है राजस्व वृद्धि

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार की ई स्टाम्पिंग नीति से न सिर्फ स्टाम्पों की छपाईए ढुलाई आदि खर्चो को कम किया गया बल्कि इस नीति से राजस्व में भी वृद्धि हो रही है। इस क्रम में प्रदेश में कार्यरत समस्त स्टाम्प विक्रताओं में से इच्छुक स्टाम्प विक्रेताओं को एसीसी ,प्राधिकृत संग्रह केन्द्रद्धबनाया जा रहा है। अब तक 830 से अधिक स्टाम्प विक्रेताओं को एसीसी बनाया जा चुका है। प्रदेश में स्टेट बैंक आफइंडिया व अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं द्वारा ई. स्टाम्प जारी किया जा रहा है। सरकार ने निबन्धन शुल्क को 2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया है।इससे न सिर्फ अल्प एवं मध्यम आय वर्ग के लाखों लोगों को बचत हुई अपितु राज्य के राजस्व में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रदेश में जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा पंजीकृत लेखपत्रों का एक पेज का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस तरह का प्रमाण पत्र जारी करने वाला उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य हो गया है। प्रदेश के सभी उपनिबन्धक कार्यालयों में जनता के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। निबन्धक शुल्क के आनलाइन मूल्यांकन की व्यवस्था होने से बिचैलियों की भूमिका समाप्त हो गई।

## सांसद का आगमन 3 को

**जौनपुर।** सांसद श्याम सिंह यादव ने बताया कि 3 अक्टूबर को सायं जौनपुर पहुंचेंगे जहां 4 अक्टूबर को अपरान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट कक्ष में बिजली संबंधित बैठक करेंगे। इसके बाद 5 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र शाहगंज का सेक्टर.2ए 6 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र सदर का सेक्टर.3ए 7 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र में मल्हनी का सेक्टर.3, 8 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर का सेक्टर.3 का दौरा करेंगे। इसके बाद 9 अक्टूबर को दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## 3 को कलन्दरपुर व 4 अक्टूबर को हैदरपुर में लगेगा प्रशिक्षण शिविर

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी हरिशंकर राम ने बताया कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ;एपिडाद्ध द्वारा वित्तपोषित निर्यातोन्मुखी फ्लए शाक.भाजी सहित अन्य कृषि उत्पादक कृषकों को अपने उत्पाद के निर्यात में दक्ष करने हेतु 30 सितंबर को ग्रामसभा कलन्दरपुर विकास खंड धर्मापुर तथा 4 अक्टूबर को ग्रामसभा हैदरपुर विकास खंड करंजाकला में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आयोजित है। उक्त प्रशिक्षण में भारत सरकारध्प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित कोविड.19 के मानकों का पालन करते हुए उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जायेगा।

## भोजवाल सभा ने विमल को अध्यक्ष व विष्णु को चुना सचिव

**जौनपुर।** श्री कान्य कुब्ज वैश्य भोजवाल सभा ;भुर्जीद्ध उत्थान समिति की कार्यकारिणी बैठक रविवार को नगर के आर्य समाज मंदिर चहारसू चौराहा पर सम्पन्न हुई। इस मौके पर सर्वप्रथम भोजवाल समाज का प्रथम कार्यकाल समाप्त होने पर नए कार्यकाल के लिए अध्यक्षध्सचिव सहित कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा बहुमत से चयन किया गया। उपस्थित लोगों द्वारा किये गये चयन के अनुसार अध्यक्ष पद पर विमल भोजवाल व सचिव पद पर विष्णु भोजवाल का चयन किया गया। इस पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर दोनों नवचयनित पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नवचयनित अध्यक्ष विमल भोजवाल ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी हैए उसका मैं भली.भांति निर्वहन करुंगा।

## ब्लड डोनेट ग्रुप ने मनाया स्थापना दिवस

**जौनपुर।** ब्लड डोनेट ग्रुप जौनपुर यूनिट ने सोमवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इस बाबत एक कार्यकम का आयोजन करने के बाद जिला अस्पताल में मरीजों के बीच फ्ल वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम मुहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलते हुये यह सेवा कर रहे हैं। हमने अब तक 96 रोगियों को निःशुल्क रक्तदान किया

## सपा के पूर्व सांसद ने दिवंगत चेयरमैन के परिजनों को दी सांत्वना

**चकिया, चन्दौली ।** नगर पंचायत के चेयरमैन रहे अशोक कुमार बागी की बीमारी के दौरान हुई मौत के बाद उनके परिजनों को सांत्वना देने वालों का लगातार क्रम जारी है। इसी क्रम में आज चंदौली समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बधाया तथा उन्हें सांत्वना दी। आपको बता दें कि दिवंगत चेयरमैन लगभग दो महीनों से बीमार थे जिनका इलाज चकियाएवाराणसी तथा गुड़गांव तक चला परंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका। पिछले दिनों हुई उनकी मौत की सूचना पर नगर पंचायत सहित जितने भी उनके शुभचिंतक थे सभी लोगों को गहरा आघात लगा। तमाम राजनीतिक पार्टी के लोगों द्वारा उनके आसमयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। उनके आवास पर पूर्व सांसद के साथ कई लोगों मौजूद थे।

# अपहृत बालक को पुलिस ने कराया मुक्त, पांच अभियुक्त पकड़े गए

संवाददाता। जौनपुर



**एसओजी** सर्विलांस व खुटहन एवं खेतासराय की संयुक्त टीम द्वारा अपहृत बालक को मात्र 12 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद कर लिया गया। साथ ही 5 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इस बाबत सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुये आरक्षी अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने बताया कि बीते 27 सितम्बर को खुटहन थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तिघरा प्रवेश अग्रहरि ने लिखित सूचना दिया कि उनका 11 वर्षीय पुत्र जब खेल रहा था तभी दो अज्ञात बदमाश मोटरसाइकिल से आये और उसे अगवा कर ले गये। इस पर धारा 365 भादवि के तहत पंजीकृत दर्ज कर पुलिस लग गयी जिसको देखते हुये 10 टीमों का गठन भी कर लिया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक खुटहन विजय शंकर सिंहए प्रभारी निरीक्षक खेतासराय राजेश यादवए विवेक तिवारी चौकी प्रभारी सरायमोहिउद्दीनपुरए स्वाट टीम व सर्विलांस टीम की मदद से अपहृत बालक को मात्र 12 घण्टे के अन्दर बरामद कर लिया गया। आरक्षी अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त दीपक गुप्ता निवासी तिघरा थाना खुटहन जो आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिये लगभग एक माह से अपने गांव के रोहित गुप्ता के साथ अपहरण की घटना के संबंध मे योजना बनाने लगा। दीपक ने इस योजना के तहत प्रवेश अग्रहरि को चिन्हित किया और अपने मित्र खिचड़ू बिन्द निवासी जपटापुर थाना सरायख्वाजा तथा अमन यादव निवासी पुराने थाने के पीछे कस्बा व थाना खेतासराय और रोहित गुप्ता निवासी तिघरा थाना खुटहन व मकान मालिक सुरेश गौतम निवासी जगबन्दनपुर थाना खुटहन के साथ मिलकर प्रवेश अग्रहरि के पुत्र के अपहरण की योजना बनाई। इसी के तहत सभी ने मिलकर उक्त बालक को अपहरण किया। अभियुक्त दीपक ने अपहृत की पहचान करने व साजिश को अंजाम देने में दोनों की मदद की। अपहरण के उपरान्त अपहृत को सुरेश गौतम के मकान में छिपाकर रखा गया था। अपहृत बालक के लिये परिजनों से फ्रिौती की मांग की जा रही थी। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सुरेश गौतम के मकान पर दबिश दी गयी। इस दौरान अभियुक्तगण द्वारा पुलिस टीम पर कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला किया गया जिससे बचाव करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके से पुलिस मुठभेड़ के उपरांत अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अपहृत बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया। आरक्षी अधीक्षक ने बताया कि मौके से 3 कट्टा, 3 जिन्दा कारतूस, 3 खोखा कारतूस, 3 मोटरसाइकिलए 3 मोबाइलए 1 प्लास्टिक सफेद टेप का बण्डल बरामद हुआ।

# अब निजीकरण बन्द करे सरकार: अरविन्द पटेल

संवाददाता। जौनपुर

**सामाजिक** संगठन सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द पटेल के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट को महामहिम राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की सरकारी कंपनियांध्सम्पत्तियां चंद पूंजीपतियों के हाथों में बेची जा रही है। सरकार के इसी निजीकरण के खिलाफ सरदार सेना का जोरदार विरोध कर रहा है। यह कार्यक्रम सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाण् आरएस पटेल के निर्देश पर सरदार सेना के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है जो प्रदेशव्यापी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सरदार सेना द्वारा विरोध करते हुए तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि केन्द्र सरकार द्वारा देश की सरकारी कंपनियांध्संपत्तियों का निजीकरण तत्काल बंद किया जाय जो पूंजीपतियों के हाथों में बेची जा रही है तथा देश को पुनः गुलाम बनाये जाने की साजिश की जा रही है। देश में युवा बेरोजगारों हेतु रोजगार के अवसर प्रदान किये जायंए क्योंकि देश के युवा बेरोजगारी के हालत में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं तथा रोजगार न मिलने से युवा आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल जो लोकसभा एवं राज्यसभा में पास किया गया हैए वह तत्काल निरस्त किया जायए क्योंकि पारित किये गये तीनों विधेयक देश के किसानों के हित में नहीं है। इस अवसर पर कमलेश यादव, अमर बहादुर चौहान, धीरज यादव, रोहित विश्वकर्मा, आदर्श चौहान, इन्द्रेश मौर्य सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# हादसों में मिष्ठान विक्रेता की मौत, तीन लोग घायल

**जौनपुर।** जिले में विभिन्न क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में मिठाई व्यवसायी की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जिले की सीमा पर सूरापुर बाजार में सुल्तानपुर रोड पर रमेश हलवाई 35 की मिठाई व चाय-नास्ता की दुकान है। रोजाना की तरह तड़के उठकर वह दुकान में झाडूपोंछा लगाया। इसके बाद बाहर हैंडपंप पर बैठकर कड़ाही धोने लगा। इसी बीच शाहगंज से सुल्तानपुर की तरफमछली लादकर जा रहा तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर रमेश को कुचलते हुए दुकान में घुस गया। चीख.पुकार सुनकर जब तक लोग मौके पर जुटते चालक व खलासी दोनों पिकअप छोड़कर फरार हो चुके थे। घटना के बाद मृतक के परिवार में रोनापीटना मच गया। सी तरह केराकत कोतवाली क्षेत्र के हुरहुरी गांव में सोमवार की दोपहर बोलेरो के धक्के से बाइक सवार जलालपुर निवासी नंदलाल मोदनवाल व मुफ्तीगंज निवासी प्रेमलता घायल हो गए। दोनों वाराणसी दवा लेने जा रहे थे। मौके से बोलेरो चालक वाहन सहित फरार हो गए। घायलावस्था में दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है। उधर मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के चोरारी गांव निवासी सद्दाम अली साइकिल से खरीदारी कर घर जा रहा था। वह जैसे ही रेलवे गेट के पास पहुंचाए विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया।

## सपाइयों ने राष्ट्रीय प्रवक्ता का किया जोरदार स्वागत

संचाददाता। देवरिया



**सोमवार** को सुभाष चौक चौराहे पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी देवरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश यादव के नेतृत्व में तमाम साथियों द्वारा समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री श्रीमती जूही सिंह जी का सैकड़ों साथियों द्वारा स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिओम तिवारी फ ोम,दिव्यांश श्रीवास्तव, रामनिवास यादवएरोहित कुमार,रंजन बरनवाल,धीरजपाल सिंह,रवि प्रकाश जायसवाल, राघवेंद्र मिश्रा भोलू,अंगद यादव छात्र नेता,शोभा यादव महिला सभा जिलाध्यक्षएरंभा भारतीएअंकिता यादव एवं तमाम साथी मौजूद रहे।

# खाद्य पदार्थों की कम सैंपलिंग पर डीएम नाराज



संवाददाता। मऊ

**खाद्य** सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक सोमवार को जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। इसमें सहायक आयुक्त ;खाद्यद्ध खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आजमगढ़ मंडल वीके पांडेय द्वारा दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों पर गत वर्ष में की गई कार्रवाई का लेखा.जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही अग्रिम कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ड्रग्स अधिकारी द्वारा कम सैंपलिग किए जाने तथा पिछली कार्रवाइयों पर असंतोष जताया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उप जिलाधिकारियों के पर्यवेक्षण में खाद्य पदार्थ एवं दुग्ध पदार्थों के नमूनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने किसी भी सूरत में व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं करने को निर्देशित किया।

# भाजपाइयों ने उपचुनाव पर किया मंथन

संवाददाता। देवरिया



**सदर** विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुये देवरिया विधानसभा के भाजपा गौरीबाजार मण्डल की बैठक चंद्रशेखर आजाद इंटर कालेज में, बैतालपुर मण्डल की बैठक औरा चौरी पार्टी कार्यालय पर तथा देवरिया देहात मण्डल की तिलईबेलवा स्थित प्राईवेट आईटीआईकालेज में हुयी। इन बैठकों को सम्बोधित करते हुये उपचुनाव प्रभारीएप्रदेश मंत्री भाजपा त्रयम्बकनाथ त्रिपाठी ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति के कारण हम सभी को देवरिया सदर सीट पर उपचुनाव में जाना पड़ रहा है। लोकप्रिय विधायक जन्मेजय सिंह के असमय निधन से उत्पन्न इस स्थिति का सामना हम सभी को करना है। इसीलिये आज मंडलों की बैठक में सभी मण्डल पदाधिकारीए सेक्टर संयोजक और सेक्टर प्रभारियों को बुलाया गया है। आगे होने वाले चुनाव को हम जीते यही स्वण्जन्मेजय सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके लिये हम सभी को 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को सेक्टर स्तर पर बैठक करनी है। जिसमें सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष रहेंगे। 3,4 और 5 अक्टूबर को बूथ समितियों की बैठक करनी हैएजिसमें बूथ समिति के सारे सदस्य के अलावा उस बूथ समिति पर रहने वाले प्रतिष्ठित और प्रभावशाली लोग रहे। 2 अक्टूबर को गांधी जी और शास्त्री जी की जयन्ती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि करना है या सहभोज का आयोजन करना है तथा उसी दिन बूथ समिति के प्रत्येक सदस्य के घर पर पार्टी का झण्डा लगाना है। इस दौरान जिन बूथों पर व्हाट्सएप ग्रुप नही बना है उसे भी बनाने का काम हम सभी को करना है एसाथ ही बूथों पर पांच मोटर साइकिल वाले कार्यकर्ता का नाम और नम्बर की सूची तैयार करनी है। भाजपा का कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से काम करता । वह काम इसलिये नही करता कि सरकार बनेगी तो पैसा कमायेगाए समाज मे अराजकता फैलायेगा बल्कि उसके काम करने का एक ही लक्ष्य है भारत माता को परम वैभव पर पहचाना।

## भाजयुमो ने मनाई शहीदे आजम की जयंती

**देवरिया ।** शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर भाजयुमो देवरिया के कार्यकर्ताओं ने न्यू कालोनी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये ब्लाक प्रमुख पथरदेवा सुब्रत शाही ने कहा कि अपने परिवर्तनकारी विचारों व अद्वितीय त्याग से स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा देने वाले और देश के युवाओं में स्वाधीनता के संकल्प को जागृत करने वाले शहीद भगत सिंह जी के चरणों में कोटि.कोटि वंदन।भगत सिंह जी युगों.युगों तक हम सभी देशवासियों के प्रेरणा के अक्षुण स्त्रोत रहेंगे।देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले देशभक्तए भारत माँ के वीर सपूत महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये।भारतभूमि पर उनकी वीरगाथाएं सदैव ही देश के युवाओं को मातृभूमि पर प्राण न्योछावर करने की प्रेरणा प्रदान करती रहेंगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हंसते.हंसते अपने प्राणों की आहुति देने वालेए भारत माँ के वीर सपूत एवं समस्त देशवासियों के प्रेरणास्त्रोत शहीद.ए.आजम भगत सिंह जी की जयंती पर उन्हें भाजयुमो देवरिया के कार्यकर्ताओं की तरफ से शत् शत् नमन करता हूँ।आज के युवाओं को भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी की जरूरत है।

## शहरी नियोजन राज्यमंत्री ने कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**जौनपुर।** आवास विकास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में कई छोटीबड़ी परियोजनाओं ग्राम बसीरपुर बिंद बस्ती में इंटरलॉकिंग कार्य ए ग्राम धौरइल में इंटरलॉकिंग कार्यए ग्राम मवई में इंटरलॉकिंग कार्य ए ग्राम जमदहा बिंद बस्ती में इंटरलॉकिंग ए ग्राम पोरई ब्राह्मण बस्ती में इंटरलॉकिंग कार्य का भूमि पूजन शिलान्यास लोकार्पण किया । राज्यमन्त्री ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण अंचलों सड़को पर विशेष ध्यान दिया है।

# कीमत आश्वासन समझौता किसानों के हित में : अरविन्द

संवाददाता। चहनियां ,चन्दौली

**भाजपा** चहनियां सेक्टर प्रभारी अरविन्द पाण्डेय ने विधानसभा सकलडीहा के युवाओं के साथ कृषि विधेयक पर गोष्ठी चर्चा किया स जिसमे कृषि सम्बन्धित चर्चा की गयी । गोष्ठी के दौरान उन्होंने कहा की कृषक उत्पादक व्यापार एवं वाणिज्य संवर्धन एवं सरलीकरण विधेयक 2020 के आने के बाद किसानो को अंतर्राज्यीय विपणन का रास्ता खुला है। किसान अपने मन माफ्कि जगहों पर अपनी उपज बेचेगा । अब उसको मण्डी अथवा सरकारी लाइसेंसियों के अधीन नहीं रहना पड़ेगा। ज्यादातर किसान अपनी उपज तैयार होने के बाद उसकी रख रखाव करने में अक्षम होते हैए जिस कारण वह अपनी उपज औनेपौने दामों पर बेच देते हैं । अब आपकी उपज से पहले ही व्यापारी कीमत अश्वाशन समझौता कर लेगा एवं किसान निश्चिन्त भाव से खेती कर सकेगा स यह समझने का विषय हैं की कॉन्ट्रैक्ट फॉर्मिंग उपज का हैं खेत का नहीं हैं ।

# वकीलों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़



**सीओ** लालगंज की कार्यशैली से नाराज तथा जिले के अतिरिक्त निलंबित एसडीएम विनीत उपाध्याय के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर वकीलो ने सोमवार को तहसील परिसर मे जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलो ने हाल ही मे लालगंज कोतवाली मे सिपाही आशुतोष यादव की संदिग्ध दशा मे हुई मौत को लेकर भी शासन से एसआईटी जांच कराये जाने की मांग उठायी है। सोमवार को वकील पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कोर्ट के सामने आ जमे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे वकील सीओ जगमोहन तथा निलंबित एसडीएम विनीत उपाध्याय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते दिखे। वकीलो का हंगामा देख चेम्बर मे मौजूद एसडीएम राम नारायण बाहर निकले तथा वकीलो को समझाने बुझाने लगे। वकीलो ने एसडीएम को डीएम तथा मण्डलायुक्त को संबोधित दो अलग अलग ज्ञापन सौपे। ज्ञापन मे सीओ जगमोहन पर सर्किल के थानो मे गंभीर अपराधो के मामलो मे एफआईआर दर्ज कराये जाने मे लापरवाही का आरोप लगाया। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि सीओ पीडितो तथा आम जनता की समस्याओं की सुनवाई नही किया करते और कार्यालय जाने पर लोगो से दुर्व्यवहार किया करते है। वही वकीलो ने जिले के निलंबित उपजिलाधिकारी विनीत उपाध्याय पर लालगंज मे तैनाती के दौरान पिछले वर्ष वकीलो पर सरकारी राइफल ताने जाने और गाली गलौज को लेकर एडीएम की जांच के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कराये जाने की मांग को लेकर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौपा। पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने विनीत उपाध्याय पर ड्रगिस्ट होने का आरोप लगाते हुए उनके नारकोटिक्स टेस्ट कराये जाने की बात कही। ज्ञापन मे वकीलो ने लालगंज कोतवाली की बैरिक मे सिपाही आशुतोष यादव की मौत के मामले में सीओ से जांच हटाकर इसकी एसआईटी जांच पर जोर दिया है। डीएम और एसपी से एडीएम तथा एएसपी की संयुक्त जांच कराये जाने की भी मांग उठायी। एसडीएम ने वकीलो के ज्ञापन पर समुचित कार्यवाही का भरोसा दिलाकर माहौल शांत किया। हालांकि वकीलो ने ज्ञापन पर कार्यवाही न होने पर आंदोलन शुरू किये जाने की भी बात कही है। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, अखिलेश श्रीवास्तव, अनूप पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्र, संतोष सिंह, संजय सिंह, राजीव तिवारी, सिन्टू मिश्रा, प्रभात श्रीवास्तव, विनोद शुक्ला, हरिशंकर द्विवेदी, मनोज शुक्ला, दिनेश मिश्रा, शिवनारायण शुक्ल, मनीष तिवारी, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, मनोज शुक्ला, रवीन्द्र नाथ तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवक की लाश

**बाराबंकी** । थाना कोतवाली टिकैतनगर के दूल्हादेपुर जे बी एस संस्थान के सामने एक युवक ग्राम सुर्रा निवासी बिंद्रा प्रसाद पुत्र रामखेलावन की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार वर्मा एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सबको कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मर्चरी हाउस बाराबंकी भेज दिया है मौके पर गांव के निवासी व परिजन इकट्ठा हो गए और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है बताते चलें कि मृतक अपने पीछे 2 लड़के एक लड़की और वृद्ध विधवा मां और बहू छोड़कर चला गया है मृत्यु का कारण अभी पता नहीं चला है पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण पता चलेगा पुलिस ने परिजनों से प्रार्थना पत्र ले लिया है और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है की पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण पता चलेगा।

# सिपाही की मौत से नहीं उठा पर्दा

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़

**कोतवाली** की बैरिक मे एके 47 से गोली मार कर आत्महत्या करने वाले सिपाही आशुतोष यादव की मौत का मामला पॉचवे दिन भी सुलझता नही दिखा है। सर्विलान्स टीम को अभी मृतक सिपाही की कॉल डिटेल खंगालने मे माथा पच्ची मे देखा जा रहा है। सूत्रो के मुताबिक मृतक सिपाही के फोन से कुछ संदिग्ध नंबरो का टीम ब्यौरा अभी नही जुटा सकी है। वही सोमवार को एक सवाल यह भी सामने आया है कि मौत के कुछ देर पहले आशुतोष की कोतवाल के हमराह मे प्राय: बने रहने वाले एक खासमखास सिपाही से फोन पर बात हुई थी। मृतक ने साथी सिपाही से हमराह डयूटी मे साथ चलने की बात कही तो साथी सिपाही ने तबियत खराब होने की बात कहकर टाल दिया। इसी बीच सूत्र बताते है कि मृतक किसी से मोबाइल पर बात कर रहा था तो साथी सिपाही ने कुछ टोका तो मृतक सिपाही भडक गया। हालांकि हमराह सिपाही का कहना है कि आशुतोष घर से आने के बाद बराबर गुमसुम रहता था। कारण पूछने पर वह बात को टाल दिया करता था। मृतक सिपाही ने यदि खुद को गोली मार ली और कोतवाली की बैरिक मे चली गोली की आवाज कैसे लोगो को नही सुनायी पडी। मृतक सिपाही के गृह जनपद गाजीपुर मे भी उसकी मौत को परिजन आत्महत्या नही मान रहे। ऐसे मे यह भी सवाल है कि कैसे बैरिक मे घटना के दिन वह भी दिन दहाडे और कोई पुलिस कर्मी मौजूद नही था। जिले के एएसपी दिनेश द्विवेदी का कहना है जांच अधिकारी सीओ लालगंज जगमोहन को जांच मे तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये है। हालांकि सीओ जगमोहन सोमवार को भी घटना की जांच का कोई क्लू खोज नही पाये। वही चर्चा यह भी है कि अपने ही विभाग मे हादसे को लेकर जांच की गति क्यो कच्छप चाल मे है। आखिर जांच अधिकारी किसको बचाना चाहते है। क्योकि अन्य घटनाओ मे वह चाहे आत्महत्या की हो या फिर हत्या की, पुलिस बाल मे खाल निकालने के लिए पूछताछ मे जुट जाया करती है। और आज खुद के घर मे इतना बडा काण्ड हो गया तो जांच अधिकारी अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठे ही दिख रहे है। सूत्र बताते है कि अभी तक एके 47 कैसे मृतक सिपाही बैरिक ले जा सका और उसकी मौत के कई घण्टे न तो एके 47 की तलाश करने की किसी को जरूरत महसूस हुई और न ही कोतवाल जैसे जिम्मेदार अफसर के साथ हमराह डयूटी में लगे आरक्षी की ही तलाश करने की जरूरत समझी गयी। यही नही यदि हमराह डयूटी के दूसरे सिपाही ने खुद की तबियत खराब होने की बात कही तो आखिर वह कहा आराम कर रहा था। मृतक सिपाही के परिजन भी इन्ही सब कारणो से अपने अविवाहित युवा बेटे की मौत को शायद आत्महत्या नही स्वीकार कर पा रहे है। जो भी हो कोतवाली बैरिक मे गोली से सिपाही की मौत को लेकर बेल्हा की खाकी का मुह न खोलना आम लोगो मे मौत का अब संशय देने लगी है......।

# भारत सेवा संस्थान चंद्रभान गुप्त संस्थान मे अव्यवस्थाओं का बोलबाला

**संवाददाता।** रामसनेहीघाट बाराबंकी

**दिवंगत** जनप्रिय मुख्यमंत्री के नाम से संचालित संस्थान उद्देश्य से भटक गया है अव्यवस्था का बोलबाला कायम है । लखनऊ से अयोध्या राजमार्ग कोटवा सड़क के निकट भारत सेवा संस्थान चंद्रभान गुप्त हथोधा कोटवा सड़क आंख अस्पताल लक्ष्य से भटक गया चंद्रभान गुप्त आंख अस्पताल जाने नामक शीर्षक से प्रकाशित खबर से अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों में मचा हड़कंप। अस्पताल दवा लेने आए धुनोली ठाकुरान निवासी अवध राज सिंह ने बताया कि काफी अरसे से समाज के गरीब एदबे एकुचले एअसहायो वृद्धजनों के लिए खोला गया था।लेकिन वर्तमान समय में अस्पतालअधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा इसे लक्ष्य से भटका दिया गया है। जो गरीबों एअसहायो के लिए जांच की पैथोलॉजीए औषध वितरण केंद्रए चश्माघरए मरीजों के लिए कैंटीन रैन एबसेरा एआदि न होने के कारण मरीजों को अस्पताल कर्मचारियों के निर्देश पर खोले गए मेडिकल स्टोर मानक विहीन पैथालॉजी चश्मा घर पर जाकर जांच हुआ चश्मा बनवाने पर मजबूर है इन मरीजों की मजबूरी का पूरा फायदा उठाते हैं ।अस्पताल हाईवे के किनारे होने से कारण रोड पर आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। इस अस्पताल को 24 घंटे इमरजेंसी सेवा एवं एक महिला डॉक्टर की मांग क्षेत्रीय लोगों ने की। डॉक्टर से पूछे जाने पर की ?10 की जगह पर ?50 की लिया जा रहा है तो डॉक्टर ने बताया कीजब से कोरोना महामारी रहेगी तब तक ?50 मरीज लिया जा रहा है जिसमें अस्पताल का खर्च ?50 में बिजली खर्च रूम को सैनिटाइज करवाना मास्क जैसी व्यवस्था की जाती हैं। जैसे ही कोरोना महामारी का फैलावसमाप्त हो जाएगी त्यों ही 10 पर पर्चा बनना शुरू हो जाएगा।वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार उपाध्याय, पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा बनीकोडर, विधान परिषद सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विशेष कार्याधिकारी जगजीवन प्रसाद साहू के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने जेई को लगाई फटकार

**फतेहपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम इसरौली में बन रहे सार्वजनिक शौचालय में कार्यदाई संस्था द्वारा मानकों को दर किनार कर घटिया निर्माण सामग्री प्रयुक्त किये जाने को लेकर डीएम ने सम्बन्धित जेई को कडी फटकार लगाई वहीं पास में बने धर्मकांटा के संचालक द्वारा तालाब पर अवैध कब्जा देख डीएम ने मामले की जांच एसडीएम को सौपी है। मालुम हो कि सोमवार को जिलाधिकारी डा0 आदर्ष सिंह व पुलिस अधीक्षक अरविचन्द चतुर्वेदी ग्राम इसरौली में स्वयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे मधुमखी पालन का निरीक्षण करने गये थे। ग्राम इसरौली में आईडी विभाग द्वारा चार लाख 99 हजार की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। अचानक डीएम ने बन रहे शौचालय का निरीक्षण करना शुरु कर दिया, इस दौरान ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही घटिया निर्माण सामग्री देख डीएम के तेवर सख्त हो गये। ठेकेदार द्वारा मानकों को दर किनार गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस मामले में डीएम ने जे0ई0 को कडी फटकार लगाते हुए मानकों के अनुरूप शौचालय निर्माण किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एक शिकायत मिलने पर डीएम ने इसरौली गाँव के मुख्य मार्ग पर स्थित तालाब पर धर्मकांटा संचालक द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये जाने के मामले में एसडीएम पंकज सिंह को राजस्व टीम से जांच कराकर कब्जा खाली कराये जाने के निर्देष दिये। इसके उपरांत डीएम एवं एसपी अरविंद चतुर्वेदी ने इसरौली गांव में स्वयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे मधुमखी पालन को देखा तथा लोगो को इस रोजगार के प्रति अधिक से अधिक जुडने की अपील की।

# सपाइयों ने निकाली किसान सम्मान यात्रा

**संवाददाता।** बाराबंकी



**किसानो** एंव श्रमिकोके समर्थन आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने युवजन जनसभा के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन के नेतृत्व में किसान सम्मान यात्रा निकाली और जमकर विरोध प्रदर्शन किया प्रदर्शन में किसान बचाओ खेत बचाओ का नारा भी कार्यकर्ता लगा रहे थे । कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कार्यकर्ताओं को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । छाया चौराहे से निकाली गई यात्रा केडी सिंह स्टेडियम मार्ग पर समाप्त हो गई पुलिस ने वही बलपूर्वक कार्यकर्ताओं को रोक लिया इस दौरान पुलिस ने बिल का पुतला लिए कार्यकर्ताओं के साथ धक्का.मुक्की भी हुईलेकिन पुतला छीन लिया जिससे कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए बावजूद इसके पुलिस प्रशासन की सख्ती के आगे हुए अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके तब गन्तव्य तक पहुंचने की बजाय उन्हें यात्रा समाप्त करनी पड़ी । इससे पूर्व सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कार्यकर्तोओ को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि अध्यादेश के बाद भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी औद्योगिक सम्बंध संहिता.2020 विधेयक ले आई है। श्रमिक कानून में बदलाव के बाद तो श्रमिकों का शोषण करने का पूरा अधिकार फैक्ट्री मालिकों को मिल जाएगा। अभी तक 100 कर्मचारी वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान बिना सरकारी मंजूरी लिए कर्मचारियों को हटा नहीं सकते थे। नई व्यवस्था में 300 से ज्यादा कर्मचारियों वाली कम्पनी सरकार से मंजूरी लिए बिना जब चाहे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल बाहर कर सकती है। भाजपा कर्मचारियों के हितों की हत्या कर मालिकों को मलाई बांटने का काम कर रही है। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन ने कहा कि भाजपा किसानों और श्रमिक वर्ग का मनोबल तोड़नेए उन्हें असहाय बनाने की साजिश में जुट गई है। इससे साबित हो गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने और श्रमिकों को रोजगार देने के उसके दावे सिर्फ सफेद झूठ है। इन कानूनों को वापस लिया जाना चाहिए। ऐसी झूठी और प्रपंच रचने वाली सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है। किसानों और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए कृषि विधेयक तथा श्रम कानूनों को वापस लेने और राज्य में इन्हें लागू न करने के की मांग की । और कहा कि जब तक यह इस अवसर पर मुख्य रूप जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सबाह, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु यादवए, जिला उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति जिला उपाध्यक्ष कामता यादव, युवा सपा नेता रंजीत कुमार यादव कुर्सी, सलमान गाजी, कामरान रिजवी शिवम शुक्ला करण मिश्रा आमिर अली, दीपक गुप्ता, अवधेश वर्मा सैफ अंसारी आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**संवाददाता।** अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज जिला कारागार रायबरेली का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जनपद अमेठी में जिला कारागार न होने के कारण तहसील तिलोई के थाना जायसए फुरसतगंजए मोहनगंज व शिवरतनगंज के अपराधियों को रायबरेली जेल भेजा जाता है जिसको लेकर आज डीएम व एसपी ने जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण किया। जिला कारागार रायबरेली में जनपद अमेठी के 170 अपराधी बंद हैंए जिनमें से 15 अपराधी दोष सिद्ध हैं व 155 अपराधी न्यायालय में विचाराधीन है। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला बैरकए कारागार चिकित्सालय व अन्य बन्दियों की बैरकों का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय में भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं उनके समुचित उपचार हेतु डॉक्टरों को निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बैरकों में कैदियों के सामानों एवं बिस्तरों की सघन तलाशी ली गयी। डीएम ने बैरकों में नियमित रूप से साफसफाई कराने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेल के अन्दर किसी भी तरह के प्रतिबन्धित सामाग्री को अन्दर कदापि न जाने दिया जाये। जिला कारागार में जिलाधिकारी ने जनपद अमेठी के कैदियों से बात.चीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लीए बन्दियों द्वारा परिवार वालों से मुलाकात करने की समस्या बताईए जिस पर जिलाधिकारी ने कैदियों को अवगत कराया कि शासन के निर्देश पर कोविड.19 के दृष्टिगत मुलाकात बंद है इसके लिए उन्होंने फोन के माध्यम से बंदियों के घरवालों से बात कराने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिए। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में रसोई घर का भी निरीक्षण किया और साफसफाई से भोजन बनाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिदिन समस्त बैरकों में बन्दियों की सघन तलाशी करायी जाये।

## गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना अमेठी।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने पचीस हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा ।गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से तलाशी के दौरान अदद तमंचा बारह बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सोमवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीम प्रभारी निरीक्षक अंगद प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक हरी लाल यादव हेड कांस्टेबल अशफाक अहमद व कांस्टेबल फूल चंद के साथ गश्त के दौरान सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे क्षेत्र के मुंशीगंज रोड स्थित रुदौली पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर पच्चीस हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर बदमाश आशाराम पुत्र पारसनाथ निवासी ग्राम पलिया चंदापुर कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी को दबोच लिया ।गिरफ्तार अभियुक्त आशाराम की तलाशी के दौरान एक अदद तमंचा बारह बोर व एक अदद कारतूस को पुलिस टीम ने कब्जे में ले लिया।पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अभियुक्त के विरूद्ध हत्या लूट डकैती सहित अन्य गंभीर मामले दर्ज हैं ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख



**संवाददाता।** जगदीशपुर अमेठी

**बीती रात्रि** दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से नगदी समेत हजारों का माल जल कर राख हो गया घटना की सूचना पर पहुची फायर बिग्रेड के करचरियो ने आग पर काबू पाया । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रानीगंज स्थिति गोल्डेन गद्दा हाउस के मालिक रेहान शाम को दुकान बन्दकर घर चले गए सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते दुकान से धुआं निकलते देख पड़ोस के लोगो ने दुकान मालिक को सूचना दी मौके पर पहुचे दुकान मालिक रेहान ने दुकान को खोला तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए घटना की सूचना पर पहुचे फायर बिग्रेड के कर्मचारियों व स्थानीय लोगो ने आग पर काबू पाया दुकान मालिक ने बताया कि आग लगने से दुकान के अन्दर रखा लगभग दस हजार नगदी फाइवर की कुर्सी मेज चारपाई रुई व रुई के गद्दे सहित हजारो का माल जलकर खाक हो गया ।

## विद्यालय प्रबन्धक ने माफ की बच्चों की फीस

**गौरीगंज, अमेठी।** एक तरफ सरकार कोरोना में लोगो की असुविधाओ को देखते हुये तरह तरह की सुविधाएं मुहैया करा रही है। वही पर कुछ समाजसेवी संस्थायेए विद्यालय भी एक कदम आगे बढ़ चढ़कर लोगो को सुविधा देने में लगे हुये है। विदित हो कि विकास खण्ड शाहगढ़ के बाबा शाहमल शिक्षा निकेतन के प्रबन्धक ने लॉक डाउन के दरम्यान अप्रैल से लेकर अगस्त तक की सम्पूर्ण छात्र छात्राओं की सम्पूर्ण फीस माफ कर दी है। इसके साथ उनसे किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क भी नही लिया जायेगा। इसकी पुष्टि विद्यालय प्रबन्धक सी बी सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन में बच्चों के परिजनों की आर्थिक हालात देखते हुये निर्णय लिया हु। जिससे उनके परिजनों को किसी प्रकार अतिरिक्त आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। इस मौके पर प्रधानाचार्य आर बी यादव, अध्यक्ष मुन्ना सिंह, शिक्षक सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# जनकल्याण किसान एसोशिएशन की बैठक संपन्न

**संवाददाता।** देवा शरीफ बाराबंकी



**विकास** खंड देवा स्थित न्यू विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनाहार में सोमनार को जनकल्याण किसान एसोशिएशन की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संगठन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने की । मुख्य अतिथि व संगठन के संरक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव जमुवासी भी मौजूद रहे ।अपने अध्यक्षीय भाषण में श्रीमती श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा लागू किए गए किसान विरोधी अध्यादेश पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस अध्यादेश में बदलाव लाते हुए हमारे किसानों द्वारा पैदा किए गए अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए ।यह अध्यादेश शत प्रतिशत किसान विरोधी है ।इसका हमारा संगठन विरोध करेगा और करता रहेगा । मुख्य अतिथि ने भी अपने विचार व्यक्त किये । इस अवसर पर हिमांशु कनौजिया, सुमित कनौजिया, लालजी यादव, मुलायम सिंह, गजेंद्र सैनी, उपेंद्र कुमार, मनीष कुमार, प्रमोद कुमार वर्मा,अमित कुमार वर्मा ,अनूप कुमार वर्मा, शिवकुमार ,राम सुचित, विनोद कुमार सहित करीब तीन दर्जन लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। संगठन के चेयरमैन ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।बैठक में दानसिंह यादव ,डवोकेट, विजय कुमार यादव प्रधान टीपहार,नवनियुक्त फतेहपुर तहसील संरक्षक चंद्रशेखर यादव,बीकेटी तहसील अध्यक्ष राम तीरथ, निंदूरा ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत कुमार ,निंदूरा ब्लॉक उपाध्यक्ष अनिल कुमार,बंकी ब्लॉक उपाध्यक्ष बलवन्त सिंह, बंकी ब्लॉक मीडिया प्रभारी मोहित कुमार , जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार,करौंदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार,अवधेश कुमार,रूपनारायन,राजकरन,लालजी यादव, सुरेंद्र कुमार ,जसवंत कुमार, उपेंद्र कुमार, परशुराम, सत्येंद्र कुमार, राजू ,बंसराज चौहान, संदीप सिंह ,गजेंद्र सैनी, अमित कुमार ,मनीष कुमार, राकेश यादव ,प्रेम, शिव बहादुर सिंह ,संदीप यादव , राम सेवक,सहजराम सहित सैकड़ों उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने पर्यावरण बचाने तथा किसानों के हित व सम्मान के लि, संघर्ष करने का संकल्प लिया कार्यक्रम की शुरूवात पौध रोपण से हुआ ।

## रक्त से नो मोर बीजेपी लिखकर लोहिया वाहिनी ने जताया विरोध

**संवाददाता।** ललितपुर

**सोमवार** को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर लोहिया वाहिनी की प्रथम बैठक संपन्न हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् उपस्थित रहे। जबकि अध्यक्षता लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष अहारिया बाल्मीकि ने की। बैठक का संचालन जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन ने किया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने रक्त से श्नो मोर बीजेपी्य लिखकर वर्तमान सरकार की नीतियों का विरोध दर्ज कराया। मौके पर सरदार भगत सिंह की जयन्ती मनाते हुये इंकलाब जिन्दाबाद के नारे लगाये गये।

मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संसद में पारित किये गये कृषि संशोधन अध्यादेशों को महामहिम राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलते ही यह कानून बन गये हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून देश के किसानों के हित में नहीं हैए इससे प्राईवेट कम्पनियां कृषि क्षेत्र पर कब्जा कर लेंगी और किसान बदहाल हो जायेगा। कहा कि उत्तर प्रदेश में भी किसान लगातार आत्महत्यायें कर रहा हैए तो वहीं कानून व्यवस्था ध्वस्त है। बेरोजगारी बढने से युवाओं की मानसिक स्थिति खराब है। ऐसे में प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए समाजवादी पार्टी की नीतियां काफी हद तक कारगर रहीं हैं। लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष अहारिया बाल्मीकि ने कहा कि शहीद.ए.आजम सरदार भगत सिंह एक महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर इन्होंने देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। पहले लाहौर में साण्डर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद ;सेण्ट्रल असेम्बलीद्ध में बम.विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की।

# राष्ट्रीय मुक्ति अभियान की शुरूआत




**संवाददाता।** बाराबंकी

**मुख्य** चिकित्साधिकारी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय मुक्ति दिवस अभियान 28 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक संचालन हेतु कृमि मुक्ति हेतु द्वीप प्रज्ज्वलन करते हुए बच्चों को एल्बेडांजॉल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें जिला महिला के अधीक्षकए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0के0एन0त्रिपाठीए एनएनडीडी नोडल अधिकारी डॉ0डी0के0 श्रीवास्तवए जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अमरीश द्विवेदीए जिला कम्प्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक सुरेन्द्र कुमारए जिला डीईआईसी प्रबन्धक डॉ0अवधेश कुमार सिंहए जिला महिला चिकित्सालय के मैनेजर एसपी तिवारी उपस्थित रहे। सीएमओ वीकेएस चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान में 01 से 19 वर्ष तक के अनुमानित 10 लाख किशोर किशोरियों एवं बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलायी जायेगी। जिसमें आशा एवं एएनएमए आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा घर.घर जाकर बच्चों को दवा खिलायी जायेगी। इससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। एनीमिया से बचाव होता है।